दैनिक सच्चाई की जंग

लोकमित्र

वर्ष : 30 | अंक :165
प्रतापगढ़ | गुरूवार, 18 अप्रैल-2024
पृष्ठ : 8 | मूल्य : 3 रुपये

प्रतापगढ़,लखनऊ, कौशाम्बी, एवं प्रयागराज से एक साथ प्रकाशित

R.N.I. No. : 71870/94

संस्थापक : श्रद्धेय स्व. रामनिरंजन भगवन

प्रतिदिन की खबरों के लिए देखें www.dailylokmitra.com

सूर्यदेव ने किया श्रीरामलला का तिलक

रामनवमी पर हुये 5 मिनट के इस अद्भुत नजारे को कौतुक से देखती रही दुनिया



अयोध्या (आरएनएस)। रामनवमी के खास मौके पर अयोध्या के राम मंदिर में उस वक्त अद्भुत नजारा देखने को मिला, जब प्रभु श्री राम के ललाट पर सूर्य तिलक किया गया।यह अलौकिक नजारा भक्ति से भावविभोर कर देने वाला था। जैसे ही प्रभु श्री राम का सूर्य तिलक हुआ। पूरा मंदिर परिसर श्रीराम के नारे के उद्घोष से गूंज उठा। सूर्य तिलक का यह वीडियो जमकर वायरल हो रहा है। रामनवमी के दिन रामलला की विशेष पूजा की गई। वहीं अयोध्या में भक्तों का जनसैलाब आया हुआ है। ठीक दोपहर 12 बजे रामलला का सूर्य तिलक हुआ। सूर्य तिलक होने के बाद भगवान श्री राम की विशेष पूजा की गई और आरती उतारी गई।इससे पहले सुबह से ही भक्तों की उमड़ी भीड़ है। रामनवमी के अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु अयोध्या में राम मंदिर में भगवान रामलला के दर्शन करने के लिए पहुंचे हैं। रामनवमी के अवसर पर अयोध्या में राम मंदिर के साथ ही हनुमानगढ़ी में भी बड़ी संख्या में भक्तों की रौनक है। रामनवमी पर अयोध्या में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर अयोध्या रेंज के आईजी प्रवीण कुमार ने बताया, व्यवस्था पहले से ही की गई है। हमने इलाकों को दो सेक्टर में बांटा है।दर्शन शुरू हो गए हैं। श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ने एक्स पर तस्वीरें शेयर करते हुए लिखा, श्री रामनवमी की पावन बेला में आज, श्री राम जन्मभूमि मंदिर में प्रभु श्री रामलला सरकार का दिव्य अभिषेक किया गया। रामनवमी पर 40 रामभक्त जयपुर से 700 किलोमीटर पैदल चलकर अयोध्या पहुंचे हैं। रामभक्तों का कहना है कि 21 मार्च को सिर पर 750 ग्राम चांदी की चरण पादुका, अखंड ज्योति और ध्वजा लेकर रवाना हुए थे। हम सभी भगवान का नाम लेते हुए अयोध्या पहुंचे। आज चरण पादुका को नगर भ्रमण करवाया। हनुमानगढ़ी ले गए। फिर सरयू में स्नान कराया। इसके बाद रामलला को समर्पित करेंगे।रामलला को गुलाबी वस्त्र पहनाए गए हैं। जिस पर सूर्य का चिह्न बना है। उन्हें सोने का मुकुट, हार आदि पहनाया गया है, जिसमें हीरा-पन्ना, माणिक्य, नीलम जैसे रतन जड़े हैं। रामलला की पूजा में गुलाब, कमल, गेंदा, चंपा, चमेली जैसे फूलों का प्रयोग किया गया है। इन फूलों से बने दिव्य हार भी उनको पहनाए गए हैं।

प्रधानमंत्री ने देखा रामलला का सूर्य तिलक, बताया भावुक क्षण

नई दिल्ली,(हि.स.)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को भगवान श्रीराम के उनके भव्य मंदिर में हुए सूर्य तिलक का प्रसारण अपने टैब पर देखा। उन्होंने इसे बेहद ही भावुक क्षण बताया। यह दृश्य देखने से पूर्व ही उन्होंने विमान में भी अपनी चप्पलें उतारी हुई थी।प्रधानमंत्री ने असम के नलबाड़ी में एक जनसभा को संबोधित करने के बाद अयोध्या में हुए सूर्य तिलक का प्रसारण देखा। इस संबंध में उन्होंने फोटो साझा करते हुए एक्स पर कहा, ÷नलबाड़ी की सभा के बाद मुझे अयोध्या में रामलला के सूर्य तिलक के अद्भुत और अप्रतिम क्षण को देखने का सौभाग्य मिला। श्रीराम जन्मभूमि का ये बहुप्रतीक्षित क्षण हर किसी के लिए परमानंद का क्षण है। ये सूर्य तिलक, विकसित भारत के हर संकल्प को अपनी दिव्य ऊर्जा से इसी तरह प्रकाशित करेगा।

पीएम मोदी भ्रष्टाचार के चैम्पियन

संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस में बोले राहुल और अखिलेश

150 सीटों पर सिमटेगी भाजपा

नई दिल्ली ,(आरएनएस)। उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद में समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव और कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने संयुक्त रूप से प्रेस कॉन्फ्रेंस की। इस दौरान अखिलेश यादव ने कहा कि पहले चरण का चुनाव होने जा रहा है। इस बार बीजेपी को गाजियाबाद से गाजीपुर तक इंडिया गठबंधन सफाया करने जा रहा है। बीजेपी भ्रष्टाचारियों का गोदाम बन गया है। जो डबल इंजन सरकार का दावा कर रहे हैं, अब वह होर्डिंग में अकेले दिखाई दे रहे हैं। लूट और झूठ बीजेपी का नारा बन गया है। आने वाले चुनाव में देश की जनता बदलाव चाहती है।अखिलेश यादव ने कहा, 'बीजेपी की हर बात झूठी निकली, उनके वादे झूठे निकले, ना किसान की आय दोगुनी हुई, ना नौजवानों को रोजगार मिला। विकास के जो सपने दिखाए थे वे भी अधूरे हैं। इनका जो नैतिकता का बुलबुला था वे भी टूट गया। चुनावी बॉन्ड ने इनका बैंड बजा दिया। राहुल गांधी ने कहा कि ये चुनाव विचारधारा का चुनाव है। एक तरफ बीजेपी और आरएसएस लोकतंत्र और संविधान को खत्म करने की कोशिश रही है, दूसरी तरफ इंडिया गठबंधन और कांग्रेस बचाने की कोशिश कर रही है। कांग्रेस नेता ने बताया कि इस समय देश के चुनाव में तीन बड़े मुद्दे हैं। इसमें बेरोजगारी, महंगाई और भागेदारी शामिल है।राहुल गांधी ने पीएम मोदी पर निशाना साधते हुए कहा, 'पीएम कितने भी सफाई दे दें, लेकिन इससे कोई फर्क नहीं पड़ता। सबको पता है, पूरा देश जानता है कि पीएम भ्रष्टाचार के चैम्पियन हैं। बीजेपी 150 सीटों पर सिमट जाएगी। राहुल गांधी ने अमेठी से चुनाव लड़ने के सवाल पर न नहीं बोला है। उनका कहना है कि कांग्रेस जो कहेगी वो करेंगे।पीएम मोदी के एक इंटरव्यू का जिक्र करते हुए राहुल गांधी ने कहा, 'प्रधानमंत्री ने इसमें चुनावी बॉन्ड को समझाने की कोशिश की। प्रधानमंत्री कहते हैं कि चुनावी बॉन्ड की व्यवस्था पारदर्शिता के लिए, राजनीति को साफ करने के लिए लाया गया। अगर ये सच है तो सुप्रीम कोर्ट ने उस व्यवस्था को क्यों रद्द कर दिया और दूसरी बात अगर आप पारदर्शिता लाना चाहते थे तो आपने भाजपा को पैसा देने वालों के नाम क्यों छुपाए। आपने उन तारीखों को क्यों छुपाया जिस दिन उन्होंने आपको पैसे दिए थे? यह दुनिया की सबसे बड़ी जबरन वसूली योजना है।

राहुल और अखिलेश की मौजूदगी में इंडिया गठबंधन का गाना जारी

इंडिया गठबंधन की ओर से एक वीडियो सॉन्ग भी जारी किया गया। इस सॉन्ग में 2017 से लेकर अब तक अखिलेश यादव और राहुल गांधी के एक साथ वीडियो और फोटो शामिल हैं।इसके अलावा गाजियाबाद के प्रत्याशी समेत अन्य दो और प्रत्याशियों ने राहुल गांधी और अखिलेश यादव के साथ मंच पर फोटो खिंचवाई।

ममता बनर्जी का बीजेपी पर तीखा हमला

अगर मोदी इस बार चुनाव में जीते तो लोकतंत्र नहीं बचेगा

नई दिल्ली, एजेंसियॉ। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने बुधवार को आरोप लगाया कि रामनवमी के मौके पर राज्य में दंगे भड़काने की साजिश रची जा रही है। पिछले साल के जश्न में राज्य में हिंसा हुई थी, जिससे भाजपा और तृणमूल कांग्रेस के बीच बड़े पैमाने पर टकराव हुआ था। बनर्जी ने एक चुनावी रैली में आरोप लगाया, वे आज दंगे में शामिल होंगे। दंगा होने की संभावना है। और वे दंगा करके और वोट लूटकर (चुनाव) जीतेंगे। इससे पहले आज, पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ने राज्य के लोगों को शुभकामनाएं देते हुए समारोह के दौरान शांति बनाए रखने की अपील की। हालाँकि, भाजपा ने इसकी निंदा करते हुए कहा कि पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री भारतीय और सनातनी संस्कृति को अपमानित कर रही हैं।बीजेपी के राज्यसभा सांसद और प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने कहा कि पश्चिम बंगाल की सीएम ममता बनर्जी

ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट कर शांति बनाए रखने की अपील की है, यह रामनवमी के त्योहार का अपमान है क्योंकि अन्य धार्मिक अवसरों पर आपने (ममता बनर्जी) शांति का संदेश दिया है, लेकिन यहां आप पूछ रहे हैं % शांति बनाए रखें% शांति और समृद्धि का संदेश देने के बजाय, ऐसा करके आप भारतीय और सनातनी संस्कृति को अपमानित करने की कोशिश कर रहे हैं।इस बीच, तृणमूल कांग्रेस और भाजपा दोनों ने पूरे पश्चिम बंगाल में रामनवमी जुलूस निकाले। विपक्ष के नेता सुवेंदु अधिकारी ने शहर के न्यू टाउन इलाके में ऐसे ही एक रामनवमी जुलूस में भाग लिया, जबकि टीएमसी मंत्री अरूप रॉय और पार्टी के हावड़ा लोकसभा क्षेत्र के उम्मीदवार प्रसून बनर्जी हावड़ा शहर में जुलूस के साथ चले। इसी तरह के सैकड़ों छोटे और बड़े जुलूस, युवाओं के साथ %जय श्री राम% के नारे लगाते हुए और भगवा झंडे और तलवारों की प्रतिकृतियों के साथ ढोल की उन्मादी धुनों के बीच पूरे राज्य में निकाले गए।

अहमदाबाद-वडोदरा एक्सप्रेस हाइवे पर भीषण सड़क हादसा, 10 लोगों की मौत

नडियाद (हि.स.)। अहमदाबाद-वडोदरा एक्सप्रेस हाइवे पर नडियाद के समीप भीषण सड़क हादसे में 10 लोगों की मौत हो गई। एक्सप्रेस वे पर टैंकर के पीछे तेज रफ्तार में आ रही कार सीधे टैंकर के पीछे जा टकराई।यह कार वडोदरा से अहमदाबाद की ओर जा रही थी। नडियाद के समीप अपने से आगे जा रहे टैंकर से कार तेज रफ्तार में जा टकराई। इसके बाद पूरा हाइवे चीख-पुकार से गूंज उठा। घटना की जानकारी मिलते ही स्थानीय पुलिस समेत फायर ब्रिगेड की गाड़ियां मौके पर पहुंच गई।प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार वे हाइवे के समीप थे, इसी दौरान जोरदार आवाज सुनकर सभी घटनास्थल पर पहुंच गए। यहां एक टैंकर के पीछे कार अंदर जा घुसी थी। क्रेन बुलाकर किसी तरह कार को बाहर निकाला गया। कार से 10 लोगों को बाहर निकाला गया।

लहर के भ्रम में न रहें नरेन्द्र मोदी

नवनीत राणा के वायरल हो रहे भाषण पर विपक्षी दलों ने ली चुटकी- बीजेपी के उम्मीदवार सच बोलने लगे

अमरावती ,एजेंसियॉ। अमरावती से भाजपा की लोकसभा उम्मीदवार नवनीत राणा का ÷कोई मोदी लहर नहीं÷ होने का दावा करने वाला एक वीडियो वायरल होने के बाद, विपक्षी महा विकास अघाड़ी (एमवीए) ने कहा कि वह सच बोल रही हैं, और यह जमीन पर मतदाताओं के मूड को दर्शाता है। नवनीत राणा ने सोमवार को अपने अमरावती निर्वाचन क्षेत्र में एक रैली को संबोधित करते हुए यह कथित टिप्पणी की। हमें इस चुनाव को ऐसे लड़ना होगा जैसे कि यह ग्राम पंचायत का चुनाव हो। हमें दोपहर 12 बजे तक सभी मतदाताओं को बूथ पर लाना होगा और उन्हें वोट देने के लिए कहना होगा। इस भ्रम में न रहें कि मोदी लहर है 2019 में भी, मोदी लहर थी। उनके पास सभी संसाधन थे, लेकिन फिर भी मैं एक स्वतंत्र उम्मीदवार के रूप में जीता।राणा ने 2019 में अविभाजित राकांपा के समर्थन से एक स्वतंत्र उम्मीदवार के रूप में अमरावती सीट जीती थी। जैसे ही भाषण का वीडियो वायरल हुआ एनसीपी (शरद पवार) और शिवसेना (यूबीटी) ने कहा कि भाजपा में घबराहट है। शिवसेना (यूबीटी) सांसद संजय राउत ने कहा कि विपक्षी गठबंधन महाराष्ट्र में सभी 48 सीटें जीतेगा। मोदी लहर के बारे में भूल जाइए। क्या मोदी अपनी सीट जीत पाएंगे यह भी एक सवाल है। हमारी पार्टी के प्रमुख उद्धव ठाकरे पहले ही कह चुके हैं कि बीजेपी को पूरे देश में केवल 45 सीटें मिलेंगी। राकांपा (सपा) के प्रवक्ता महेश तापसे ने कहा कि राणा सच बोल रहे हैं और इसीलिए भाजपा अन्य दलों से नेताओं को शामिल कर रही है।बीजेपी भी जानती है कि कोई मोदी लहर नहीं है। रांकपा नेता ने कहा कि यह इस बात से पता चलता है कि पार्टी एक के बाद एक विपक्षी नेताओं को अपने साथ जोड़ने में लगी है।

इसने उन नेताओं को भी आयातित कर लिया है जिन पर इसने भ्रष्टाचार का आरोप लगाया है। भाजपा के पास कोई विकल्प नहीं था, क्योंकि वह उन नेताओं में चुनाव जीतने की क्षमता देखती थी। विवाद के बीच नवनीत राणा ने स्पष्टीकरण जारी करते हुए कहा कि विपक्ष उनके संपादित भाषण का इस्तेमाल झूठी कहानी बनाने के लिए कर रहा है। लोग प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा किए गए काम को जानते हैं। एक मोदी लहर थी, एक मोदी लहर है और एक मोदी लहर होगी। हम पीएम मोदी के काम और वादों को मतदाताओं तक ले जा रहे हैं और वोट मांग रहे हैं।

महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री ने लॉरेंस बिश्नोई को खत्म करने की कसम खाई

एकनाथ शिंदे ने की सलमान से मुलाकात

मुंबई ,एजेंसियॉ। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने मंगलवार को बॉलीवुड अभिनेता सलमान खान से मुलाकात की और रविवार सुबह मुंबई में उनके बांद्रा स्थित आवास के बाहर दो लोगों द्वारा की गई गोलीबारी के बाद उन्हें सुरक्षा का आश्वासन दिया। बैठक के बाद, एकनाथ शिंदे ने भी मुंबई में गिरोह हिंसा के खिलाफ एक कड़ा बयान जारी किया और ÷लॉरेंस बिश्नोई को खत्म करने÷ की कसम खाई। एकनाथ शिंदे ने संवाददाताओं से कहा ÷मुंबई में कोई गैंग (युद्ध) नहीं है। अंडरवर्ल्ड का मुंबई में कोई स्थान नहीं है। ये महाराष्ट्र है, ये मुंबई है। एकनाथ शिंदे ने कहा, हम इस (लॉरेंस) बिश्नोई (गिरोह) को खत्म कर देंगे ताकि कोई ऐसा करने की हिम्मत न कर सके।उन्होंने यह भी कहा कि मुंबई पुलिस को सलमान खान और उनके परिवार के सदस्यों की सुरक्षा बढ़ाने का निर्देश दिया गया है क्योंकि उनके बांद्रा स्थित घर के बाहर गोलीबारी हुई थी। शिंदे ने कहा, ÷मैंने सलमान खान को आश्वासन दिया है कि सरकार उनके साथ खड़ी है और उनकी सुरक्षा सरकार की जिम्मेदारी है। सरकार यह सुनिश्चित करेगी कि कोई भी मुंबई में ऐसी हरकत करने की हिम्मत न करे।रविवार सुबह मुंबई के बांद्रा में गैलेक्सी अपार्टमेंट के बाहर दो बाइक सवार लोगों ने कई राउंड फायरिंग की। सीसीटीवी कैमरे की फुटेज में एक शख्स को सलमान खान के घर की ओर फायरिंग करते देखा गया। पुलिस के अनुसार, पीछे बैठे व्यक्ति ने कुल पांच राउंड गोलियां चलाई - जिनमें से एक दीवार पर और दूसरी खान के आवास की गैलरी में लगी। मुंबई पुलिस ने घटना के संबंध में दो लोगों को गिरफ्तार किया - विक्की गुप्ता (24) और सागर पाल (21)।

जमीन घोटाले मामले में ईडी का बड़ा एक्शन, झामुमो नेता अंतु तिर्की समेत चार को किया गिरफ्तार

रांची (आरएनएस)। रांची के जमीन घोटाले मामले में ईडी ने मंगलवार देर रात झामुमो नेता अंतु तिर्की सहित चार लोगों को गिरफ्तार किया है। इन सभी को आज पीएमएलए कोर्ट में पेश किया जाएगा। ईडी ने मंगलवार सुबह रांची में चार लोगों के ठिकाने पर छापेमारी की थी। एजेंसी ने देर शाम झामुमो नेता अंतु तिर्की, बिपिन सिंह, प्रियरंजन सहाय और इरशाद का बयान दर्ज किया और इसके बाद उन्हें गिरफ्तार कर लिया।इन सभी के ठिकानों से कई दस्तावेज और साक्ष्य हाथ लगे हैं।

केजरीवाल को जेल से सरकार चलाने देने की मांग, दिल्ली हाई कोर्ट में याचिका

नई दिल्ली, (हि.स.)। तिहाड़ में बंद दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को जेल से सरकार चलाने की मांग करते हुए दिल्ली हाई कोर्ट में याचिका दायर की गई है। वकील श्रीकांत प्रसाद ने दायर याचिका में अरविंद केजरीवाल को अपने कैबिनेट मंत्रियों के साथ वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए बातचीत करने की इजाजत दिए जाने की मांग की गई है।याचिका में कहा गया है कि न तो देश का संविधान और न ही कोई कानून प्रधानमंत्री या किसी मुख्यमंत्री को जेल से सरकार चलाने से रोकता है। ऐसे में अरविंद केजरीवाल को अपने कैबिनेट मंत्रियों के साथ वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए बात करने के लिए जरूरी प्रबंध करने के दिशा-निर्देश जारी किए जाएं। याचिका में मांग की गई है कि मीडिया को अरविंद केजरीवाल के इस्तीफे और दिल्ली में राष्ट्रपति शासन से संबंधित सनसनीखेज खबरें और हेडलाइन चलाने से रोका जाए।याचिका में दिल्ली भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा के खिलाफ केजरीवाल पर इस्तीफा देने के लिए दबाव बनाने, 10 अप्रैल को दीनदयाल उपाध्याय मार्ग पर किए गए विरोध प्रदर्शन के लिए कार्रवाई किए जाने की मांग की गई है। याचिका में कहा गया है कि अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व में पिछले सात सालों में दिल्ली सरकार ने स्वास्थ्य और शिक्षा के क्षेत्र में अभूतपूर्व काम किया है। वर्तमान में दिल्ली की स्थिति जनता के मौलिक अधिकारों का उल्लंघन करने जैसी है।राऊज एवेन्यू कोर्ट ने 15 मार्च को केजरीवाल की न्यायिक हिरासत 23 अप्रैल तक के लिए बढ़ा दी थी। 21 मार्च को दिल्ली हाई कोर्ट से अरविंद केजरीवाल को गिरफ्तारी से संरक्षण नहीं मिलने के बाद ईडी ने 21 मार्च को ही देर शाम को अरविंद केजरीवाल को पूछताछ के बाद गिरफ्तार कर लिया था। उसके बाद से केजरीवाल इस मामले में हिरासत में हैं।

राकांपा नेता एकनाथ खडसे को दाऊद-छोटा शकील गैंग ने दी जान से मारने की धमकी

मुंबई, (हि. स.)। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एसपी) के नेता और पूर्व मंत्री एकनाथ खडसे को दाऊद-छोटा शकील गैंग ने जान से मारने की धमकी दी है। खडसे ने इस आशय की शिकायत जलगांव जिले के मुक्ताई नगर पुलिस स्टेशन में दर्ज कराई है। पुलिस के अनुसार 15 और 16 अप्रैल को चार अलग-अलग मोबाइल फोन से कॉल कर उन्हें धमकी दी गई। इनमें से कुछ कॉल अमेरिका और कुछ उत्तर प्रदेश के नंबरों से आई। इसकी जांच की जा रही है।एकनाथ खडसे ने बुधवार को पत्रकारों को बताया कि पहले उन्हें लगा कि कोई शरारत कर रहा है, लेकिन जब कॉल अमेरिका के नंबर की दिखी तो इसकी शिकायत पुलिस में दर्ज करवाई। खडसे ने कहा कि इससे पहले दाऊद की पत्नी के साथ उनकी बातचीत की रिकॉर्डिंग प्रसारित की गई थी। जांच में साफ हुआ कि एक शख्स ने कंप्यूटर तकनीक के जरिए यह सब किया। खडसे ने स्पष्ट किया कि उन्होंने अभी तक इस धमकी की शिकायत राज्य के गृह मंत्री से नहीं की है।

प्रधानमंत्री ने खुद को बताया असमिया फूलम गमछा का ब्रांड एंबेसडर

नलबाड़ी (असम),(हि.स.)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि वे खुद असमिया फूलम गमछा के ब्रांड एंबेसडर हैं। प्रधानमंत्री ने इसे दुर्भाग्यपूर्ण बताया जब गले में असमिया गमछा डालने पर कांग्रेस उनका मजाक उड़ाती है। प्रधानमंत्री ने आरोप लगाया कि कांग्रेस को असम के लोगों की भावना की कोई परवाह नहीं है।भाजपा के वरिष्ठ नेता मोदी बुधवार को असम के नलबाड़ी के बरकूरा में एक विशाल चुनावी रैली को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि हमारे मुख्यमंत्री हिमंत बिस्व सरमा असम के विकास के लिए जिस प्रकार दिन-रात काम कर रहे हैं, उससे कांग्रेस बहुत पीछे चली गई है। प्रधानमंत्री ने कहा कि कांग्रेस को दिया हुआ वोट किसी काम नहीं आएगा, क्योंकि केंद्र में उनकी सरकार नहीं बनेगी। यदि भाजपा को वोट देंगे तो विकसित भारत बनाएगा। अगले 5 वर्षों तक बिना भेदभाव के आपको मुफ्त राशन ऐसे ही मिलता रहेगा।उन्होंने कहा कि हर परिवार में दादा, दादी, पिता, माता आदि 70 साल के ऊपर के लोग होते हैं। उनको कोई भी तकलीफ हो तो परिवार के संतानों पर बोझ पड़ता है। इसलिए मोदी ने तय किया है कि आपके परिवार में 70 साल से ऊपर के जितने भी बुजुर्ग हैं, उनकी बीमारी के इलाज की चिंता मोदी करेगा। हर वर्ग के इन बुजुर्गों को बिना भेदभाव के आयुष्मान योजना के तहत 5 लख रुपये तक के मुफ्त इलाज की सुविधा मिलेगी।संबोधन के बीच में उन्होंने कहा कि 12ः00 बजने से कुछ पल बाकी है। अयोध्या और पूरे देश में प्रभु राम के जन्मोत्सव, प्रभु राम के स्वागत का बहुत बड़ा अभियान चल रहा है। उत्सव चल रहा है। हम भी उससे जोड़ना चाहते हैं। भले हम अयोध्या नहीं पहुंच पाए, हम यहां से प्रभु राम के जन्मोत्सव में जुड़ने के लिए तैयार हैं।

अभी कुछ पल में वहां पर सूर्य तिलक होने वाला है। आप भी अपना मोबाइल फोन निकाल कर उसकी फ्लैशलाइट चालू करें। हम भी प्रभु राम को प्रणाम करें। मोदी ने जय श्रीराम, राम लक्ष्मण जानकी, जय बोलो हनुमान की के नारे लगवाए।उन्होंने कहा कि आपका बिजली बिल जीरो आए, इसके लिए कम दाम पर सोलर पैनल दिए जाएंगे। उसके कारण आपका बिजली का बिल जीरो हो जाएगा।

चुनाव आयोग ने चंद्रशेखर राव को नोटिस जारी किया

नई दिल्ली, (हि.स.)। चुनाव आयोग ने भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) अध्यक्ष और तेलंगाना के पूर्व सीएम के. चंद्रशेखर राव को 5 अप्रैल को सिरसिला में कांग्रेस पार्टी के खिलाफ उनकी टिप्पणी पर नोटिस जारी किया है। आयोग ने बुधवार को नोटिस जारी करने के साथ ही उनसे 18 अप्रैल की सुबह 11 बजे तक अपनी टिप्पणियों के संबंध में अपना रुख स्पष्ट करने को कहा है।के. चंद्रशेखर राव ने एक पत्रकार वार्ता में कांग्रेस को लेकर आपत्तिजनक टिप्पणी की थी, जिसके बाद कांग्रेस नेता जी. निरंजन ने चुनाव आयोग से शिकायत की थी। शिकायत का संज्ञान लेते हुए अब चुनाव आयोग ने के. चंद्रशेखर राव पर कार्रवाई की है।आयोग ने यह भी कहा कि के. चंद्रशेखर राव को उनके भाषण को लेकर पहले भी कई सलाह और निर्देश जारी किये जा चुके हैं। चुनाव निकाय ने यह भी कहा कि निर्धारित समय के भीतर उनकी ओर से कोई प्रतिक्रिया नहीं मिलने पर चुनाव आयोग उचित कार्रवाई करेगा।नोटिस में कहा गया है कि आयोग को 6 अप्रैल को तेलंगाना प्रदेश कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ उपाध्यक्ष जी. निरंजन से एक शिकायत मिली है, जिसमें यह आरोप लगाया गया है कि के.चंद्रशेखर राव ने सिरसिला में अपनी प्रेस वार्ता में कांग्रेस पार्टी के खिलाफ अभद्र, अपमानजनक और आपत्तिजनक आरोप लगाए थे।

ट्रैक्टर की टक्कर से साइकिल सवार की मौत

बारा(प्रयागराज)। ट्रैक्टर चालक की लापरवाही से हुआ एक्सीडेंट घटना में साइकिल सवार हुआ गंभीर रूप से घायल। एक्सीडेंट के बाद ट्रैक्टर चालक मौके से भागने में रहा सफल। स्थानीय लोगों के द्वारा पुलिस को दी गई सूचना।

घटना कौंधियारा थाना क्षेत्र के अंतर्गत जारी से खूझी जाने वाले संपर्क मार्ग पर लोटाड़ गांव के पास की है। जहां बुधवार को जारी बाजार की तरफ से खुझी जा रहा तेज रफ्तार ट्रैक्टर सामने से जा रहे साइकिल सवार को कुचलते हुए आगे बढ़ गया। जबकि राहगीरों व स्थानीय लोगों ने 108 एंबुलेंस की सहायता से घायल युवक को इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया। वही मौके पर मौजूद कुछ लोगों ने एक्सीडेंट में गंभीर रूप से घायल हुए युवक के परिजनों को भी सूचना दी। घटना की जानकारी मिलने के उपरांत सीएससी जसरा पहुंचे गंभीर रूप से घायल युवक के भाई लालचंद साहू के द्वारा बताया गया कि अस्पताल में पहुंचने के पश्चात डॉक्टर ने उन्हें बताया कि एक्सीडेंट में उनके भाई की मौत हो चुकी है। जिसकी सूचना उनके द्वारा चौकी इ जारी व थाना प्रभारी कौंधियारा को दी गई।

लालचंद साहू के द्वारा थाने में की गई लिखित शिकायत में दर्शाया गया है उनके छोटे भाई का जिस ट्रैक्टर से एक्सीडेंट हुआ वह ग्राम प्रधान खूझी आशीष कुमार पाल के छोटा भाई चला रहा था और एक्सीडेंट करने के उपरांत वह मौके से ट्रैक्टर लेकर भाग निकला।

अस्पताल में पहुंचे जारी चौकी प्रभारी विपिन कुमार वर्मा के द्वारा बताया गया कि राधिका प्रसाद साहू पुत्र स्वर्गीय राम आधार साहू उम्र 26 वर्ष निवासी रामपट्टी थाना कौंधियारा का रहने वाला है।

मृतक के भाई मंगला प्रसाद साहू के द्वारा बताया गया कि उनके भाई राधिका प्रसाद की शादी 8 माह पूर्व हुई थी और दिनांक 18 मार्च को राधिका का गौना लाने की तैयारी घर में चल रही थी। लेकिन नियति को कुछ और ही मौजूद था इतना कह कर वह रोने लगे।

घटना के बाद से मृतक के परिजनो करो रो कर बुरा हाल है।

महायज्ञ की हुई पुर्णाहुति , गुरुवार को होगा विशाल भंडारा

हंडिया। उतरांव थाने पर आयोजित 21 कुंडीय महायज्ञ की बुधवार को महायज्ञ की पुर्णाहुति की गई। गुरुवार को विशाल भंडारे का आयोजन किया गया है। बताते चलें कि क्षेत्रीय लोगों और स्थानीय पुलिस की सहयोग से दूसरे साल भी महायज्ञ का आयोजन किया गया। इस साल 9 अप्रैल से महायज्ञ का शुभारंभ किया गया। महायज्ञ का आज पुर्णाहुति की गई। इस अवसर पर 21 कुंडीय हवन संपन्न हुआ। कथा व्यास पंडित मनोज शास्त्री द्वारा महायज्ञ का समापन कराया गया। कार्यक्रम आयोजक विजय गिरि द्वारा निरंतर व्रत रखकर निरंतर महायज्ञ का समापन कराया। महायज्ञ कार्यक्रम को थानाध्यक्ष पंकज कुमार त्रिपाठी समेत पूरे क्षेत्र वासियों का सराहनीय योगदान रहा। वही कार्यक्रम आयोजक विजय गिरि ने गुरुवार को विशाल भंडारे में शामिल होने की क्षेत्रीय लोगों से अपील किया है।

आग लगने से गेहू की फसल जलकर राख

लोकमित्र ब्यूरो

नारीबारी(प्रयागराज)। शंकरगढ़ थाना क्षेत्र के नारीबारी चौकी अंतर्गत ग्राम सभा देवरा के बाराडीह गांव में संदिग्ध परिस्थितियों में गेहूं के खेत में आग लगने से सात बीघा गेहूं जलकर राख हो गया।

सूचना मिलते ही ग्रामीण मौके पर पहुंच आग बुझाने पर जुट गए। जानकारी के अनुसार देवरा ग्राम पंचायत के बाराडीह गांव निवासी धर्मेंद्र प्रताप सिंह के खेत में बुधवार को दोपहर में संदिग्ध परिस्थितियों में आग लग गई जिससे सात बीघा गेहूं की खड़ी फसल जलकर राख हो गई। इसकी सूचना लगते ही भारी मात्रा में ग्रामीण पहुंचकर किसी तरह आग पर

थोड़ा बहुत काबू पाया। नहीं तो अगल-बगल के सैकड़ों बीघा गेहूं जलकर राख हो जाता। इसकी सूचना ग्रामीणों ने ग्राम प्रधान सुधाकर सिंह पटेल को दिया। उन्होंने इसकी सूचना राजस्व विभाग की टीम को दिया। सूचना लगते ही राजस्व विभाग की टीम लेखपाल विनय,वा उमेश मौके पर पहुंचकर आग से जले गेहूं के नुकसान का आकलन किया।साथ ही नारीबारी पुलिस चौकी प्रभारी अनुराग हेड कांस्टेबल अनिल मिश्र रामजीत यादव,मौके पर फायर ब्रिगेड की गाड़ी के साथ पहुंचे जिससे आग पर पूरी तरह काबू पाया गया पीड़ित द्वारा राजस्व विभाग से मुआवजा की मांग किया गया। गेहूं की फसल जल जाने से पशु के चारे का भी संकट उत्पन्न हो गया है।उधर भारत नगर पेट्रोल पम्प के बगल में तकरीबन 4 बजे आग लग गयी नारीबारी चौकी की टीम द्वारा किसी तरह से आग पर काबू पाया गया।

साई बाबा की पालकी शोभायात्रा बड़े धूमधाम के साथ निकाली गई

लोकमित्र ब्यूरो

प्रयागराज । एजी ऑफिस के समीप स्थित साई मंदिर प्रांगण से साई पालकी शोभा यात्रा बड़े धूमधाम के साथ बुधवार को गत वर्षो की भांति इस वर्ष भी निकाली गई । साई पालकी शोभायात्रा एजी ऑफिस चौराहा से होते हुए शहर के विभिन्न चौराहे पर शोभा यात्रा निकाली गई इस शोभायात्रा की स्थानीय लोगों ने सराहना करते हुए शोभा यात्रा पालकी का भब्य स्वागत किया गया। उसके बाद पुनः शोभा यात्रा पालकी मे महिलाएं पुरुष बच्चे साई बाबा भक्तों के साथ मंदिर प्रांगण पर पहुंचे और मंदिर में साई बाबा की उच्च न्यायालय के माननीय न्यायमूर्तियों ने क्रमशः बालकृष्ण नारायण सरल श्रीवास्तव, अरुण टंडन, प्रकाश पड़िया, राजीव लोचन मेहरोत्रा, विक्रम सिंह चौहान, एम सी त्रिपाठी, पूनम श्रीवास्तव न्यायमूर्तियों ने सामूहिक रूप से साई बाबा की आरती की। इस दौरान अतिथियों का भव्य स्वागत किया गया ।

साई बाबा की आरती पूजा अर्चना के पश्चात विशाल भंडारे का आयोजन किया गया था, भंडारे के आयोजन नीलम पांडे पत्नी संजीव कांत पांडे द्वारा किया गया, जिसमें हजारों भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया।

कार्यक्रम में आए हुए सभी अतिथियों व भक्तों के प्रति मंदिर के ट्रस्टी ममता प्रकाश स्वर्ण शर्मा ने आभार व्यक्त किया। इस पालकी शोभायात्रा में पुलिस प्रशासन के लोग बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

हर्षोल्लास के साथ मनाया गया श्री राम जन्मोत्सव

खीरी (प्रयागराज)। चैत्र नवरात्रि की नवमी को मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम का जन्मउत्सव क्षेत्र भर के सभी घरों एवं मंदिरों में बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। आम जनमानस द्वारा भगवान राम की परिवार सहित पूजा कर सुख समृद्धि का आशीर्वाद मांगा गया। उक्त कार्यक्रम दोपहर से प्रारंभ होकर भजन व सोहर के साथ देर रात तक चलता रहा। इसी क्रम में कैलाश नगर के प्राचीन शिव मंदिर में भी कैलाश सेवा समिति के सानिध्य में भारी संख्या में लोग एकत्रित होकर भजन कीर्तन किया साथ ही साथ जन्मोत्सव को बड़े ही भाव के साथ मनाए। कैलाश सेवा समिति के सदस्यों द्वारा दोपहर मंदिर में रामचंद्र जी की भव्य झांकी सजाई गई। भजन व भक्ति गीतों के बीच मंदिर पर उपस्थित लोगों द्वारा धरती पर विष्णु अवतार भगवान राम के आगमन की खुशी मनाई गई। जन्मोत्सव के बारे में तो प्रसिद्ध भागवत प्रवक्ता श्रद्धेय श्री कृष्ण जी महाराज द्वारा बतलाया गया कि त्रेता युग में मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम का जन्म चैत्र मास शुक्ल पक्ष की नवमी को दोपहर में हुआ था। इसके बाद समूचे अयोध्या धाम में कई महीनो तक उत्सव मनाया गया। उक्त मौके पर सुरेंद्र केसरी, मंगला तिवारी,शेषमणि केसरी,रामबाबू,लवकुश पटवा,अशोक कुमार,ननकू महाराज,शानू पांडे,शुभम केसरी,आकाश,प्रकाश केसरी, राजेश खन्ना,सुनील केसरी,मिथिलेश त्रिपाठी सहित सैकड़ो की संख्या में भक्तजन मौजूद रहे।

राजपूत राठौर समाज ने निकाली कुलदेवी की शोभायात्रा

ध्वज पताका के साथ सैकड़ों श्रद्धालु रहे शामिल

लोकमित्र ब्यूरो

प्रयागराज। राजपूत राठौर समाज की ओर से मां भगवती कुलदेवी दुर्गा जी माता चौरा राजपूत सभा भवन में स्थापित कुलदेवी का विधिवत पूजन किया गया। इसके पश्चात भव्य शोभायात्रा निकाली गई। इसमें ध्वज पताका के साथ बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल रहे।

शोभायात्रा से पहले समाज के लोगों ने मां कुलदेवी का फलों और फूलों से भव्य श्रृंगार कर विभिन्न प्रकार के नैवेद्य अर्पित किए।

इसके पश्चात मंदिर से ही मां कल्याणी देवी के लिए निशान ध्वजा पताका लेकर समाज के लोग, जिसमें सैकड़ों की संख्या में पुरुष एवं महिलाएं शामिल थीं, निरंजन सिनेमा बादशाही मंडी से उठकर जानसेनगंज चौराहा, घंटाघर, बजाजा पट्टी, रानीमंडी, अतरसुइया, कल्याणी होते हुए सिद्धपीठ कल्याणी माता मंदिर में ध्वज निशान अर्पित करने के बाद शोभायात्रा का समापन किया। शोभायात्रा में समाज के कुल पुरोहित पंडित दिगंबर प्रसाद त्रिपाठी ने शोभायात्रा की अगुवाई की।

इस अवसर पर समाज के मूर्धन्य नेम राठौर, जितेंद्र सिंह, पिंटू राठौर, सनी राठौर, गौरी शंकर वर्मा, भारत, माधुरी राठौर, लता राठौर, विद्या राठौर, शिवम राठौर समेत समाज के सैकड़ों लोग सम्मिलित रहे।

मासूम बच्ची की हत्या कर शव गड्ढे में फेंका, गांव में सनसनी

लोकमित्र ब्यूरो

हंडिया। हंडिया थाना क्षेत्र के मंदर गांव में मंगलवार की रात मां के साथ सो रही एक बच्ची को अज्ञात लोगों ने उठाकर हत्या कर शव को गड्ढे में फेंक दिया गया। पुलिस के मामले में हत्या का मुकदमा दर्ज कर हत्याकांड के खुलासा में जुटी है। वही मौके पर डीपी गंगानगर अभिषेक भारती मौके पहुंच कर घटना की जांच की।

बताया जाता है कि मंदर गांव निवासी महेंद्र मुसहर मजदूर है वह मंगलवार की रात गांव के पास किसी की गेहूं की मड़ाई करने गया था। उसकी डेढ़ साल की बच्ची मुनिया अपनी मां के साथ सोई हुई थी। कुछ देर बाद महेंद्र की पत्नी की नींद खुली तो मासूम मुनिया गायब थी। फिर क्या था वह दहाड़े मार कर रोने लगी और मासूम बिटिया को दरबदर खोजने लगी। तब तक मजदूरी कर रहा महेंद्र भी खबर पाकर घर पहुंच गया।

बुधवार की सुबह हंडिया पुलिस को सूचना हुई तो वह मौके पर पहुंचकर लापता बच्ची की खोज करने लगी। मुनिया का शव गांव के ही एक गड्ढे में पाया गया। उसके सिर और गले में चोट के निशान पाए गए। प्रथम दृष्टया ऐसा प्रतीक हुआ कि किसी ने उसका गला घोटकर हत्या कर दी। घटना की सूचना पर एसीपी हंडिया पंकज लवानियां और डीपी गंगानगर अभिषेक भारती मौके पर पहुंचकर घटना की जांच की। मामले में पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज किया है। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। हत्या की घटना से गांव में सनसनी फैल गई। आखिर मासूम बच्ची की हत्या क्यों की गई किसने किया जिसकी पुलिस गहनता से जांच कर रही है। रोज कमाने खाने वाली जाति मुसहर की आखिर किससे दुश्मनी हो सकती है। हंडिया पुलिस हर पहलुओं पर जांच कर रही है।

हाईटेंशन तार की चिंगारी से गेहूं के खेत में लगी आग, जलकर राख

लोकमित्र ब्यूरो

बहरिया। बहरिया थाना क्षेत्र के चौकी सिकंदरा के अन्तर्गत चिन्तामनपुर गांव में हाईटेंशन तार की चिंगारी से गेहूं के खेत में आग लग गयी। जानकारी के अनुसार बीरभानपुर निवासी तुलसीराम व बचऊ लाल यादव निवासी चिंतामनपुर के खेत से बिजली का हाईटेंशन तार गया है। मंगलवार दोपहर करीब एक बजे अचानक हाईटेंशन तार की चिंगारी से गेहूं के खेत में आग लग गयी और आग ने बिकराल रुप धारण कर लिया आग की लपटें इतनी तेज थी कि थोडी ही देर में तुलसीराम का करीब दो बीघा व बचऊ लाल का करीब एक बीघा गेहूं की फसल जलकर राख हो गयी। ग्रामीणों की मदद से किसी तरह आग पर काबू पाया गया। सूचना मिलते ही थाना अध्यक्ष बहरिया रणविजय सिंह के साथ चौकी इंचार्ज सिकंदरा रवि कुमार कटियार अपने हमराहियों के साथ मौके पर पहुंचे और घटना की जानकारी लेते हुए उच्च अधिकारियों को अवगत कराया।

कार की टक्कर से बाइक सवार घायल

घूरपुर (प्रयागराज)। प्रयागराज से मरीज लेकर जा रही कार की टक्कर लगने से सामने से आ रहे बाइक सवार रोड पर गिरा जिससे उसके सर में चोट लग जाने से गंभीर रूप से घायल हो गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार इरादतगंज चौराहे पर रामनवमी का जुलूस निकालने की वजह से मरीज लेकर जा रही कर राम साइड से आगे निकलने लगी जिसमें सामने से आ रहा है बाइक सवार की टक्कर हो गई और बाइक सवार रोड पर गिरा उसका पीछे साइड सर फट गया। घटना शाम 6~30 बजे की है। आसपास के जुटे लोगों ने पुलिस को सूचना दी पुलिस ने आकर के गंभीर रूप से घायल जो आपको प्रयागराज अस्पताल भेजा। कार का अगला टायर फट जाने की वजह से कर मौके पर खड़ी रही।

भव्य भंडारे का हुआ आयोजन

अयोध्या। प्रभु श्री राम की पावन नगरी अयोध्या में रामनवमी के पावन अवसर पर स्पार जियो इंन्फा प्रा. लि. एवं शिव नटराज सर्विसेस इंडिया प्रा लि. दिल्ली द्वारा चूड़ामणि, चौक अयोध्या में भंडारे का आयोजन किया गया इस अवसर पर कार्यक्रम आयोजक तुषार गोयल ने बताया की मैनेजिंग डायरेक्टर सतीश राम कुमार गोयल के प्रेरणा से जगन्नाथ जी के प्रसाद का आयोजन किया गया उन्होंने बताया कि हमारी कंपनी अयोध्या में कई तरह के प्रोजेक्ट पर कार्य कर रही है और हुनरमंदों को हुनर देने का कार्य करेगी। कवि दुर्गेश पांडेय ने बताया कि अयोध्या आने वाले श्रद्धालुओं को अयोध्या के बारे में बहुत ज्यादा जानकारी नहीं होती है जिससे वह केवल श्री रामलला के दर्शन और हनुमानगढ़ी के दर्शन ही करते हैं लेकिन हमारी कंपनी आए हुए श्रद्धालुओं के लिए मनोरंजन व उन्हें अन्य स्थानों का भी दर्शन कराएगी और उनके पौराणिक परिचय को भी बताएगी इस अवसर पर आये हुए सभी श्रद्धालुओं का स्वागत एवं हार्दिक अभिनन्दन किया गया।

आम का सूखा पेड़ काटने को लेकर भाई-भाई में खूनी संघर्ष,चार घायल

गम्भीर रूप से घायल तीनों लोगों को डाक्टरों ने जिला अस्पताल रिफर किया

लोकमित्र ब्यूरो

बहरिया। बहरिया थाना क्षेत्र के रामगढ़ कोठारी गांव में मंगलवार सुबह 7 बजें आम का सूखा पेड़ काटने को लेकर भाई भाई आपस में भिड़ गये। जिसमें चार लोग लहुलुहान हो गये। मिली जानकारी के अनुसार रामगढ़ कोठारी गांव में मंगलवार सुबह सूखे आम के पेड़ को काटने को लेकर दो सगे भाइयों में गाली गुप्ता होने के बाद बात इतनी बढ़ी कि दोनों तरफ से जमकर लाठी डंडे चलने लगे। जिस मारपीट में एक तरफ से उषा देवी पत्नी बड़े लाल ने तहरीर देकर मुकदमा पंजीकृत कराया

है कि लालचंद जसवंत ने मेरे पति बड़े लाल को लाठी डंडों से जमकर पीट दिया है। जिसमें मेरे पति का सिर फट गया है और गंभीर चोटे आई है। वहीं दूसरी तरफ से लालचंद पुत्र मोतीलाल ने तहरीर देकर मुकदमा लिखवाया है कि बडेलाल, उषा, संजू, आकाश ने लालचंद, जसवंत, सरिता को लाठी डंडों से मारा पीटा है। जिसमें लालचंद, जसवंत को गंभीर चोटें आई हैं और इन लोगों को जिला अस्पताल रिफर कर दिये है तथा सरिता को मामूली चोटे आई है। दोनों की तहरीर पर बहरिया पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। इस संबंध में थानाध्यक्ष बहरिया रणविजय सिंह ने बताया कि दोनों पक्षों का मुकदमा लिख लिया गया है और मामले की जांच शुरू कर दिया गया है।

रात को वृद्ध दम्पति की पिटाई, यूपी 112 पुलिस ने पकड़ कर आरोपितों को छोड़ा

लोकमित्र ब्यूरो

हंडिया। उतरांव थाना क्षेत्र के उष्मापुर गाँव में रात को जेसीबी मशीन से खुदाई का विरोध करने पर वृद्ध दम्पति की पिटाई कर दी गयी। दम्पति ने यूपी 112 पुलिस को डायल करने पर यूपी 112 की दो गाड़ी पहुंची। जिसमें एक यूपी 112 की पुलिस ने आरोपित दो लोगों को दबोच लिया। लेकिन वृद्ध दम्पति का आरोप है कि यूपी 112 पुलिस ने रास्ते में पैसे लेकर आरोपियों को छोड़ दिया। सुबह वृद्ध दम्पति को आरोपित लोगों ने पुनः मारने की धमकी दी तो पीड़ित दम्पति थाने पर पहुँच कर फफक कर रोने लगे और आप बीती सुनाई। जिस पर चोट हिल

दम्पति की रिपोर्ट दर्ज कर उतरांव पुलिस ने घायल को सीएचसी सैदाबाद इलाज के लिए भेजा। आप को बताते चले कि यूपी 112 पुलिस मारपीट में पकड़े गये लोगों को पकड़ने के बाद उन्हें छोड़ कर कमाई का जरिया बना लिया है। जिससे यूपी 112 पुलिस से लोगों का विश्वास उठता जा रहा है।

पहेली बनी सिपाहियों की संदिग्ध मौत

महिला सिपाही की पुरुष कांस्टेबल से थी अच्छी जान पहचान

लोकमित्र ब्यूरो

प्रयागराज। शाहगंज के मिन्हाजपुर में शहर में ही तैनात महिला व पुरुष सिपाही मृत पड़े मिले। सिपाही राजेश वैष्णव (27) फंदे से लटका मिला तो महिला कांस्टेबल प्रिया देवी (25) का शव बिस्तर पर पड़ा मिला। दरवाजा भीतर से बंद था। प्रारंभिक जांच पड़ताल के बाद घटना खुदकुशी या हत्या के बाद आत्महत्या की होने की आशंका है। कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। 2019 बैच का आरक्षी राजेश पुत्र गिरधारी लाल मूल रूप से मथुरा के धनिपुरा, थाना भगोरी का रहने वाला था और पिछले दो साल से एसीपी कोतवाली कार्यालय में तैनात था।उधर, 2020 बैच की प्रिया पुत्री अनूप कुमार तिवारी दारागंज स्थित संगम पर्यटन थाने में तैनात थीं और मूल रूप से कानपुर के नौबस्ता में भहरिया चौराहे के पास की रहने वाली थीं। राजेश शाहगंज थाने की बैरक में रहते थे।

प्रिया थाने से करीब 500 मीटर दूर स्थित मिन्हाजपुर में अधिवक्ता ताहा अहमद के मकान में किराये पर रहतीं थीं। वह पहले एसीपी कोतवाली कार्यालय में तैनात रह चुकी थी और उसकी राजेश से अच्छी जान पहचान थी।बताया जाता है कि मंगलवार को राजेश ड्यूटी पर नहीं पहुंचा। साथी पुलिसकर्मी बैरक में पहुंचे तो वह वहां नहीं मिला। फोन पर भी संपर्क नहीं हो पाया। राजेश अक्सर प्रिया से मिलने जाया करता था, ऐसे में सिपाही वहां पहुंचे तो कमरा भीतर से बंद मिला। कई बार आवाज देने के बाद भी कोई जवाब नहीं मिला तो खिड़की में बने छोटे सुराख से भीतर झांका गया। वहां राजेश फंदे पर लटका दिखाई दिया।

सूचना पर एसीपी कोतवाली मनोज सिंह और कुछ ही देर बाद डीसीपी दीपक भूकर पहुंच गए।

खिड़की का ग्रिल काटकर दरवाजा खोला गया। पुलिस अफसर भीतर पहुंचे तो महिला सिपाही बिस्तर पर मृत पड़ी मिली। थोड़ी देर बाद पुलिस आयुक्त रमित शर्मा भी आ गए। फॉरेंसिक टीम भी मौके पर बुलाई गई। जांच पड़ताल के बाद दोनों शवों को मोर्चरी भेज दिया गया।पुलिस सूत्रों का कहना है कि दोनों के बीच करीबी संबंध थे।

मौके की जो हालत थी, उससे यह तो लगभग साफ है कि राजेश ने फांसी लगाई। महिला सिपाही की मौत कैसे हुई, यह फिलहाल पता नहीं चल सका है। उसके गले में हल्का सा निशान भी मिला है। एक आशंका है कि उसने जहरीला पदार्थ खाया हो। दूसरी आशंका हत्या के बाद खुदकुशी किए जाने की भी जताई जा रही है। घटना की वजह को लेकर भी तरह तरह की चर्चाएं रहीं।

महिला और पुरुष सिपाही का शव मिलने के बाद दूसरे दिन बुधवार को दोनों के शवों का पोस्टमार्टम किया गया। सिपाही का भाई मौके पर पहुंचा। परिवार के अन्य लोग भी चीरघर पहुंचे थे। परिजन कुछ भी बोलने के लिए तैयार नहीं थे। महकमे में भी दोनों की मौत को लेकर दिन भर चर्चा रही।

शाहगंज में एक दिन पहले कमरे में मृत मिले महिला और पुरुष सिपाही की मौत का राज फिलहाल नहीं खुल सका है। बुधवार को मथुरा और कानपुर से आए दोनों के परिजनों ने चुप्पी साधी रखी और कुछ बोलने से इनकार कर दिया। महिला सिपाही प्रिया देवी के शव का भोर में ही पोस्टमार्टम कराया गया जिसके बाद परिजनों ने रसूलाबाद घाट पर अंतिम संस्कार कर दिया।

उधर सिपाही राजेश वैष्णव का शव पोस्टमार्टम के बाद परिजन लेकर मथुरा चले गए। मर्चरी पर उसके भाई और पिता के साथ-साथ पत्नी नीतू भी पहुंची थी। फिलहाल उन्होंने किसी से कोई बात नहीं की। किसी पक्ष की ओर से कोई शिकायत भी पुलिस में नहीं दी गई है। पुलिस अफसरों का कहना है कि फिलहाल पोस्टमार्टम रिपोर्ट नहीं मिली है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट मिलने के बाद ही कुछ बताया जा सकेगा।

अर्चिता, जागृति, सक्षम, रागिनी, अक्षत, एकलव्य और सायशा उत्तीर्ण

प्रयागराज। पंडित रामचंद्र मिश्र मेमोरियल पब्लिक स्कूल झलवा के प्रांगण में मासिक कलर बेल्ट परीक्षा का आयोजन बुधवार को किया गया। इस परीक्षा में विष्णु भगवान पब्लिक स्कूल, साई धाम ताइक्कांडो अकादमी, जीनियस पब्लिक स्कूल के 170 खिलाड़ियों ने भाग लिया। अपनी सुंदर तकनीकी कला का प्रदर्शन करते हुए अर्चिता त्रिपाठी ने सफेद बेल्ट, जागृति विश्वकर्मा पीली बेल्ट, सक्षम कुमार हरी बेल्ट, रागिनी पाण्डेय हरी एक बेल्ट, अक्षत कुमार चतुर्वेदी नीली बेल्ट, एकलव्य शर्मा नीली एक बेल्ट व सायशा गुप्ता लाल बेल्ट में प्रथम स्थान प्राप्त किया।मुख्य परीक्षक कौशांबी ताइक्कांडो एसोसिएशन के सचिव कामेश शर्मा, अध्यक्ष अनुराग सिंह, आशीष आर्या, आकाश सोनी, राजेश भगत, दीपक कुमार रहे। कार्यक्रम का संचालन कोच दीपक कुमार ने किया। अपनी-अपनी बेल्ट में सफल रहने वाले प्रतिभागियों के नाम इस प्रकार हैं।*सफेद बेल्ट*- अर्चिता त्रिपाठी, अथर्व त्रिपाठी, प्रिया गुप्ता, विनायक द्विवेदी, कियारा तिवारी, निष्ठा दत्त, अग्रिमा गौर, एंजेल यादव, सारा मिश्रा स्वास्तिक श्री, काव्या श्रीवास्तव,समृद्धि, क्रीडाय तिवारी, रेहांशी तिवारी।

लोकतंत्र में हर एक वोट का महत्व- प्रो. गीतांजलि मौर्य

प्रयागराज। लोकतंत्र में हर एक वोट की कीमत होती है। अपने वोट से जनता अपनी सरकार बनाती है और योग्य प्रतिनिधि का चुनाव करती है। 2024 के चुनाव की प्रक्रिया शुरू हो गई है। मतदाता जागरूकता के तहत कुलभास्कर आश्रम पोस्ट ग्रेजुएट कॉलेज प्रयागराज में एक शपथ समारोह का आयोजन हुआ। जिसमें कॉलेज के सभी शिक्षकों ने महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो. गीतांजलि मौर्य के नेतृत्व में अधिक मतदान करने और कराने की शपथ ली।

इस अवसर पर प्राचार्या प्रो गीतांजलि मौर्य ने कहा कि लोकतंत्र में चुनाव एक त्योहार की तरह होता है। जैसे हम

हर त्योहार मनाते हैं वैसे ही चुनाव के प्रति सजक रहकर वोटिंग करके अपने परम अधिकार का प्रयोग करके अपनी सरकार बनानी चाहिए। प्राचार्य ने कहा कि एक मत से हमारा समाज विकसित हो सकता है। हमे सहूलियत मिल सकती है। देश का नाम दुनिया में हो सकता है, सबको अपने मत की कीमत पहचाननी होगी देश की बात है इसलिए गर्मी में भी आलस्य नही करना चाहिए। मतदाता जागरूकता अभियान के तहत मतदान के लिए शपथ समारोह के तत्पश्चात तत्पश्चात मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई। इस अवसर पर प्राचार्य के साथ महाविद्यालय के शिक्षक प्रोफेसर राम लखन पाल, प्रोफेसर वी एन पाण्डेय, प्रोफेसर सी एस चौबे, प्रोफेसर कमलेश सिंह, विकास सिंह, डॉक्टर धर्मेंद्र कुमार सिंह, कार्यक्रम अधिकारी राष्ट्रीय सेवा योजना डॉक्टर एस पी यादव, डॉ मनोज कुमार सिंह, महाविद्यालय के शिक्षणेत्तर कर्मचारी एवं 252 छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

रामनवमी के पावन अवसर पर बड़ी धूमधाम से मनाया गया रामोत्सव

लोकमित्र ब्यूरो

प्रयागराज। हर-हर महादेव मंदिर, कानपुर जीटी रोड, मुंडेरा में रामनवमी के पावन-पुनीत अवसर पर रामोत्सव बड़ी धूमधाम से मनाया गया। रामप्रकाश केसरबानी की यजमानी में पं0 विनय त्रिपाठी गोलू ने वैदिक मंत्रों से भगवान की पूजा अर्चना की। इसके पश्चात प्रतिष्ठित भजन गायक मनोज गुप्ता, प्रीता बाजपेई एवं बालाजी के सेवकों ने प्रभु श्रीराम के अनेक भजन गाकर उपस्थित श्रोताओं का मन जीत लिया।रिंकू प्रसाद मोर्या और विशाल कुशवाह के मनोहारी गायन में हारमोनियम पर अनमोल कुशवाह,केशियो पर राकेश पाण्डेय, ढोलक पर अनुज, मंजीरा पर राजेश केसरबानी तथा झांझ पर नवरतन सक्सेना ने संगत की। सुमेर सिंह एवं विजय दीक्षित के संयोजन में संपन्न कार्यक्रम में मन्दिर समिति के अध्यक्ष राहुल सिंह एवं प्रबंधक सुन्दर लाल यादव ने समस्त कलाकारों एवं अतिथिगण का माल्यार्पण से स्वागत किया। हृदय नारायण पांडेय, शम्भूनाथ श्रीवास्तव, उपेन्द्र कुमार पांडेय आदि

अनेक भक्तगणों ने कार्यक्रम का आनंद के साथ-साथ बीच-बीच में जय श्रीराम के नारों से वातावरण राममय कर दिया। कार्यक्रम का भक्तिपूर्ण संचालन योगेन्द्र कुमार मिश्र ÷विश्वबन्धु÷ने किया।

दबंग ने साथियों संग मामूली विवाद में युवक का सिर फोड़ा

लोकमित्र ब्यूरो

चायल, कौशाम्बी। संदीपन घाट थानाक्षेत्र के तेरामील काजीपुर गांव में मंगलवार की रात दबंग ने साथियों के साथ मामूली विवाद को लेकर युवक के ऊपर कातिलाना हमला कर दिया।हमले में उसका सिर फट गया जबकि दूसरा युवक जान बचाकर वहां से भाग निकला।हमलावरों ने नगदी और मोबाइल भी छीन लिया।आसपास रहे लोगों ने मौके पर पहुंचकर जान बचाया। घायल ने थाने जाकर मामले की तहरीर दी। तहरीर पाकर पुलिस शिकायत की जांच में जुट गई है।

कोखराज थानाक्षेत्र के तरसौरा गांव निवासी देवता दीन पटेल पुत्र जगन्नाथ पटेल ने बताया कि वह पिपरी कोतवाली क्षेत्र के दरियापुर गांव निवासी अपने रिश्तेदार प्रदीप कुमार पुत्र राम मदन के साथ मंगलवार की रात बाइक से निमंत्रण में शामिल होने के लिए काजीपुर गांव गया था।घर वापसी के समय गांव के एक दबंग ने जबरन उसके बाइक की चाभी ले लिया।इसी बात को लेकर उससे विवाद हो गया।वह दोनों बाइक से गांव के लिए चल दिए।आरोप है कि इसी दौरान वही दबंग अपने दो साथियों के साथ लाठी डंडे से लैस होकर तेरामील पर पहुंचा और उसी विवाद को लेकर गाली गलौज करने लगा।देवतादीन के विरोध करने पर दबंग ने साथियों के साथ मिलकर उसपर जानलेवा हमला कर दिया।हमले में उसका सिर फट गया जबकि प्रदीप जान बचाकर वहां से भाग निकला। आसपास के लोगों के ललकारने पर हमलावर दस हजार रुपए और मोबाइल छीनकर जान से मारने की धमकी देते हुए चले गए। बुधवार को घायल ने थाने जाकर घटना की तहरीर दी। तहरीर मिलने के बाद पुलिस शिकायत की जांच में जुट गई है।

ग्राहक सेवा केंद्र में सेंध लगाकर चोरी

लोकमित्र ब्यूरो

सिराथू, कौशाम्बी। कोखराज थाना क्षेत्र के एक गांव में बीती रात ग्राहक सेवा केंद्र में चोरों ने पीछे से सेंध काटकर ग्राहक सेवा केंद्र में रखे नकदी सहित जरूरी सामान पार कर दिया , सुबह जब सेवा केंद्र संचालक ने देखा तो मामले की सूचना पुलिस को दी।

कोखराज थाना क्षेत्र के केशऊवापुर गांव में पूनम देवी पत्नी अवनीश कुमार के नाम से एसबीआई का ग्राहक सेवा चल रहा है , बीती रात आए चोरों ने ग्राहक सेवा केंद्र के कमरे में पीछे से सेंध काटकर अंदर रखे एक हजार की नकदी सहित एक कम्प्यूटर , प्रिंटर व चाभी सहित अन्य सामान पार कर दिया ।

बुधवार की सुबह ग्राहक सेवा केंद्र पहुंचे संचालक ने देखा तो मामले की सूचना पुलिस को दी जिसके बाद पुलिस छानबीन में जुट गई है।

सेलरहा में रामनवमी पर विशाल भंडारे के साथ मेला का हुआ आयोजन

लोकमित्र ब्यूरो

सिराथू, कौशाम्बी। विकास खंड सिराथू के सेलरहा पश्चिम गांव में मंझनपुर से सिराथू मार्ग में स्थित मसूरिया माता के मंदिर में चौत्र की नवरात्रि के रामनवमी पर लगने वाले दो दिवसीय मेले में बुधवार को विशाल भंडारे के बाद मेला का आयोजन किया गया। मंगलवार को रामचरितमानस पाठ के समापन के बाद नवरात्रि की नवमी को मसूरिया माता के मंदिर में विशाल भंडारे का आयोजन किया गया जहां बड़ी संख्या में मौजूद ग्रामीणों के साथ राहगीरों ने प्रसाद ग्रहण किया। वही सेलराहा पश्चिम में लगने वाले दो दिवसीय मेले के पहले दिन ग्रामीणों ने मेले का आनंद लिया , मेले में झूला आदि के साथ तमाम दुकानें लगी रही। मेला में लवलेश कुमार प्रधान के साथ गुड्डु तिवारी , ननका , संजय , कल्लू , आशीष , सुशील , विनोद , छोटेलाल , मूलचंद , जिशान , मोनू , रंजीत , रविकांत , अमित , जीते , सुनील , कैलाश , कमल किशोर , सजीवन, उमेश पाल , मुन्ना , अजय कुमार , केवल केसरवानी , मनीष , राजेश सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

शार्ट सर्किट से गोशाले में लगी आग, मवेशी झुलसे

लोकमि. ब्यूरो

चायल, कौशांबी। संदीपन घाट थानाक्षेत्र के मलाक मोईनउद्दीनपुर गांव निवासी जगमोहन सरोज ने घर के अगले हिस्से में गोशाला बना रखी है। बुधवार दोपहर शार्ट सर्किट से छप्पर में आग लग गई। कुछ ही देर में आग ने पूरे गोशाले को अपनी आगोश में ले लिया। देखते ही देखते आग की लपटें और धुंआ का गुबार आसमान छूने लगा। आग की लपटों को देख परिजनों के शोर मचाने पर मौके पर जुटे ग्रामीणों ने काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। आग की चपेट में आने से गोशाले में बंधी दो भैंस समेत एक बच्चा बुरी तरह झुलस गए। परिजनों ने घटना की जानकारी पुलिस के साथ राजस्व विभाग को दे दी है।

शादी का कार्ड बांटने गया अधेड़ बाइक से गिरकर हुआ जख्मी

लोकमित्र ब्यूरो

कड़ा, कौशाम्बी। कड़ाधाम थाना क्षेत्र के सुखधरनपुर किठाँव निवासी जयलाल 52 वर्ष बुधवार को अपनी बेटी की शादी का कार्ड बांटने के लिए गिरधरपुर गढ़ी गांव गया था।बताते हैं कि कार्ड देने के बाद वह बाइक से घर वापस लौट रहा तभी गडरियापुर ढाल के समीप बाइक अनियंत्रित होकर गिर गई। इस हादसे में जयलाल को काफी चोटें आयी।स्थानीय लोगों ने उसे इलाज के लिए नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया।

दबंग भाइयों ने आम तोड़ने से मना करने पर युवक को पीटा

लोकमित्र ब्यूरो

चायल, कौशाम्बी। चरवा थानाक्षेत्र के शेखपुर रसूलपुर गांव में बुधवार की सुबह आम तोड़ने से मना करने पर दबंग भाइयों ने युवक को जमकर पीट दिया। पिटाई से युवक को काफी चोटें आई। शोर सुनकर मौके पर जुटे लोगों ने बीच बचाव कर मामला शांत कराया। घायल युवक ने थाने जाकर आरोपी भाइयों के खिलाफ तहरीर दी। तहरीर मिलने के बाद पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।शेखपुर रसूलपुर गांव निवासी राधेश्याम पासी भिंडी का कारोबार करता है। वह किसानों से भिंडी खरीदकर उसका निर्यात करता है। बुधवार सुबह वह गोलू केसरवानी की जमीन पर अपनी दुकान लगाकर बैठा था। इसी दौरान गांव का एक युवक गोलू केसरवानी की आम के पेड़ से फल तोड़ने लगा। राधेश्याम के विरोध करने पर वह गाली गलौच करने लगा। शोर सुनकर मौके पर जुटे लोगों ने बीच बचाव कर मामला शांत करा दिया। आरोप है कि युवक अपने घर गया और भाई के साथ लाठी-डंडा लेकर फिर वहीं पहुंच गया। दोनों भाइयों ने मिलकर राधेश्याम की जमकर पिटाई कर दी। इससे कारोबारी का नाक फट गया और वह लहूलुहान हो गया। मौके पर जुटे लोगों ने बीच बचाव कर मामला शांत कराया। घायल कारोबारी ने थाने जाकर आरोपी दबंग भाइयों के खिलाफ तहरीर दी। तहरीर मिलने के बाद पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

तांगा पलटने से अधेड़ चालक की मौत, कोहराम

चायल, कौशाम्बी। चरवा थानाक्षेत्र के उत्तर थोक में बुधवार सुबह भूसा लादकर जा रहे तांगा के पलटने से चालक की मौके पर ही मौत हो गई। अधेड़ की मौत से परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।उत्तर थोक निवासी सम्मारे पासी (42) पुत्र बचई पासी तांगा चालक था। उसने परिवार का गुजारा करने के लिए घोड़ी पाल रखी थी। बुधवार सुबह वह केसी का पूरा से चरवा उत्तर थोक अपने तांगे पर भूसा लादकर जा रहा था। गांव के बाहर ही अचानक तांगे में लगा बम्ब (बांस) टूट गया। बांस के टूटते ही तांगा पलट गया और उसका टूटा हुआ बांस सम्मारे के सीने में जा लगा। सीने में गंभीर चोटे लगने से उसकी मौके पर ही मौत हो गई। मौके पर जुटे लोगों ने तांगे से घोड़ी को खोलकर उसकी जान बचाई। घटना की जानकारी मिलने के बाद परिजन रोते बिलखते घटनास्थल पर पहुंचे। अधेड़ की मौत से परिजनों में कोहराम मच गया।

वैदिक परम्परा के अनुसार बटुको को दी गई गायत्री मंत्र की दीक्षा

चित्रकूट ब्यूरो: रामनवमी व चैत्र नवरात्रि के अंतिम दिन बुधवार को गायत्री शक्ति पीठ में सामूहिक उपनयन संस्कार का आयोजन कराया गया। धर्मनगरी स्थित गायत्री शक्तिपीठ के व्यवस्थापक डॉ रामनारायण त्रिपाठी ने बताया कि रामनवमी व चैत्र नवरात्रि के अंतिम दिन 12 कुण्डीय गायत्री महायज्ञ के साथ वैदिक परम्परा के अनुसार बटुकों को गायत्री मन्त्र की दीक्षा दी गई। साथ ही इस संस्कार का महत्व भी समझाया। उन्होंने कहा कि गायत्री मन्त्र की दीक्षा के बाद ही ब्राह्मण बनते हैं। सवा लाख गायत्री मन्त्र जप कर लेने पर ही ब्राह्मणत्व सिद्ध होता है। गायत्री की प्रतिमा ही यज्ञोपवीत है। इस दौरान नव दिवसीय गायत्री जप साधना का समापन भी गायत्री यज्ञ के साथ हुआ। साथ ही मझगवां के देवल्हा ग्राम में गायत्री ज्ञान मंदिर शाखा का भी शुभारम्भ किया गया।

रामनवमी पर हुआ श्रीरामचरितमानस का नवान्ह पारायण

चित्रकूट ब्यूरो: प्रभु श्रीराम के वनवासकाल की तपोभूमि धर्मनरगी चित्रकूट में संत रणछोड़ दास महाराज द्वारा स्थापित रघुबीर मन्दिर (बड़ी गुफा) में बड़े धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ बुधवार को भगवान श्रीराम का जन्मोत्सव मनाया गया। इस अवसर पर सुबह से ही मन्दिर में दर्शनार्थियों का तांता लगने लगा। रामनवमी की सुबह श्री रामचरितमानस का नवान्ह पारायण सम्पन्न हुआ एवं 11 बजे से मन्दिर प्रांगण में बधाई गीतों का गायन भक्तिभाव पूर्वक हुआ। साथ ही अबीर-गुलाल व पुष्पों की होली खेली गई। ठीक दोपहर 12 बजे शंख, घण्टे, ढोल-नगाड़ों एवं वेद मंत्रोच्चार के स्वर के बीच मन्दिर के कपाट पुजारी द्वारा खोले गए एवं भगवान श्रीराम का जन्म हुआ। नयनाभिराम श्रृंगार में सुसज्जित भगवान युगल सरकार की आरती देखने एवं दर्शन करने के लिए मंदिर परिसर में हजारों की संख्या में श्रद्धालु एकत्रित हुए। सभी ने भए प्रकट कृपाला दीन दयाला की स्तुति की एवं एक-दूसरे को भगवान श्रीराम जन्म की बधाई दी। इसके बाद जन्मोत्सव के निमित्त साधु, अभ्यागत का भंडारा आयोजित किया गया। भगवान श्रीराम के जन्मोत्सव का पूजन श्री सदुरु सेवा संघ ट्रस्ट के अध्यक्ष विशद मफतलाल एवं उनकी पत्नी रूपल मफतलाल ने किया। साथ ही नवदिवसीय रामकथा के व्यास मिथिला धाम से पधारे किशोरी शरण मधुकर महाराज (मुढ़िया बाबा सरकार), ट्रस्टी डॉ बी.के. जैन व उनकी पत्नी ऊषा जैन, डॉ विष्णु जोबनपुत्रा, नंदा बल्लभ लोहनी, डॉ. इलेश जैन, गुरुबहन रमा बेन, भारती जोबनपुत्रा, अनिल शास्त्री, सुरेन्द्र शास्त्री सहित हजारों की संख्या में भारत भर से आये गुरु भाई बहन, सन्त महन्त, विद्यार्थी एवं सदुरु परिवार के सदस्य उपस्थित रहे।

आग से गेहूं की फसल और पोल्ट्री फार्म जलकर राख

लोकमित्र ब्यूरो

मीरजापुर। चरखी दुबार गांव अंतर्गत थाना लालगंज में शॉर्ट सर्किट से लगी आग से 10 बीघे गेहूं की फसल सहित पोल्ट्री फार्म जलकर राख हो गए।

प्राप्त सूचना के अनुसार चरखी दुबार गांव में बुधवार को तकरीबन दोपहर शॉर्ट सर्किट से लगी आग में 10 बीघे के आसपास फसल जलकर पूरी तरीके से राख हो गई। इतना ही नहीं एक युवा के पोल्ट्री फार्म से हजारों मुर्गी के तैयार बच्चे भी आग में झुलस गया और पोल्ट्री फार्म भी जल गया। किसी तरह गांव के लोगों ने आग पर कुछ नियंत्रण पाया किंतु समय से दमकल न पहुंचने से लोगों में गुस्सा देखा गया। समाचार लिखे जाने तक थानाध्यक्ष लालगंज ने बताया कि दमकल कर्मियों की मेहनत से आग पर काबू पा लिया गया।

पं. योगेन्द्र दत्त द्विवेदी के बताए मार्ग पर चलने का लिया गया संकल्प

चित्रकूट ब्यूरो: राइटर्स एंड जर्नलिस्ट एसोसिएशन ऑफइंडिया की बुंदेलखंड इकाई द्वारा जनपद के वरिष्ठ साहित्यकार, शिक्षाविद् एवं चित्रकूट इंटर कॉलिज कर्वी के पूर्व हिंदी प्रवक्ता स्व. पं. योगेन्द्र दत्त द्विवेदी की पुण्यतिथि बुधवार को काव्यगोष्ठी के रूप में मनाई गई। जिसका आयोजन ग्राम पंचायत लोढ़वारा सिथत राजरानी आश्रम में किया गया। जिसमें जनपद के वरिष्ठ समाजसेवी, साहित्यकार एवं शिक्षकों भाग लिया।

कार्यक्रम के आयोजक एसोसिएशन के प्रदेश संगठन मंत्री एवं बुंदेलखंड प्रभारी डॉ मनोज द्विवेदी ने बताया कि उनके पिता शिक्षाविद् पं. योगेन्द्र दत्त द्विवेदी की तीसरी पुण्यतिथि के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य पं. योगेन्द्र दत्त द्विवेदी के द्वारा समाज के लिए किए गए कार्यों को यादगार बनाना है। जिलाध्यक्ष प्रेमचन्द्र यादव ने बैठक में पदाधिकारियों से परिचय कराया। कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ समाजसेवी एवं सर्वोदय सेवा आश्रम के निदेशक अभिमन्यु भाई ने तथा संचालन वरिष्ठ कवि गुरु प्रसाद ने किया। कवि एवं प्रवक्ता श्रीनारायण तिवारी ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत कर कार्यक्रम की शुरुआत की। जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान शिवरामपुर के पूर्व प्राचार्य डॉ. वीरेन्द्र प्रताप सिंह भ्रमर, रामलाल द्विवेदी प्राणेश, हरिमोहन राय, गजलकार विक्रम नामदेव, गीतकार श्रीनारायण तिवारी, कवि डॉ.रामप्यारे विश्वकर्मा ने स्वरचित रचनाएं प्रस्तुत की। कार्यक्रम में सामाजिक चिंतक गणेश मिश्र ने कहा कि आज समाज ऐसे ही व्यक्तियों की आवश्यकता है, पत्रकार हों या साहित्यकार स्पष्टवादी होना चाहिए। कार्यक्रम के अंत में आयोजक डॉ. मनोज द्विवेदी ने आभार व्यक्त किया। साथ ही उपस्थित सभी व्यक्तियों ने डॉ. वीरेन्द्र प्रताप सिंह भ्रमर एवं श्रीनारायण तिवारी के दिवंगत बड़े भ्राताओं को दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम में राकेश नामदेव, आशुतोष द्विवेदी, डॉ वैभव द्विवेदी, गौरव द्विवेदी, संजय कुमार, राजा यादव, रामशरण यादव आदि मौजूद रहे।

रामनवमी पर सनातन प्रेमियों ने निकाली भव्य शोभा यात्रा

मऊ, चित्रकूट: विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल ने रामनवमी के अवसर पर मऊ प्रखंड में भव्य शोभा यात्रा निकाली। जिसमें जय श्री राम के जयकारें लगाते हुए कार्यकर्ताओं ने नगर भ्रमण किया।मऊ कस्बे में बुधवार को शिवबाबा मंदिर से अनुसूचित जाति बस्ती होते हुए शिवपुर चौराहा मऊ बस स्टैंड और बाजार रोड में शोभा यात्रा निकाली गई। शोभा यात्रा में शामिल मऊ नगर पंचायत अध्यक्ष अमित द्विवेदी ने कहा कि लगभग 500 वर्षों बाद भगवान श्रीराम जन्मस्थली अयोध्या में भव्य मंदिर में विराजे है। ऐसे में इस रामनवमी का विशेष महत्व है। इस मौके पर मऊ प्रखंड अध्यक्ष सुरेश, उपाध्यक्ष महेश, प्रखंड पालक मुकेश, प्रखंड मंत्री संदीप, सह मंत्री अंकित शुक्ला, शुभम कश्यप, बजरंग दल संयोजक शिवांश केशरवानी, गौरक्षा प्रमुख विजय शुक्ला, पप्पू माली, प्रकाश माली, अनिल मिश्रा, जय तिवारी, सभासद अनिल कुमार व कपिल शुक्ला आदि मौजूद रहे।

गर्मी और तेज धूप से लोगों का हाल बेहाल

जौनपुर । भीषण गर्मी व तेज धूप के कारण लोगों का हाल बेहाल हो गया है। लू चलने से दोपहर के समय तो लोग घरों में दुबके रहने पर मजबूर हो रहे हैं। भीषण गर्मी के इस मौसम में लोगों की दिनचर्या पूरी तरह से बदल गई है। सुबह व शाम के समय ही लोग घरों से बाहर निकल रहे हैं। गर्मी ज्यादा होने के कारण उल्टी दस्त की बीमारियां भी बढ़ने लगी है। गर्मी बढ़ने के बाद ठंडे पेय पदार्थों की डिमांड बढ़ गई है। बढ़ते तापमान से परेशान लोगों ने गर्मी से बचने के लिए कोल्ड ड्रिक ठंडी लस्सी गन्ना का जूस आइसक्रीम व अन्य पेय का सेवन कर रहे हैं। इस प्रचंड गर्मी में लोग नींबू का शरबत शिकंजी इत्यादि ठंडी चीजें पीकर शरीर को ठंडक प्रदान कर रहे हैं। भीषण गर्मी व तेज धूप के कारण लोगों का हाल बेहाल हो गया है। लू चलने से दोपहर के समय तो लोग घरों में दुबके रहने पर मजबूर हो रहे हैं। भीषण गर्मी के इस मौसम में लोगों की दिनचर्या पूरी तरह से बदल गई है। सुबह व शाम के समय ही लोग घरों से बाहर निकल रहे हैं। गर्मी ज्यादा होने के कारण उल्टी, दस्त की बीमारियां भी बढ़ने लगी है। गर्मी बढ़ने के बाद ठंडे पेय पदार्थों की डिमांड बढ़ गई है। बढ़ते तापमान से परेशान लोगों ने गर्मी से बचने के लिए कोल्ड ड्रिक, ठंडी लस्सी, गन्ना का जूस, आइसक्रीम व अन्य पेय का सेवन कर रहे हैं। इस प्रचंड गर्मी में लोग नींबू का शरबत, शिकंजी, इत्यादि ठंडी चीजें पीकर शरीर को ठंडक प्रदान कर रहे है। गर्मी के कारण लोगों को काफी दिक्कतें झेलनी पड़ रही है। पिछले तीन दिनों से सुबह नौ बजते ही सूर्य देव के तीखे तेवर दिखाई देना शुरू हो जाते हैं। दोपहर होते-होते गर्म हवाएं चल रही। इस कारण लोग केवल आवश्यक कार्यों के लिए ही घरों से बाहर निकल रहे है। दोपहिया वाहन चालकों को सफर करने में परेशानी हो रही है, गर्मी से बचने के लिए लोग कपड़ों से लिपटे हुए नजर आते हैं।

सपा नेता मुकेश सिद्धार्थ जेल से रिहा

मेरठ । सपा नेता मुकेश सिद्धार्थ को इलाहाबाद हाईकोर्ट के आदेश पर रिहा कर दिया गया है। मंलगवार को उनके आवास पर पहुंचे परिचितों ने खुशी जताई है। करीब तीन माह पहले मुकेश सिद्धार्थ को आपत्तिजनक बयान देने के मामले में जेल भेजा गया था।मंगलवार को उन्हें जमानत दी गई। दोपहर करीब एक बजे जिला कारागार से बाहर काफी समर्थक पहुंचे। गंगानगर स्थित गंगा ग्रीन सिटी कॉलोनी स्थित आवास पर भी काफी समर्थक रहे। उनके पुत्र हिमांशु सिद्धार्थ ने कहा कि उनके पिता दलितों, अल्पसंख्यकों पर अत्याचार के विरोध में आवाज उठाते रहे हैं।

नव कन्याओं का पांव पूज कर लिया आशीर्वाद

जौनपुर । शीतला धाम चैकिया में 9 दिन का नवरात्र के समापन पर चैत्र रामनवमी के पावन पर्व पर विष्णु भगवान के प्रांगण में शीतला चैकिया धाम मंदिर के महंत विवेकानंद पांडा ने नौ कन्याओं का पांव पूजन किया व पूडी हलवा खिलाकर सभी कन्याओं का पांव पूजन किया। उसके बाद सबको स्कूल बैग, एक एक टिफिन, लाल चुनरी दिया गया । यह अद्भुत नजारा देखकर वहां के दर्शनार्थी जो दर्शन करने आए थे व सभी लोग कन्याओं का पांव पूजने करने लगे । उसके बाद पांडा परिवार महाप्रसाद का वितरण भी किया महाप्रसाद में कड़ी चावल भक्तों को वितरण किया गया । इस मौके पर पंडा समाज के महंत विवेकानंद पांडा विक्की पांडा रंजीत पांडा सोनू विजय पांडा विकास पांडा चंद्रदेव पांडा नीलम पांडा आदि पंडा समाज के लोग उपस्थित रहे वह हवन पूजन के साथ नवरात्रि का समापन हुआ।

अवैध शराब बरामद, तीन गिरफ्तार

चित्रकूट ब्यूरो: पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देशन में आगामी लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत अवैध शराब निर्माण एवं बिक्री की रोकथाम के लिए चलाए जा रहे अभियान के क्रम में पुलिस ने तीन आरोपियों को 100 लीटर कच्ची व 50 क्वार्टर देशी शराब के साथ गिरफ्तार किया है। जिसमें थाना सरधुवा के उपनिरीक्षक चन्द्रमणि पाण्डेय तथा उनके हमराही आरक्षी अतुल मिश्रा द्वारा आरोपी जितेन्द्र सिंह निवासी ग्राम चांदी थाना सरधुवा को 100 लीटर कच्ची शराब के साथ, थाना भरतकूप के उपनिरीक्षक बालकिशुन तथा उनके हमराही आरक्षी शिवम मिश्रा व महिला आरक्षी सुचेता साहू द्वारा आरोपी शिवऔतार निवासी अकबरपुर कोतवाली कर्वी को 34 क्वार्टर देशी शराब के साथ व थाना मारकुण्डी के उपनिरीक्षक रमजानी खां तथा उनके हमराही आरक्षी मंगला सरोज द्वारा आरोपी श्रीपाल पुत्र गनेश उर्फ पुली निवासी करौंहा थाना मारकुण्डी को 16 क्वार्टर देशी शराब के साथ गिरफ्तार किया गया।अवैध शराब बरामदगी के सम्बन्ध में गिरफ्तार किए गए सभी आरोपियों के विरुद्ध सम्बन्धित थानों में धारा 60 आबकारी अधिनियम के तहत अभियोग पंजीकृत किए गए।

नई दवाओं को कम लागत पर विकसित करना संभव

जौनपुर । वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय परिसर स्थित प्रोफेसर राजेंद्र सिंह भौतिकीय विज्ञान अध्ययन एवं शोध संस्थान के रसायन विज्ञान विभाग द्वारा आयोजित कंप्यूटेशनल केमिस्ट्री एंड मॉलिक्यूलर डिजाइन विषय पर सात दिवसीय कार्यशाला के छठवें दिन एआई एवं मशीन लर्निंग आधारित दवा के खोज पर पर व्याख्यान और प्रशिक्षण हुआ। फार्मेसी विभाग, आईआईटी, बीएचयू के डॉ रजनीश कुमार ने एआई एवं मशीन लर्निंग पर आधारित दवाओं के खोज पर पर व्याख्यान और प्रशिक्षण दिया। डॉ0 रजनीश ने बताया की एआई एवं मशीन लर्निंग मदद से पहले से उपलब्ध डाटा का प्रयोग करके नई दवाओं को कम लागत पर विकसित किया जा सकता है। डॉ0 कुमार ने कंप्यूटर एडेड ड्रग डिस्कवरी के विभिन्न तरीकों के बारे में बताया। उन्होंने ट्यूटोरियल के माध्यम से मॉलिक्युलर रिकॉग्निटशन के बारे में बताया। बताया की नई विकसित दवा का क्लेनिकल ट्रायल करने से पहले एआई की मदद से दवा के ट्रायल में सफल होने की संभावना का पता लगाया जा सकता है। इससे दवा को विकसित करने के खर्च को कम किया जा सकता है। डॉ कुमार ने सार्स कोविड के प्रोटीन पर भी बाइंडिंग एवं डॉकिंग को समझाया। डॉ. कुमार ने वीना और जीनीना सॉफ्टवेयर की मदद से प्रतिभागियों को डॉकिंग करना सिखाया। उन्होंने गूगल क्लाउड कम्प्यूटिंग के कोलेब की मदद से भी

पूर्व सांसद के गनर की गोली मार कर हत्या

जौनपुर । जिले सिकरारा क्षेत्र के रीठी गांव कल रात रात पूर्व सांसद धनंजय सिंह के प्राइवेट गनर अनीस खान को बदमाशो ने गोली मारकर मौत के घाट उतार दिया है । इस हत्याकांड की घटना से पूरे इलाके में दहषत फैल गयी । घटना की खबर मिलते ही जिले के अधिकरियों सहित बड़ी तादाद में पुलिस बल पहुंच कर छानबीन शुरू कर दिया है। पूर्व सांसद धनंजय सिंह के प्राइवेट गनर अनीस खान का गांव में ही कुछ लोगो से विवाद हो गया था रात में रीठी गांव में बदमाष अनीस को गोलियां मारकर फरार हो गए । गोली की आवाज सुन कर ग्रामीण जब मौके पर पहुंचे । पुलिस को सूचित किया मौके पर गयी पुलिस ने अनीस को जिला अस्पताल भेजवाया जहां पर उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई है।। अनीस के मौत की खबर वायरल होते ही रीठी गांव में जहां पुलिस बल का पहरा लगा दिया गया है वहीं पर अधिकारी घटनास्थल पर पहुंच और बताया कि हत्या के कारण को पता

हादसे के बाद भाग रहे वाहन से तीन युवक घायल

जौनपुर । जिले के रामपुर थाना क्षेत्र के जमालापुर चैकी अंतर्गत जोगापुर ग्राम में स्थित श्रीराम जानकी दिनकर इंटर कॉलेज के सामने एनएच हाईवे पर बुधवार की सुबह मड़ियाहू की तरफसे एक जाइलो गाड़ी जा रही थी। जैसे ही इंटर कॉलेज के सामने पहुंचा उसका ड्राइवर अपना नियंत्रण खो बैठा और सामने से आ रही पिकअप को टक्कर मार दिया इसके बाद वह आगे भागने लगा। इसी पटरी पर एक स्प्लेंडर पर सवार शिवा गौतम पुत्र अवधेश गौतम एवं अवधेश गौतम पुत्र रामकरन गौतम निवासी जमालापुर थाना रामपुर को टक्कर मार दिया उसके पीछे मोपेड बाईक से आ रहे सचिन प्रजापति 21 वर्ष पुत्र कमला शंकर प्रजापति भी चपेट में आ गए। सचिन को मामूली चोटे आई, लेकिन शिवा गौतम एवं अवधेश गंभीर रूप से घायल हो गए। दुर्घटना के बाद जाइलो कार चालक गाड़ी मौके पर छोड़कर फरार हो गया। दुर्घटना होने के कारण एक तरफ का हाईवे आवागमन ठप हो गया। सूचना पर जमालापुर चैकी प्रभारी रामजी सैनी अपने पुलिस कर्मियों के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और पीआरबी 112 की सहायता से दोनों गंभीर घायल पिता पुत्र को सीएचसी रामपुर इलाज के लिए भेजा। मामूली इलाज के बाद दोनों पिता पुत्र को गंभीर हालत देखते हुए डॉक्टर ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है

रेलवे विजिलेंस टीम ने सीआईटी और टीटीई को रंगे हाथ पकड़ा

दोनों को घसीटते हुए टीसी दफ्तर में लाकर बंद किया

तलाशी में दोनो के पास से करीब पंद्रह हजार अतिरिक्त कैश बरामद मुखबिर की सूचना पर विजिलेंस ने पद्मावत एक्सप्रेस में मारा छापा, प्लेटफार्म पर मची अफरातफरी

लोकमित्र ब्यूरो

प्रतापगढ़। दिल्ली रेलवे विजिलेंस टीम ने बुधवार को मां बेल्हा देवी धाम रेलवे स्टेशन प्रतापगढ़ पर पद्मावत एक्सप्रेस ट्रेन में छापा मारा। जिसमें मुख्य टिकट निरीक्षक और टीटीई को अतिरिक्त रुपए के साथ रंगे हाथ पकड़ा। फरार होने की कोशिश करने पर टीम वाले दोनों को घसीटते हुए टीसी दफ्तर में लाकर दरवाजा अंदर से बंद कर लिए। तलाशी के दौरान मुख्य टिकट निरीक्षक के पास करीब दस हजार रूपए और टीटीई के पास से करीब पांच हजार रूपए अतिरिक्त कैश मिला। जिसका उनके पास हिसाब नहीं था। लोग इसे काली कमाई बता रहे हैं।करीब तीन घंटे तक चली पूछताछ में दोनों ने कई राज से पर्दा उठाया है। बयान लेने के बाद दोनो के खिलाफ कार्रवाई करते हुए विजिलेंस अफसरों ने रिपोर्ट रेल मंत्रालय को भेज दी है। इस घटना से प्लेटफार्म पर अफरातफरी मची रही।विश्वस्त सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार दिल्ली से आने वाली पद्मावत एक्सप्रेस प्लेटफार्म एक पर आई। उसी समय वहां पर पहले से मौजूद तीन सदस्यीय रेलवे की विजीलेस टीम ने छापा मार दिया। कोच से उतरते ही मुख्य टिकट निरीक्षक अब्दुल रशीद को पकड़ा। मुसाफिरों के अनुसार पकड़े जाने के बाद रशीद ने छुड़ाकर भागने की कोशिश की। टीम की पकड़ मजबूत हो गई। वे उसे घसीटते हुए टीसी दफ्तर ले गए। उनका सहयोगी जितेंद्र यादव टीटीई पकड़े जाने के भय से पीछे से फरार होकर बुकिंग काउंटर पर पहुंचा और कैश जो कि करीब पांच हजार रूपए था। जल्दी जल्दी जमा कराने के प्रयास में वह भी पकड़ा गया। अधिकारी उसे भी घसीटते हुए टीसी दफ्तर ले गए। इस घटना का बाद प्लेटफार्म पर हड़कंप मच गया। लोगों की भीड़ टीसी दफ्तर के सामने जमा हो गई। मामले की नाजुकता को भांपकर विजिलेस ने इसकी सूचना लखनऊ और दिल्ली मुख्यालय भेजकर सुरक्षा मांगी। अफसरों के निर्देश पर फौरन जीआरपी और आरपीएफ टीसी दफ्तर गेट पर आकर खड़ी हो गई। भीड़ को हटाया। बताया जाता है कि तलाशी के दौरान दोनों के पास कुल मिलाकर करीब पन्द्रह हजार रूपए की नकद राशि टीम को मिली। सीआईटी राकेश सिंह को बुलाया गया। उनसे भी विजिलेस वालों ने पूछताछ की। इस संबध में जन संपर्क अधिकारी लखनऊ संभू विक्रम सिंह का कहना है कि विजिलेंस टीम की अपनी अलग कार्रवाई होती है। उसमें अभी फिलहाल कुछ कहा नहीं जा सकता है।

पकड़े जाने के बाद आरोपी सीआईटी नोट फेंकने लगा

प्लेटफॉर्म पर मौजूद प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार विजिलेंस टीम के द्वारा रंगे हाथ पकड़ा गया आरोपी सीआईटी अब्दुल रशीद, निवासी पूरेपितई चुंगी कोतवाली नगर ने सबूत मिटाने का प्रयास किया। उसने जेब से नोट निकाल कर रास्ते में फेंकना चालू कर दिया। जिसको पीछे चल रहे विजिलेंस वाले उठाते जा रहे थे। उन्होंने इस पूरे घटना क्रम का विडियो भी बनाया है।

टीटीई ने बताया रुपया उसका नहीं है

टीसी दफ्तर को बंद करके चली पूछताछ में टीटीई जितेंद्र यादव ने कई खुलासे किए हैं। विजिलेंस अफसरों को उसने बताया कि उसके पास से जो पांच हजार रूपए बरामद हुआ है। वह दरअसल उसके तीसरे साथी हेड टीटीई राजेश गुप्ता का हैं। उन्होंने वह रूपए उसे दिए थे। उसके बाद वह रायबरेली में उतरकर घर चले गए। हालांकि विजिलेस को विश्वास नहीं हुआ। उसने उन रुपयों के साथ रशीद से मिला अतिरिक्त कैश भी सरकारी खजाने में जमा करा दिया है। लिखा पढ़ी करने के बाद ही विजिलेंस टीम ने दोनो को छोड़ा। सूत्रों के अनुसार अब आगे की जांच पड़ताल होगी। जिसमें दोनों पर कार्रवाई तय होगी फिलहाल फौरी तौर पर राहत नहीं मिलने वाली।

विजिलेंस टीम को भोपाल में सीआईटी नहीं मिला, कार्रवाई

विजिलेंस ताबड़तोड़ कार्रवाई की मूड में थी। पद्मावत एक्सप्रेस के साथ ही भोपाल से आने वाली भोपाल एक्सप्रेस में भी छापा मारा। जिसमें ड्यूटी करने वाला मुख्य टिकट निरीक्षक नहीं मिला। जांच पड़ताल में टीम को जानकारी मिली है कि ट्रेन में मोहम्मद शफीक सीआईटी की ड्यूटी थी। वह रायबरेली में उतर कर घर चला गया। वो अक्सर ऐसा करता हैं। पहली बार पकड़ा गया हैं। टीम ने उसके खिलाफ एक्शन लिया है। चर्चा है कि टीम अतिरिक्त कैश के चक्कर में उसको भी पकड़ने आई थी।

रायबरेली में छोड़ देते हैं ट्रेन

चेकिंग स्टाफ के सदस्य हेड टीटीई राजेश गुप्ता और उनके साथी मुख्य टिकट निरीक्षक मोहम्मद शफीक पर आरोप है कि दोनो ड्यूटी के दौरान रायबरेली में ट्रेन से उतरकर घर चले जाते हैं। जाते समय भी रायबरेली से चढ़ते हैं। जबकि इनकी ड्यूटी दोनो तरफ से मां बेल्हा देवी धाम रेलवे स्टेशन तक है। चर्चा हैं कि यह खेल काफी समय से चल रहा है। लोग रास्ते में ही ट्रेन छोड़कर उतर जाते हैं। यह बात किसी से छुपी नहीं है। यहां से लेकर लखनऊ के अफसरों तक को पता है। शायद यही वजह है कि इनको पकड़ने के लिए दिल्ली मुख्यालय से विजिलेंस टीम को आना पड़ा।

पचास वर्षों में पहली बार लगा कलंक

विजिलेंस अफसरों की टीम पहली बार नहीं आई हैं। लेकिन चेकिंग स्टाफ के किसी मुख्य टिकट निरीक्षक और टीटीई को इस तरह सरेराह पकड़कर घसीटते हुए पहली बार देखा गया। पकड़े जाने के बाद नोट फेंकने का मामला भी पहली बार देखा गया। चेकिंग स्टाफ से रिटायर हुए राम बिहारी, एमए हक और रवि सिन्हा जैसे और कई कर्मी जिनको रिटायर हुए अरसा बीत गया हैं। लेकिन उनके समय में भी इस तरह की घटना नहीं हुई थी।

दोनों भागते हुए टीम के समक्ष हाजिर हुए

रायबरेली में उतर जाने वाले राजेश गुप्ता और मोहम्मद शफीक को जब छापे की खबर लगी तो दोनो का होश फाख्ता हो गया। बताया जाता है कि दोनो बचने के लिए कार से भागते हुए मां बेल्हा देवी धाम रेलवे स्टेशन पर विजिलेंस टीम के सामने हाजिर हुए। लेकिन देर हो चुकी थी। हालांकि टीम ने दोनो का बयान दर्ज कर लिया है। टीटीई जितेंद्र यादव के बयान के बाद इनका खासकर राजेश गुप्ता का कार्रवाई की जद से बचना मुश्किल लग रहा है। रेल कर्मियों की मानें तो कार्रवाई निष्पक्ष हुई तो कार्रवाई तय है।

भगवान के प्रति श्रद्धा का भाव ही है मंगल का द्योतक-संतोष जी महराज

कौड़ियाडीह में श्रीमदभागवत कथा में उमड़े श्रद्धालु

लोकमित्र ब्यूरो

लालगंज प्रतापगढ़। क्षेत्र के कौड़ियाडीह में हो रही श्रीमदभागवत कथा में श्रद्धालुओं की भारी भीड उमडी दिखी। कथाव्यास सन्तोष जी महराज ने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण जगत के सुखों का स्वयं संरक्षा किया करते हैं। उन्होनें कहा कि भगवान की भक्ति का भाव ही मनुष्य के जीवन की दशा और दिशा को प्रवहमान बनाया करता है। संतोष जी महराज ने कहा कि द्वारिकाधीश ने अपने अवतार में संसार को यह बोध कराया है कि कर्मो का फल ही जीवन को सुखद या दुखद बनाया करता है। उन्होने कहा कि सुदामा के प्रति भगवान का अनुराग यह बतलाता है कि भगवान जीव की तप और साधना की निर्मलता को स्वीकार किया करते हैं। उन्होने कहा कि परीक्षित मोक्ष भी धर्म के नीतिगत ज्ञान का अनुपम उदाहरण है। कथा के संयोजक पं. माता प्रसाद पाण्डेय व विद्यावती पाण्डेय ने व्यासपीठ का पूजन अर्चन किया। अधिवक्ता अनिल पाण्डेय व जमुना प्रसाद पाण्डेय ने कथाव्यास संतोष जी महराज का सम्मान किया। सह संयोजक आशीष पाण्डेय व अजीत द्विवेदी, अमित मिश्र, सोम शुक्ल ने महाप्रसाद का वितरण कराया। इस मौके पर पूर्व प्राचार्य भगवती प्रसाद तिवारी, पं. रमाशंकर शुक्ल, शिक्षक नेता राजेश पाण्डेय, संयुक्त अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष अनिल त्रिपाठी महेश, विकास मिश्र, अश्विनी उपाध्याय, बबलू मिश्र, मोनू पाण्डेय, हरिशंकर द्विवेदी, आदि रहे।

प्रत्याशियों का नामांकन आज से

लालगंज, प्रतापगढ़। संयुक्त अधिवक्ता संघ के चुनाव में आज गुरूवार से प्रत्याशियों का नामांकन होगा। चुनाव समिति कार्यालय पर प्रातः ग्यारह बजे से अपरान्ह दो बजे तक प्रत्याशियों द्वारा नाम निर्देशन किया जा सकेगा। उक्त जानकारी समिति के प्रवक्ता विकास मिश्र ने जारी विज्ञप्ति में दी है।

मालगाड़ी में लगी आग, फायर वालों ने बड़ी मशक्कत से बुझाया

बनारस से आ रही मालगाड़ी में लोड कोयले से निकल रही थी आग की लपटें

मां बेल्हा देवी धाम रेलवे स्टेशन पर बुझाई गई आग

लोकमित्र ब्यूरो

प्रतापगढ़। बनारस से आ रही कोयला लोड मालगाड़ी के तीन वैगन में अचानक आग की लपटें निकलने से हड़कंप मच गया। सूचना पर पहुंचे फायर ब्रिगेड के कर्मियों ने काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। जानकारी के अनुसार बनारस से आ रही मालगाड़ी में आग की सूचना बादशाहपुर स्टेशन से पहले ही मिल गई थी। लेकिन वहां पर उसको बुझाने की जरूरत नहीं समझी गई। उसे करीब चालीस किलोमीटर दूर मां बेल्हा देवी धाम रेलवे स्टेशन तक आने दिया गया। इस बीच पूरे रास्ते भर कोयले को और दहकने का मौका मिला। जानकार बताते हैं कि आग को मौके पर ही बुझाना चाहिए था। फिलहाल कंट्रोल और एसएम से इसकी सूचना आरपीएफ और जीआरपी को मिली। फायर ब्रिगेड विभाग को बुलाया गया। ट्रेन के आने के बाद दमकल कर्मी आग बुझाने में जुट गए। ख़ास बात यह है कि ऐसी घटना में प्लेटफार्म तक पहुंचने में फायर ब्रिगेड वालों को रास्ते की दिक्कत हुई। किसी तरह से दिव्यांग गेट तक गाड़ी पहुंची। उसके बाद पाइप के सहारे पानी की बौछार को कोयले पर डाला गया। इस बारे में फायर स्टेशन प्रभारी अतुल दुबे और एसआई राधेश्याम ने बताया कि मालगाड़ी के वैगन जिस पर कोयला लदा हुआ था। आग लग गई थी। उसको बुझाया गया।

अवैध वाहन स्टैंड ने रोका रास्ता

दमकल की गाड़ी को रेलवे परिसर में बने अवैध वाहन स्टैंड ने रोक रखा था। नो एंट्री में खड़े टेंपो और ई रिक्शा चालक हटने को तैयार नहीं थे। काफी मशक्कत के बाद फायर वालों को रास्ता मिला। आरपीएफ और जीआरपी वाले भी अतिक्रमण वालों का कुछ नहीं करते हैं। ट्रेन के समय तो और दिक्कत होती हैं। मुसाफिरों का रास्ता रोक कर खड़े हो जाते हैं।

फांसी के फंदे से लटका युवक, मौत

प्रतापगढ़ – अंतू थाना क्षेत्र अंतर्गत लोहंगपुर के रहने वाले राजेश कुमार हरिजन उम्र (35) पुत्र साधूराम ने बीती रात फांसी लगा कर आत्म हत्या कर ली । सुबह जब परिजनों ने राजेश को फांसी के फंदे से लटका देखा तो भौंचक्के रह गए । परिजनों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पोस्टमार्टम से जैसे ही शव घर पहुंचा परिजनों ने चिलबिला अमेठी रोड़ पर शव को रख कर चक्का जाम कर दिया । परिजनों का कहना की राजेश कुमार की हत्या की गई है। इन्हें साजिशन मारा गया है। जिसको लेकर परिजन ने घंटों चक्का जाम कर रखा था। अंतू कोतवाल जितेंद्र सिंह ने लोगो को समझा बुझाकर जाम को खुलवा दिया और चिलबिला अमेठी मार्ग को सुचारू रुप चालू करवा दिया गया। राकेश कुमार हरिजन के दो बेटी और दो बेटे हैं ।

सांगीपुर प्रमुख को प्रमोद तिवारी ने सौंपी शुभकामनाएं, अधिवक्ताओं ने किया सम्मान

लोकमित्र ब्यूरो

लालगंज प्रतापगढ़। नगर स्थित क्षेत्रीय विधायक आराधना मिश्रा मोना के कैम्प कार्यालय पर सांगीपुर ब्लाक प्रमुख अशोक सिंह बबलू का कार्यकर्ताओं ने समारोहपूर्वक जन्मदिन मनाया। राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी ने प्रमुख अशोक सिंह बबलू को स्वयं तथा विधायक एवं कांग्रेस विधानमण्डल दल की नेता आराधना मिश्रा मोना की ओर से शुभकामनाएं सौंपी। श्री तिवारी ने कार्यकर्ताओं की ओर से केक काटकर ब्लाक प्रमुख अशोक सिंह का मुंह मीठा कराया। इस मौके पर ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष केडी मिश्र, प्रतिनिधि भगवती प्रसाद तिवारी, आशीष उपाध्याय, चेयरपर्सन प्रतिनिधि संतोष द्विवेदी, मीडिया प्रभारी ज्ञानप्रकाश शुक्ल, सांगीपुर प्रधान संघ अध्यक्ष रोहित सिंह, राजू मिश्र, छोटे लाल सरोज, त्रिभु तिवारी, गिरिजाशंकर पाण्डेय, दिनेश सिंह आदि रहे। वहीं तहसील परिसर में अधिवक्ताओं ने ग्राम पंचायतों में मतदाता जागरूकता अभियान में प्रभारी योगदान के लिए ब्लाक प्रमुख अशोक सिंह बबलू को अंगवस्त्रम तथा माल्यार्पण कर सम्मानित किया। कार्यक्रम का संयोजन पूर्व अध्यक्ष देवी प्रसाद मिश्र ने किया। अध्यक्षता संयुक्त अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष अनिल त्रिपाठी महेश व संचालन पूर्व अध्यक्ष विकास मिश्र ने किया। इस मौके पर पूर्व अध्यक्ष अजय शुक्ल गुडडू, गीता सिंह, घनश्याम मिश्र, पूर्व महामंत्री शेष नाथ तिवारी, पूर्व उपाध्यक्ष संतोष पाण्डेय, शैलेन्द्र मिश्र, अबरार अहमद आदि अधिवक्ता रहे।

हनुमान मंदिर चिलबिला में भक्तों ने श्री राम का जन्मोत्सव भव्यता के साथ मनाया

छप्पन भोग लगाकर भक्तों के कल्याण के लिए की गई कामना- रोशनलाल उमरवैश्य

लोकमित्र ब्यूरो

प्रतापगढ़। रामनवमी के उपलक्ष में प्राचीन हनुमान मंदिर चिलबिला पर भव्य आयोजन किया गया। सुबह से ही रामचरितमानस का अखंड पाठ का शुभारंभ मंदिर समिति के महासचिव समाजसेवी रोशनलाल उमरवैश्य सपत्नी व सूरज उमरवैश्य आदि भक्तों ने पूजन कर किया। दोपहर में प्रभु श्री राम का जन्मोत्सव भव्य मनाने के लिए भक्तगण द्वारा सुबह से ही पूरे मंदिर परिसर को सजाया गया था। प्रभु के जन्म पर समाजसेवी रोशनलाल उमरवैश्य, रामगोपाल, सत्य प्रकाश केडिया, लाल जी, सूरज उमरवैश्य, श्याम बाबू, प्रमोद कुमार आदि भक्तों ने प्रभु की आरती उतारी। प्रभु श्री राम भगवान, श्री हनुमान जी महाराज, माता रानी, भोले शंकर को छप्पन भोग का प्रसाद चढ़ाकर सभी भक्तों के कल्याण की कामना की गई।प्रभु के जन्मोत्सव के उपलक्ष में मातृशक्तियों ने सोहर, मंगल गीत गाकर सभी भक्तों को नाचने- झूमने पर मजबूर कर दिया।समाजसेवी रोशनलाल उमरवैश्य ने कहा कि सभी भक्तों के सहयोग से प्रभु श्री राम जी का भव्य जन्मोत्सव मनाया गया। प्रभु के भव्य मंदिर बनने के बाद यह पहला जन्मोत्सव था भक्तों का उत्साह देखते ही बन रहा था। भक्तों ने आतिशबाजी कर जन्मोत्सव में भव्यता लाने में कोई कमी नहीं छोड़ी थी और प्रसाद का वितरण भी किया गया जो देर शाम तक चलता रहा। इस अवसर पर राकेश कुमार, श्याम बाबू, सूरज उमरवैश्य, शनि महाराज, सोनू महाराज, मनोज कुमार, बबलू, छेदीलाल, देवानंद, संतोष कुमार, लाल जी, विजय कुमार, सुरेश कुमार, आशीष कुमार, विवेक कुमार, पवन, आदर्श कुमार, अमन गुप्ता, तुलसीराम आदि भक्तगण उपस्थित रहे।

घपलों तथा घोटालों व भ्रष्टाचार तथा मंहगाई से मुंह मोड़ रहे पीएम मोदी-प्रमोद तिवारी

राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता ने भाजपा के संकल्प पत्र को बताया खोखला तथा झूठ का जुमला

लोकमित्र ब्यूरो



लालगंज प्रतापगढ़। राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी ने कहा है कि मोदी सरकार आम चुनाव के समय भी जनता के बीच अपने कार्यकाल में भ्रष्टाचार तथा घोटालो व मंहगाई को लेकर जबाबदेही से कतरा रही है। उन्होने कहा कि मोदी सरकार ने देश के आर्थिक हालात को बद से बदतर बना दिया है। विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी ने कहा कि डॉलर के मुकाबले रूपये में फिर चौदह पैसे की चिंताजनक गिरावट आयी है। वहीं चीन के मसले पर व्यापारिक क्षेत्र में भी पीएम की राजनैतिक इच्छाशक्ति में कमी के चलते चीन की अर्थव्यवस्था हाल की पहली तिमाही में भी 5.3 प्रतिशत वार्षिक दर से बढ़ना मौजूदा सरकार के लिए मुंह चिढ़ा रही है। विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी ने कहा कि भाजपा और उसके प्रधानमंत्री इस बात से डरे हुए हैं कि जनता के बीच हजारों करोड़ का इलेक्टोरल बाण्ड का गोरखधंधा सामने आ गया है। उन्होने कहा कि सीबीआई तथा ईडी और इनकम टैक्स की रेड कराकर भाजपा वसूली का रैकेट चलाने को लेकर देश भर में बेपर्दा हो उठी है। बुधवार को रामपुर खास विधानसभा क्षेत्र में मनीपुर, लालगंज, नया का पुरवा, रानीगंज कैथौला आदि स्थानों पर पार्टी कार्यकर्ताओं के समूह से मुलाकात करते हुए विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी ने कहा कि इस समय जनता को मोदी सरकार पिछले दस साल का लेखाजोखा देने के बजाय विपक्ष के उठाए जाने वाले ज्वलंत राष्ट्रीय मुददों पर सिर्फ खीझ उतार रही है। उन्होने कार्यकर्ताओं से कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने दस साल में मंहगाई तथा बेरोजगारी व राष्ट्रीय सुरक्षा के क्षेत्र में देश को विफलता के कगार पर ला खड़ा किया है। उन्होने कहा कि ऐसे में जनता का भाजपा व उसके प्रधानमंत्री से न केवल भरोसा उठा है बल्कि उनमें गुस्सा व रोष भी दिखने लगा है। कांग्रेस के राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी ने कहा कि किसानों की तो इस सरकार में कहीं कोई सुनवाई नही दिखी। उन्होने सवाल उठाया कि एमएसपी तो दूर आज किसान क्रेडिट कार्ड तक में किसान को सात प्रतिशत ब्याज चुकता करना पड़ रहा है। उन्होने कहा कि भाजपा ने संकल्प पत्र में झूठे व खोखले वायदे ही गिनाए हैं। वहीं कांग्रेस के राष्ट्रीय स्टार प्रचारक प्रमोद तिवारी ने मोदी सरकार पर संवैधानिक संस्थाओं की हद से ज्यादा दुरूपयोग पर चोट करते हुए कहा कि सरकार इन संस्थाओं का इस्तेमाल संघीय ढांचे पर प्रहार करते हुए सबसे बड़ा अलोकतांत्रिक हथकण्डा अपनाया है। इसके पहले राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी संग्रामगढ़ पैतृक पुश्तैनी मंदिर में श्रीरामनवमी के पर्व पर आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए। उन्होने कहा कि श्रीरामनवमी के राष्ट्रीय पर्व से हमें भगवान श्रीराम की जनता के कल्याण के लिए मर्यादा पुरूषोश्रम के लोकमंगल में समर्पण की प्रेरणा मिलती है। पुरवारा में राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी ने हाल ही में अवधेश सरोज की पत्नी टडहिन तथा पुत्री काजल की एक साथ सड़क दुर्घटना में हुई मौत को लेकर परिजनों को ढांढ़स बंधाया। श्री तिवारी ने यहां पीड़ित परिवार को स्वयं तथा विधायक मोना की ओर से हर सम्भव मदद का भरोसा भी दिलाया।

दीवानी वार्ड के मनीपुर में संयुक्त अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष अनिल त्रिपाठी महेश तथा हाईकोर्ट अवध बार एसोशिएसन के पूर्व महासचिव पं. रामसेवक त्रिपाठी के संयोजन में श्रीरामनवमी के पर्व पर अधिवक्ताओं ने विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी का सम्मान किया। वहीं उन्होनें कौडियाडीह में राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी ने पूर्व प्रधानाचार्य माता प्रसाद पाण्डेय तथा लालगंज में समाजसेवी रामलखन जायसवाल एवं नया का पुरवा में जीतलाल केसरवानी के संयोजन में आयोजित श्रीमदभागवत कथा ज्ञान यज्ञ में भी शामिल होते हुए भगवान द्वारिकाधीश को मत्था टेका। कैम्प कार्यालय तथा विभिन्न बाजारों में भी राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी का स्वागत हुआ दिखा। इस मौके पर केडी मिश्र, भगवती प्रसाद तिवारी, ज्ञानप्रकाश शुक्ल, संतोष द्विवेदी, अमित सिंह पंकज, अशोक सिंह बबलू, विकास मिश्र, छोटेलाल सरोज, पप्पू तिवारी, ददन सिंह, मुरलीधर तिवारी, गीता सिंह, देवी प्रसाद मिश्र, रामजी जायसवाल, पिंटू मिश्र, दिनकर पाण्डेय, मोनू पाण्डेय आदि रहे।

रेल ट्रैक पर गिरा विशालकाय पेड़, ट्रेनों का आवागमन बाधित

लोकमित्र ब्यूरो

कटरामेदनीगंज प्रतापगढ़-प्रयागराज अयोध्या रेल मार्ग पर भूपिया मऊ विश्वनाथगंज के बीच दानपुर गांव में रेलवे लाइन के किनारे एक विशालकाय चिलबिल का पेड़ बुधवार को दोपहर 1ः00 बजे तेज हवा के झोंकों के साथ रेलवे के बिजली के तारों को तोड़ते हुए बीचों-बीच ट्रैक पर जा गिरा।

जिससे लखनऊ से प्रयागराज जा रही पी आर यल ट्रेन को कुसमी फाटक से पहले रोक कर मां बेल्हा देवी धाम रेलवे स्टेशन पर लाया गया।

प्रयागराज की तरफ से आ रही जसवंतपुर एक्सप्रेस को विश्वनाथगंज में रोककर रेल ट्रैक पर गिरे पेड़ को हटाने का कार्य जारी किया गया। मौके पर पहुंचे भूपियामऊ चौकी के दीवान पुष्पराज सिंह अपने हमराही सिपाही के साथ देखभाल करते नजर आए। वहीं सूचना पर पहुंचे चौकी इंचार्ज मृत्युंजय पांडे तथा आरपीएफ एवं जीआरपी के यस ओ मनजीत डबास दरोगा वीरेंद्र कुमार दीवान मनोज कुमार आदि लोगों द्वारा रेलवे से पावर सेक्शन इंचार्ज अवधेश कुमार तथा टी राजेश कुमार की देखरेख में कर्मचारियों द्वारा रेलवे ट्रैक से गिरे पेड़ को हटाकर लगभग 4ः00 बजे यातायात बहाल किया। इस दौरान पी आर यल ट्रेन को लगभग 4 घंटे की देरी से प्रयागराज को गई तथा जसवंतपुर एक्सप्रेस 3 घंटे की देरी से एवं तुलसी एक्सप्रेस को भी इस रूट से डीजल इंजन के जरिए अपने गंतव्य को भेजा गया। ट्रेनों के गुजर जाने के बाद रेल विभाग के अधिकारी तथा कर्मचारियों ने राहत की सांस ली ।

आग से 50 बीघा फसल राख

देल्हूपुर प्रतापगढ़ – स्थानीय थाना क्षेत्र के तौकलपुर गांव में गेहूं काटने वाली मशीन से निकली चिंगारी से लगभग 50 बीघे गेहूं की खड़ी एवं काटी हुई फसल जल कर राख हो गई।आग लगते ही फायर ब्रिगेड एवं देल्हूपुर व रानीगंज पुलिस को सूचना गांव वालों ने दी। फायर ब्रिगेड एवं गांव वालों के सहयोग से आग पर काबू पाया गया।

बड़ौदा यूपी बैंक के शाखा प्रबंधक की सीएम से शिकायत

लोकमित्र ब्यूरो

कोहंडौर प्रतापगढ़- नगर पंचायत कोहंडौर निवासी जगदीश गौतम पुत्र फूल चन्द्र गौतम का आरोप है कि मुहल्ले के अंकित जायसवाल के माध्यम से कोहंडौर स्थित बड़ौदा यूपी बैंक से एक लाख रुपए का लोन लेने की बात हुई इसके बाद बैंक जाकर खाता खुलवाया तथा शाखा प्रबंधक को आधार कार्ड,पैन कार्ड,जाति प्रमाण पत्र तथा फोटो भी दिया इसके पश्चात शाखा प्रबंधक के द्वारा लोन के लिए सत्तर हजार रुपए की मांग की जाने लगी जब मैंने इस बात का विरोध किया तो शाखा प्रबंधक ने बैंक में ही क्रोधित होकर मुझे गाली गुप्ता देने के साथ ही जाति सूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए मुझे बैंक से भगा दिया प्रार्थी के समस्त हस्ताक्षर युक्त किए हुए कागजात शाखा प्रबंधक ने अपने पास रख लिया उन्होंने आशंका जाहिर की है कि हस्ताक्षर युक्त सादे कागजात का शाखा प्रबंधक दुरुपयोग कर सकते हैं इसके बाद जब पास बुक पर हस्ताक्षर युक्त सादे कागजात मांगने बैंक गया तो शाखा प्रबंधक के साथ ही उनके गुर्गों ने उन्हें जान से मारने की धमकी के साथ ही फर्जी मुकदमे में फंसाने की धमकी दी है पीड़ित जगदीश गौतम ने पूरे प्रकरण की शिकायत मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से की है

भूसा लदे ट्रैक्टर में पीछे से भिड़ी डीसीएम, चालक समेत दो जख्मी

लोकमित्र ब्यूरो

सिराथ, कौशाम्बी। सिराथू कड़ाथाना क्षेत्र के कौशांबी , फतेहपुर सीमा पास भूसा लदे ट्रैक्टर में अनियंत्रित डीसीएम पीछे से भिड़ गई हादसे में डीसीएम क्षतिग्रस्त हो गई और चालक व क्लीनर केबिन में फंसकर गंभीर रूप से जख्मी हो गए हादसे की सूचना पर पुलिस ने घायलों को इलाज के लिए सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया।बताया जाता है की कड़ा धाम थाना क्षेत्र के अलीपुर जीता चौकी के नजदीक जनपद की सीमा के पास बीती रात भूसा लाद कर जा रहे ट्रैक्टर में अफेई की ओर से आ रही तेज रफ्तार अनियंत्रित डीसीएम पीछे से भिड़ गई ।हादसे में डीसीएम क्षतिग्रस्त हो गई व उसमे बैठे फतेहपुर जनपद के थरियांव थाना क्षेत्र के रामपुर निवासी डीसीएम चालक प्रमोद कुमार 27 वर्ष और क्लीनर शत्रुघ्न पुत्र राम प्रसाद 26 वर्ष गंभीर रूप से जख्मी हो गए। हादसा देख आसपास मौजूद स्थानीय लोगों की भीड़ जमा हो गई और पुलिस को सूचना दी जिसके बाद पहुंची पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से डीसीएम में फसे दोनों घायलों को डीसीएम से बाहर निकाला और एम्बुलेंस की मदद से दोनों घायलों को सीएचसी कड़ा में भर्ती कराया जहां दोनों घायलों की गंभीर स्थिति को देखते हुए चिकित्सको ने जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। पुलिस ने हादसे की खबर घायल के परिवार वालों को दी है।

कुत्ते से जा भिड़ा बाइक सवार गंभीर स्थिति में जिला अस्पताल रेफर

कौशाम्बी। कड़ा थाना अंतर्गत देवीगंज चौराहे के पास गड़रियापुर गांव के नजदीक बाइक सवार कुत्ते से जा भिड़ा जिससे उसे गंभीर चोटे आ गयी। आनन फानन में स्थानीय लोगों ने घायल नवयुवक को नजदीकी सीएचसी कड़ा में भर्ती करवाया जहाँ से डॉक्टर्स ने प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल मंझनपुर के लिए रेफर कर दिया। मिली जानकारी के अनुसार विपिन कुमार पुत्र शेरबहादुर (18 वर्ष) किसी काम से अपने घर कड़ा से देविगंज जा रहा था। अचानक सड़क पर कुत्ता आ जाने से उसकी दोपहिया वाहन अनियंत्रित होकर पलट गयी जिससे वो गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय लोगों ने नजदीकी सरकारी अस्पताल में भर्ती करवाया और घर वालों को सूचना दी। घर वाले सीएचसी कड़ा पहुंचे और डॉक्टर्स की सलाह पर उसे जिला अस्पताल मंझनपुर ले गए।

परिक्रमा कर रहे भक्त को चार पहिया वाहन ने रौंदा, गंभीर

लोकमित्र ब्यूरो

कड़ा, कौशाम्बी। शक्तिपीठ कड़ाधाम में बुधवार की सुबह एक तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने परिक्रमा कर रहे भक्त को कुचल दिया।हादसे में भक्त को गंभीर चोटें आयी जिसे इलाज के लिए जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।जानकारी के अनुसार भदोही जिले के कुकरौठी निवासी श्यामलाल पुत्र राजमल उम्र करीब 35 वर्ष कई वर्षो से माता शीतला की सेवा कर रहा है।श्यामलाल प्रतिदिन माता शीतला के मंदिर की साफसफाई व पूजा आदि के कार्यो को करता है। बुधवार की सुबह वह भैरवनाथ मंदिर रोड पर लेटकर परिक्रमा कर रहा था तभी अचानक एक तेज रफ्तार अज्ञात चार पहिया वाहन ने उसे कुचल दिया।स्थानीय लोगों ने श्याम लाल को इलाज के लिए सीएचसी कड़ा लेकर गये जहां पर डाक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया।जिला अस्पताल में श्यामलाल की हालत नाजुक बनी हुई है।

प्रधानाचार्यों ने पढ़ा शैक्षिक गुणवत्ता व व्यवस्था का पाठ

लोकमित्र ब्यूरो

कौशाम्बी। माध्यमिक विद्यालयों के प्रधानाचार्यों की बैठक मंगलवार को जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान के एडीटोरियम हाल में आयोजित की गई जिसमे जनपद के सभी शासकीय, सहायता प्राप्त विद्यालयों व वित्तविहीन विद्यालयों के प्रधानाचार्य ने शैक्षिक गुणवत्ता का पाठ पढ़ा।

नए शैक्षिक सत्र में शासन की मंशा के अनुरूप कार्य करने के लिए संबंधित बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा करके व्यवस्था बनाई गई। जिला विद्यालय निरीक्षक डा सच्चिदानंद यादव ने छात्रों को बेहतर शिक्षा और शासन से प्रदत्त सुविधाओं के लिए निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि विद्यालय में शैक्षिक वातावरण कायम रखते हुए अनुशासन में शिक्षा दी जाए। शैक्षिक सुधार के लिए पढ़ाई का ब्यौरा दर्ज कराया जाना आवश्यक है। इसका आंकलन कक्षाओं में जाकर किया जाना चाहिए। परीक्षा की क्षितिज पर नाम रोशन करने वाले छात्र-छात्राओं के लिए इंसपायर योजना का व्यापक प्रचार प्रसार हो।

साथ ही शैक्षिक पंचांग के अनुरूप माध्यमिक विद्यालय में शैक्षिणक एवं पाठ्य सहगामी क्रिया कलापों को संचालित कराए जाने के संबध में जरूरी निर्देश दिए । बैठक में वित्त लेखा अधिकारी , सहित प्रधानाचार्य मौजूद रहे।

शॉर्ट सर्किट से खेत में लगी आग ढाई बीघे गेंहू की फसल जलकर राख

लोकमित्र ब्यूरो

सिराथू, कौशाम्बी। सिराथू तहसील क्षेत्र के कमासिन गांव के नजदीक बुधवार की दोपहर गांव के बाहर गेंहू की फसल में जर्जर विद्युत तार के शॉर्ट सर्किट होने से निकली चिंगारी से गेहूं की फसल में आग लग गई , आसपास मौजूद लोगो ने खेत में लगी आग की लपटे देखा तो आनन फानन में कड़ी मशक्कत के बाद आग को बुझाने का प्रयास किया लेकिन आग की तेज लपटे देख ग्रामीणों ने दमकल कर्मियो को सूचना दी जिसके बाद पहुंचे दमकल कर्मियो ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया । इस दौरान सैय्यद राजेपुर गांव के धर्मेंद्र यादव पुत्र शिव शंकर का लगभग ढाई बीघा के करीब गेंहू की फसल जलकर राख हो गई। जिसके बाद पीड़ित किसानों ने मामले की सूचना राजस्व कर्मियो को दिया।

दारानगर में श्री शतचण्डी महायज्ञ पाठ का पूर्णाहुति के साथ हुआ समापन

लोकमित्र ब्यूरो

सैनी, कौशाम्बी । दारानगर कस्बे में स्थित महादेव मंदिर के नजदीक नव दिनों से चल रहे श्री शतचंडी महायज्ञ पाठ का बुधवार को पूर्ण आहुति के साथ समापन हो गया। यज्ञ में कस्बे के लोगों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। स्वामी गोपालाचार्य जी ने बताया कि प्रथम नवरात्र से दारानगर में ग्यारह विद्वान ब्राह्मणों द्वारा श्री शतचंडी पाठ आरंभ किया गया था। जो नव दिन तक निर्बाध रूप से चलते हुए बुधवार को संपन्न हो गया।स्वामी गोपालाचार्य जी महराज ने बताया कि पूरे सात दिन तक यज्ञ प्रांगण में कस्बेवासियों की श्रद्धा व आस्था के चलते पूजन कार्यक्रम करवाया गया। बुधवार को नवरात्रि के नवमी के दिन हवन यज्ञ के साथ श्री शतचंडी यज्ञ का समापन हो गया।साथ में राम नवमी के उपलक्ष्य पर रामार्चा सहस्त्र नाम के साथ भगवान श्री राम को पुष्प अर्पित करते हुए लोगों ने जन्म दिवस मनाया।कार्यक्रम में राज नारायण मिश्र, दीपक मणि,अमृत लाल केशरवानी, दिप्पू मिश्र, लक्ष्मी कांत त्रिपाठी,जय मणि तिवारी,कृष्ण कुमार केशरवानी, नील कमल मिश्र,हिमांशु,पवन तिवारी, रेवती रमण, संजय पाठक,सोमेश्वर तिवारी सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

राम नवमी पर मुख्यालय के दुर्गा मंदिर में लगा मेला, भक्तों ने की पूजा अर्चना

लोकमित्र ब्यूरो

कौशाम्बी। चैत्र नवरात्र और दुर्गा पूजा महोत्सव के नवमी पूजन के अवसर पर मुख्यालय के दुर्गा मंदिरों में प्रातः काल से ही माता के भक्तों का जमावड़ा लगा रहा। इस दौरान तमाम क्षेत्रों से पहुंचे माता के भक्तों ने, नवमी पूजन पर मां दुर्गा की आराधना की। नवमी पूजन के अवसर पर विधि विधान के साथ हवन यज्ञ का आयोजन किया गया। इसमें सैकड़ों की तादात में क्षेत्र के माता के भक्त सम्मिलित हुए।

रामनवमी के पर्व पर देवीगंज में निकाली गयी शोभा यात्रा

लोकमित्र ब्यूरो

कड़ा, कौशाम्बी। नगर पंचायत दारानगर कड़ाधाम के देवीगंज कस्बे में बुधवार को रामनवमी के पावन पर्व पर कस्बावासियों द्वारा भव्य शोभा यात्रा निकाली गयी।श्री शिव चंडी हनुमान मंदिर से निकली शोभा यात्रा कमालपुर व देवीगंज का सम्पूर्ण भ्रमण कर पुनः मंदिर पर आकर समाप्त हुई।इस दौरान युवा टोली धर्म पताका फहराते हुए जय श्री राम के जयकारे लगाते रहे।शोभा यात्रा का जगह जगह स्वागत किया गया।नगर वासियों ने जगह जगह शोभायात्रा में शामिल लोगों के लिए जलपान की व्यवस्था की। यात्रा के दौरान पूरा कस्बा रामभक्ति में डूबा रहा।इस अवसर पर चेयरमैन प्रतिनिधि अरुण केशरवानी, नीरज साहू, अमन अग्रहरि, बृजेश विद्यार्थी, अमित केशरवानी, सुमित साहू, श्यामू अग्रहरि, विहान मोदनवाल, स्वप्निल मोदनवाल आदि लोग उपस्थित रहे।

स्टेयरिंग जाम हो जाने से खाई में पलटी पूर्व प्रधान की कार

लोकमित्र ब्यूरो

कड़ा, कौशाम्बी। सैनी थाना क्षेत्र के कोरियों नहर के समीप स्टेयरिंग जाम हो जाने के कारण एक कार करीब बीस फुट नीचे खाई में चली गयी।हादसे के बाद आसपास के खेतों में काम कर रहे लोगों में हड़कम्प मच गया।स्थानीय लोगों ने कार में फंसे चालक को निकालकर नजदीकी अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया जहां हालत गंभीर होने पर उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।जानकारी के अनुसार फतेहपुर जनपद के खखरेरू थाना क्षेत्र के अंजना कबीर गांव निवासी शब्बीर अहमद पुत्र मिनाज उद्दीन उम्र करीब 41 वर्ष गांव के पूर्व प्रधान रह चुके हैं।बुधवार की दोपहर वह अपनी कार से किसी काम से जा रहे थे।बताते हैं कि जैसे ही वह सैनी थाना क्षेत्र के कोरियों नहर के समीप पहुंचे अचानक कार की स्टेयरिंग जाम हो गयी जिसके चलते कार अनियंत्रित होकर करीब 20 फुट नीचे खाई में जा गिरी।घटना स्थल से कुछ दूरी पर मौजूद भाजपा किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष योगेन्द्र सिंह को जब इस घटना की जानकारी हुई तो वह अपने सहयोगियों के साथ मौके पर पहुंचे और कार में फंसे पूर्व प्रधान को बाहर निकालकर उन्हें इलाज के लिए एम्बुलेंस के जरिये सीएचसी कड़ा में भर्ती कराया जहां प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर होने पर उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

नवमी पर कन्याओं को प्रसाद ग्रहण कराकर लिया गया उनका आशीर्वाद

लोकमित्र ब्यूरो

कडा, कौशाम्बी। चैत्र नवरात्रि के अन्तिम दिन नवमी के पावन पर्व शक्तिपीठ कड़ाधाम में श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। माँ की एक झलक पाने के लिए श्रद्धालु भक्त घंटों लाइन में खड़े होकर अपनी बारी का इन्तजार करते रहे। पूरे बिधि बिधान से पूजा पाठ करने के बाद भक्तों ने कन्या पूजन कर कन्याओं को भोजन कराया। तीर्थ पुरोहित पंडित कृष्ण कुमार पंडा ने बताया कि नवरात्रि में माता दुर्गा के नौ रुपों की पूजा होती है द्य पूजन में नौ कन्याओं को ही बुलाने की परंपरा है जिन्हें माता दुर्गा के नौ रुपों का प्रतीक माना जाता हैद्य इसके साथ ही एक बटुक भी कन्याओं के साथ होना चाहिए जो भैरव का रुप माना जाता है, जो भी भक्त विधि बिधान से माता की पूजा अराधना करते हैं और कन्याओं की पूजा करते हैं उन्हें माता का आशीर्वाद प्राप्त होता है और घर परिवार में सुख समृद्धि बनी रहती है।

जमीनी विवाद की शिकायत पुलिस महानिदेशक से

लोकमित्र ब्यूरो

अवाना आलमपुर, कौशाम्बी। थाना कौशाम्बी अंतर्गत पीड़िता ने पुलिस महानिदेशक को प्रार्थना पत्र देते हुए शिकायत किया कि कोरांव खास तहसील मंझनपुर थाना व जनपद अनसूचित जाति अनपढ़ गरीब व्यक्ति है। मौजा कोरांव खास की भूमि बिस्वा 09 लोगो को आबादी में हरजन आवासी पट्टा प्राप्त है। गांव के ही कुछ लागो द्वारा दलितो के आवासीय पट्टे के भूमि पर लगभग 04 बिस्वा में घर बना रखा हैं। लगभग 02 बिस्वा में समरसेबुल व जानवर बांध कर अवैध रूप से कब्जा किये हुये है। लगभग 03 बिस्वा यादवों के कब्जे पट्टे वाले भूमि पर हम दलितो द्वारा 30 मार्च, 2024 नींव खोदने गये जिसपर कुछ लोगो द्वारा दलितो को गाली-गलौज देते हुये कहा कि हम लोग तुम्हे यहा टिकने नहीं देगे साले और जाति सूचक शब्दों को इस्तेमाल किया। पट्टा की जमीन कब्जा किये हो जो शेष बची है। उसे भी कब्जा करना चाहते हो। इतना कहते ही उक्त लोग दंबगई पर उतर आये और लाठी डंडा से हमला बोल दिये जिससे संगीता, उर्मिला, विकास, व कई लोगो को चोट आई। दोनो पक्षो में विवाद हुआ। उक्त लोगो द्वारा स्वयं विवाद की विडियो बनाया गया। चालकी व चापलूसी से उक्त लोगों द्वारा लाठी डंडा व रॉड से मारा पीटा।

पुलिस महानिदेशक ने शिकायत सुनकर दिया निष्पक्ष जांच का आदेश

कौशाम्बी। चन्द्रकली, सियाचन्द्र, छितानीलाल निवासीगण ग्राम कोरांव खास तहसील मंझनपुर थाना जोनल कार्यालय में जनसुनवाई के दौरान उपस्थित होकर संलग्न शिकायती प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया गया है, जिसमें आवेदकगण द्वारा विपक्षीगण के विरूद्ध जमीनी विवाद के सम्बन्ध में कतिपय आरोपों शिकायतों का उल्लेख करते हुए न्याय सुलभ कराये जाने हेतु अनुरोध किया गया है। संलग्न शिकायती प्रार्थना पत्र पर अंकित आरोपों, तथ्यों के संदर्भ में उक्त प्रकरण की समीक्षा कराकर, समीक्षोपरान्त प्राप्त तथ्यों साक्ष्यों के आधार पर आवश्यक कार्यवाही कराते हुए, कृत कार्यवाही की आख्या 15 दिवस के अंदर इस कार्यालय को उपलब्ध कराने आदेश दिया।

नवरात्रि के नवमी को जगह जगह हुआ कन्या भोज

अजुहा, कौशाम्बी। चैत्र के नवरात्रि की नवमी को सिराथू तहसील क्षेत्र में जगह जगह कन्या भोज का आयोजन किया गया। वही अजुहा कस्बे के इंदिरा नगर में स्थित मां दुर्गा के मंदिर व हनुमान मंदिर में कन्या भोज का आयोजन किया गया , इस दौरान संजीव केसरवानी , संजीत , कौशल , राजू केसरवानी , अखिलेश केसरवानी , चंद्रपाल आदि लोगो ने बड़ी संख्या में कन्याओं की पूजा के बाद कन्या भोज कराया व आशीर्वाद लिया । इस दौरान कस्बे के तमाम लोग मौजूद रहे।

स्वर्गीय छोटेलाल यादव की मनाई गई पुण्यतिथि

बाबू जी गांव, किसान, नवजवान के नेता थे- अजय सोनी

लोकमित्र ब्यूरो

कौशाम्बी। सिराथू ब्लॉक के ग्राम बाले का पुरवा मजरा अफजलपुरवारी में उत्तर प्रदेश सरकार के पूर्व सिंचाई राज्य मंत्री स्व0 छोटेलाल यादव (बाबू जी) की पुण्यतिथि मनाई गई। इस अवसर पर उन्हें श्रद्धांजलि देते हुए उनके किए गए कार्यो को याद किया गया।बुधवार 14 अप्रैल को सिताथू ब्लॉक के ग्राम बाले का पुरवा मजरा अफजलपुरवारी निवासी रहे पूर्व सिंचाई राज्य मंत्री स्वर्गीय छोटे लाल यादव की पुण्यतिथि मनाई गई। इस अवसर पर अजय सोनी ने उनकी प्रतिमा में माल्यार्पण कर उन्हे श्रद्धांजलि अर्पित की। साथ ही उनके कृतित्व और व्यक्तित्व पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर अजय सोनी ने कहा कि बाबू जी गांव, किसान, नवजवान के नेता थे। उन्होंने आजीवन लोगों की सेवा की। साथ ही किसानो के लिए बहुत कार्य किया। उनके कार्यकाल में नहरो में पानी लबालब रहता था। उन्होंने सिराथू में रेल रोको आंदोलन की अगुवाई की थी। वो सदैव लोगों के दिलों में जिंदा रहेंगे। इस अवसर पर मुन्ना लाल यादव, ब्रजेश यादव, अरविंद मौर्य उपस्थित रहे।

खोया पाया केन्द्र ने 120 खोये मासूम बच्चों को परिजनों से मिलाया

लोकमित्र ब्यूरो

कड़ा, कौशाम्बी। शक्तिपीठ कडाधाम में चौत्र नवरात्रि के पावन पर्व में बड़ी संख्या में श्रद्धालु भक्तों का आना जाना लगा रहता है। ऐसे में भीड ज्यादा बढ जाती है द्य भीड में अक्सर मासूम बच्चे और बूढ़े खो जाते हैं द्य इन सब को अपनो से मिलाने के लिए प्रशासन ने मेला परिसर में खोया पाया केन्द्र बनाया है द्यकेंद्र द्वारा मेले के अंतिम दिन तक खोए हुए 120 बच्चों व 40 वृद्धजनों को परिजनों से मिलाया गया।बिछड़ों को मिलाने में मेला प्रभारी महेश सिंह ,महिला एसआई बिन्ध्यवासिनी, हेड कांस्टेबल देवनारायण ,महिला कांस्टेबल जूही सिंह , बिरेंद्र यादव द्वारा महती भूमिका निभायी गयी।

राम नवमी पर मूरतगंज में धूमधाम के साथ निकली श्री राम की शोभा यात्रा

हजारों की संख्या में मौजूद लोगों ने जय श्री राम के घोष के साथ किया भ्रमण, प्रसाद वितरण

लोकमित्र ब्यूरो

कौशाम्बी। विश्व हिंदू परिषद के तत्वाधान में बुधवार को मूरतगंज विकासखंड के पल्हना चौराहे से भगवान श्री राम की भव्य शोभा यात्रा निकाली गई जिसका दोपहर बाद मूरतगंज के पक्का तालाब में समापन किया गया। यात्रा में हजारों की संख्या में उत्साहित युवाओं की भीड़ देखने को मिला जहां यह युवा जय श्री राम के नारे के साथ अपनी आस्था को व्यक्त कर रहे थे। यात्रा में शामिल लोगों का उत्साह देखते बन रहा था भगवान श्री राम के मंदिर बनने के बाद यह पहला रामनवमी का पर्व था जिससे लोगों की उत्साह और ज्यादा बढ़ा हुआ था, भगवान श्री राम के मंदिर में वापस प्राण प्रतिष्ठा के इस पर्व पर लोगों काउत्साह देखते। कार्यक्रम की अध्यक्षता विश्व हिंदी परिषद के जिला अध्यक्ष अवधेश नारायण शुक्ला ने किया। इस मौके पर प्रमुख रूप से रजत पांडे, ओम, शुभांशु अग्रहरि, ऋषभ द्विवेदी, समर उपाध्याय, शिवम तिवारी, सुधीर, सुनील यादव शिवम पांडे, दीपक मौर्य सहित हजारों की संख्या में लोग मौजूद रहे।

गेंहू की खड़ी फसल में लगी आग, फसल खाक

लोकमित्र ब्यूरो

टेवां, कौशाम्बी। विकास खण्ड मंझनपुर के टेवां गांव देवी दयाल पुरवा रोड ब्रिलियंस इंटरनेशनल स्कूल के बगल में अचानक गेहूं के खेत में लगी आग से दसों बीघे गेहूं जलकर राख हो गया। किसान संदीप सिंह ठाकुर पुत्र कपूर सिंह, रामबरन सिंह पुत्र बैजनाथ सिंह राजेश चौधरी पुत्र ननका, हंसराज पुत्र ननका चौधरी, रामराज चौधरी पुत्र ननका चौधरी, केशव चौरसिया, सूरज बली सरोज ,सोहनलाल चौधरी पुत्र दुलारे चौधरी ब्रिलियंस इंटरनेशनल स्कूल का भी एक बीघा गेहूं जलकर राख हो गया ,खेतों में संदिग्ध दशा में लगी आग से फसल जलकर राख हो गई सूचना पाकर मौके पर पहुंचे ग्रामीणों के सहयोग से फायर ब्रिगेड की तीन गाड़ियों ने आग पर काबू पाया फायर ब्रिगेड की गाड़ी ना पहुंचती तो सैकड़ो बीघे गेहूं जलकर राख हो जाता आग बुझाते समय फायर ब्रिगेड की गाड़ियों का पानी भी खत्म हो गया था पुलिस प्रशासन द्वारा तुरंत लाइट की व्यवस्था कराके पानी उपलब्ध कराया गया जिससे आग पर काबू पाया गया।

सम्पादकीय

आतंकवाद के प्रति तत्काल निर्णय जरूरी

भारत सीमापार से होने वाले किसी भी आतंकवादी कृत्य का जवाब देने के लिए प्रतिबद्ध है।विदेश मंत्री एस.जयशंकर ने यह प्रतिबद्धता दोहराई है। विदेश मंत्री शुक्रवार को 'यह भारत क्यों मायने रखता है- युवाओं के लिए अवसर और वैश्विक परिदृश्य में भागीदारी' विषय पर बोल रहे थे। 2008 में हुए मुंबई हमलों का जवाब देने को लेकर संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन यानी संप्रग सरकार पर निशाना साधने हुए उन्होंने कहा कि काफी चर्चा के बावजूद कोई सार्थक परिणाम नहीं निकला। उन्होंने माना पाकिस्तान पर हमला करने की कीमत उस पर हमला न करने से अधिक होगी।2014 में आतंकवाद की शुरुआत नहीं हुई, यह मुंबई हमले के साथ नहीं हुई, बल्कि यह 1947 में हो चुकी थी। उन्होंने कश्मीर हमले को आतंकवादी कृत्य माना। शिवशंकर ने कहा कि वे गांव और शहर जला रहे थे, लोगों की नृशंस हत्या कर रहे थे। 2014 के बाद भारत की विदेश नीति में आए बदलावों को लेकर उन्होंने स्पष्ट किया कि जिस देश से संबंध बनाए रखना मुश्किल है, वह है पाकिस्तान है।पाकिस्तान समेत अन्य देशों में मारे गए आतंकवादियों के पीछे भारत का हाथ होने वाली ब्रिटिश अखबार 'गार्जियन' में छपी खबरों का भी उन्होंने तीव्र प्रतिकार करते हुए इन खबरों का तीव्र खंडन किया। ऐसा पहली बार नहीं है, जब विदेश मंत्री जयशंकर ने अपनी बात सख्ती से दोटूक अंदाज में रखी। विश्व पटल पर भारत की छवि मोदी सरकार ने लगातार बदली है। यह कहना कि आतंकवादी किसी नियम से नहीं चलते, उन्हें जवाब भी वैसे ही मुंहतोड़ तरीके दिया जाना चाहिए।राष्ट्रीय हितों का पालन करते हुए भारत दुनिया के तमाम देशों के साथ मैत्रीपूर्ण संबंध बनाए रखने तथा मानवाधिकारों का सम्मान और बहुपक्षवाद पर केंद्रित रहता है। आज भारत के लिए हालात इतने साजगार हो चुके हैं कि तमाम चुनौतियों के बावजूद वैश्विक अगुवा बने रहने और दुनिया को प्रभावित करने वाले मुद्दों पर अपनी स्पष्ट राय रखने में भारत हिचकता नहीं। निस्संदेह हम उभरती हुई अर्थव्यवस्था हैं, इसलिए विदेशी निवेश, संयुक्त उद्यम और निर्यात के क्षेत्र में भारत की अर्थव्यवस्था प्रदर्शन बेहतर नजर आ रहा है।ऐसे में सीमापार से होने वाले आतंकवादी उपद्रव को लेकर यदि कड़ाई नहीं बरती जाती है तो न केवल भारत की छवि धूमिल होती है, बल्कि आतंकवाद के प्रति सटीक और तत्काल निर्णय न लेने के कारण देश की अखंडता और शांति भी खंडित होती है जिसे बनाए रखना सरकार की महती जिम्मेदारी है।

मेष राशि: आज का दिन आपके जीवन में खुशियां लेकर आया है। आज आपके हर परेशानी का हल चुटकियों में निकल जायेगा। सरकारी कार्यों में आपको बड़े लाभ की संभावना है। आज आप परिवार के साथ पिकनिक के लिए जा सकते हैं। उनके साथ आप अच्छा समय बिताएंगे। ऑफिस में आप किसी प्रोजेक्ट के लिए अपनी बेहतरीन राय देंगे, बॉस आपके काम की तारीफ करेंगे।

वृष राशि : आज का दिन आपके लिए आत्मविश्वास से भरा रहने वाला है। आपकी पहले से चली आ रही समस्याओं का समाधान मिलेगा, जिससे आपके मन में खुशी रहेगी। परिवार में धार्मिक काम की योजना बन सकती है। आप अपने जीवन को बेहतर बनाने के लिए कुछ अच्छे बदलाव करने की कोशिश करेंगे।

मिथुन राशि : आज का दिन आपके लिए बढ़िया रहने वाला है। विद्यार्थियों को सफलता मिलने के योग बने हुए है, लेकिन पढाई में और मेहनत करने की जरूरत है। आज घर के साथ अच्छा समय बिताने को मिलेगा, जिससे परिवार का माहौल खुशनुमा रहेगा। छात्र अपनी पढ़ाई को लेकर पूर्ण रूप से सतर्क रहेंगे। आज के दिन मां दुर्गा को खीरपूड़ी का भोग लगाएं, आपका दिन अच्छा रहेगा।

कर्क राशि : आज महा अष्टमी के दिन आपके सभी कार्य सफल होंगे। बड़े निर्णय लेने के लिए दिन अच्छा है। किसी नयी बिजनेस डील के लिए ऑफर मिलेगा। आप जीवनसाथी के साथ घर के कार्यों को पूरा करने में व्यस्त रहेंगे। मेडिकल की पढ़ाई कर रहे छात्रों के लिए दिन अच्छा है। बेटी के ससुराल पक्ष से कोई बड़ी खुशखबरी मिलेगी। बच्चे आज अपने पढ़ाई के प्रति सीरियस रहेंगे। आज आपके घर नन्हें मेहमान के आगमन का योग बन रहा है। माता महागौरी को फूलों की माला अर्पित करें, जीवन में आपकी गति में निरंतरता बनी रहेगी।

सिंह राशि : आज का दिन आपके लिए बेहतरीन रहने वाला है। राजनीति व सामाजिक क्षेत्र से जुड़े लोगों के लिए दिन फेवरेबल रहेगा। महिलाओं के लिए दिन शानदार रहेगा। बिजनेस मैन आज कोई जरुरी मीटिंग अटेंड कर सकते हैं। आज किसी से लिए उधार से छुटकारा मिलेगा, आपकी टेंशन खत्म होंगी। आज आप किसी अच्छी जगह घूमने जा सकते। आपको मातापिता का पूरा सहयोग मिलेगा। जरूरतमंद को भोजन कराएं, आपके ऊपर देवी मां की कृपा बनी रहेगी।

कन्या राशि : आज का दिन आपके लिए खुशियों से भरा रहने वाला है। एकाग्र मन से किया गया काम लाभदायक साबित होगा। आज किसी जिम्मेदारी को अनदेखा करने से आपको बचना चाहिए। आज आपकी सेहत ठीक-ठाक रहेगी। आप कम से कम समय में काम निपटाने की कोशिश करेंगे। आप अपनी जिम्मेदारियों को बखूबी निभायेंगे। जो लोग किसी नये काम में इंवेस्ट करने की सोच रहे हैं, वे किसी अनुभवी व्यक्ति से सलाह ले लें। देवी मां के मंदिर में अन्न का दान करें, आपकी सेहत अच्छी रहेगी।

तुला राशि: आज का दिन आपके अनुकूल रहने वाला है। आज आप अपने व्यापार को आगें बढाने के लिए कुछ ऐसी भी योजनाएं बनाएंगे, जिससे आपको फायदा ही फायदा होगा। परिवारिक समस्याओं को सॉल्व करने में बड़े-बुजुर्गो का सहयोग प्राप्त होगा। कॉस्मेटिक का व्यापार कर रहे लोगो को आज बड़ा मुनाफा होगा। आज आपके कार्यो की प्रशंसा दूर-दूर तक लोगों में इत्र की तरह महकेगी। किसी यात्रा पर जाने का मन बना रहें है तो कुछ दिनों के लिए टाल दें। आज दुर्गा माता का ध्यान करें, आपको मेहनत का फल जरूर मिलेगा।

वृश्चिक राशि : आज का दिन आपके लिए खुशहाल रहने वाला है। माता महागौरी की कृपा से आपका जीवन खुशियों से भरा रहेगा। जो लोग बैंक में कार्य करते हैं वह आज अपना काम बहुत जल्द निपटा लेंगें। पिता से आज आपको कुछ नया सिखने को मिलेगा। आज कोई ऐसी पुरानी चीज आपके हाथ लग सकती है, जिसे पा कर आपको खुशी महसूस होगी।

धनु राशि : आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। घर खरीदने का विचार कर रहे लोगों के लिए आज का दिन शुभ है। आज आपका मन घरेलू काम-काज में लगेगा। आज बॉस आपको किसी नए प्रोजेक्ट पर काम करने को कह सकते हैं। डिप्लोमा की तैयारी कर रहे छात्रों को आज ज्यादा पढ़ाई करने की जरूरत है। व्यापार कर रहे लोगों का कारोबार अच्छा चलेगा।

मकर राशि : आज का दिन आपके लिए नयी खुशियां लेकर आया है। आपके दोस्त आपसे मदद की गुहार करेंगे, आप उन्हें निराश नहीं करेंगे। बिजनेस कर रहे लोगों को अच्छा मुनाफा होगा। आज आप शॉपिंग करने का मन बनाएंगे। आज आप अपनी बहन को कुछ गिफ्ट दे सकते हैं जिससे आपका रिश्ता मजबूत बनेगा। आज आप किसी जरुरी मीटिंग में शामिल होंगे। पिता की सलाह से आपको अपने बिजनेस में काफी मदद मिलेगी। सिद्धकुंजिका स्तोत्र का पाठ करें, आपकी लाइफ अच्छी बनी रहेगी।

कुंभ राशि : आज का दिन आपके लिए बढ़िया रहने वाला है। परिवार के साथ बाहर मूवी का प्लान बन सकता है। दोस्तों की बर्थडे पार्टी मे जाएंगे, जहां बाकी दोस्तों के साथ इंज्वाय करने का मौका मिलेगा। आज कोई नई स्किल सीखने का विचार कर सकते है जिसका लाभ आपको भविष्य में जरूर मिलेगा। आज आप नया वाहन खरीदने का मन बना सकते हैं। माता आज अपने बच्चों को कुछ मीठा बना के खिला सकते हैं। आज आपको अचानक धन लाभ होगा। कन्या को कुछ गिफ्ट करके उनका आशीर्वाद लें, आप जीवन में कभी नहीं रूकेंगे।

मीन राशि : आज का दिन आपके लिए खास रहने वाला है। रुपए पैसों के मामले में लापरवाही करने से आपको बचना चाहिए। टूर एंड ट्रेवल्स का काम कर रहे लोगों को अच्छा लाभ होगा। आज अपको किसी करीबी से कोई ऐसी सलाह मिलेगी, जिससे आपको काफी फायदा होगा। आप आर्थिक मामलो मे किसी एक्सपर्ट से सलाह लेंगे, यह सलाह मददगार साबित होगी।

कांग्रेस इतनी कम सीटों पर लड़ेगी लोकसभा चुनाव, कैसे होगी नैयापार

अशोक भाटिया

देश की सत्ता पर सबसे अधिक समय तक कायम रहने वाली और सबसे पुरानी पार्टी कांग्रेस 2024 के लोकसभा चुनाव में अब तक के चुनावी इतिहास में सबसे कम सीटों पर चुनाव मैदान में उतरेगी। 2014 के लोकसभा चुनाव में अपने चुनावी इतिहास में सबसे कम सिर्फ 44 सांसद लोकसभा में भेजने वाली कांग्रेस पार्टी 2024 के लोकसभा चुनाव में 350 से कम लोकसभा सीटों पर चुनाव लड़ेगी।कांग्रेस ने अब तक 266 लोकसभा सीटों पर अपने उम्मीदवारों की घोषणा की है। कांग्रेस से जुड़े सूत्रों के मुताबिक, पार्टी इस लोकसभा चुनाव में कुल 330 से 340 सीटों पर अपने प्रत्याशी उतारेगी। अगर ऐसा होता है तो कांग्रेस पहली बार 400 से कम लोकसभा सीटों पर चुनाव लड़ेगी।भारत में हुए पहले लोकसभा चुनाव 1951-52 से लेकर साल 2019 तक हुए सत्रह लोकसभा चुनाव में कांग्रेस कभी भी 400 से कम लोकसभा सीटों पर चुनाव नहीं लड़ी। कांग्रेस ने अब तक सबसे कम सीटों पर लोकसभा का चुनाव 2004 में लड़ा था, जब पार्टी ने कुल 417 लोकसभा सीटों पर अपने उम्मीदवार उतारे थे। इसके बाद 2009 के लोकसभा चुनाव में पार्टी ने 440, 2014 के लोकसभा चुनाव में 463, 2019 के लोकसभा चुनाव में 421 उम्मीदवारों को चुनाव मैदान में उतारा था।कांग्रेस ने पिछले 17 लोकसभा चुनाव में सबसे अधिक उम्मीदवार 1996 के लोकसभा चुनाव में उतारा था, तब कांग्रेस की तरफ से 529 प्रत्याशी चुनाव मैदान में कांग्रेस ने उतारे थे।भाजपा सत्ता की हैट्रिक लगाने के साथ-साथ 370 सीटें जीतने का टारगेट सेट किया है, तो प्रधानमंत्री मोदी ने एनडीए गठबंधन के लिए 'अबकी बार 400 पार' का लक्ष्य तय किया है। भाजपा दोनों टारगेट को पूरा करने के लिए अपने गठबंधन के सियासी कुनबा बढ़ाने के साथ-साथ विपक्षी दलों के दिग्गज नेताओं को भी अपने पाले में करने में जुटी है। भाजपा प्रधानमंत्री मोदी के अगुवाई में फुल कॉन्फिडेंस में नजर आ रही है, जबकि 2024 का चुनाव कांग्रेस के लिए सियासी वजूद को बचाए रखने के लिए है।कांग्रेस 2014 और 2019 का चुनाव बुरी तरह हार चुकी है और अब 2024 का चुनाव उसके लिए करो या मरो से कम नहीं है। ऐसे में भाजपा से मुकाबला करने के लिए कांग्रेस ने तमाम विपक्षी दलों के साथ मिलकर इंडिया गठबंधन का गठन किया, जिसका पहिया चुनाव से पहले ही पंचर हो गया। 2024 के रणभूमि में उतरने से पहले ही इंडिया गठबंधन से कई दलों ने किनारा कर लिया है। विपक्षी गठबंधन के शिल्पकार रहे नीतीश कुमार अब एनडीए के साथ हैं, तो पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी भी एकला चलो की राह पर कदम बढ़ा चुकी हैं। इस तरह विपक्षी इंडिया गठबंधन अभी भी अपनी उलझन को सुलझाने में जुटा है, लेकिन वो सुलझने के बजाय उलझता ही जा रहा है।भाजपा का कहना है कि इस बार कांग्रेस 40 के आंकड़े को भी नहीं छूने वाली है। भाजपा ही नहीं इंडिया गठबंधन से अलग होने के बात ममता बनर्जी भी कांग्रेस के लिए ऐसी ही बात कह चुकी हैं। ऐसे में समझते हैं कि आजादी के बाद कब-कब मुख्य विपक्ष दल को 50 से कम सीटें मिली हैं और क्या 2024 में वास्तव में कांग्रेस 40 सीट पार नहीं कर सकेगी?2024 के लोकसभा चुनाव में कांग्रेस के लिए प्रधानमंत्री मोदी ने भविष्यवाणी की थी कि कांग्रेस 40 सीट का आंकड़ा पार नहीं कर पाएगी। इंडिया गठबंधन से ममता बनर्जी हाल ही में अलग हुई हैं, लेकिन प्रधानमंत्री मोदी ने शुरुआत फरवरी में ही बता दिया था कि बंगाल से आपको चुनौती ममता बनर्जी से मिलने जा रही है, ऐसे में कांग्रेस 40 का आंकड़ा छू भी नहीं पाएगी। प्रधानमंत्री ने कहा था, 'प्रार्थना करता हूं कि कांग्रेस 40 सीटों पर जीत हासिल कर ले।'प्रधानमंत्री मोदी की तरह ही ममता बनर्जी कांग्रेस को 40 पार करने की चुनौती दे चुकीहैं। उन्होंने मुर्शिदाबाद में एक जनसभा में कहा था कि उन्होंने कांग्रेस को कांग्रेस 300 सीटों पर चुनाव लड़ने का प्रस्ताव दिया था, जिसको कांग्रेस ने सिरे से खारिज कर दिया। अब मुझे संदेह हो गया है कि 2024 में कांग्रेस क्या 40 सीटें भी जीत पाएंगी?कांग्रेस 2014 और 2019 के लोकसभा चुनाव में इतनी भी सीटें देश भर में नहीं जीत सकी थी कि संसद में नेता प्रतिपक्ष बना सके। कांग्रेस 2014 में 44 तो 2019 में 52 सीट पर सिमट गई थी।

कांग्रेस के सामने अब तीसरी बार चुनौती खड़ी है, लेकिन प्रधानमंत्री मोदी और ममता ने जिस तरह से भविष्यवाणी करने का काम किया है, उससे लेकर सियासी कयास लगाए जा रहे हैं कि क्या 2024 के चुनाव में कांग्रेस 40 सीटें भी नहीं जीत सकेगी?मुख्य विपक्षी दल को लोकसभा चुनाव में कब-कब 50 से नीचे सीटें मिली हैं? आजादी के बाद से देश में अब-तक 17 बार लोकसभा चुनाव हुए हैं और दिलचस्प बात ये है कि लगभग आधी बार यानी 8 दफा मुख्य विपक्षी पार्टी 50 से नीचे सीटों पर सिमट गई। अब तक के इतिहास में कांग्रेस महज एक बार 50 सीट क्रॉस नहीं कर सकी, वो भी 2014 के लोकसभा चुनाव में। आपातकाल के बाद हुए लोकसभा चुनाव में भी कांग्रेस की स्थिति इतनी खराब नहीं थी, जिस तरह से आज के समय है।पहली बार लोकसभा चुनाव 1952 में हुए थे। कांग्रेस पार्टी को 364 सीटें मिली थीं और मुख्य विपक्षी पार्टी सीपीआई को मात्र 16 सीटें मिली थीं। 1957 में कांग्रेस ने 371 सीटों पर जीत दर्ज की थी और सीपीआई को 27 सीटों से ही संतोष करना पड़ा था। हालांकि पिछले चुनाव के मुकाबले उसे 11 सीटों का फायदा हुआ था। साल 1962 में कांग्रेस को 361 सीटें और सीपीआई को 29 सीटें मिली थीं।

इसके बाद 1967 में कांग्रेस की सीटें घटकर 283 हो गई थीं, लेकिन उसे जीत जरूर मिल गई थी और बहुमत का आंकड़ा छू लिया था, जबकि मुख्य विपक्षी दल स्वतंत्र पार्टी बनी, लेकिन महज उसे 44 सीटों से संतोष करना पड़ा था।साल 1971 लोकसभा चुनाव में कांग्रेस ने दोबारा बढ़त हासिल करते हुए 352 सीटों पर जीत दर्ज की थी और मुख्य विपक्षी पार्टी सीप्रधानमंत्री 25 सीटों पर सिमट गई थी। वहीं, 1980 में कांग्रेस को 351 और विपक्ष जनता पार्टी (सेक्युलर) को 41 सीटें मिली थीं और 1984 के लोकसभा चुनाव में कांग्रेस ने बंपर जीत हासिल की थी। इस बार उसे सबसे ज्यादा 404 सीटों पर विजय पताका फहराने का मौका मिला था और मुख्य विपक्षी पार्टी तेलुगु देशम पार्टी (टीडीपी) बनकर उभरी थी। उसे 30 सीटों से ही संतोष करना पड़ा था।हालांकि 2014 के चुनाव में मोदी लहर आई और कांग्रेस हवा हो गई। मोदी लहर में कांग्रेस की बुरी तरह हार हुई और ये आजादी के बाद उसकी सबसे बड़ी हार थी। 2009 में 206 सीटें जीतने वाली कांग्रेस महज 44 सीटों पर ही सिकुड़ गई। भाजपा पूर्ण बहुमत हासिल करते हुए 282 सीटों पर अपना परचम लहराया। इसके बाद 2019 के लोकसभा चुनाव में कांग्रेस 50 सीटों का आंकड़ा पार किया, लेकिन 52 सीट पर ही रुक गई। कांग्रेस एक के बाद एक चुनाव हार रही है और भाजपा लगातार दो चुनाव जीत चुकी है और अब सत्ता की हैट्रिक लगाने की जुगत में है।अब कांग्रेस के सामने चुनौतियां भी बढ़ती जा रही हैं।

प्रधानमंत्री मोदी के केंद्रीय राजनीति में दखल बढ़ने के बाद से कांग्रेस उभर नहीं पा रही है। 2024 में भाजपा से मुकाबले के लिए हर एक समझौता भी कर रही है, लेकिन जिस तरह से कांग्रेस नेताओं के पार्टी छोड़ने का सिलसिला शुरू है, उससे लोकसभा चुनाव की राह और भी मुश्किल होती जा रहा है। उत्तर भारत में हिमाचल छोड़कर किसी दूसरे राज्य में उसकी सरकार नहीं है। यूपी और बिहार की सत्ता से 90 के दशक से बाहर है।बता दें कि पिछले पांच साल के चुनावों पर नजर डालें तो 2019 के लोकसभा चुनाव से पहले उत्तर भारत के चार राज्यों में कांग्रेस की सरकार थी। पंजाब, राजस्थान, मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ में कांग्रेस सत्ता में थी। लेकिन एक-एक करके सारे राज्य छिन गए। मध्य प्रदेश में कांग्रेस नेताओं की बगावत से सरकार गई और बाकी राज्यों में चुनाव हार गई। मध्य प्रदेश में इस बार और भी बुरी स्थिति रही।2019 में कांग्रेस दिल्ली, उत्तराखंड, जम्मू कश्मीर हिमाचल, गुजरात, राजस्थान, हरियाणा में खाता भी नहीं खोल सकी थी। 2014 में भी लगभग यही स्थिति थी। इसके अलावा उत्तर प्रदेश, एमपी, बिहार में कांग्रेस को एक-एक सीट मिली थी, जबकि छत्तीसगढ़ में दो लोकसभा सीटों से संतोष करना पड़ा। भाजपा उत्तर भारत में काफी मजबूत स्थिति में खड़ी नजर आ रही है। ऐसे में उत्तर भारत में कांग्रेस का धीरे-धीरे सिमटना उनके लिए बड़ी मुश्किल खड़ी कर सकता है।दक्षिण के राज्यों में भले ही कांग्रेस अपना दायरा बढ़ा रही हो, लेकिन लोकसभा चुनाव में उत्तर भारत जीते बिना काम नहीं चलेगा इसलिए कांग्रेस उत्तर भारत से ज्यादा दक्षिण भारत के राज्यों पर फोकस कर रही है। कांग्रेस उत्तर भारत में कमजोर स्थिति में है, जिसके चलते सहयोगी दलों के बैसाखी के सहारे चुनावी मैदान में उतर रही है। उत्तर भारत के मुकाबले दक्षिण भारत में कांग्रेस खुद को ज्यादा मजबूत मान रही। तेलंगाना और कर्नाटक में कांग्रेस की अपने दम पर सरकार है, जबकि तमिलनाडु में सरकार में भागीदार है। राहुल गांधी ने केरल को अपना सियासी ठिकाना बना रखा है। इस तरह कांग्रेस की कोशिश दक्षिण से अपनी सीटें बढ़ानी हैं, लेकिन भाजपा भी दक्षिण पर फोकस कर रही है और अपना सियासी कुनबा भी बढ़ा रही है। अब देखना है कि 2024 में कांग्रेस क्या 50 के पार होगी या फिर 40 सीटों पर सिमट जाएगी?

सांप्रदायिक और विभाजनकारी प्रवृत्ति के विरुद्ध खड़ा होने की जरुरत

अवधेश कुमार

समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव ने गाजीपुर में मुख्तार अंसारी के घर जाकर उसे महान और मसीहा साबित करने की उस अभियान को आगे बढ़ाया जो उसकी मौत के समय से ही चल रहा है।

उन्होंने कहा कि जनता ने जेल में रहते हुए मुख्तार को पांच बार विधायक बनाया तो इसका मतलब है कि वह जनता के दुख दर्द में शामिल रहे और उसी का परिणाम है कि जनाजे में इतनी अधिक भीड़ उमड़ी। उन्होंने बांदा जेल में मुख्तार की मृत्यु पर सरकार को घेरा तथा उसकी तुलना रूस में बिना नाम लिए विपक्ष के नेता एलेक्सी नवलनी की जेल में हुई मृत्यु से कर दी। मुख्तार अंसारी पिछले लंबे समय से जब भी वीडियो में आया काफी कमजोर दिखता था। व्हीलचेयर पर ही उसके बाहर निकलने या अंदर जाने की तस्वीरें आई थीं। उसकी मेडिकल रिपोर्ट में अनेक बीमारियां लिखी हुई है। इतनी बीमारी से ग्रस्त व्यक्ति की कभी भी किसी कारण से मृत्यु हो सकती है। वैसे भी बाहुबल और धनबल की बदौलत बादशाहत कायम करने की मानसिकता में जीने वाले व्यक्ति को जेल में आम अपराधी की तरह व्यवहार से मानसिक आघात लगना बिल्कुल स्वाभाविक है।प्रचार यही हो रहा है कि उसे मारा गया है। कुछ दिनों से उसके परिवार और वकील धीमा जहर देने का आरोप एक रणनीति के तहत लग रहे थे, जिसका उद्देश्य जमानत दिलाना या मन मुताबिक किसी जेल में शिफ्ट कराना था। मृत्यु से कुछ दिनों पहले बेटे से बातचीत के ऑडियो से उसके काफी अस्वस्थ व कमजोर होने के साथ गहरी निराशा में डूबे होने का पता भी चलता है। उसकी मृत्यु पर सपा, बसपा या कुछ अन्य पार्टियों, मजहबी नेताओं आदि ने जिस ढंग का माहौल बनाया है उसने आम व्यक्ति को उद्वेलित किया है। ऐसा कोई कारण नहीं दिखता जिससे प्रशासन या जेल या सरकार उसे तत्काल गैरकानूनी तरीके से मारने का कदम उठाए। इस समय उसकी मृत्यु से किसी को कुछ भी प्राप्त नहीं होने वाला था। योगी आदित्यनाथ सरकार की दृष्टि से यह स्थिति ज्यादा अनुकूल थी। मृत्यु के बाद उसे गरीबों का मसीहा और नायक बनाया जाना भय पैदा करता है।जितनी संख्या में उसके नमाज ए जनाजा में लोग शामिल हुए वह सामान्य अवस्था का द्योतक नहीं है।

किसी उदारवादी, समाज हितैषी, हिंदू-मुस्लिम एकता के लिए काम करने वाले मुसलमान की मृत्यु पर न ऐसी प्रतिक्रियाएं आतीं हैं न इतने लोग इकट्ठे होते हैं और न उनमें भावविह्वलता और आक्रामकता देखी जाती है। इसके विपरीत चाहे मुख्तार अंसारी हो, बिहार का बाहुबली सैयद शहाबुद्दीन, अतीक अहमद या मुंबई बम विस्फोटों का आतंकवादी टाइगर मेनन उनके जनाजे में इतने बड़े जन समूह का उभरना मुस्लिम समाज के अंदर बढ़ती ऐसी प्रवृत्ति है, जिससे डरने और जिसको हर हाल में रोके जाने की आवश्यकता है। मुख्तार अंसारी न्यायालय द्वारा सिद्ध माफिया, हत्यारा, अपहरणकर्ता, सांप्रदायिक दंगा करने वाला बाहुबली था। 65 से ज्यादा मुकदमे उसके नाम पर थे जिनमें आठ में उसे सजा दी जा चुकी थी। इनमें दो में उम्र कैद की सजा थी। न्यायालय द्वारा घोषित सजा प्राप्त अपराधी को मुसलमानों का नायक, गरीबों का मसीहा बताया जाए तथा राजनीतिक पार्टियां और नेता उसके पक्ष में बयान दें इससे ज्यादा डरावना देश के लिए कुछ नहीं हो सकता? वे सरकार और पुलिस प्रशासन के साथ न्यायपालिका पर भी प्रश्न उठा रहे हैं। 2013 में मुंबई बम विस्फोटों के अपराधी टाइगर मेनन के जनाजे में मुंबई में उमड़ी भीड़ ने पहली बार देश को हैरत में डाला था।

उस समय से यह एक स्थापित प्रवृत्ति है। अतीक अहमद की हत्या पुलिस की सुरक्षा व्यवस्था पर प्रश्न था लेकिन उसकी मृत्यु पर विशेष नमाज जगह-जगह अदा कर जन्नत की दुआ करना किस बात का द्योतक था? डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम की मृत्यु पर इस तरह का दृश्य नहीं था। वस्तुतः उनके जनाजे में हिंदुओं की संख्या सर्वाधिक थी। कांग्रेस के शासनकाल से उत्पन्न राजनीति के अपराधीकरण के भयावह दौर में ऐसे अपराधी और बाहुबली, जिन्हें जेल में होना चाहिए वो माननीय विधायक और सांसद बनकर नीति-नियंता बन गए। अतीक, अंसारी या शहाबुद्दीन जैसों की एकमात्र योग्यता यही थी कि वो अपने अपराध के बल पर साम्राज्य कायम कर चुके थे तथा एक क्षेत्र विशेष में चुनाव जीतने-जिताने में सक्षम थे। इसी कारण सपा-बसपा दोनों ने उन्हें महत्व दिया और कांग्रेस पार्टी का भी उन्हें समर्थन ही रहा।

जरा सोचिए, मुख्तार अंसारी ने उत्तर प्रदेश के वर्तमान कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय के बड़े भाई अवधेश राय की सरेआम हत्या करवाई और आज कांग्रेस उसे अपराधी तक कहने के लिए तैयार नहीं है। कांग्रेस ने उसे बचाने के लिए उत्तर प्रदेश से पंजाब की रोपड़ जेल में शिफ्ट कराया तथा उसे वापस न लाया जा सके इसके लिए सर्वोच्च अदालत तक लड़ाइयां लड़ी। ऐसी पार्टियों के होते क्या उसे सजा मिल सकती थी?ये पार्टियां भूल रही हैं कि देश ने राजनीति के अपराधीकरण और अल्पसंख्यकवाद के दौर को पीछे छोड़ दिया।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा की केंद्र या फिर राज्यों में सरकार गठित होने के पीछे भी हिन्दुत्व, राष्ट्रवाद, विकास, जन कल्याण के साथ अपराध और भयमुक्त माहौल की उम्मीद भी बहुत बड़ा कारण रहा है। योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में 2022 में भाजपा सरकार की वापसी का सबसे बड़ा कारण यही था कि अपराधी और माफिया के विरुद्ध अविसनीय स्तर तक कार्रवाई हुई। योगी आदित्यनाथ केवल उत्तर प्रदेश नहीं, बल्कि देश में आम लोगों के बीच अपराधियों व माफियाओं के विरुद्ध किसी भी दबाव से परे अडिग रहते हुए कठोरता से कार्रवाई करने वाले नायक के रूप में खड़े हुए हैं तो इसी कारण। उप्र में सभी समुदायों के आम आदमी की प्रक्रिया होती है कि हम अब निर्भय होकर सड़कों पर चल सकते हैं।

लोकमित्र का रंग कवियों के संग

आधा जीवन बीत गया.....

आधा जीवन बीत गया बेमतलब की दुनियादारी में
आधा जीवन बीत रहा है घर की जिम्मेदारी में
छोटे थे तो सोच बड़ी थी,
दुनियां छोटी लगती थी
हर सपनाअपना लगता था,
हर मंजिल अपनी लगती थी
बड़े हुए तो जाना हमनें,
दुनियां का दस्तूर
कौन दूर का पास था दिल के,
कौन पास का दूर
दिल के जख्म छिपाते फिरते,
सिर पर बोझ लिए उम्मीदों का
आधा जीवन बीत गया बेमतलब की दुनियां दारी में
आधा जीवन बीत रहा है, घर की जिम्मेदारी में
वो चेहरे जो अक्सर
दिन में हंसते मिल जाते हैं
रात से पूछे कैसे
टूट के रोते हैं
दुनिया की इस
ऊपापोह में
क्षोभ, व्यथा, असीमित वेदना
अक्षि अश्रु को छिपते9छिपाते
दिल टूटे तो फफक9फफक कर
रोने वाले चौखट की चार दीवारी में
आधा जीवन बीत गया बेमतलब की दुनियादारी में
आधा जीवन बीत रहा घर की जिम्मेदारी में।

के के तिवारी
दिल्ली प्रांत

राम की महिमा

राम महिमा का कैसे करूँ मैं बखान।
भाव छोटे मेरे राम इतने महान।।
कंटकों पर चले पांखुरी के पले।
वन को घर कर लिया इक वचन के लिए।।
राज महलों को तज, राज धर्मों को तज।
पुत्र के धर्म की लौ बढ़ाने लगे।।
तात की बात पर कौन छोड़े जहान।
राम इतने महान राम इतने महान।।
राम महिमा...... ।
एक पग में जो तीनों जगत नाप दे।
वो अयोध्या कुंवर एक याचक बने।।
पार सरयू के केवट ने जिनको किया।
सात सागर है वो आचमन में लिए।।
पांव धुलवा केवट का रखा था मान।
राम इतने महान, राम इतने महान।।
राम महिमा का...... ।
आवरण धैर्य का भावना प्रीत की।
स्वंय भगवान की साधिका भीलनी।।
बात ये थी लखन की समझ से परे।
जूठे बेरों में थी प्रेम की चाशनी।।
फल तपस्या का शबरी के कृपानिधान।
राम इतने महान, राम इतने महान।।
राम महिमा......।

प्रतिभा दुबे आश्वी
रीवा म0प्र0

राम नाम

निज का सोता भाग्य जगाओ ।
मन मंदिर में राम बसाओ ।।
जीवन से कुछ समय निकालो ।
राम चरण में ध्यान लगा लो ।।
रुकता नहीं समय की धारा ।
चाहे रुक जाए जग सारा ।।
दोष न देना तुम भगवन को ।
रोको अपने चंचल मन को ।।
नजर गड़ाए सब पर रहता ।
कुछ इससे कुछ उससे कहता ।।
धन के लिए भागता रहता ।
सुख की खातिर दुख भी सहता ।।
राम नाम है अति सुखदाई ।
कभी- कभी तो जप ले भाई ।।
राम नाम ही पार लगाए ।
तेरा सोता भाग्य जगाए ।
राम नाम का जाप किया कर ।
जो है तेरे पास दिया कर ।।
यह सारा जीवन है माया ।
जिसमें मिट जाएगी काया ।।
कभी न निज पर इतराया कर ।
औरों को न तो सताया कर ।।
राम नाम में सुख पाया कर ।
अपना कर्तव्य निभाया कर ।।

ज्ञानन्द चौबे ज्ञान
झारखंड

प्रेम सरोवर

न जाने कहाँ खो जाते हो,प्रीत की गंगा बहा कर।
मुझे रुलाते हो,खुद हंसते हो,होठों को दबा कर।
सच कहती हूँ कृष्ण तुम्हारे छुपने से हूँ बेकरार।
मानो ना मानो कृष्ण,राधा करती है तुमसे प्यार।
लुका छुप्पी का खेल में,नहीं तड़पो,ना तड़पाओ।
मैं थक हार कर,कदम तले बैठ गई सामने आओ।
प्रेम सरोवर में आओ कृष्णा,मैं तुम्हारा पग धोऊँगी।
इस बार ना आओगे तो मैं,चीख,चीख कर रोऊँगी।
देखो सखा मुझे देखकर,सखियाँ करतीं हैं ठीठोली।
फिर कभी नहीं कहना कान्हा,राधे कुछ नहीं बोली।
जरा सामने तो आओ छलिए,तब मैं तुझे बताऊँगी।
जुदाई का दर्द कैसा होता है,मैं भी तुझे सिखाऊँगी।
कृष्णा मेरा दुख देखकर नदी यमुना भी सुख चली।
आज शांत हो गया पवन पुरवाई,पत्ते भी नहीं हिली।
हृदय में गम से भरी झरोखे से,मैं तुझे झाँक रही हूँ।
प्रेम सरोवर के कंचन जल में कृष्ण, मैं ढूँढ रही हूँ।



श्रीमती देवन्ती देवी
चंद्रवंशी
धनबाद झारखंड

राम अवध हैं लौटते

वायु सुगंधित हो गई,झूमे आज बहार।
राम अवध हैं लौटते, फैल रहा उजियार।।
सरयू तो हर्षा रही,हिमगिरि है खुश आज।
मंगलमय मौसम हुआ,धरा कर रही नाज़।।
सबके मन नर्तन करें,बहुत सुहाना पर्व।
भक्त कर रहे आज सब,इस युग पर तो गर्व।।
सकल विश्व को मिल गया,एक नवल उपहार।
राम अवध हैं लौटते, फैल रहा उजियार।।
जीवन में आनंद अब,दूर हुई सब पीर।
नहीं व्यग्र अंतःकरण,नहीं नैन में नीर।।
सुमन खिले हर ओर अब,नया हुआ परिवेश।
दूर हुआ अभिशाप अब,परे हटा सब क्लेश।।
आज धर्म की जीत है,पापी की तो हार।
राम अवध हैं लौटते,फैल रहा उजियार।।
आज हुआ अनुकूल सब,अधरों पर है गान।
आज अवध में पल रही,राघव की फिर आन।।
आतिशबाज़ी सब करो,वारो मंगलदीप।
आएगी संपन्नता,चलकर आज समीप।।
बाल-वृद्ध उल्लास में,उत्साहित नर-नार।।
राम अवध हैं लौटते,फैल रहा उजियार।।
जीवन अब अनुरागमय,सधे सभी सुर आज।
प्रभु राघव का हो गया,हर दिल पर तो राज।।
भक्तों ने हनुमान बन,किया राम का काज।
दुष्टों पर आवेग में,गिरी आज तो गाज।।
साँच और शुभ रीति से,चहके हैं घर-द्वार।।
राम अवध हैं लौटते,फैल रहा उजियार।।
तुलसी बाबा खुश हुए,त्रेता का यह दौर।
सारे सब कुछ भूलकर,करें राम पर गौर।।
दौड़ रहे साकेत को,बोल रहे जय राम।
प्रभुदर्शन में बस गया,दिव्य ललित आयाम।।
आओ राघव! आपका,बार-बार सत्कार।
राम अवध हैं लौटते,फैल रहा उजियार।।

प्रो (डॉ) शरद नारायण खरे
प्राचार्य
शासकीय जे.एम.सी.महिला महाविद्यालय
मंडला, मप्र

जीएसटी पंजीकृत व्यापारियों के परिजनों को 10 लाख का दुर्घटना बीमा मिलेगा

व्यापारियों के हितों के लिये संगठन संघर्षरत - राजेन्द्र केशरवानी

लोकमित्र ब्यूरो

प्रतापगढ़। उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के रा.,प्रा. अध्यक्ष बनवारीलाल कंछल ने विगत सप्ताह प्रतापगढ़ आकर जिले के चारों कमेटियों के पदाधिकारियों साथ बैठक कर प्रांतीय कमेटी के अनवरत मांगों व संघर्षों के उपरांत व्यापारियों के हित हेतु सरकार द्वारा प्रदत्त अनेक योजनाओं के संदर्भ में तथा जून माह में प्रांतीय कमेटी के चुनाव के सुनिश्चित होना बताया और इसे जनपद के सभी बाजारों में दौरा व बैठक कर वहां के पदाधिकारियों एवं व्यापारियों से सभी योजनाओं व मिलने वाली सुविधाओं को बताने का दिशा निर्देशन जिलाध्यक्ष राजेंद्र कुमार केसरवानी को दिया।अध्यक्ष कंछल जी के निर्देशन पर जिलाध्यक्ष राजेंद्र कुमार केसरवानी के नेतृत्व में जिला महामंत्री संजय सोनी जिला उपाध्यक्ष सुरेश चंद केसरवानी व जिला कोषाध्यक्ष अभय खंडेलवाल ने जनपद के कटरामेंदनी, मोहनगंज, जेठवारा, डेरवा, बाघराय, बिहार बाजार, कुंडा, मानिकपुर, आला बाजार और परियांवा बाजार में जाकर दौरा किया।उपरोक्त सभी बाजारों में दौरा कर जिलाध्यक्ष राजेंद्र कुमार केसरवानी

सहित कमेटी ने वहां के अध्यक्ष संरक्षक महामंत्री कोषाध्यक्ष उपाध्यक्ष आदि अन्य सभी उपस्थित पदाधिकारियों एवं व्यापारियों संग बैठक कर समस्याओं पर चर्चा की। संगठन के प्रयास से जीएसटी पंजीकृत व्यापारियों को 10 लाख का दुर्घटना बीमा परिजनों को मिलने लगा है, 40 लाख से कम टर्नओवर वाले व्यवसायों को पोर्टल पर पंजीकृत होने पर 5 लाख का दुर्घटना बीमा परिवार को दिया जाएगा, आयकर दाता व्यवसायियों को 3000 मासिक पेंशन 60 साल की आयु के बाद देना शुरू हुआ है जिसे कंछल जी 30,000 मासिक की मांग कर रहे हैं। पंजीकृत व्यापारियों को 5 लाख का चिकित्सा योजना मिलना प्रारंभ हुआ है, पंजीकृत व्यापारियों का प्रतिष्ठान जल जाने पर 10 लाख रु का जलैती बीमा व व्यापारी के साथ लूट होने पर 10 लाख रु का छिनैती बीमा का मांग अभी भी जारी है जिसे सरकार ने जल्द पूरा करने का अश्वासन भी दिया है और सभी को यह भी बताया कि. कंछल जी ने व्यापारियों के मांग पर सरकार से 45 दिनों में टर्नोवर ना होने पर उसपर लगने वाले कर के नए अध्यादेश को स्थगित करने की मांग की है।उपरोक्त सभी बाजारों में बैठक कर सभी योजनाओं व सुविधाओं और जून माह में होने वाले प्रांतीय चुनाव के संदर्भ में बताते हुए जिलाध्यक्ष महोदय ने व्यापारियों को मजबूती प्रदान करने के लिए व्यापार मंडल के साथ सभी व्यापारियों को एक जुट होकर संगठित रहने के लिए प्रेरित किया। साथ ही स्थानीय व्यापारिक समस्याओं के बारे में पूछा ?'सभी बाजारों में विभिन्न समस्याएं जैसे कि कहीं जीएसटी विभाग से 2017-18-19-20 के नोटिस की समस्या कहीं रंगबाजी कहीं अधिक विद्युत बिल कहीं नाला नाली ना होने से जलभराव कहीं पेंशन योजना कहीं राष्ट्रीकृत बैंक व विद्युत लाइन की मांग तो कहीं साप्ताहिक बन्दी और परियांव में इंटरसिटी ट्रेन के ठहराव की मांग व्यापारियों की रहीं।'उपरोक्त सभी बाजारों की समस्याओं से अवगत होकर उसके निस्तारण हेतु जिलाध्यक्ष महोदय ने जिला स्तर और प्रदेश स्तर पर सम्बन्धित अधिकारियों से कार्यवाही करवा कर समस्याओं को हल करवाने की बात कही।''अंततः इन बाजारों में जिलाध्यक्ष राजेंद्र कुमार केसरवानी की कमेटी के दौरे से और बाजार के व्यापारियों को व्यापार मंडल के प्रयास से मिलने वाली समस्त सरकारी योजनाओं व सुविधाओं को जानकर तथा अपनी समस्याओं को अवगत करा कर अति प्रसन्नचित व उत्साहित रहे।

खानकाह में शान से मना शाह मखदूम हुशामुल हक का उर्स

ऐतिहासिक नगरी मानिकपुर में अकीदतमंदों की जुटी भीड़

लोकमित्र ब्यूरो

कुंडा-प्रतापगढ़। ऐतिहासिक नगरी मानिकपुर के खानकाह शाह महमूद हुसामुल हक का उर्स बड़े ही सजदे के साथ मनाया गया। उर्स मुबारक में अकीदतमंदों का लगा तांता लगा रहा। अकीदतमंद लोग शामिल होने के लिए दूरदराज से आए मजारे मुबारक पर अपनी अपनी हाजरी पेश की। साहिबे सज्जादा शाह अहमद हुशामी मियां उर्फ़ अफसर मियां के घर से गागर चादर सन्दल उठकर पहले पीर करीम शाह रहमतुल्लाह अलै के आस्ताने पर फिर उसके बाद शाह मखदूम हुसामुल हक के आस्ताने पर पहुंची। गागर चादर सनदल में शामिल होने के लिए लोगों का एक शानदार हुजूम लग गया। चादर जैसे ही मजारे मुबारक पर पहुंची लोगों ने अपने-अपने अकीदत के साथ मजरे मुबारक पर सनदल चादर फूल इत्र पेश किया। उसके बाद शाह अहमद हुसामी मियां उर्फ़ अफसर मियां, शाह साऊद हुसामी मियां, शाह ताहिर हुसामी मियां, शाह उजैर हुसामी मियां,अनवर हुसामी मियां सभी लोगों ने एक साथ मजारे मुबारक पर हाजरी देकर फतहा पढ़ी। उसके बाद सभी लोगों ने मिलकर मुल्क में अमन और चैन सलामती की दुआएं मांगी। सभी लोगों ने तबरूकात खाये उसके बाद महफिले शमा शुरू हुई। खानकाही कौव्वाल उरूज़ मस्ताना ने अपने सूफी कलाम से महफिल में चार चांद लगा दिया। लोगों ने खुब लुत्फ उठाया । शाह अहमद हुसामी मियां ,शाह साऊद हुसामी मियां, शाह ताहिर हुसामी मियां, शाह उजैर हुसामी मियां,ने आए हुए मेहमानों का शानदार इस्तकबाल किया। शाह अहमद हुसामी मियां उर्फ़ अफसर मियां ने दूर दराज से आए हुए लोगों का शुक्रिया अदा किया। आयें हुए लोगों ने अपने पीर शाह अहमद हुसामी मियां उर्फ़ अफसर मियां,से लोगों ने अपने व अपने घर वालों के लिए दुआएं की दरखास्त की। शाह साऊद हुसामी मियां ने बताया कि इस वक्त मजारे मुबारक का काम बढ़िया है। अगले साल शानदार तरीके से उर्स मुबारक मनाया जायेगा।

अनियंत्रित बाइक पेड़ से टकराई एक की मौत,दूसरे की हालत गम्भीर

पट्टी,प्रतापगढ़। बाइक से पट्टी आ रहे दो युवक अनियंत्रित होकर खजूर के पेड़ से टकरा गए। गंभीर रूप से घायल दोनों युवकों को इलाज के लिए जिला मेडिकल ले जाया गया जहां पर एक की मौत हो गई जबकि दूसरे को गंभीर हालत में स्वरूप रानी प्रयागराज रेफर किया गया है।कोतवाली क्षेत्र के भोलापुर गांव निवासी सुनील वर्मा अपने साथी राजेश हरिजन के साथ मंगलवार की रात करीब 8 बजे जरूरी काम से बाइक से पट्टी बाजार आ रहा था इस दौरान शारदा सहायक खंड 36 के पहले खजूर के पेड़ से वह टकरा गया। जिसमें दोनों को गंभीर चोटे आ गई घायलों को इलाज के लिए जिला मेडिकल कॉलेज ले जाया गया जहां पर इलाज के दौरान राजेश हरिजन की मौत हो गई जबकि सुनील की गंभीर हालत के चलते स्वरूप रानी प्रयागराज रेफर किया गया है जहां उसकी हालत गंभीर बताई जा रही है। इस संबंध में कोतवाल आलोक सिंह का कहना है की घटना की जानकारी उन्हें दी गई थी एक युवक की मौत हुई है जिसके पंचनामे के लिए पुलिस को जिला मेडिकल कॉलेज भेजा गया । दूसरे की हालत गंभीर है उसका इलाज स्वरूप रानी में चल रहा है।

गोवर्धन पूजा उत्सव में भगवान श्रीकृष्ण की महिमा का हुआ बखान

लालगंज, प्रतापगढ़। नगर के सांगीपुर वार्ड में बुधवार को गोवर्धन पूजा उत्सव में श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध देखा गया। श्रीरामचरितमानस पाठ के साथ संस्कृत विद्वान पं. विद्याभूषण शुक्ल जी के वैदिक मंत्रोच्चारण के मध्य भगवान श्रीकृष्ण का श्रद्धालुओं ने पूजन अर्चन किया। पं0 विद्याभूषण शुक्ल ने कहा कि गोवर्धन पूजा हमें भगवान श्रीकृष्ण द्वारा निरंकुशता के अभिमान को चूर चूर कर धर्म की रक्षा का संदेश प्रदान किया करती है। संयोजक पं. श्याम सुन्दर त्रिपाठी व संयुक्त अधिवक्ता संघ के पूर्व महामंत्री शेषनाथ तिवारी ने उत्सव में संस्कृत विद्वान पं. विद्याभूषण शुक्ल को सम्मानित किया। गोवर्धन पूजा उत्सव को लेकर हुए भण्डारे में भी देर शाम तक श्रद्धालु महाप्रसाद ग्रहण करते दिखे। कार्यक्रम के सह संयोजक शम्भूनाथ त्रिपाठी तथा ज्ञानप्रकाश त्रिपाठी के संयोजन में हरेकृष्ण हरे राधे का मनमोहक संकीर्तन भी हुआ। इस मौके पर चेयरपर्सन प्रतिनिधि संतोष द्विवेदी, सभासद कैलाशनाथ त्रिपाठी, दिलीप शुक्ल, प्रो. श्यामबिहारी शुक्ल, आचार्य विनोद कुमार त्रिपाठी, रामसुमेर मिश्र आदि रहे।

(फार्म नं0 2 ए)
न्यायालय श्रीमान अपर उपजिलाधिकारी प्रथम महोदय प्रतापगढ़
मु0नं0 480/427/135
अन्तर्गत आर्डर 5 नियम 20जा0 दी0
नाम फरीकेन पुत्नी लाल आदि वादहू
रामजतन बनाम बच्चू लाल आदि बनाम
1/1 भजन 1/2 राममूरत सुतगण कालीदीन नि0ग्राम सहबाजपुर त0 सोरांव जिला प्रयागराज 2. मो0 शरीफ 3. निसार अहमद सुतगण मोसिम अली नि0 ग्राम बहरापुर पो0 वैशपुर प0त0 सदर जिला प्रतापगढ़ 4. गावसभा द्वारा ग्राम प्रधान सा0 छितपालगढ़ प0 सदर त0 रानीगंज जिला प्रतापगढ़ 5. सरकार द्वारा श्रीमान जिला अधिकारी महोदय प्रतापगढ़ 6. रामदयाल सुत राम अधार मौर्या नि0 ग्राम मोहम्मदपुर (सराय अली) पो0 मऊआइमा त0 सोरांव जिला प्रयागराज 7. रामजी पत्नी जोखू लाल नि0 ग्राम छितपालगढ़ प0 सदर त0 रानीगंज प्रतापगढ़
तारीख पेशी 18.04.2024

यह कि उपरोक्त वाद/प्रार्थना पत्र इस न्यायालय में आपके विरूद्ध प्रस्तुत किया गया है। एततदवरा आपको इस जरिये सम्मन नोटिस आदेशित किया जाता है कि दिनांक 18.04.2024 को समय 10.00 बजे स्वयं या मार्फत अपने अधिवक्ता इस न्यायालय में उपस्थित होकर जबाबदेही दावा करें। ऐसा न करने पर उक्त वाद/आवेदन-पत्र एक पक्षीय रूप से सुना जायेगा और अवधारित किया जायेगा।

मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा लगाकर आज दिनांक माह सन् को जारी किया गया ।

न्यायालय की आज्ञा से
मुन्सरिम

चिकित्सक की लापरवाही से महिला की मौत

सडक पर शव कर किया प्रदर्शन एसडीएम के आश्वासन पर माने परिजन

लोकमित्र ब्यूरो

कटरा गुलाब सिंह,प्रतापगढ़। मंगलवार की अपरान्ह नगर पंचायत कटरा गुलाब सिंह के पार्वती हॉस्पिटल में इलाज के दौरान महिला की हुई मौत की घटना में आज दोपहर पोस्टमार्टम के पश्चात घर आए शव का अंतिम संस्कार करने से परिजनों ने इंकार कर दिया और लाश को घर के पास मांधाता रोड के किनारे रख कर आरोपी डाक्टर के खिलाफकार्रवाई करने और पीड़ित को आर्थिक सहायता दिलाने की मांग करने लगे। लाश रखकर प्रदर्शन करने की खबर मिलते ही मौके पर पुलिस बल के साथ इंस्पेक्टर धर्मेंद्र सिंह मौके पर पहुंच गए। उपजिलाधिकारी सदर व क्षेत्राधिकारी के साथ क्षेत्रीय विधायक जीत लाल पटेल, नगर पंचायत अध्यक्ष अशोक कुमार यादव,लालजी सिंह, कई सभासद और मीडिया के लोग भी आ गए।सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण भी मौजूद रहे।पीड़ित पक्ष की ओर से पच्चास लाख रुपए , दो बीघा जमीन, एक व्यक्ति को नौकरी और आरोपी डाक्टर के खिलाफ कार्रवाई की मांग की गई जिसे एस डी एम ने शासन को भेज कर स्वीकृत कराने का आश्वासन दिया तो परिजन शव को दफनाने पर राजी हुए।नगर पंचायत कटरा गुलाब सिंह में अमर जनता इंटर कॉलेज के समीप डॉक्टर ऋषि कुमार पटेल द्वारा संचालित पार्वती हॉस्पिटल में पूरे तोरई गांव की महिला रिंकी देवी 32 वर्ष पत्नी राजबहादुर को गंभीर हालत में भर्ती कराया गया था। बताते हैं कि महिला ने कोई दवा खाया था जिसके कारण रात से ही उसको ब्लीडिंग हो रही थी सुबह करीब नौ बजे जब उसको पार्वती हॉस्पिटल ले जाया गया तो अत्यधिक रक्तस्राव के कारण उसका बी पी काफी नीचे जा चुका था। जिससे उसकी मौत हो गई। मौत की खबर मिलते ही गांव के सैकड़ो लोग अस्पताल में जमा हो गए और डॉक्टर पर इलाज में लापरवाही बरतने का आरोप लगाते हुए हंगामा करने लगे । सूचना मिलते ही पुलिस चौकी कटरा गुलाब सिंह प्रभारी गणेश दत्त पटेल के साथ इंस्पेक्टर धर्मेंद्र सिंह मयफोर्स मौके पर पहुंच गए और लोगों को समझा बुझाकर शांत कराया तथा शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतका के पति राज बहादुर ने अस्पताल के डॉक्टर ऋषि कुमार पटेल और महिला डॉक्टर पार्वती पटेल पर इलाज में लापरवाही बरतने का आरोप लगाते हुए कार्रवाई करने की मांग कर रहे थे। नगर पंचायत क्षेत्र में पार्वती हॉस्पिटल की तरह कई नर्सिंग होम स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों के संरक्षण में संचालित हो रहे हैं जहां मरीज का खुलेआम शोषण ही नहीं उनके जीवन से भी खिलवाड़ किया जाता है ।

एसडीएम के हवन पूजन के साथ ज्वाला देवी का नवरात्र मेला संपन्न

लोकमित्र ब्यूरो

कुंडा-प्रतापगढ़। धार्मिक नगरी मानिकपुर स्थित सिद्धपीठ मां ज्वालामुखी देवी धाम के वासंतिक नवरात्र का धार्मिक मेला उपजिलाधिकारी/मंदिर ट्रस्ट उपाध्यक्ष भरत राम जी तथा मंदिर ट्रस्ट सचिव डॉक्टर विजय यादव के संयुक्त रूप से देवी मां के हवन पूजन के साथ मेला सकुशल संपन्न हो गया। नवरात्रि के प्रथम दिवस को आदि शक्ति मां जगदंबा दुर्गा का प्रथम स्वरूप शैलपुत्री के रूप में मंदिर पर भक्ति भावना के साथ पूजी गई थी तथा अलग-अलग दिनों पर अपने विभिन्न स्वरूपों में पूजी जाने वाली आदिशक्ति नवरात्र के अंतिम दिन सिद्धिदात्री के रूप मे पूजी गई। नौ दिनों तक घंटा घड़ियाल शंख और मां के जयकारे से पूरा क्षेत्र गूंजायमान हो रहा था। जहां प्रतिदिन बड़ी संख्या में भक्तगण माता के दरबार में माथा टेकने पहुंचे थे। मेले में पुलिस प्रशासन की तरफ से कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की गई थी। मेले को सकुशल संपन्न कराने में नगर पंचायत मानिकपुर व पुलिस का महत्व पूर्ण योगदान रहा। मेला समापन के अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि आशुतोष जायसवाल उर्फ डिंपू भैया, अधिशासी अधिकारी अजीत कुमार सिंह, राजकुमार यादव राकेश जायसवाल समय बड़ी संख्या में अन्य लोग मौजूद रहे। मेला सकुशल संपन्न होने पर मंदिर ट्रस्ट सचिव डॉक्टर विजय यादव ने प्रशासन के अलावा नगर प्रशासन मंदिर ट्रस्ट के सहयोगियों के प्रति धन्यवाद व आभार व्यक्त किया है।

20 लीटर अवैध शराब बरामद,दो महिलायें गिरफ्तार

लोकमित्र ब्यूरो

कुण्डा,प्रतापगढ़। पुलिस ने 20 लीटर अवैध शराब बरामद किया है साथ ही दो महिलायें भी गिरफ्तार की गयी है। जनपद के थाना महेशगंज से उ0नि0 श्री जयकुशुन यादव मय हमराह हे0का0 सत्यपाल सिंह, का0 प्रिन्स सेन,म0का0 सपना' द्वारा देखभाल क्षेत्र, तलाश वांछित, वारण्टी अभियुक्त, संदिग्ध व्यक्ति, वाहनों की चेकिंग के दौरान थाना क्षेत्र महेशगंज के ग्राम ऐंधा से 01 अभियुक्ता 'गुड़िया देवी पत्नी रामसुख सरोज निवासी ग्राम ऐंधा थाना महेशगंज , जनपद प्रतापगढ़' को 10 लीटर अवैध कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। उक्त बरामदगी के संबंध में थाना स्थानीय पर 'मु0अ0सं0 62,2024 धारा 60(2) आबकारी अधि0' का अभियोग पंजीकृत किया गया है।जनपद के थाना महेशगंज से उ0नि0 श्री शिशिर पटेल मय हमराह म0उ0नि0 वन्दना वर्मा, म0का0 निशा चौहान' द्वारा देखभाल क्षेत्र, तलाश वांछित, वारण्टी अभियुक्त, संदिग्ध व्यक्ति, वाहनों की चेकिंग के दौरान थाना क्षेत्र महेशगंज के ग्राम रायअसकरनपुर से 01 अभियुक्ता 'शर्मिला सरोज पत्नी श्रीराम सरोज निवासी ग्राम बेचू का पुरवा रायअसकरनपुर थाना महेशगंज , जनपद प्रतापगढ़' को 10 लीटर अवैध कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। उक्त बरामदगी के संबंध में थाना स्थानीय पर 'मु0अ0सं0 61,2024 धारा 60(2) आबकारी अधि0' का अभियोग पंजीकृत किया गया है।

फर्जी लेबर इंस्पेक्टर को पुलिस ने किया गिरफ्तार भेजा जेल

पट्टी,प्रतापगढ़।थाना आसपुर देवसरा क्षेत्र के नगर पेट्रोल पंप पर रात के समय निजी कार से दो लोग पहुंचे और अपने आप को लेबर इंस्पेक्टर लखनऊ बताकर पेट्रोल पंप कर्मचारियों के साथ गाली गलौज करने लगे। क्षेत्र में गस्त कर रही आसपुर देवसरा पुलिस जब मौके पर पहुंची उसके बारे में जानकारी की तो उसने अपना फर्जी लेबर इंस्पेक्टर का कार्ड दिखाकर धौस जमाने का प्रयास किया। लेबर इंस्पेक्टर का आई कार्ड देखकर थानाध्यक्ष आसपुर देवसरा संतोष सिंह को जब शक हुआ तो उन्होंने उसकी पूरी जांच पड़ताल की तो पता चला कि फर्जी लेबर इंस्पेक्टर है। फर्जी लेबर इंस्पेक्टर का आई कार्ड दिखा कर धौंस दिखाने वाले सुभाष शर्मा पुत्र सियाराम शर्मा निवासी 3ध्524 सेक्टर 3 जानकीपुरम थाना जानकीपुरम लखनऊ को गिरफ्तार कर संबधित विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जेल भेजा है।नकली लेबर इंस्पेक्टर के साथी संदीप मिश्रा पुत्र शेषनाथ मिश्रा निवासी करौंदी कलां जनपद सुल्तानपुर के उपर भी 504,506 के तहत आसपुर देवसरा की पुलिस ने कार्यवाही की है। साथ ही ये लोग जिस सेंट्रो कार से फर्जी लेबर इंस्पेक्टर का आई कार्ड को लेकर घूम रहे थे उस कार को भी आसपुर देवसरा पुलिस ने सीज कर दिया गया है।

लूट के मामले में अभियुक्त गिरफ्तार,नकदी बरामद

रानीगंज,प्रतापगढ़। पुलिस ने लूट के मामले में अभियुक्त को गिरफ्तार कर नगदी बरामद किया है।पुलिस अधीक्षक, प्रतापगढ़ श्री सतपाल अंतिल के निर्देशन व अपर पुलिस अधीक्षक, पूर्वी श्री दुर्गेश कुमार सिंह के नेतृत्व में' आज दिनांक 17.04.2024 को जनपद के थाना रानीगंज के 'उ0नि0 श्री रोहित कुमार मय हमराह उ0नि0 अमित कुमार सिंह, हे0का0 अमरनाथ यादव, का0 मनोज कुमार द्वारा स्वॉट टीम प्रतापगढ़ की मदद से' देखभाल क्षेत्र, तलाश वांछित, वारण्टी अभियुक्त के दौरान मुखबिर की सूचना पर, मु0अ0सं0 116,24 धारा 392 भादवि से संबंधित 01 अभियुक्त रोशन उर्फरोशनलाल पुत्र कल्लूराम निवासी ग्राम द्वारिका थाना रानीगंज जनपद प्रतापगढ़ को थाना रानीगंज क्षेत्रान्तर्गत वंशी तिराहा मोड़ के पास से गिरफ्तार किया गया । गिरफ्तार अभियुक्त रोशन उर्फरोशनलाल उपरोक्त के कब्जे से लूट के 2700 रुपये बरामदगी के संबंध में मु0अ0सं0 116,24 धारा 411,120बी भादवि से की बढ़ोत्तरी की गई ।उपरोक्त लूट के अभियोग से संबंधित 01 अभियुक्त विनीत कुमार पुत्र धर्मप्रकाश निवासी ग्राम बडौरा थाना मऊआइमा जनपद प्रयागराज को दिनांक 15.04.2024 को घटना में प्रयुक्त 01 मोटर साइकिल, लूट का 01 मोबाइल फोन, रूपये 9000- नकद तथा 01 अवैध तमंचा व 02 जिन्दा कारतूस 315 बोर के साथ पूर्व में गिरफ्तार किया जा चुका है ।

घर में अकेली किशोरी के साथ गांव के युवक ने किया दुष्कर्म

पट्टी,प्रतापगढ़। किशोरी के माता-पिता खेत में काम करने गए हुए थे। इस दौरान गांव के एक युवक ने घर में घुसकर उसके साथ दुष्कर्म किया। जिसकी शिकायत पुलिस से की गई है। कोतवाली क्षेत्र के जलालपुर किठौली गांव के एक व्यक्ति ने पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर आरोप लगाया है कि वह अपनी पत्नी के साथ दो दिन पूर्व खेत में काम करने गया हुआ था। घर पर उसकी बेटी अकेली थी। इस दौरान गांव का एक युवक उसके घर में घुस गया तथा उसकी 12 वर्षीय बेटी के साथ दुष्कर्म किया। जिसकी जानकारी उसने परिजनों को दी। परिजन किशोरी को ले कर थाना पहुंचे। पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है। इस संबंध में कोतवाल आलोक सिंह का कहना है की प्रार्थना पत्र मिला है। मुकदमा दर्ज कर अग्रिम कार्रवाई की जा रही है।

पिता के उकसावे पर युवक की पिटाई

पट्टी,प्रतापगढ़। कस्बे के तुर्कान मोहल्ले मे पिता के उकसाने पर एक युवक वा उसके परिवार को उसके सगे भाई ने ही मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़ित ने थाने पर प्रार्थना पत्र दिया है। तुर्कान मोहल्ले की आजरीन बानो पत्नी रहमान अली ने पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर आरोप लगाया है कि उसके पति के पिता के उकसाने पर उसके परिवार के ही लोग उसे उसके पति तथा उसकी देवरानी को मारपीट कर घायल कर दिया। इस मारपीट में उसके पति के पैर में गंभीर चोटे आई है।

मारपीट में महिला घायल

लोकमित्र ब्यूरो

कुंडा प्रतापगढ़ कोतवाली क्षेत्र के शेखपुर गांव निवासी सलीम के 54 वर्षीय बेटे शमीम की 50 वर्षीय पत्नी इसरतुल को आपसी विवाद के चलते गांव के ही कुछ लोगों ने पीटकर घायल कर दिया। परिजनो ने घायल को सीएचसी लाकर इलाज कराया और आरोपितों के खिलाफ पुलिस को नामजद तहरीर दी है। पुलिस मामले की जांच कर कार्रवाई की बात कह रही है।

अवैध तमंचा,कारतूस बरामद,अभियुक्त गिरफ्तार

कंधई,प्रतापगढ़। पुलिस ने अवैध तमंचा,कारतूस के साथ अभियुक्त गिरफ्तार किया गया है।पुलिस अधीक्षक प्रतापगढ़ श्री सतपाल अंतिल के निर्देशन' में जनपद के थाना कंधई के 'उ0नि0 श्री भूपेशनाथ सिंह मय हमराह का0 बृजभान चौहान, का0 सूर्यवंशी, का0 पिंटू चौहान' द्वारा देखभाल क्षेत्र, तलाश वांछित वारण्टी अभियुक्त के दौरान मुखबिर की सूचना पर '01 अभियुक्त कप्तान भाटी पुत्र मोतीलाल निवासी सिकरी कानुपुर थाना कंधई, जनपद प्रतापगढ़' को 01 अदद अवैध तमंचा 315 बोर व 01 अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर के साथ थानाक्षेत्र कंधई के परसण्डा चौराहा ग्राम सिकरीकानुपुर के पास से गिरफ्तार किया गया। उक्त बरामदगी के संबंध में 'थाना कंधई पर मु0अ0सं0 99,2024 धारा 3,25 आर्म्स एक्ट' का अभियोग पंजीकृत किया गया है।

ग्रामसभा में भ्रष्टाचार व्याप्त , बीडीओ से हुई शिकायत

बिहार /प्रतापगढ़ बिहार ब्लॉक के त्रिलोकपुर ग्रामसभा के स्थानीय निवासी ने खंड विकास अधिकारी बिहार अश्वनी सोनकर को प्रार्थना पत्र देते हुए ग्राम प्रधान सुनील यादव और सचिव के खिलाफ सरकारी धन में बंदर बांट करने का आरोप लगाया है, शिकायतकर्ता ने प्रार्थनापत्र देते हुए बताया है कि सचिव और ग्राम प्रधान ने प्राथमिक विद्यालय व उच्च प्राथमिक विद्यालय में टाइल्स लगाने के कार्य हेतु 1नंबर का मॉल दिखाते हुए,कार्य पूर्ण होने से पूर्व ही 310000 रुपए खारिज कर लिऐ । वहीं पर जब उक्त ने कार्य में हो रहे धांधली का विरोध किया तो ग्रामप्रधान ने जातिसूचक शब्द का प्रयोग करते हुए जान से मारने की धमकी दी। शिकायतकर्ता ने विकास कार्य में हुई धांधली के संदर्भ में जांच कर अपव्यय हुए धन को अटैच करने की अपील की है। बता दें कि उक्त शिकायत के संबंध में प्रगति की जानकारी के लिए जब बीडीओ बिहार से संपर्क करने की कोशिश की गई तो खंड विकास अधिकारी का फोन नही उठा।

5 देसी बम के साथ व्यक्ति गिरफ्तार

कुण्डा,प्रतापगढ़। पुलिस ने 5 देसी बम के साथ अभियुक्त को गिरफ्तार किया है।जनपद के 'थाना नवाबगंज के उ0नि0 रमेश सिंह' मय हमराह उ0नि0 गुलाब सिंह देखभाल क्षेत्र,चेकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर थानाक्षेत्र नवाबगंज के परियावां रेलवे फाटक के पास से 'स्कूटी सवार 01 व्यक्ति रईस अहमद पुत्र मो0 सिद्दीक निवासी ग्राम परियावां थाना नवाबगंज जनपद प्रतापगढ़ को 05 अदद देसी बम के साथ गिरफ्तार' किया गया। उक्त बरामदगी के संबंध में 'थाना नवाबगंज में मु0अ0सं0 54,2024 धारा 4,5 विस्फोटक अधिनियिम' का अभियोग पंजीकृत किया गया।

हत्या के प्रयास के अभियोग में अभियुक्त गिरफ्तार

पट्टी,प्रतापगढ़। पुलिस ने हत्या के प्रयास के अभियोग में अभियुक्त को गिरफ्तार किया है।पुलिस अधीक्षक प्रतापगढ़ श्री सतपाल अंतिल के निर्देशन में' थाना पट्टी के 'उ0नि0 श्री श्यामसुन्दर गिरि मय हमराह का0 विधिचन्द्र, का0 गुलशन यादव' द्वारा देखभाल क्षेत्र, विवेचना के दौरान मुखबिर की सूचना पर थाना स्थानीय पर पंजीकृत 'मु0अ0सं0 536,2023 धारा 307,323,504,506,341,427 भादवि' के अभियोग से संबंधित वांछित 01 वांछित अभियुक्त 'अंकित सिंह पुत्र राकेश सिंह निवासी ग्राम असुढी थाना पट्टी जनपद प्रतापगढ़ जनपद प्रतापगढ़' को थाना क्षेत्र के कुम्हिया मोड़ कस्बा पट्टी के पास से गिरफ्तार किया गया ।

सड़क हादसों में कई घायल

लोकमित्र ब्यूरो

कुंडा प्रतापगढ़ ।बाघराय थाना क्षेत्र के लोसनापुर गांव निवासी अमरेश कुमार का 45 वर्षीय बेटा दिलीप कुमार बाइक से जाते समय वाहन की टक्कर से घायल हो गया। संग्रामगढ़ थाना क्षेत्र के उमरा खनवारी गांव निवासी बद्री प्रसाद का 45 वर्षीय बेटा विषपाल बाइक से जाते समय वाहन की टक्कर से घायल हो गया। कुंडा के बिदासिन गांव निवासी जगन्नाथ का 62 वर्षीय पुत्र सूर्यबली बाइक से जाते समय वाहन की टक्कर से घायल हो गया।नगर पंचायत के नरसिंहगढ़ मोहल्ला निवासी मोतीलाल पटेल का 55 वर्षीय पुत्र सोहन लाल पटेल बाइक से जाते समय वाहन की टक्कर से घायल हो गया। मानिकपुर थाना क्षेत्र के सैलवारा गांव निवासी जगसेर सरोज का 55 वर्षीय पुत्र सोहनलाल बाइक से जाते समय वाहन की टक्कर से घायल हो गया। आसपास के लोगों ने सभी घायलों को एम्बुलेंस बुलाकर सीएचसी भेजा।

पागल सांड को स्वास्थ्य टीम ने पकड़ा

लोकमित्र ब्यूरो

कुंडा प्रतापगढ़ । कोतवाली क्षेत्र के रहवई गांव में लगभग 15 दिन से पागल सांड ने आतंक मचा रखा था। जिससे लोगों का खेतों में काम करना मुश्किल हो गया था। मंगलवार की सुबह रहवई गांव का नस्सू पटेल पुत्र रामनेवाज खेतों में काम करने के लिए जा रहा था ,,तभी सांड ने उसको दौड़ा लिया और मारकर घायल कर दिया। इससे गुस्साए ग्रामीणों ने घेरकर पकड़ लिया और सांड की जमकर पिटाई कर दी। रहवई प्रधान छेदीलाल यादव ने इसकी सूचना एसडीम कुंडा भारत राम को दी। जिस पर तुरंत संज्ञान लेते हुए एसडीएम कुंडा स्वास्थ्य टीम के साथ रहवई गांव पहुंचे और सांड को बेहोशी का इंजेक्शन लगाकर काबू मे कर लिया।बाद में उसे गोतनी कछार में छोड़वा दिया गया ।

टिकट मिलने के बाद आज पहली बार अपने चुनावी क्षेत्र पहुंचे सपा प्रत्याशी

गाड़ियों में बजते रहे हूटर और सायरन

सपा प्रत्याशी राम भुआल निषाद की काफिले की गाड़ियों में न सिर्फ समाजवादी पार्टी का झंडा लगा था, बल्कि गाड़ियों में हूटर और सायरन भी लोग बजाते नजर आए। यही नहीं छोटे नाबालिग बच्चे भी हाथ में आप-कांग्रेस और समाजवादी पार्टी का झंडा लिए प्रचार करते दिखे। बता दें कि अंबेडकर जयंती के मौके पर सपा ने भीम निषाद का टिकट काटकर राम भुआल निषाद को टिकट दिया है। उनका मुकाबला भाजपा की मेनका गांधी और बसपा के उदराम वर्मा से है। इस मौके पर प्रधान राजनरायण यादव, शिवबहादुर यादव जिला कार्यकारणी सदस्य, बृजेश यादव प्रदेश उपाध्यक्ष युवजनसभा, सुल्तानपुर विधानसभा अध्यक्ष सैफी, श्यामलाल निषाद, देवतादीन निषाद, आनंद निषाद, अशोक यादव, ज्ञानप्रकाश यादव, रामउजागिर यादव, शेरू यादव, व तमाम समाजवादी पार्टी के नेता व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

लोकमित्र ब्यूरो

सुलतानपुर। गोरखपुर से पूर्वांचल एक्सप्रेस वे के रास्ते सुलतानपुर पहुंचे सपा प्रत्याशी राम भुआल निषाद का सपा कार्यकर्ताओं और नेताओं ने स्वागत किया।

सपा प्रत्याशी राम भुआल निषाद की काफिले की गाड़ियों में न सिर्फ समाजवादी पार्टी का झंडा लगा था, बल्कि गाड़ियों में हूटर और सायरन भी लोग बजाते नजर आए। यही नहीं छोटे नाबालिक बच्चे भी हाथ में समाजवादी पार्टी का झंडा लिए प्रचार करते दिखे। मीडिया से बात करते हुए सपा प्रत्याशी राम भुआल निषाद ने पूर्व में घोषित पार्टी प्रत्याशी भीम निषाद को लेकर बयान देते हुए कहा की भीम निषाद को पार्टी में रहना है तो उन्हें उनका साथ देना होगा। वहीं उन्होंने कल उनका पुतला फूंके जाने पर उसे भाजपा की साजिश बताया। राम भुआल निषाद ने कहा कि उनकी टक्कर मेनका गांधी से नहीं है बल्कि उनकी लड़ाई भारतीय जनता पार्टी से है।

इस मौके पर मौजूद रहे सपा जिला अध्यक्ष रघुवीर यादव, शकील अहमद पूर्व लोकसभा प्रत्याशी, पूर्व विधायक गण अनूप संडा, अरुण वर्मा, संतोष पाण्डेय, प्रधान राजनरायण यादव, शिवबहादुर यादव जिला कार्यकारणी सदस्य, बृजेश यादव प्रदेश उपाध्यक्ष युवजनसभा, सुल्तानपुर विधानसभा अध्यक्ष सैफी, श्यामलाल निषाद, देवतादीन निषाद, आनंद निषाद, अशोक यादव, ज्ञानप्रकाश यादव, रामउजागिर यादव, शेरू यादव, व तमाम समाजवादी पार्टी के नेता व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

पुतला फूंकवाना भाजपा की साजिश

पूर्व मंत्री पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे के रास्ते सुल्तानपुर के कूरेभार पहुंचे। जहां पार्टी जिलाध्यक्ष रघुवीर यादव, पूर्व विधायक व राष्ट्रीय प्रवक्ता अनूप संडा, पूर्व लोकसभा प्रत्याशी शकील अहमद समेत पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने उनका स्वागत किया।

इस बीच गठबंधन प्रत्याशी के रूप में राम भुआल निषाद के काफिले में कांग्रेस व आप का झंडा तो दिखाई दिया लेकिन प्रत्याशी के स्वागत में इन दलों के नेता नदारद रहे। मीडिया से बात करते हुए पूर्व मंत्री राम भुआल निषाद पहले ही बयान में वे झूठे साबित हुए हैं। उन्होंने मेनका गांधी का नाम लिए बगैर कहा कि यहां की जनता के बीच में रहने वाला व्यक्ति सांसद हो ऐसा लोग मूड बना चुके हैं। ऐसे लोगों को लोग सांसद नहीं बनाएंगे जिनको जीतने के बाद खोजना पड़ता हो। पूर्व मंत्री यही पर भूल गए कि पूरे देश में सांसद मेनका गांधी ही एक ऐसी सांसद हैं जो हर महीने अपने क्षेत्र का दौरा कर आवास से लेकर ग्रामीण अंचल में जाकर लोगों की फरियाद सुनती हैं। वही पूर्व मंत्री ने एक दिन पूर्व अपने पुतला फूंके जाने के सवाल पर बोले की कोई विरोध नहीं है सब लोग साथ में हैं। ये भाजपा की साजिश है। पूर्व प्रत्याशी भीम निषाद साथ में हैं इस सवाल पर उन्होंने कहा कि अगर समाजवादी पार्टी में रहना है तो साथ रहेंगे ही।

आग से कई बीघे गेहूं की फसल जलकर राख

लंभुआ में भाजपा नेता की 40 बीघे फसल हुई तबाह कूरेभार में ग्रामीणों का आरोप फायर ब्रिगेड का नहीं लगा फोन

लोकमित्र ब्यूरो

सुल्तानपुर। बुधवार को अलग-अलग थानाक्षेत्रों में आग का कहर देखने को मिला है। लंभुआ, दोस्तपुर, कूरेभार आदि क्षेत्रों में किसानों की कई बीघा गेहूं की फसलें जलकर राख हुई है। प्रशासन ने राहत और बचाव के साथ मदद का आश्वासन पीड़ित किसानों को दिया है।

लंभुआ कोतवाली क्षेत्र के रामनगर मठा गांव में भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता लक्ष्मीकांत दुबे की करीब 40 बीघा गेहूं की फसल जलकर राख हो गई। नगर पंचायत लंभुआ में राम उजागर वर्मा की करीब 5 बीघे एवं कई अन्य ग्रामीणों के भी फसले जलकर राख हो गई है।

सभी स्थानों पर मौके पर लंभुआ पुलिस मौजूद रही। इसके अलावा लंभुआ तहसील क्षेत्र के अलग-अलग स्थानों पर अज्ञात कारणों से लगी आग की घटना में दर्जनों किसानों की गेहूं की फसल जलकर राख हो गयी। कड़ी मशक्कत के बाद ग्रामीणों की मदद से आग पर काबू पाया गया।

सूचना के काफी देर बाद मौके पर पहुंची दमकल की गाड़ी तब तक फसलें जलकर राख हो गई थी। उधर दोस्तपुर के हटियावा में बुधवार को उस समय हड़कंप मच गया जब किसान की एक बीघा गेहूं की फसल आग की चपेट में आ गई। दोस्तपुर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर राहत और बचाव कार्य किया। लेखपाल प्रधान ने मौके पर पहुंचकर पीड़ित को मदद का भरोसा दिलाया है।

वही कूरेभार थाना क्षेत्र के पिपरी साईनाथपुर मजरे दुबे पुर में गेहूं की लहलहाती फसल में आग लग गई। ग्रामीणों ने घंटों मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। ग्रामीणों का आरोप है कि फायर ब्रिगेड का फोन ही नहीं लगा। आग से विजय पाल दुबे, राम अछेबर दुबे, राम धीरज दूबे की फसलों का नुकसान हुआ है।

आबकारी और पुलिस के संयुक्त अभियान में पकडी गई कच्ची शराब व लहन

सुल्तानपुर। आबकारी आयुक्त उत्तर प्रदेश, जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक के आदेश के क्रम में एवं जिला आबकारी अधिकारी के कुशल नेतृत्व में लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत मंगलवार को सुभाष चंद्र सिंह आबकारी निरीक्षक क्षेत्र प्रथम मय स्टाफ साकेत कुमार राय, अरविंद कुमार वर्मा, शशि प्रकाश गुप्ता एवं थाना कोतवाली नगर के हरिश्चंद्र उप निरीक्षक पुलिस मय स्टाफके साथ ग्राम तिवारी का पुरवा ग्राम खतेहरा थाना कोतवाली नगर में दबिश दी गई। दबिश के दौरान 30 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद हुई, मौके पर लगभग 300 किलोग्राम लहन नष्ट कर, 01अभियोग पंजीकृत करते हुए आबकारी अधिनियम की सुसंगत धाराओं में नियमानुसार कार्यवाही की गई। आबकारी निरीक्षक सुभाष सिंह ने बताया की लोकसभा चुनाव को देखते हुए विभाग पूरी तरह सजग है, हमारी टीम अवैध शराब के कारोबारियों के विरूद्ध कार्रवाई निरंतर चला रहा है,आबकारी और पुलिस विभाग के साथ संयुक्त अभियान चलाया जा रहा है। अवैध भट्ठियों को नष्ट और संलिप्त लोगों के विरूद्ध ठोस कार्यवाई की जा रही है।

मणप्पुरम गोल्ड लोन कंपनी में करोड़ों का फ्रॉड

कंपनी के जोनल हेड ने उन्हें भी बनाया आरोपी जिनका हो चुका ट्रांसफर, वीडियो ने खोल दी पोल

सुलतानपुर। मणप्पुरम गोल्ड लोन फाइनेंस लिमिटेड कंपनी में हुए फर्जीवाड़े में कंपनी के अधिकारियों पर ही गंभीर आरोप लग गए हैं। कूटरचित तहरीर के आधार पर केस दर्ज कराकर कंपनी के अधिकारियों ने उन पूर्व के कर्मियों पर भी आरोप मढ़ डाले जिनका फर्जीवाड़ा से दूर दूर तक सरोकार नहीं रहा। इसका प्रमाण भी सामने आया है। हालांकि पुलिस ने निर्दोष को इनामिया घोषित किया और गिरफ्तार कर जेल भेजा है।

दरअस्ल कोतवाली नगर के बाधमंडी पर मणप्पुरम गोल्ड लोन फाइनेंस लिमिटेड कंपनी का दफ्तर है। कंपनी के एरिया हेड दीपक जैन ने शाखा में हुए फ्रॉड को लेकर 5 अगस्त 2022 को एफआईआर लिखाया। जिसमें तत्कालीन ब्रांच हेड रमेश कुमार बैजनाथपुर कला दरहाटा थाना बागापार जिला महाराजगंज और सहायक ब्रांच हेड अनिल कुमार पाण्डेय शरूरपुर थाना जलालपुर अंबेडकर नगर के अलावा ग्राहक खैराबाद निवासी मनीष और उसके नौकर बब्लू व तत्कालीन ब्रांच हेड मोहम्मद कय्यूम एवं उनके भाई मोहम्मद समीर का नाम जोड़ा गया। पुलिस ने तत्कालीन हेड रमेश को गिरफ्तार किया था। दो माह जेल में रहने के बाद उन्हें बेल मिल गई है। इसी मामले में मोहम्मद समीर को पंद्रह हजार का पुलिस द्वारा इनामी घोषित किया गया था और तीन दिन पूर्व उनकी गिरफ्तारी हुई। इस मामले में मोहम्मद समीर के अधिवक्ता रविकांत सिंह ने बताया कि जुलाई 2022 में कंपनी के एरिया हेड ने एक करोड़ 39 लाख 27 हजार 744 रुपए का फ्रॉड दिखाते हुए एफआईआर कराया था। उनकी एफआईआर में ये लिखा गया है तत्कालीन हेड रमेश कुमार और सहायक ब्रांच हेड अनिल कुमार पाण्डेय की तैनाती के दौरान कस्टमर मनीष और उसके नौकर बब्लू का 1690 ग्राम नकली गोल्ड रखकर पचास लाख का लोन दिया गया। कंपनी में शिकायत के बाद ऑडिट में इसकी पुष्टि हुई। साथ ही ऑडिट में ये बात भी सामने आई कि 5 लाख 95 हजार 505 रुपए कैश भी ब्रांच का कम है। इसके अलावा अन्य कस्टमर का 787 ग्राम सोना भी ग़ायब मिला था। इस सबका आरोप तत्कालीन ब्रांच हेड रमेश व सहायक ब्रांच हेड अनिल पाण्डेय पर लगा। लेकिन साजिश के तहत इस मामले में मेरे मुवक्किल मोहम्मद कय्यूम व उसके भाई का नाम जोड़ा गया। जबकि मोहम्मद कय्यूम का फरवरी 2022 में आगरा के लिए ट्रांसफर हुआ था और वे गंभीर बीमारी से ग्रस्त थे तो वे नौकरी पर गए नहीं और अंत में उन्होंने रिजाइन कर दिया था। जबकि गबन का आरोप 27 जुलाई को लगाया गया है। ऐसे में केवल हमारे मुवक्किल को फंसाया जा रहा है। उन्होंने ये भी बताया के मेरे मुवक्किल निर्दोष हैं। वो इम्प्लाई तक नहीं उनका नाम जोड़ा गया। आज दो साल हो गए। विवेचना तक पूरी नहीं की गई कोर्ट और ग्राहकों को केवल गुमराह किया जा रहा।

मेरठ में रालोद प्रमुख जयंत सिंह ने खरीदे ककड़ी-खीरे

मेरठ। भाजपा के साथ गठबंधन करने के बाद रालोद अध्यक्ष चौधरी जयंत सिंह नए राजनीतिक तेवरों में नजर आ रहे हैं। पहले बागपत लोकसभा सीट से पार्टी के वफादार डॉ. राजकुमार सांगवान को टिकट देने, फिर दलित कोटे से पुरकाजी विधायक अनिल कुमार को प्रदेश सरकार में मंत्री बनाया। अब आम जनता के साथ घुलने-मिलने लगे हैं। बुधवार को मेरठ में जयंत सिंह ने सब्जी विक्रेता से ककड़ी, खीरे-नींबू खरीदे।रालोद मुखिया चौधरी जयंत सिंह ने पहले चरण के मतदान में चुनाव प्रचार के अंतिम दिन मुजफ्फरनगर और शामली जनपद में प्रचार किया। इसके साथ ही बिजनौर लोकसभा सीट के अंतर्गत आने वाली मेरठ की हस्तिनापुर विधानसभा क्षेत्र में चुनाव प्रचार किया।

डंपर ने संविदा कर्मी को रौंदा, मौत

लोकमित्र ब्यूरो

सुलतानपुर। लखनऊ-वाराणसी हाइवे पर अमहट के पास एक डंपर ने बाइक सवार बिजली संविदा कर्मी को टक्कर मार दिया। उसकी मौके पर मौत हो गई। स्थानीय लोग उसे लेकर राजकीय मेडिकल कॉलेज पहुंचे। जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया।

जानकारी मृतक संविदा कर्मी नगर के टीपी नगर उपकेंद्र पर तैनात था। बीती रात काशीराम कालोनी पर फाल्ट हुआ। इस कंप्लेन पर वो फाल्ट ठीक करने के लिए बाइक से निकला। फाल्ट ठीक कर लौटते समय जैसे ही वो अमहट चौराहे पर पहुंचा तभी एक तेज रफ्तार डंपर ने उसकी बाइक में टक्कर मार दिया। टक्कर इतनी भीषण थी कि संविदा कर्मी बाइक से सड़क पर गिरा और उसे सिर में गंभीर चोटे आई। आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और आनन-फानन में संविदा कर्मी को लेकर राजकीय मेडिकल कॉलेज पहुंचे। यहां डॉक्टर ने उसे ब्रॉड डेड घोषित कर दिया। सूचना परिवार में पहुंची तो वहां कोहराम मच गया। मृतक की पहचान दुर्गेश (32 वर्ष) पुत्र दीनदयाल निवासी सूदापुर लोहरामऊ थाना कोतवाली देहात के रूप में हुई है। नगर कोतवाल श्रीराम पाण्डेय ने बताया कि शव का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है। तहरीर के आधार पर वाहन चालक के खिलाफमुकदमा दर्ज किया जाएगा।

फूड प्वाइजनिंग से एक ही परिवार चार भाई-बहन हुए बीमार, एक की मौत

सुल्तानपुर। लंभुआ तहसील क्षेत्र के नारायणपुर में एक परिवार में चार लोग फूड प्वाइजनिंग का शिकार हुए हैं। बीमार सभी को सीएचसी लाया गया। जहां एक चार वर्षीय बच्ची की मौत हो गई। वही बीमार तीन अन्य को गंभीर हालत में राजकीय मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया है।यहां उनका इलाज चल रहा है।

जानकारी के अनुसार लंभुआ तहसील अंतर्गत कोतवाली देहात थाना क्षेत्र के नारायणपुर गांव में मंगलवार को उस समय हड़कंप मच गया जब एक ही परिवार में चार बच्चे फूड प्वाइजनिंग का शिकार हो गए। सभी को उल्टी-दस्त की शिकायत हुई और वो मूर्च्छित अवस्था में पहुंच गए। आनन-फानन में सभी को एंबुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भदैया लाया गया। जहां एक को डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। बीमार अन्य बच्चों को राजकीय मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया। बताया जा रहा है कि नारायणपुर गांव निवासी राम सिंगार पाल के बच्चे शिवांशी पाल, सुभी पाल, हिमांशु पाल और अभी पाल फूड प्वाइजनिंग का शिकार होकर बीमार पड़े थे। स्थानीय लोगों के अनुसार बच्चे स्कूल से घर पर आए और भोजन किया। जिसके बाद वे फूड प्वाइजनिंग का शिकार हो गए। इधर इन बच्चों की मां घर पर नहीं थी। वो खेत से लौटी और बच्चों को मूर्च्छित अवस्था में देखा तो रोने पीटने लगी। आवाज सुनकर आसपास के लोग भी जमा हो गए। इस मामले में सीएमएस डॉ. एसके गोयल ने बताया कि तीन बच्चे अस्पताल में आए हैं, इनमें हिमांशु 18 वर्ष का है बाकी दो बच्चे 8-10 वर्ष के हैं। सबका इलाज चल रहा। हालत खतरे से बाहर है। अभी पाल (4वर्ष) की मौत हो गई है।

सपा बसपा सहित अन्य पार्टी के सैकड़ो लोगों ने ली भाजपा की सदस्यता

बलरामपुर। भारतीय जनता पार्टी में सपा, बसपा सहित अन्य पार्टियों के सैकड़ों लोगों ने मंगलवार को अवध क्षेत्र के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष एवं जिला प्रभारी राहुल राज रस्तोगी, तुलसीपुर विधायक कैलाश नाथ शुक्ला एवं जिलाध्यक्ष प्रदीप सिंह के नेतृत्व में सदस्यता ग्रहण किया। शामिल हुए लोगों ने पीएम मोदी के नीतियों को जन जन तक पहुंचाने की बात कही।

भाजपा जिलाध्यक्ष प्रदीप सिंह ने बताया कि तुलसीपुर विधान सभा के शिवपुरा मंडल में कार्यकर्त्ता बैठक आयोजित किया गया। जिसमे ग्राम पंचायत भक्ता के प्रधान विजय वर्मा अपने सैकड़ो समर्थकों के साथ पार्टी की सदस्यता ग्रहण की है। इसी के साथ में शिव प्रसाद गौतम रामानंद गौतम महेश गौतम सीताराम पासवान राहुल वर्मा आदि भारतीय जनता पार्टी के नीतियों से प्रभावित होकर पार्टी में शामिल हुए हैं। जिलाध्यक्ष ने कहा कि केंद्र व प्रदेश सरकार की विचारधारा से लोग बीजेपी की सदस्यता ग्रहण कर रहे हैं। भारत देश को विश्व में तीसरी आर्थिक शक्ति सिर्फ पीएम मोदी की बना सकते हैं। विपक्ष की पार्टियों सिर्फ भ्रष्टाचार को बढ़ावा देने का कार्य कर रही है। इंडी गठबंधन आज भ्रष्टाचारियों के साथ खड़ी नजर आ रही है। जिला प्रभारी राहुल राज रस्तोगी ने कहा कि पूरे विश्व में भारतीय जनता पार्टी से ज्यादा किसी के पास कार्यकर्ता उपलब्ध नहीं है। मोदी के गारंटी पर जनता को विश्वास है। जनता का अपूर्व समर्थन पीएम मोदी को प्राप्त हो रहा है। विपक्ष को जनता भली बात पहचान रही है। जनता देश के विकास करने वाले के साथ है। इस अवसर पर तुलसीपुर विधायक कैलाश नाथ शुक्ला, जिला महामंत्री वरुण सिंह मोनू, जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि श्याम मनोहर तिवारी, जिला मंत्री अवधेश तिवारी तरुण, मंडल अध्यक्ष ओम प्रकाश शुक्ला, मंडल प्रवासी अंशुमान शुक्ला सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

कौम व मजहब से उठकर करें काम, इससे बदल सकता है देश-मेनका गांधी

लोकमित्र ब्यूरो

सुलतानपुर। पूर्व केंद्रीय मंत्री व सांसद मेनका गांधी पुनः दिल्ली से सुल्तानपुर के दौरे पर पहुंची हैं। अपने लंबे राजनीतिज्ञ अनुभव को साझा करते मेनका गांधी ने जनप्रतिनिधियों को नसीहत देते हुए कहा कि वे स्वयं को जनता का सेवक मानते हुए यदि कौम व मजहब से उठकर काम करे तो इस देश को हम बदल सकते हैं।

बुधवार को मेनका गांधी ने भगवान श्रीरामचंद्र जी के जन्मदिन पर क्षेत्र के लोगो को बधाई व शुभकामनाएं दी। साथ ही उन्होंने मीडिया में कहा कभी जाति व धर्म आधारित राजनीति नहीं किया। उन्होंने कहा कि विकसित भारत का मोदी जी का सपना साकार हो रहा है। गेहूं की तेजी से चल रही कटाई के बावजूद भी लोगों के सभा में पहुंचने पर उन्होंने आभार प्रकट किया।

मेनका गांधी ने कहा पिछले 5 सालों में मैंने बिना जाति कौम पूछे सबकी मदद की है। मैंने सांसद नहीं मां बनकर सेवा की है।

मैंने कोशिश की है कि हर 15 दिनों में जब आऊ बड़ी-बड़ी सौगात लाऊं। सुल्तानपुर को उत्तर प्रदेश का सबसे विकसित व खुशहाल जिला बनाने का हमारा प्रयास बिना थके बिना रुके अनवरत जारी रहेगा।

उन्होंने अपनी तमाम उपलब्धियां गिनाई और कहा जल्द ही आपको सुल्तानपुर व लंभुआ रेलवे स्टेशन विश्वस्तरीय दिखाई पड़ेगा। उन्होंने कहा जाति बिरादरी व कौमवाद से विकास रुक जाता है। मेनका गांधी ने आज अलग-अलग ग्यारह कार्यकर्मो में हिस्सा लिया। उन्होंने हयातनगर, गोसाईगंज, फतेहपुर संगत, वैदहा, रामदासपुर, लोहरामऊ, अलहदादपुर, अमेठा, आरडीह आदि क्षेत्रों में कार्यक्रम में शिरकत किया।

कादीपुर से मुकदमे वापसी के आसार बढ़े!

सुलतानपुर। दो थानों के फ़ौजदारी मुकदमे कादीपुर से सिविलकोर्ट वापसी के उम्मीद बढ़ गई है क्योंकि उच्च न्यायालय में जनहित याचिका पर बहस के समय सरकार यह जवाब नहीं दे सकी कि शासन की अधिसूचना के बगैर किस अधिकार से सीजेएम ने स्थानांतरण आदेश पारित किया है. अधिवक्ता अरविन्द सिँह राजा ने अखंडनगर व कादीपुर के फ़ौजदारी मुकदमे कादीपुर कोर्ट भेजे जाने के विरुद्ध जनहित याचिका पर उच्च न्यायालय में मंगलवार को मुख्य न्यायमूर्ति ने सुनवाई की. राजा ने बताया कि लम्बी सुनवाई के बाद सरकार से पूछा गया कि कादीपुर में फ़ौजदारी न्यायालय का गठन राज्य सरकार ने कब किया? और उसका नोटिफिकेशन कब निर्गत हुआ? क्योंकि दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 11 में स्पष्ट है कि उच्च न्यायालय की सलाह पर शासन पहले फ़ौजदारी न्यायालयों का गठन करेगा तभी वहाँ फ़ौजदारी वाद सुनें जा सकेंगे. जबकि साल भर पहले सरकार ने मात्र सिविल मामलों के लिए ही अधिसूचना जारी की थी.

सरकारी संस्थाओं का दुरपयोग कर लोकतंत्र के साथ हो रहा खिलवाड़ - अखिलेश यादव

आप पार्टी नेता संजय सिंह ने भाजपा पर लगाई आरोपों की झड़ी

बिजनौर। नजीबाबाद में अखिलेश यादव ने प्रचार के आखिरी दिन जनसभा में बोलते हुए कहा कि समाजवादी पार्टी ने जो लैपटॉप बांटे थे वह आज भी चल रहे हैं जबकि भाजपा ने जो स्मार्टफोन बांटे उन पर उंगली मारते रहिए वह चलते नहीं हैं । 400 पार के सवाल पर जवाब देते हुए अखिलेश यादव ने कहा कि 400 पार नहीं 400 हार है ,भारतीय जनता पार्टी ने अपने दल को भ्रष्टाचारियों का गोदाम बना लिया है, जितने भ्रष्टाचारी हैं वह सब भारतीय जनता पार्टी में है। सपा सुप्रीमो ने कहा कि संस्थाओं की आड़ में इलैक्ट्रोलिक बांड के नाम पर भाजपा ने चंदा वसूली की है यह सरकार सीबीआई ,ईडी, इनकमटैक्स जैसी संस्थाओं से खिलवाड़ कर रही है, यदि संस्थाएं कमजोर होगी तो लोकतंत्र कमजोर होगा।

उन्होंने इन संस्थाओं की विश्वसनीयता पर सवाल खड़े करते हुए कहा कि इनके दुरपयोग को रोकना होगा। उन्होंने कहा कि किसानों को भी इस सरकार ने धोखा दिया है आय दोगुनी करने की बात करने के बाद भी एमएसपी नहीं दे रहे हैं । वहीं अखिलेश यादव ने पेपर लीक के मामले में भी योगी सरकार को घेरते हुए नौकरी नहीं। देने के कारण सरकार पर पेपर लीक करने के आरोप लगाया ।अखिलेश यादव ने एम्बुलेंस योजना को उल्लेख करते हुए कहा कि वह सपा सरकार ने ही चलाई थी जो नम्बर बदल कर आज भी चल रही है वहीं पुलिस 100 नम्बर से चलाई गई गाडियां 112 नम्बर से चलाई जा रही है।अखिलेश यादव ने बिजनौर में बने मेडीकल कॉलेज को भी अपनी देन होने का दावा ठोकते हुए कहा कि सपा सरकार ने ही बिजनौर में मेडीकल निर्माण का फैसला कर भूमि पूजन तक किया था।

9452526750, 9839665450,8565970115
दैनिक लोकमित्र
121, विवेक नगर प्रतापगढ़
सम्मन प्रकाशन दर 1000 रू0 एक नाम तक अतिरिक्त प्रति व्यक्ति 10.00 रूपया पैनल विज्ञापन 5 से.मी. प्रति कालम 500/–प्रतिमाह
प्रथम पृष्ठ पर 100% अतिरिक्त
E-mail-lokmitra2005@gmail.com
प्रकाशक,मुद्रक एवं स्वत्वाधिकारी संतोष भगवन द्वारा रामा मुद्रणालय, विवेक नगर, प्रतापगढ़ से मुद्रित एवं लोकमित्र कार्यालय पल्टन बाजार प्रतापगढ़ से प्रकाशित
8738029050 सम्पादकः संतोष भगवन

टिकट मिलने के बाद आज पहली बार अपने चुनावी क्षेत्र पहुंचे सपा प्रत्याशी

लोकमित्र ब्यूरो

सुलतानपुर। गोरखपुर से पूर्वांचल एक्सप्रेस वे के रास्ते सुलतानपुर पहुंचे सपा प्रत्याशी राम भुआल निषाद का सपा कार्यकर्ताओं और नेताओं ने स्वागत किया।

सपा प्रत्याशी राम भुआल निषाद की काफिले की गाड़ियों में न सिर्फ समाजवादी पार्टी का झंडा लगा था, बल्कि गाड़ियों में हूटर और सायरन भी लोग बजाते नजर आए। यही नहीं छोटे नाबालिक बच्चे भी हाथ में समाजवादी पार्टी का झंडा लिए प्रचार करते दिखे। मीडिया से बात करते हुए सपा प्रत्याशी राम भुआल निषाद ने पूर्व में घोषित पार्टी प्रत्याशी भीम निषाद को लेकर बयान देते हुए कहा की भीम निषाद को पार्टी में रहना है तो उन्हें उनका साथ देना होगा। वहीं उन्होंने कल उनका पुतला फूंके जाने पर उसे भाजपा की साजिश बताया। राम भुआल निषाद ने कहा कि उनकी टक्कर मेनका गांधी से नहीं है बल्कि उनकी लड़ाई भारतीय जनता पार्टी से है।

इस मौके पर मौजूद रहे सपा जिला अध्यक्ष रघुवीर यादव, शकील अहमद पूर्व लोकसभा प्रत्याशी, पूर्व विधायक गण अनूप संडा, अरुण वर्मा, संतोष पाण्डेय, प्रधान राजनरायण यादव, शिवबहादुर यादव जिला कार्यकारणी सदस्य, बृजेश यादव प्रदेश उपाध्यक्ष युवजनसभा, सुल्तानपुर विधानसभा अध्यक्ष सैफी, श्यामलाल निषाद, देवतादीन निषाद, आनंद निषाद, अशोक यादव, ज्ञानप्रकाश यादव, रामउजागिर यादव, शेरू यादव, व तमाम समाजवादी पार्टी के नेता व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

पुतला फूंकवाना भाजपा की साजिश

पूर्व मंत्री पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे के रास्ते सुल्तानपुर के कूरेभार पहुंचे। जहां पार्टी जिलाध्यक्ष रघुवीर यादव, पूर्व विधायक व राष्ट्रीय प्रवक्ता अनूप संडा, पूर्व लोकसभा प्रत्याशी शकील अहमद समेत पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने उनका स्वागत किया।

इस बीच गठबंधन प्रत्याशी के रूप में राम भुआल निषाद के काफिले में कांग्रेस व आप का झंडा तो दिखाई दिया लेकिन प्रत्याशी के स्वागत में इन दलों के नेता नदारद रहे। मीडिया से बात करते हुए पूर्व मंत्री राम भुआल निषाद पहले ही बयान में वे झूठे साबित हुए हैं। उन्होंने मेनका गांधी का नाम लिए बगैर कहा कि यहां की जनता के बीच में रहने वाला व्यक्ति सांसद हो ऐसा लोग मूड बना चुके हैं। ऐसे लोगों को लोग सांसद नहीं बनाएंगे जिनको जीतने के बाद खोजना पड़ता हो। पूर्व मंत्री यही पर भूल गए कि पूरे देश में सांसद मेनका गांधी ही एक ऐसी सांसद हैं जो हर महीने अपने क्षेत्र का दौरा कर आवास से लेकर ग्रामीण अंचल में जाकर लोगों की फरियाद सुनती हैं। वही पूर्व मंत्री ने एक दिन पूर्व अपने पुतला फूंके जाने के सवाल पर बोले की कोई विरोध नहीं है सब लोग साथ में हैं। ये भाजपा की साजिश है। पूर्व प्रत्याशी भीम निषाद साथ में हैं इस सवाल पर उन्होंने कहा कि अगर समाजवादी पार्टी में रहना है तो साथ रहेंगे ही।

गाड़ियों में बजते रहे हूटर और सायरन

सपा प्रत्याशी राम भुआल निषाद की काफिले की गाड़ियों में न सिर्फ समाजवादी पार्टी का झंडा लगा था, बल्कि गाड़ियों में हूटर और सायरन भी लोग बजाते नजर आए। यही नहीं छोटे नाबालिग बच्चे भी हाथ में आप-कांग्रेस और समाजवादी पार्टी का झंडा लिए प्रचार करते दिखे। बता दें कि अंबेडकर जयंती के मौके पर सपा ने भीम निषाद का टिकट काटकर राम भुआल निषाद को टिकट दिया है। उनका मुकाबला भाजपा की मेनका गांधी और बसपा के उदराम वर्मा से है। इस मौके पर प्रधान राजनरायण यादव, शिवबहादुर यादव जिला कार्यकारणी सदस्य, बृजेश यादव प्रदेश उपाध्यक्ष युवजनसभा, सुल्तानपुर विधानसभा अध्यक्ष सैफी, श्यामलाल निषाद, देवतादीन निषाद, आनंद निषाद, अशोक यादव, ज्ञानप्रकाश यादव, रामउजागिर यादव, शेरू यादव, व तमाम समाजवादी पार्टी के नेता व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

आग से कई बीघे गेहूं की फसल जलकर राख

लंभुआ में भाजपा नेता की 40 बीघे फसल हुई तबाह कूरेभार में ग्रामीणों का आरोप फायर ब्रिगेड का नहीं लगा फोन

लोकमित्र ब्यूरो

सुल्तानपुर। बुधवार को अलग-अलग थानाक्षेत्रों में आग का कहर देखने को मिला है। लंभुआ, दोस्तपुर, कूरेभार आदि क्षेत्रों में किसानों की कई बीघा गेहूं की फसलें जलकर राख हुई है। प्रशासन ने राहत और बचाव के साथ मदद का आश्वासन पीड़ित किसानों को दिया है।

लंभुआ कोतवाली क्षेत्र के रामनगर मठा गांव में भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता लक्ष्मीकांत दुबे की करीब 40 बीघा गेहूं की फसल जलकर राख हो गई। नगर पंचायत लंभुआ में राम उजागर वर्मा की करीब 5 बीघे एवं कई अन्य ग्रामीणों के भी फसले जलकर राख हो गई है।

सभी स्थानों पर मौके पर लंभुआ पुलिस मौजूद रही। इसके अलावा लंभुआ तहसील क्षेत्र के अलग-अलग स्थानों पर अज्ञात कारणों से लगी आग की घटना में दर्जनों किसानों की गेहूं की फसल जलकर राख हो गयी। कड़ी मशक्कत के बाद ग्रामीणों की मदद से आग पर काबू पाया गया।

सूचना के काफी देर बाद मौके पर पहुंची दमकल की गाड़ी तब तक फसलें जलकर राख हो गई थी। उधर दोस्तपुर के हटियावा में बुधवार को उस समय हड़कंप मच गया जब किसान की एक बीघा गेहूं की फसल आग की चपेट में आ गई। दोस्तपुर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर राहत और बचाव कार्य किया। लेखपाल प्रधान ने मौके पर पहुंचकर पीड़ित को मदद का भरोसा दिलाया है।

वही कूरेभार थाना क्षेत्र के पिपरी साईंनाथपुर मजरे दुबे पुर में गेहूं की लहलहाती फसल में आग लग गई। ग्रामीणों ने घंटों मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। ग्रामीणों का आरोप है कि फायर ब्रिगेड का फोन ही नहीं लगा। आग से विजय पाल दुबे, राम अछेबर दुबे, राम धीरज दूबे की फसलों का नुकसान हुआ है।

आबकारी और पुलिस के संयुक्त अभियान में पकडी गई कच्ची शराब व लहन

सुल्तानपुर। आबकारी आयुक्त उत्तर प्रदेश, जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक के आदेश के क्रम में एवं जिला आबकारी अधिकारी के कुशल नेतृत्व में लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत मंगलवार को सुभाष चंद्र सिंह आबकारी निरीक्षक क्षेत्र प्रथम मय स्टाफ साकेत कुमार राय, अरविंद कुमार वर्मा, शशि प्रकाश गुप्ता एवं थाना कोतवाली नगर के हरिश्चंद्र उप निरीक्षक पुलिस मय स्टाफके साथ ग्राम तिवारी का पुरवा ग्राम खतेहरा थाना कोतवाली नगर में दबिश दी गई। दबिश के दौरान 30 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद हुई, मौके पर लगभग 300 किलोग्राम लहन नष्ट कर, 01अभियोग पंजीकृत करते हुए आबकारी अधिनियम की सुसंगत धाराओं में नियमानुसार कार्यवाही की गई। आबकारी निरीक्षक सुभाष सिंह ने बताया की लोकसभा चुनाव को देखते हुए विभाग पूरी तरह सजग है, हमारी टीम अवैध शराब के कारोबारियों के विरूद्ध कार्रवाई निरंतर चला रहा है,आबकारी और पुलिस विभाग के साथ संयुक्त अभियान चलाया जा रहा है। अवैध भट्ठियों को नष्ट और संलिप्त लोगों के विरूद्ध ठोस कार्यवाई की जा रही है।

मणप्पुरम गोल्ड लोन कंपनी में करोड़ों का फ्रॉड

कंपनी के जोनल हेड ने उन्हें भी बनाया आरोपी जिनका हो चुका ट्रांसफर, वीडियो ने खोल दी पोल

सुलतानपुर। मणप्पुरम गोल्ड लोन फाइनेंस लिमिटेड कंपनी में हुए फर्जीवाड़े में कंपनी के अधिकारियों पर ही गंभीर आरोप लग गए हैं। कूटरचित तहरीर के आधार पर केस दर्ज कराकर कंपनी के अधिकारियों ने उन पूर्व के कर्मियों पर भी आरोप मढ़ डाले जिनका फर्जीवाड़ा से दूर दूर तक सरोकार नहीं रहा। इसका प्रमाण भी सामने आया है। हालांकि पुलिस ने निर्दोष को इनामिया घोषित किया और गिरफ्तार कर जेल भेजा है।

दरअस्ल कोतवाली नगर के बाधमंडी पर मणप्पुरम गोल्ड लोन फाइनेंस लिमिटेड कंपनी का दफ्तर है। कंपनी के एरिया हेड दीपक जैन ने शाखा में हुए फ्रॉड को लेकर 5 अगस्त 2022 को एफआईआर लिखाया। जिसमें तत्कालीन ब्रांच हेड रमेश कुमार बैजनाथपुर कला दरहाटा थाना बागापार जिला महाराजगंज और सहायक ब्रांच हेड अनिल कुमार पाण्डेय शरूरपुर थाना जलालपुर अंबेडकर नगर के अलावा ग्राहक खैराबाद निवासी मनीष और उसके नौकर बब्लू व तत्कालीन ब्रांच हेड मोहम्मद कय्यूम एवं उनके भाई मोहम्मद समीर का नाम जोड़ा गया। पुलिस ने तत्कालीन हेड रमेश को गिरफ्तार किया था। दो माह जेल में रहने के बाद उन्हें बेल मिल गई है। इसी मामले में मोहम्मद समीर को पंद्रह हजार का पुलिस द्वारा इनामी घोषित किया गया था और तीन दिन पूर्व उनकी गिरफ्तारी हुई। इस मामले में मोहम्मद समीर के अधिवक्ता रविकांत सिंह ने बताया कि जुलाई 2022 में कंपनी के एरिया हेड ने एक करोड़ 39 लाख 27 हजार 744 रुपए का फ्रॉड दिखाते हुए एफआईआर कराया था। उनकी एफआईआर में ये लिखा गया है तत्कालीन हेड रमेश कुमार और सहायक ब्रांच हेड अनिल कुमार पाण्डेय की तैनाती के दौरान कस्टमर मनीष और उसके नौकर बब्लू का 1690 ग्राम नकली गोल्ड रखकर पचास लाख का लोन दिया गया। कंपनी में शिकायत के बाद ऑडिट में इसकी पुष्टि हुई। साथ ही ऑडिट में ये बात भी सामने आई कि 5 लाख 95 हजार 505 रुपए कैश भी ब्रांच का कम है। इसके अलावा अन्य कस्टमर का 787 ग्राम सोना भी ग़ायब मिला था। इस सबका आरोप तत्कालीन ब्रांच हेड रमेश व सहायक ब्रांच हेड अनिल पाण्डेय पर लगा। लेकिन साजिश के तहत इस मामले में मेरे मुवक्किल मोहम्मद कय्यूम व उसके भाई का नाम जोड़ा गया। जबकि मोहम्मद कय्यूम का फरवरी 2022 में आगरा के लिए ट्रांसफर हुआ था और वे गंभीर बीमारी से ग्रस्त थे तो वे नौकरी पर गए नहीं और अंत में उन्होंने रिजाइन कर दिया था। जबकि गबन का आरोप 27 जुलाई को लगाया गया है। ऐसे में केवल हमारे मुवक्किल को फंसाया जा रहा है। उन्होंने ये भी बताया के मेरे मुवक्किल निर्दोष हैं। वो इम्प्लाई तक नहीं उनका नाम जोड़ा गया। आज दो साल हो गए। विवेचना तक पूरी नहीं की गई कोर्ट और ग्राहकों को केवल गुमराह किया जा रहा।

मेरठ में रालोद प्रमुख जयंत सिंह ने खरीदे ककड़ी-खीरे

मेरठ। भाजपा के साथ गठबंधन करने के बाद रालोद अध्यक्ष चौधरी जयंत सिंह नए राजनीतिक तेवरों में नजर आ रहे हैं। पहले बागपत लोकसभा सीट से पार्टी के वफादार डॉ. राजकुमार सांगवान को टिकट देने, फिर दलित कोटे से पुरकाजी विधायक अनिल कुमार को प्रदेश सरकार में मंत्री बनाया। अब आम जनता के साथ घुलने-मिलने लगे हैं। बुधवार को मेरठ में जयंत सिंह ने सब्जी विक्रेता से ककड़ी, खीरे-नींबू खरीदे।रालोद मुखिया चौधरी जयंत सिंह ने पहले चरण के मतदान में चुनाव प्रचार के अंतिम दिन मुजफ्फरनगर और शामली जनपद में प्रचार किया। इसके साथ ही बिजनौर लोकसभा सीट के अंतर्गत आने वाली मेरठ की हस्तिनापुर विधानसभा क्षेत्र में चुनाव प्रचार किया।

डंपर ने संविदा कर्मी को रौंदा, मौत

लोकमित्र ब्यूरो

सुलतानपुर। लखनऊ-वाराणसी हाइवे पर अमहट के पास एक डंपर ने बाइक सवार बिजली संविदा कर्मी को टक्कर मार दिया। उसकी मौके पर मौत हो गई। स्थानीय लोग उसे लेकर राजकीय मेडिकल कॉलेज पहुंचे। जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया।

जानकारी मृतक संविदा कर्मी नगर के टीपी नगर उपकेंद्र पर तैनात था। बीती रात काशीराम कालोनी पर फाल्ट हुआ। इस कंप्लेन पर वो फाल्ट ठीक करने के लिए बाइक से निकला। फाल्ट ठीक कर लौटते समय जैसे ही वो अमहट चौराहे पर पहुंचा तभी एक तेज रफ्तार डंपर ने उसकी बाइक में टक्कर मार दिया। टक्कर इतनी भीषण थी कि संविदा कर्मी बाइक से सड़क पर गिरा और उसे सिर में गंभीर चोटे आई। आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और आनन-फानन में संविदा कर्मी को लेकर राजकीय मेडिकल कॉलेज पहुंचे। यहां डॉक्टर ने उसे ब्रॉड डेड घोषित कर दिया। सूचना परिवार में पहुंची तो वहां कोहराम मच गया। मृतक की पहचान दुर्गेश (32 वर्ष) पुत्र दीनदयाल निवासी सूदापुर लोहरामऊ थाना कोतवाली देहात के रूप में हुई है। नगर कोतवाल श्रीराम पाण्डेय ने बताया कि शव का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है। तहरीर के आधार पर वाहन चालक के खिलाफमुकदमा दर्ज किया जाएगा।

फूड प्वाइजनिंग से एक ही परिवार चार भाई-बहन हुए बीमार, एक की मौत

सुल्तानपुर। लंभुआ तहसील क्षेत्र के नारायणपुर में एक परिवार में चार लोग फूड प्वाइजनिंग का शिकार हुए हैं। बीमार सभी को सीएचसी लाया गया। जहां एक चार वर्षीय बच्ची की मौत हो गई। वही बीमार तीन अन्य को गंभीर हालत में राजकीय मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया है।यहां उनका इलाज चल रहा है।

जानकारी के अनुसार लंभुआ तहसील अंतर्गत कोतवाली देहात थाना क्षेत्र के नारायणपुर गांव में मंगलवार को उस समय हड़कंप मच गया जब एक ही परिवार में चार बच्चे फूड प्वाइजनिंग का शिकार हो गए। सभी को उल्टी-दस्त की शिकायत हुई और वो मूर्च्छित अवस्था में पहुंच गए। आनन-फानन में सभी को एंबुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भदैया लाया गया। जहां एक को डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। बीमार अन्य बच्चों को राजकीय मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया। बताया जा रहा है कि नारायणपुर गांव निवासी राम सिंगार पाल के बच्चे शिवांशी पाल, सुभी पाल, हिमांशु पाल और अभी पाल फूड प्वाइजनिंग का शिकार होकर बीमार पड़े थे। स्थानीय लोगों के अनुसार बच्चे स्कूल से घर पर आए और भोजन किया। जिसके बाद वे फूड प्वाइजनिंग का शिकार हो गए। इधर इन बच्चों की मां घर पर नहीं थी। वो खेत से लौटी और बच्चों को मूर्च्छित अवस्था में देखा तो रोने पीटने लगी। आवाज सुनकर आसपास के लोग भी जमा हो गए। इस मामले में सीएमएस डॉ. एसके गोयल ने बताया कि तीन बच्चे अस्पताल में आए हैं, इनमें हिमांशु 18 वर्ष का है बाकी दो बच्चे 8-10 वर्ष के हैं। सबका इलाज चल रहा। हालत खतरे से बाहर है। अभी पाल (4वर्ष) की मौत हो गई है।

सपा बसपा सहित अन्य पार्टी के सैकड़ो लोगों ने ली भाजपा की सदस्यता

बलरामपुर। भारतीय जनता पार्टी में सपा, बसपा सहित अन्य पार्टियों के सैकड़ों लोगों ने मंगलवार को अवध क्षेत्र के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष एवं जिला प्रभारी राहुल राज रस्तोगी, तुलसीपुर विधायक कैलाश नाथ शुक्ला एवं जिलाध्यक्ष प्रदीप सिंह के नेतृत्व में सदस्यता ग्रहण किया। शामिल हुए लोगों ने पीएम मोदी के नीतियों को जन जन तक पहुंचाने की बात कही।

भाजपा जिलाध्यक्ष प्रदीप सिंह ने बताया कि तुलसीपुर विधान सभा के शिवपुरा मंडल में कार्यकर्त्ता बैठक आयोजित किया गया। जिसमे ग्राम पंचायत भक्ता के प्रधान विजय वर्मा अपने सैकड़ो समर्थकों के साथ पार्टी की सदस्यता ग्रहण की है। इसी के साथ में शिव प्रसाद गौतम रामानंद गौतम महेश गौतम सीताराम पासवान राहुल वर्मा आदि भारतीय जनता पार्टी के नीतियों से प्रभावित होकर पार्टी में शामिल हुए हैं। जिलाध्यक्ष ने कहा कि केंद्र व प्रदेश सरकार की विचारधारा से लोग बीजेपी की सदस्यता ग्रहण कर रहे हैं। भारत देश को विश्व में तीसरी आर्थिक शक्ति सिर्फ पीएम मोदी की बना सकते हैं। विपक्ष की पार्टियों सिर्फ भ्रष्टाचार को बढ़ावा देने का कार्य कर रही है। इंडी गठबंधन आज भ्रष्टाचारियों के साथ खड़ी नजर आ रही है। जिला प्रभारी राहुल राज रस्तोगी ने कहा कि पूरे विश्व में भारतीय जनता पार्टी से ज्यादा किसी के पास कार्यकर्ता उपलब्ध नहीं है। मोदी के गारंटी पर जनता को विश्वास है। जनता का अपूर्व समर्थन पीएम मोदी को प्राप्त हो रहा है। विपक्ष को जनता भली बात पहचान रही है। जनता देश के विकास करने वाले के साथ है। इस अवसर पर तुलसीपुर विधायक कैलाश नाथ शुक्ला, जिला महामंत्री वरुण सिंह मोनू, जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि श्याम मनोहर तिवारी, जिला मंत्री अवधेश तिवारी तरुण, मंडल अध्यक्ष ओम प्रकाश शुक्ला, मंडल प्रवासी अंशुमान शुक्ला सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

कौम व मजहब से उठकर करें काम, इससे बदल सकता है देश-मेनका गांधी

लोकमित्र ब्यूरो

सुलतानपुर। पूर्व केंद्रीय मंत्री व सांसद मेनका गांधी पुनः दिल्ली से सुल्तानपुर के दौरे पर पहुंची हैं। अपने लंबे राजनीतिज्ञ अनुभव को साझा करते मेनका गांधी ने जनप्रतिनिधियों को नसीहत देते हुए कहा कि वे स्वयं को जनता का सेवक मानते हुए यदि कौम व मजहब से उठकर काम करे तो इस देश को हम बदल सकते हैं।

बुधवार को मेनका गांधी ने भगवान श्रीरामचंद्र जी के जन्मदिन पर क्षेत्र के लोगो को बधाई व शुभकामनाएं दी। साथ ही उन्होंने मीडिया में कहा कभी जाति व धर्म आधारित राजनीति नहीं किया। उन्होंने कहा कि विकसित भारत का मोदी जी का सपना साकार हो रहा है। गेहूं की तेजी से चल रही कटाई के बावजूद भी लोगों के सभा में पहुंचने पर उन्होंने आभार प्रकट किया।

मेनका गांधी ने कहा पिछले 5 सालों में मैंने बिना जाति कौम पूछे सबकी मदद की है। मैंने सांसद नहीं मां बनकर सेवा की है।

मैंने कोशिश की है कि हर 15 दिनों में जब आऊ बड़ी-बड़ी सौगात लाऊं। सुल्तानपुर को उत्तर प्रदेश का सबसे विकसित व खुशहाल जिला बनाने का हमारा प्रयास बिना थके बिना रुके अनवरत जारी रहेगा।

उन्होंने अपनी तमाम उपलब्धियां गिनाई और कहा जल्द ही आपको सुल्तानपुर व लंभुआ रेलवे स्टेशन विश्वस्तरीय दिखाई पड़ेगा। उन्होंने कहा जाति बिरादरी व कौमवाद से विकास रुक जाता है। मेनका गांधी ने आज अलग-अलग ग्यारह कार्यकर्मो में हिस्सा लिया। उन्होंने हयातनगर, गोसाईगंज, फतेहपुर संगत, वैदहा, रामदासपुर, लोहरामऊ, अलहदादपुर, अमेठा, आरडीह आदि क्षेत्रों में कार्यक्रम में शिरकत किया।

सरकारी संस्थाओं का दुरपयोग कर लोकतंत्र के साथ हो रहा खिलवाड़ - अखिलेश यादव

आप पार्टी नेता संजय सिंह ने भाजपा पर लगाई आरोपों की झड़ी

बिजनौर। नजीबाबाद में अखिलेश यादव ने प्रचार के आखिरी दिन जनसभा में बोलते हुए कहा कि समाजवादी पार्टी ने जो लैपटॉप बांटे थे वह आज भी चल रहे हैं जबकि भाजपा ने जो स्मार्टफोन बांटे उन पर उंगली मारते रहिए वह चलते नहीं हैं । 400 पार के सवाल पर जवाब देते हुए अखिलेश यादव ने कहा कि 400 पार नहीं 400 हार है ,भारतीय जनता पार्टी ने अपने दल को भ्रष्टाचारियों का गोदाम बना लिया है, जितने भ्रष्टाचारी हैं वह सब भारतीय जनता पार्टी में है। सपा सुप्रीमो ने कहा कि संस्थाओं की आड़ में इलैक्ट्रोलिक बांड के नाम पर भाजपा ने चंदा वसूली की है यह सरकार सीबीआई ,ईडी, इनकमटैक्स जैसी संस्थाओं से खिलवाड़ कर रही है, यदि संस्थाएं कमजोर होगी तो लोकतंत्र कमजोर होगा।

उन्होंने इन संस्थाओं की विश्वसनीयता पर सवाल खड़े करते हुए कहा कि इनके दुरपयोग को रोकना होगा। उन्होंने कहा कि किसानों को भी इस सरकार ने धोखा दिया है आय दोगुनी करने की बात करने के बाद भी एमएसपी नहीं दे रहे हैं । वहीं अखिलेश यादव ने पेपर लीक के मामले में भी योगी सरकार को घेरते हुए नौकरी नहीं। देने के कारण सरकार पर पेपर लीक करने के आरोप लगाया ।अखिलेश यादव ने एम्बुलेंस योजना को उल्लेख करते हुए कहा कि वह सपा सरकार ने ही चलाई थी जो नम्बर बदल कर आज भी चल रही है वहीं पुलिस़ 100 नम्बर से चलाई गई गाडियां 112 नम्बर से चलाई जा रही है।अखिलेश यादव ने बिजनौर में बने मेडीकल कॉलेज को भी अपनी देन होने का दावा ठोकते हुए कहा कि सपा सरकार ने ही बिजनौर में मेडीकल निर्माण का फैसला कर भूमि पूजन तक किया था। इससे पूर्व आप नेता संजय सिंह ने भाजपा पर आरोपों की बरसात करते हुए कहां कि लोकप्रिय मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को जेल में डाल दिया है। प्रधानमंत्री पर भ्रष्टाचारियों को संरक्षण देने का आरोप लगाते हुए कहा कि भाजपा की गंगा मैली हो चुकी है भ्रष्टाचारी शामिल करते करते । संजय सिंह ने कहा कि भाजपा में जो बड़ा भ्रष्टाचारी उतना बड़ा पदाधिकारी।

इस मौके पर सपा प्रत्याशी मनोज सिंह,सपा जिलाध्यक्ष अनिल यादव,फैसला वारसी,सपा विधायक मनोज पारस, पूर्व चेयरमैन नजीबाबाद मौअज्जम खां आदि नेताओं के साथ कांग्रेस नेता भी मौजूद रहे ।

कादीपुर से मुकदमे वापसी के आसार बढ़े!

सुलतानपुर। दो थानों के फ़ौजदारी मुकदमे कादीपुर से सिविलकोर्ट वापसी के उम्मीद बढ़ गई है क्योंकि उच्च न्यायालय में जनहित याचिका पर बहस के समय सरकार यह जवाब नहीं दे सकी कि शासन की अधिसूचना के बगैर किस अधिकार से सीजेएम ने स्थानांतरण आदेश पारित किया है. अधिवक्ता अरविन्द सिँह राजा ने अखंडनगर व कादीपुर के फ़ौजदारी मुकदमे कादीपुर कोर्ट भेजे जाने के विरुद्ध जनहित याचिका पर उच्च न्यायालय में मंगलवार को मुख्य न्यायमूर्ति ने सुनवाई की. राजा ने बताया कि लम्बी सुनवाई के बाद सरकार से पूछा गया कि कादीपुर में फ़ौजदारी न्यायालय का गठन राज्य सरकार ने कब किया? और उसका नोटिफिकेशन कब निर्गत हुआ? क्योंकि दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 11 में स्पष्ट है कि उच्च न्यायालय की सलाह पर शासन पहले फ़ौजदारी न्यायालयों का गठन करेगा तभी वहाँ फ़ौजदारी वाद सुनें जा सकेंगे. जबकि साल भर पहले सरकार ने मात्र सिविल मामलों के लिए ही अधिसूचना जारी की थी.

टिकट मिलने के बाद आज पहली बार अपने चुनावी क्षेत्र पहुंचे सपा प्रत्याशी

लोकमित्र ब्यूरो

सुलतानपुर। गोरखपुर से पूर्वांचल एक्सप्रेस वे के रास्ते सुलतानपुर पहुंचे सपा प्रत्याशी राम भुआल निषाद का सपा कार्यकर्ताओं और नेताओं ने स्वागत किया।

सपा प्रत्याशी राम भुआल निषाद की काफिले की गाड़ियों में न सिर्फ समाजवादी पार्टी का झंडा लगा था, बल्कि गाड़ियों में हूटर और सायरन भी लोग बजाते नजर आए। यही नहीं छोटे नाबालिक बच्चे भी हाथ में समाजवादी पार्टी का झंडा लिए प्रचार करते दिखे। मीडिया से बात करते हुए सपा प्रत्याशी राम भुआल निषाद ने पूर्व में घोषित पार्टी प्रत्याशी भीम निषाद को लेकर बयान देते हुए कहा की भीम निषाद को पार्टी में रहना है तो उन्हें उनका साथ देना होगा। वहीं उन्होंने कल उनका पुतला फूंके जाने पर उसे भाजपा की साजिश बताया। राम भुआल निषाद ने कहा कि उनकी टक्कर मेनका गांधी से नहीं है बल्कि उनकी लड़ाई भारतीय जनता पार्टी से है।

इस मौके पर मौजूद रहे सपा जिला अध्यक्ष रघुवीर यादव, शकील अहमद पूर्व लोकसभा प्रत्याशी, पूर्व विधायक गण अनूप संडा, अरुण वर्मा, संतोष पाण्डेय, प्रधान राजनरायण यादव, शिवबहादुर यादव जिला कार्यकारणी सदस्य, बृजेश यादव प्रदेश उपाध्यक्ष युवजनसभा, सुल्तानपुर विधानसभा अध्यक्ष सैफी, श्यामलाल निषाद, देवतादीन निषाद, आनंद निषाद, अशोक यादव, ज्ञानप्रकाश यादव, रामउजागिर यादव, शेरू यादव, व तमाम समाजवादी पार्टी के नेता व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

पुतला फूंकवाना भाजपा की साजिश

पूर्व मंत्री पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे के रास्ते सुल्तानपुर के कूरेभार पहुंचे। जहां पार्टी जिलाध्यक्ष रघुवीर यादव, पूर्व विधायक व राष्ट्रीय प्रवक्ता अनूप संडा, पूर्व लोकसभा प्रत्याशी शकील अहमद समेत पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने उनका स्वागत किया।

इस बीच गठबंधन प्रत्याशी के रूप में राम भुआल निषाद के काफिले में कांग्रेस व आप का झंडा तो दिखाई दिया लेकिन प्रत्याशी के स्वागत में इन दलों के नेता नदारद रहे। मीडिया से बात करते हुए पूर्व मंत्री राम भुआल निषाद पहले ही बयान में वे झूठे साबित हुए हैं। उन्होंने मेनका गांधी का नाम लिए बगैर कहा कि यहां की जनता के बीच में रहने वाला व्यक्ति सांसद हो ऐसा लोग मूड बना चुके हैं। ऐसे लोगों को लोग सांसद नहीं बनाएंगे जिनको जीतने के बाद खोजना पड़ता हो। पूर्व मंत्री यही पर भूल गए कि पूरे देश में सांसद मेनका गांधी ही एक ऐसी सांसद हैं जो हर महीने अपने क्षेत्र का दौरा कर आवास से लेकर ग्रामीण अंचल में जाकर लोगों की फरियाद सुनती हैं। वही पूर्व मंत्री ने एक दिन पूर्व अपने पुतला फूंके जाने के सवाल पर बोले की कोई विरोध नहीं है सब लोग साथ में हैं। ये भाजपा की साजिश है। पूर्व प्रत्याशी भीम निषाद साथ में हैं इस सवाल पर उन्होंने कहा कि अगर समाजवादी पार्टी में रहना है तो साथ रहेंगे ही।

गाड़ियों में बजते रहे हूटर और सायरन

सपा प्रत्याशी राम भुआल निषाद की काफिले की गाड़ियों में न सिर्फ समाजवादी पार्टी का झंडा लगा था, बल्कि गाड़ियों में हूटर और सायरन भी लोग बजाते नजर आए। यही नहीं छोटे नाबालिग बच्चे भी हाथ में आप-कांग्रेस और समाजवादी पार्टी का झंडा लिए प्रचार करते दिखे। बता दें कि अंबेडकर जयंती के मौके पर सपा ने भीम निषाद का टिकट काटकर राम भुआल निषाद को टिकट दिया है। उनका मुकाबला भाजपा की मेनका गांधी और बसपा के उदराम वर्मा से है। इस मौके पर प्रधान राजनरायण यादव, शिवबहादुर यादव जिला कार्यकारणी सदस्य, बृजेश यादव प्रदेश उपाध्यक्ष युवजनसभा, सुल्तानपुर विधानसभा अध्यक्ष सैफी, श्यामलाल निषाद, देवतादीन निषाद, आनंद निषाद, अशोक यादव, ज्ञानप्रकाश यादव, रामउजागिर यादव, शेरू यादव, व तमाम समाजवादी पार्टी के नेता व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

आग से कई बीघे गेहूं की फसल जलकर राख

लंभुआ में भाजपा नेता की 40 बीघे फसल हुई तबाह कूरेभार में ग्रामीणों का आरोप फायर ब्रिगेड का नहीं लगा फोन

लोकमित्र ब्यूरो

सुल्तानपुर। बुधवार को अलग-अलग थानाक्षेत्रों में आग का कहर देखने को मिला है। लंभुआ, दोस्तपुर, कूरेभार आदि क्षेत्रों में किसानों की कई बीघा गेहूं की फसलें जलकर राख हुई है। प्रशासन ने राहत और बचाव के साथ मदद का आश्वासन पीड़ित किसानों को दिया है।

लंभुआ कोतवाली क्षेत्र के रामनगर मठा गांव में भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता लक्ष्मीकांत दुबे की करीब 40 बीघा गेहूं की फसल जलकर राख हो गई। नगर पंचायत लंभुआ में राम उजागर वर्मा की करीब 5 बीघे एवं कई अन्य ग्रामीणों के भी फसले जलकर राख हो गई है।

सभी स्थानों पर मौके पर लंभुआ पुलिस मौजूद रही। इसके अलावा लंभुआ तहसील क्षेत्र के अलग-अलग स्थानों पर अज्ञात कारणों से लगी आग की घटना में दर्जनों किसानों की गेहूं की फसल जलकर राख हो गयी। कड़ी मशक्कत के बाद ग्रामीणों की मदद से आग पर काबू पाया गया।

सूचना के काफी देर बाद मौके पर पहुंची दमकल की गाड़ी तब तक फसलें जलकर राख हो गई थी। उधर दोस्तपुर के हटियावा में बुधवार को उस समय हड़कंप मच गया जब किसान की एक बीघा गेहूं की फसल आग की चपेट में आ गई। दोस्तपुर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर राहत और बचाव कार्य किया। लेखपाल प्रधान ने मौके पर पहुंचकर पीड़ित को मदद का भरोसा दिलाया है।

वही कूरेभार थाना क्षेत्र के पिपरी साईनाथपुर मजरे दुबे पुर में गेहूं की लहलहाती फसल में आग लग गई। ग्रामीणों ने घंटों मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। ग्रामीणों का आरोप है कि फायर ब्रिगेड का फोन ही नहीं लगा। आग से विजय पाल दुबे, राम अछेबर दुबे, राम धीरज दूबे की फसलों का नुकसान हुआ है।

आबकारी और पुलिस के संयुक्त अभियान में पकडी गई कच्ची शराब व लहन

सुल्तानपुर। आबकारी आयुक्त उत्तर प्रदेश, जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक के आदेश के क्रम में एवं जिला आबकारी अधिकारी के कुशल नेतृत्व में लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत मंगलवार को सुभाष चंद्र सिंह आबकारी निरीक्षक क्षेत्र प्रथम मय स्टाफ साकेत कुमार राय, अरविंद कुमार वर्मा, शशि प्रकाश गुप्ता एवं थाना कोतवाली नगर के हरिश्चंद्र उप निरीक्षक पुलिस मय स्टाफके साथ ग्राम तिवारी का पुरवा ग्राम खतेहरा थाना कोतवाली नगर में दबिश दी गई। दबिश के दौरान 30 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद हुई, मौके पर लगभग 300 किलोग्राम लहन नष्ट कर, 01अभियोग पंजीकृत करते हुए आबकारी अधिनियम की सुसंगत धाराओं में नियमानुसार कार्यवाही की गई। आबकारी निरीक्षक सुभाष सिंह ने बताया की लोकसभा चुनाव को देखते हुए विभाग पूरी तरह सजग है, हमारी टीम अवैध शराब के कारोबारियों के विरूद्ध कार्रवाई निरंतर चला रहा है,आबकारी और पुलिस विभाग के साथ संयुक्त अभियान चलाया जा रहा है। अवैध भट्ठियों को नष्ट और संलिप्त लोगों के विरूद्ध ठोस कार्यवाई की जा रही है।

मणप्पुरम गोल्ड लोन कंपनी में करोड़ों का फ्रॉड

कंपनी के जोनल हेड ने उन्हें भी बनाया आरोपी जिनका हो चुका ट्रांसफर, वीडियो ने खोल दी पोल

सुलतानपुर। मणप्पुरम गोल्ड लोन फाइनेंस लिमिटेड कंपनी में हुए फर्जीवाड़े में कंपनी के अधिकारियों पर ही गंभीर आरोप लग गए हैं। कूटरचित तहरीर के आधार पर केस दर्ज कराकर कंपनी के अधिकारियों ने उन पूर्व के कर्मियों पर भी आरोप मढ़ डाले जिनका फर्जीवाड़ा से दूर दूर तक सरोकार नहीं रहा। इसका प्रमाण भी सामने आया है। हालांकि पुलिस ने निर्दोष को इनामिया घोषित किया और गिरफ्तार कर जेल भेजा है।

दरअस्ल कोतवाली नगर के बाधमंडी पर मणप्पुरम गोल्ड लोन फाइनेंस लिमिटेड कंपनी का दफ्तर है। कंपनी के एरिया हेड दीपक जैन ने शाखा में हुए फ्रॉड को लेकर 5 अगस्त 2022 को एफआईआर लिखाया। जिसमें तत्कालीन ब्रांच हेड रमेश कुमार बैजनाथपुर कला दरहाटा थाना बागापार जिला महाराजगंज और सहायक ब्रांच हेड अनिल कुमार पाण्डेय शरूरपुर थाना जलालपुर अंबेडकर नगर के अलावा ग्राहक खैराबाद निवासी मनीष और उसके नौकर बब्लू व तत्कालीन ब्रांच हेड मोहम्मद कय्यूम एवं उनके भाई मोहम्मद समीर का नाम जोड़ा गया। पुलिस ने तत्कालीन हेड रमेश को गिरफ्तार किया था। दो माह जेल में रहने के बाद उन्हें बेल मिल गई है। इसी मामले में मोहम्मद समीर को पंद्रह हजार का पुलिस द्वारा इनामी घोषित किया गया था और तीन दिन पूर्व उनकी गिरफ्तारी हुई। इस मामले में मोहम्मद समीर के अधिवक्ता रविकांत सिंह ने बताया कि जुलाई 2022 में कंपनी के एरिया हेड ने एक करोड़ 39 लाख 27 हजार 744 रुपए का फ्रॉड दिखाते हुए एफआईआर कराया था। उनकी एफआईआर में ये लिखा गया है तत्कालीन हेड रमेश कुमार और सहायक ब्रांच हेड अनिल कुमार पाण्डेय की तैनाती के दौरान कस्टमर मनीष और उसके नौकर बब्लू का 1690 ग्राम नकली गोल्ड रखकर पचास लाख का लोन दिया गया। कंपनी में शिकायत के बाद ऑडिट में इसकी पुष्टि हुई। साथ ही ऑडिट में ये बात भी सामने आई कि 5 लाख 95 हजार 505 रुपए कैश भी ब्रांच का कम है। इसके अलावा अन्य कस्टमर का 787 ग्राम सोना भी ग़ायब मिला था। इस सबका आरोप तत्कालीन ब्रांच हेड रमेश व सहायक ब्रांच हेड अनिल पाण्डेय पर लगा। लेकिन साजिश के तहत इस मामले में मेरे मुवक्किल मोहम्मद कय्यूम व उसके भाई का नाम जोड़ा गया। जबकि मोहम्मद कय्यूम का फरवरी 2022 में आगरा के लिए ट्रांसफर हुआ था और वे गंभीर बीमारी से ग्रस्त थे तो वे नौकरी पर गए नहीं और अंत में उन्होंने रिजाइन कर दिया था। जबकि गबन का आरोप 27 जुलाई को लगाया गया है। ऐसे में केवल हमारे मुवक्किल को फंसाया जा रहा है। उन्होंने ये भी बताया के मेरे मुवक्किल निर्दोष हैं। वो इम्प्लाई तक नहीं उनका नाम जोड़ा गया। आज दो साल हो गए। विवेचना तक पूरी नहीं की गई कोर्ट और ग्राहकों को केवल गुमराह किया जा रहा।

मेरठ में रालोद प्रमुख जयंत सिंह ने खरीदे ककड़ी-खीरे

मेरठ। भाजपा के साथ गठबंधन करने के बाद रालोद अध्यक्ष चौधरी जयंत सिंह नए राजनीतिक तेवरों में नजर आ रहे हैं। पहले बागपत लोकसभा सीट से पार्टी के वफादार डॉ. राजकुमार सांगवान को टिकट देने, फिर दलित कोटे से पुरकाजी विधायक अनिल कुमार को प्रदेश सरकार में मंत्री बनाया। अब आम जनता के साथ घुलने-मिलने लगे हैं। बुधवार को मेरठ में जयंत सिंह ने सब्जी विक्रेता से ककड़ी, खीरे-नींबू खरीदे।रालोद मुखिया चौधरी जयंत सिंह ने पहले चरण के मतदान में चुनाव प्रचार के अंतिम दिन मुजफ्फरनगर और शामली जनपद में प्रचार किया। इसके साथ ही बिजनौर लोकसभा सीट के अंतर्गत आने वाली मेरठ की हस्तिनापुर विधानसभा क्षेत्र में चुनाव प्रचार किया।

डंपर ने संविदा कर्मी को रौंदा, मौत

लोकमित्र ब्यूरो

सुलतानपुर। लखनऊ-वाराणसी हाइवे पर अमहट के पास एक डंपर ने बाइक सवार बिजली संविदा कर्मी को टक्कर मार दिया। उसकी मौके पर मौत हो गई। स्थानीय लोग उसे लेकर राजकीय मेडिकल कॉलेज पहुंचे। जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया।

जानकारी मृतक संविदा कर्मी नगर के टीपी नगर उपकेंद्र पर तैनात था। बीती रात काशीराम कालोनी पर फाल्ट हुआ। इस कंप्लेन पर वो फाल्ट ठीक करने के लिए बाइक से निकला। फाल्ट ठीक कर लौटते समय जैसे ही वो अमहट चौराहे पर पहुंचा तभी एक तेज रफ्तार डंपर ने उसकी बाइक में टक्कर मार दिया। टक्कर इतनी भीषण थी कि संविदा कर्मी बाइक से सड़क पर गिरा और उसे सिर में गंभीर चोटे आई। आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और आनन-फानन में संविदा कर्मी को लेकर राजकीय मेडिकल कॉलेज पहुंचे। यहां डॉक्टर ने उसे ब्रॉड डेड घोषित कर दिया। सूचना परिवार में पहुंची तो वहां कोहराम मच गया। मृतक की पहचान दुर्गेश (32 वर्ष) पुत्र दीनदयाल निवासी सूदापुर लोहरामऊ थाना कोतवाली देहात के रूप में हुई है। नगर कोतवाल श्रीराम पाण्डेय ने बताया कि शव का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है। तहरीर के आधार पर वाहन चालक के खिलाफमुकदमा दर्ज किया जाएगा।

फूड प्वाइजनिंग से एक ही परिवार चार भाई-बहन हुए बीमार, एक की मौत

सुल्तानपुर। लंभुआ तहसील क्षेत्र के नारायणपुर में एक परिवार में चार लोग फूड प्वाइजनिंग का शिकार हुए हैं। बीमार सभी को सीएचसी लाया गया। जहां एक चार वर्षीय बच्ची की मौत हो गई। वही बीमार तीन अन्य को गंभीर हालत में राजकीय मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया है।यहां उनका इलाज चल रहा है।

जानकारी के अनुसार लंभुआ तहसील अंतर्गत कोतवाली देहात थाना क्षेत्र के नारायणपुर गांव में मंगलवार को उस समय हड़कंप मच गया जब एक ही परिवार में चार बच्चे फूड प्वाइजनिंग का शिकार हो गए। सभी को उल्टी-दस्त की शिकायत हुई और वो मूर्च्छित अवस्था में पहुंच गए। आनन-फानन में सभी को एंबुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भदैया लाया गया। जहां एक को डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। बीमार अन्य बच्चों को राजकीय मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया। बताया जा रहा है कि नारायणपुर गांव निवासी राम सिंगार पाल के बच्चे शिवांशी पाल, सुभी पाल, हिमांशु पाल और अभी पाल फूड प्वाइजनिंग का शिकार होकर बीमार पड़े थे। स्थानीय लोगों के अनुसार बच्चे स्कूल से घर पर आए और भोजन किया। जिसके बाद वे फूड प्वाइजनिंग का शिकार हो गए। इधर इन बच्चों की मां घर पर नहीं थी। वो खेत से लौटी और बच्चों को मूर्च्छित अवस्था में देखा तो रोने पीटने लगी। आवाज सुनकर आसपास के लोग भी जमा हो गए। इस मामले में सीएमएस डॉ. एसके गोयल ने बताया कि तीन बच्चे अस्पताल में आए हैं, इनमें हिमांशु 18 वर्ष का है बाकी दो बच्चे 8-10 वर्ष के हैं। सबका इलाज चल रहा। हालत खतरे से बाहर है। अभी पाल (4वर्ष) की मौत हो गई है।

सपा बसपा सहित अन्य पार्टी के सैकड़ो लोगों ने ली भाजपा की सदस्यता

बलरामपुर। भारतीय जनता पार्टी में सपा, बसपा सहित अन्य पार्टियों के सैकड़ों लोगों ने मंगलवार को अवध क्षेत्र के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष एवं जिला प्रभारी राहुल राज रस्तोगी, तुलसीपुर विधायक कैलाश नाथ शुक्ला एवं जिलाध्यक्ष प्रदीप सिंह के नेतृत्व में सदस्यता ग्रहण किया। शामिल हुए लोगों ने पीएम मोदी के नीतियों को जन जन तक पहुंचाने की बात कही।

भाजपा जिलाध्यक्ष प्रदीप सिंह ने बताया कि तुलसीपुर विधान सभा के शिवपुरा मंडल में कार्यकर्त्ता बैठक आयोजित किया गया। जिसमे ग्राम पंचायत भक्ता के प्रधान विजय वर्मा अपने सैकड़ो समर्थकों के साथ पार्टी की सदस्यता ग्रहण की है। इसी के साथ में शिव प्रसाद गौतम रामानंद गौतम महेश गौतम सीताराम पासवान राहुल वर्मा आदि भारतीय जनता पार्टी के नीतियों से प्रभावित होकर पार्टी में शामिल हुए हैं। जिलाध्यक्ष ने कहा कि केंद्र व प्रदेश सरकार की विचारधारा से लोग बीजेपी की सदस्यता ग्रहण कर रहे हैं। भारत देश को विश्व में तीसरी आर्थिक शक्ति सिर्फ पीएम मोदी की बना सकते हैं। विपक्ष की पार्टियों सिर्फ भ्रष्टाचार को बढ़ावा देने का कार्य कर रही है। इंडी गठबंधन आज भ्रष्टाचारियों के साथ खड़ी नजर आ रही है। जिला प्रभारी राहुल राज रस्तोगी ने कहा कि पूरे विश्व में भारतीय जनता पार्टी से ज्यादा किसी के पास कार्यकर्ता उपलब्ध नहीं है। मोदी के गारंटी पर जनता को विश्वास है। जनता का अपूर्व समर्थन पीएम मोदी को प्राप्त हो रहा है। विपक्ष को जनता भली बात पहचान रही है। जनता देश के विकास करने वाले के साथ है। इस अवसर पर तुलसीपुर विधायक कैलाश नाथ शुक्ला, जिला महामंत्री वरुण सिंह मोनू, जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि श्याम मनोहर तिवारी, जिला मंत्री अवधेश तिवारी तरुण, मंडल अध्यक्ष ओम प्रकाश शुक्ला, मंडल प्रवासी अंशुमान शुक्ला सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

कौम व मजहब से उठकर करें काम, इससे बदल सकता है देश-मेनका गांधी

लोकमित्र ब्यूरो

सुलतानपुर। पूर्व केंद्रीय मंत्री व सांसद मेनका गांधी पुनः दिल्ली से सुल्तानपुर के दौरे पर पहुंची हैं। अपने लंबे राजनीतिज्ञ अनुभव को साझा करते मेनका गांधी ने जनप्रतिनिधियों को नसीहत देते हुए कहा कि वे स्वयं को जनता का सेवक मानते हुए यदि कौम व मजहब से उठकर काम करे तो इस देश को हम बदल सकते हैं।

बुधवार को मेनका गांधी ने भगवान श्रीरामचंद्र जी के जन्मदिन पर क्षेत्र के लोगो को बधाई व शुभकामनाएं दी। साथ ही उन्होंने मीडिया में कहा कभी जाति व धर्म आधारित राजनीति नहीं किया। उन्होंने कहा कि विकसित भारत का मोदी जी का सपना साकार हो रहा है। गेहूं की तेजी से चल रही कटाई के बावजूद भी लोगों के सभा में पहुंचने पर उन्होंने आभार प्रकट किया।

मेनका गांधी ने कहा पिछले 5 सालों में मैंने बिना जाति कौम पूछे सबकी मदद की है। मैंने सांसद नहीं मां बनकर सेवा की है।

मैंने कोशिश की है कि हर 15 दिनों में जब आऊ बड़ी-बड़ी सौगात लाऊं। सुल्तानपुर को उत्तर प्रदेश का सबसे विकसित व खुशहाल जिला बनाने का हमारा प्रयास बिना थके बिना रुके अनवरत जारी रहेगा।

उन्होंने अपनी तमाम उपलब्धियां गिनाई और कहा जल्द ही आपको सुल्तानपुर व लंभुआ रेलवे स्टेशन विश्वस्तरीय दिखाई पड़ेगा। उन्होंने कहा जाति बिरादरी व कौमवाद से विकास रुक जाता है। मेनका गांधी ने आज अलग-अलग ग्यारह कार्यकर्मो में हिस्सा लिया। उन्होंने हयातनगर, गोसाईगंज, फतेहपुर संगत, वैदहा, रामदासपुर, लोहरामऊ, अलहदादपुर, अमेठा, आरडीह आदि क्षेत्रों में कार्यक्रम में शिरकत किया।

कादीपुर से मुकदमे वापसी के आसार बढ़े!

सुलतानपुर। दो थानों के फ़ौजदारी मुकदमे कादीपुर से सिविलकोर्ट वापसी के उम्मीद बढ़ गई है क्योंकि उच्च न्यायालय में जनहित याचिका पर बहस के समय सरकार यह जवाब नहीं दे सकी कि शासन की अधिसूचना के बगैर किस अधिकार से सीजेएम ने स्थानांतरण आदेश पारित किया है. अधिवक्ता अरविन्द सिँह राजा ने अखंडनगर व कादीपुर के फ़ौजदारी मुकदमे कादीपुर कोर्ट भेजे जाने के विरुद्ध जनहित याचिका पर उच्च न्यायालय में मंगलवार को मुख्य न्यायमूर्ति ने सुनवाई की. राजा ने बताया कि लम्बी सुनवाई के बाद सरकार से पूछा गया कि कादीपुर में फ़ौजदारी न्यायालय का गठन राज्य सरकार ने कब किया? और उसका नोटिफिकेशन कब निर्गत हुआ? क्योंकि दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 11 में स्पष्ट है कि उच्च न्यायालय की सलाह पर शासन पहले फ़ौजदारी न्यायालयों का गठन करेगा तभी वहाँ फ़ौजदारी वाद सुनें जा सकेंगे. जबकि साल भर पहले सरकार ने मात्र सिविल मामलों के लिए ही अधिसूचना जारी की थी.

सरकारी संस्थाओं का दुरपयोग कर लोकतंत्र के साथ हो रहा खिलवाड़ - अखिलेश यादव

आप पार्टी नेता संजय सिंह ने भाजपा पर लगाई आरोपों की झड़ी

बिजनौर। नजीबाबाद में अखिलेश यादव ने प्रचार के आखिरी दिन जनसभा में बोलते हुए कहा कि समाजवादी पार्टी ने जो लैपटॉप बांटे थे वह आज भी चल रहे हैं जबकि भाजपा ने जो स्मार्टफोन बांटे उन पर उंगली मारते रहिए वह चलते नहीं हैं । 400 पार के सवाल पर जवाब देते हुए अखिलेश यादव ने कहा कि 400 पार नहीं 400 हार है ,भारतीय जनता पार्टी ने अपने दल को भ्रष्टाचारियों का गोदाम बना लिया है, जितने भ्रष्टाचारी हैं वह सब भारतीय जनता पार्टी में है। सपा सुप्रीमो ने कहा कि संस्थाओं की आड़ में इलैक्ट्रोलिक बांड के नाम पर भाजपा ने चंदा वसूली की है यह सरकार सीबीआई ,ईडी, इनकमटैक्स जैसी संस्थाओं से खिलवाड़ कर रही है, यदि संस्थाएं कमजोर होगी तो लोकतंत्र कमजोर होगा।

उन्होंने इन संस्थाओं की विश्वसनीयता पर सवाल खड़े करते हुए कहा कि इनके दुरपयोग को रोकना होगा। उन्होंने कहा कि किसानों को भी इस सरकार ने धोखा दिया है आय दोगुनी करने की बात करने के बाद भी एमएसपी नहीं दे रहे हैं । वहीं अखिलेश यादव ने पेपर लीक के मामले में भी योगी सरकार को घेरते हुए नौकरी नहीं। देने के कारण सरकार पर पेपर लीक करने के आरोप लगाया ।अखिलेश यादव ने एम्बुलेंस योजना को उल्लेख करते हुए कहा कि वह सपा सरकार ने ही चलाई थी जो नम्बर बदल कर आज भी चल रही है वहीं पुलिस 100 नम्बर से चलाई गई गाडियां 112 नम्बर से चलाई जा रही है।अखिलेश यादव ने बिजनौर में बने मेडीकल कॉलेज को भी अपनी देन होने का दावा ठोकते हुए कहा कि सपा सरकार ने ही बिजनौर में मेडीकल निर्माण का फैसला कर भूमि पूजन तक किया था। इससे पूर्व आप नेता संजय सिंह ने भाजपा पर आरोपों की बरसात करते हुए कहां कि लोकप्रिय मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को जेल में डाल दिया है। प्रधानमंत्री पर भ्रष्टाचारियों को संरक्षण देने का आरोप लगाते हुए कहा कि भाजपा की गंगा मैली हो चुकी है भ्रष्टाचारी शामिल करते करते । संजय सिंह ने कहा कि भाजपा में जो बड़ा भ्रष्टाचारी उतना बड़ा पदाधिकारी।

इस मौके पर सपा प्रत्याशी मनोज सिंह,सपा जिलाध्यक्ष अनिल यादव,फैसला वारसी,सपा विधायक मनोज पारस, पूर्व चेयरमैन नजीबाबाद मौअज्जम खां आदि नेताओं के साथ कांग्रेस नेता भी मौजूद रहे ।

प्रकाशक, मुद्रक एवं स्वत्वाधिकारी संतोष भगवन द्वारा रामा मुद्राणालय विवेक नगर, प्रतापगढ़ से मुद्रित व लोकमित्र कार्यालय आजाद नगर(निकट बड़ा शिवाला), मंझनपुर कौशाम्बी से प्रकाशित

सम्पादकः कृष्णानन्द त्रिपाठी

लोकसभा प्रभारी वीरेंद्र तिवारी ने सामूहिक पूजा आरती करके मनाया भगवान श्रीरामलला जी का जन्मोत्सव

रायबरेली ।भारतीय जनता पार्टी के पूर्व प्रदेश मन्त्री एवं पूर्व राज्यमंत्री स्तर चेयरमैन,लोकसभा प्रभारी वीरेन्द्र कुमार तिवारी ने समस्त रायबरेली वासियों को रामनवमी के पावन पर्व पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनायें देते हुए कहा कि मर्यादा पुरुषोत्तम प्रभु श्रीराम की जन्मभूमि पर भव्य मंदिर के निर्माण से देश की 500 वर्षों की प्रतीक्षा पूर्ण हुई है,रायबरेली सहित पूरे देश में हर्षोल्लास है। राम मंदिर राष्ट्र मंदिर के रूप में समरसता, सदभाव, सत्य तथा सनातन के मंत्र का प्रसार कर रहा है,इससे नए युग का सूत्रपात्र हुआ है। 500 वर्ष बाद सबकी मनोकामनाएं पूर्ण हुई हैं।अयोध्या में प्रभु श्रीराम जी के जन्मोत्सव को दिव्यता और भव्यता के साथ आज मनाया जा रहा है और रायबरेली सहित पूरे देश भर के मंदिरों में श्रद्धालु भक्तजन भगवान श्रीराम लला जी का जन्मोत्सव मना रहे है।वरिष्ठतम भाजपा नेता वीरेन्द्र तिवारी ने कहा कि श्रीराम मंदिर के निर्माण से रामराज्य की अवधारणा मूर्तरूप ले रही है प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी तथा मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व की सरकारें रामराज्य की प्रतिबद्धता के साथ सबकी आत्मनिर्भरता, सबको शिक्षा, सबको चिकित्सा, सबको सुरक्षा से आच्छादित कर रही है। पूर्व मंत्री वीरेन्द्र तिवारी आज रामनवमी पर श्रीराम जी के जन्मोत्सव के अवसर पर मध्याह्न 12 बजे सदर विधानसभा क्षेत्र में मुंशीगंज के श्री हनुमान मंदिर में पहुँचकर श्रीराम स्तुति एवं श्रीरामावतार स्तुति का सबके साथ सामूहिक गायन तथा पूजन आरती करके भगवान श्री रामलला जी से सबके सुख समृद्धि एवं लोककल्याण की प्रार्थना की।कार्यक्रम में पंकज मुरारका,अभिषेक वर्मा,मण्डल उपाध्यक्ष अनुराग वर्मा,मण्डल महामंत्री शशिकांत शुक्ला,मण्डल मंत्री वीरेन्द्र अग्रहरि,शक्ति केन्द्र संयोजक ओमप्रकाश तिवारी सहित स्थानीय सनातनी भक्तजन नागरिक मातायें-बहनें एवं युवाजन शामिल रहे।

किसान का संदिग्ध परिस्थितियो में खेत में मिला शव

रायबरेली। किसान का खेत में संदिग्ध परिस्थितियो में शव मिलने के बाद हड़कंप मच गया है।जिसको लेकर अलग अलग चर्चाएं थी।पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु भेजा है।बछरावां थाना क्षेत्र के अन्तर्गत गांव पहुरावां निवासी किसान दशरथलाल 43वर्ष पुत्र रतीपाल का शव उसके ही गेहूं के खेत के निकट संदिग्ध परिस्थितियो में पड़ा हुआ बुधवार की सुबह मिला है।जिसके शव मिलने के बाद परिजन से लेकर ग्रामीणों तक में तरह तरह की चर्चाएं मौत को लेकर था।लेकिन पुलिस उसको जहरीला जन्तु के डसने से मौत होने का दावा करते हुए प्रकरण की वास्तविकता से गुमराह करती हुई पुलिस नजर आ रही थी।थाना प्रभारी ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु भेजा गया है किसान की मौत प्रथम दृष्टयः जहरीला जन्तु के डसने से होने का दावा किया है।परिजन में रो रोकर बुरा हाल था।

देश में पहला ई रिक्शा लॉन्च करने वाली सारथी कंपनी ने खोला जिले में अपना स्टोर

लोकमित्र ब्यूरो

रायबरेली। बिना धुआं और बिना आवाज शहर में फर्राटा भरते ई रिक्शा की शुरुआत इंडिया में अगर किसने की तो बहुत कम लोगों को मालूम होगा लेकिन जिस सारथी कंपनी ने इस ई रिक्शा कंपनी की शुरुआत की है उसी की लॉन्चिंग बुधवार को रायबरेली में हुई है।

बरगद चौराहे के पास श्री कृष्णा इलेक्ट्रिक बाइक को इसकी डिस्ट्रीब्यूटरशिप मिली है। इसका उद्घाटन सारथी इलेक्ट्रिक ई रिक्शा कंपनी के एमडी राजेश सहगल ने किया उन्होंने बताया कि देश को पॉल्यूशन मुक्त करने के लिए इस कंपनी की शुरुआत की गई थी आज भले ही बहुत सी कंपनियां इस क्षेत्र में है लेकिन माइलेज और मजबूती के मामले में सारथी का कोई तोड़ नहीं है। रायबरेली में विजय रस्तोगी को डिस्ट्रीब्यूटरशिप मिली है श्री कृष्णा इलेक्ट्रिक बाइक के विक्रेता श्री रस्तोगी ने बताया कि ई रिक्शा के सभी पार्ट और सर्विस यहां पर उपलब्ध होगी साथ ही सारथी ईरिक्शा मनपसंद कॉलर में उपलब्ध हैं

जिसकी क्वालिटी उच्च कोटि की है और ई रिक्शा में होने वाली सभी आधुनिक सुविधाएं दी गई हैं।

राम मंदिर का स्टीकर भाजपा कार्यकर्ताओं ने मंदिरों और घरों में लगाया

लालगंज रायबरेली। पार्टी नेतृत्व के आह्वान पर सरेनी विधानसभा क्षेत्र के सभी मंडलों में राम मंदिर का स्टीकर भाजपा कार्यकर्ताओं ने मंदिरों व अन्य जगहों पर लगाया है। लालगंज में सरेनी विधानसभा संयोजक सुशील शुक्ला, पूर्व मंडल अध्यक्ष शिव प्रकाश पांडे,मंडल अध्यक्ष मनोज अवस्थी, शक्ति केंद्र संयोजक बाबू तिवारी ने अटल जी की मूर्ति पर माल्यार्पण कर अटल चौक पर राम मंदिर और प्रधानमंत्री के चित्रों वाला स्टीकर लगाया। इस अवसर पर सुशील शुक्ला ने कहा कि भारत के पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई कहा करते थे कि यह देश राम का है, राम सभी के आराध्य हैं, यहां पर राम मंदिर बनकर रहेगा। आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने श्रद्धेय अटल जी की भावनाओं को पूरा करने का काम किया है। प्रधानमंत्री ने भारत के एक अरब से अधिक हिंदुओं की भावनाओं का सम्मान करते हुए अयोध्या में राम मंदिर निर्माण में अहम भूमिका निभाई है। अयोध्या में मंदिर निर्माण होने से पूरा देश राम मय हो गया है। रामनवमी के दिन भाजपा कार्यकर्ताओं ने लालगंज सहित सरेनी, गेगासों बेनी माधवगंज ,डलमऊ आदि मंडलों में भी मठ मंदिरों व घरों में स्टीकर चिपका कर रामनवमी की बधाई दी है और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को एक बार फिर से प्रधानमंत्री बनाने का आह्वान किया है। इस मौके पर व्यापार मंडल अध्यक्ष विवेक शर्मा, जिला उपाध्यक्ष मृत्युंजय बाजपेई ,जिला महामंत्री अप्पू शर्मा, जिला अध्यक्ष रोहित सोनी ,शीलू त्रिवेदी , विद्यार्थी परिषद के प्रांतीय कार्य समिति सदस्य सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

भ्रष्टाचार में लिप्त है भाजपा सरकारः रज्जू खान

रायबरेली। समाजवादी पार्टी अल्पसंख्यक सभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष आफ्ताब अहमद (रज्जू खान) एडवोकेट ने कहा की प्रदेश और देश के हालात बेहद खराब है। भाजपा सरकार तमाम तरह के भ्रष्टाचार में लिप्त है इलेक्टोरल बोंड के नाम पर वसूली हुई। देश के इतिहास में पहली बार ऐसा हुआ है कि सरकारी जांच एजेंसियों का प्रयोग कर विपक्ष को प्रताड़ित किया जा रहा है। प्रतियोगी परीक्षाओं के पेपर लीक हो रहे हैं। भाजपा सरकार ने नौजवानों को धोखा दिया है। सरकार प्रतियोगी छात्रों को नौकरी नहीं देना चाहती है। भाजपा की नियत नौकरी देने की नहीं है। अब समय आ गया है भाजपा सरकार को जनता माकूल जवाब दे।

रामनवमी के पावन अवसर पर गोविंदपुर वलौली,गांधी चौराहा लालगंज में हुआ शरबत वितरण

लालगंज रायबरेली। नवरात्र के पावन अवसर रामनवमी के शुभ मुहूर्त पर भगवान श्री राम के भक्तों ने जगह-जगह प्रसाद वितरण के कार्यक्रम किया है। लालगंज नगर के अटल चौक स्थित बाजपेई रेस्टोरेंट और गोविंदपुर वलौली शिवनगर में जहां भगवान श्री राम का चित्र लगाकर पूजा अर्चना की गई और लोगों ने सुंदरकांड का पाठ सुना।वही हजारों लोगों ने शरबत का भी लुफ्त उठाया। प्रत्येक वर्षों की भांति इस वर्ष भी रामनवमी के मौके पर लालगंज नगर में कई स्थानों पर धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन हुआ। अटल चौक के बाजपेई रेस्टोरेंट में भगवान श्री राम का चित्र और भाजपा का बैनर लगाकर कार्यकर्ताओं ने शरबत वितरण किया जिसमें हजारों लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम के संयोजक भाजपा नेता सुशील शुक्ला बताया कि हिंदू धर्म में रामनवमी का बहुत बड़ा महत्व है। रामनवमी के दिन अयोध्या में रामलला इस धरा पर अवतरित हुए थे। त्रेता युग में जन्मे भगवान श्री राम हिंदुओं के आराध्य हैं। वही जब से अयोध्या में भाजपा सरकार के द्वारा श्री राम लला की प्राण प्रतिष्ठा हुई है। तभी से पूरा देश राम मय हो गया है और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रति लोगों की आस्था भी बढ़ी है। रामनवमी के दिन अयोध्या में लाखों लोगों ने भगवान राम के दर्शन प्राप्त किये है। स्थानीय स्तर पर भी लोगों ने अयोध्या से हुए लाइव प्रसारण का आनंद लिया और रामलला के सूर्याभिषेक का अद्भुत नजारा भी देखा। उन्होंने कहा कि आज प्रत्येक व्यक्ति मोदी की योजनाओं से लाभान्वित है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम के बताए हुए रास्ते पर चल रहे हैं और भारत को विकसित राष्ट्र बनाने की संकल्पना पर काम कर रहे हैं। इस अवसर पर बैसवारा अधिवक्ता एसोसिएशन के पूर्व महामंत्री अशोक शुक्ला, समाजसेवी देवी कुमार गुप्ता, पूर्व मंडल अध्यक्ष शिव प्रकाश पांडे मनोज अवस्थी बाबू तिवारी व्यापार मंडल अध्यक्ष विवेक शर्मा ,मृत्युंजय बाजपेई, अप्पू शर्मा ,रोहित सोनी, शीलू त्रिवेदी, देवेश अग्निहोत्री, मोहम्मद याकूब, उमेश श्रीवास्तव, रामबाबू गुप्ता, रमाशंकर बाजपेई ,रमेश मिश्रा, आयुष बाजपेई, नीलेश शुक्ला ,मृत्युंजय बाजपेई , श्रीधर शुक्ला, गौरव बाजपेई, बोस शुक्ला, विनीत सैनी आदि लोगों का योगदान सराहनीय रहा।

निःशुल्क शीतल जल की व्यवस्था मानवता का धर्म - राजा हर्षेन्द्र सिंह'

श्री सर्वेश्वरी समूह द्वारा मुकेश कम्प्यूटर्स संस्थान में निःशुल्क प्याऊ का शुभारम्भ

लोकमित्र ब्यूरो

रायबरेली। मानव सेवा के लिए विश्व विख्यात संस्था श्री सर्वेश्वरी समूह औघड़ भगवान राम कुष्ठ सेवा आश्रम के संयोजन में शहर के कोतवाली रोड स्थित मुकेश कम्प्यूटर्स के पास निःशुल्क प्याऊ का संचालन महान औघड़ सन्त अवधूत भगवान एवं पूज्य गुरूपद सम्भव राम जी के चित्रों पर माल्यार्पण एवं पूजन-अर्चन के साथ शुरू हुआ। इस अवसर पर समूह के उपाध्यक्ष राजा हर्षेन्द्र सिंह ने कहा कि गर्मी के मौसम में गर्मी से व्यथित व्यक्ति को निःशुल्क शीतल जल, गुड़ की व्यवस्था के साथ आपूर्ति करने से व्यथित व्यक्ति की आत्मा को शांति मिलती है, यह मानवता का सबसे बड़ा धर्म है। समूह के व्यवस्थापक बृजेश सिंह ने कहा कि पूज्य अघोरेश्वर की कृपा से इसी स्थान पर निःशुल्क प्याऊ की स्थापना का यह ग्यारहवाँ वर्ष है। संयुक्त मन्त्री अभिषेक विक्रम सिंह ने कहा कि श्री सर्वेश्वरी समूह द्वारा जाड़े के मौसम में ठंड से निजात दिलाने हेतु कम्बल व रजाई का वितरण भी किया जाता है। सेन्ट्रल बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष ओपी यादव ने कहा कि श्री सर्वेश्वरी समूह द्वारा मानव कल्याण की अनेक योजनायें संचालित की जाती है। विशेष बात यह है कि संस्थान में किसी प्रकार का सरकारी सहयोग नहीं लिया जाता है। इस अवसर में मुख्य रूप से शिवलखन सिंह, रमेश सिंह, राजन रस्तोगी, शैलेन्द्र सिंह, मुन्ना सिंह, विमल सिंह, पूर्व सभासद एस.पी. सिंह, सचिन सोनकर, निवेदिता रस्तोगी, जानकी रस्तोगी, रामशरन यादव, महेन्द्र सिंह भदौरिया, मानवेन्द्र प्रताप सिंह, ध्रुव देव सिंह, जितेन्द्र सिंह, मनीष सिंह आदि लोग उपस्थित रहे।

आग से गेहूं की फसल जलकर राख

रायबरेली।मिलएरिया थाना के कसेहटी में गेहूं की फसल में अज्ञात कारणों से आग लगने से 30-40 बीघा के तकरीबन गेहूं की फसल जलकर राख हो गया।ग्रामीणों व फायर ब्रिगेड की टीम आग पर काबू पाया है।वहीं सलोन थाना के गांव तिवारीकापुरवा निकट अज्ञात कारणों से आग लगने से गेहूं की कई बीघा फसल जलकर राख हो गया है।जबकि खीरो थाना के गांव बरौंडी में आग लगने से तीन बीघा के तकरीबन गेहूं की फसल जलकर राख हो गया है।

मारपीट में मां पुत्री घायल

रायबरेली।ऊंचाहार कोतवाली के गांव अलीनगर निवासिनी किसमत देवी 42वर्ष पत्नी रामबहादुर व रोशनी 19वर्ष पुत्री रामबहादुर को मारपीट में घायल होने पर पुलिस ने सीएचसी में भर्ती करवाया है।थाना प्रभारी ने बताया कि तहरीर मिलने पर कार्रवाई किया जाएगा।

6 माह से पाइप का है लीकेज,14 ग्राम पंचायतो में जलसंकट

रायबरेली। जल निगम की लापरवाही के कारण सार्वजनिक मार्ग पर जल निगम की पाइप लीकेज होने के कारण जल निगम की पानी की टंकी के चलने पर बुधवार के दिन उसकी पाइप फट गया।जिसके कारण 14 ग्राम पंचायतों की आपूर्ति में संकट खड़ा कर दिया है।जिले के महराजगंज तहसील के अन्तर्गत मऊबाजार है।ये बाजार महराजगंज व इन्हौना के मध्य है।जिस मार्ग पर बाजार में ही विगत 6 माह से पानी टंकी का पाइप लीकेज था।जिसका लीकेज होने के कारण बुधवार के दिन पानी की सप्लाई प्रारंभ होने के बाद पाइप फट गया।जिसका पाइप फटने के बाद बाजार में अफरा तफरी मच गया।मार्ग पर जलभराव होने पर स्थानीय दुकानदारों से लेकर राहगीर व स्थानीय ग्रामीणों तक को आने जाने में दिक्कत होता है।

जिसमें पैदल चलने पर जूते तक भीगने के साथ साथ फिसलकर गिरने तक का सिलसिला जारी है।चार पहिया वाहन के निकलने पर आसपास खड़े व बाइक से जा रहे लोगों के बड़े वाहनो के क्रास करने पर पानी का उछाल होने पर कपड़े तक नष्ट भीगने के बाद हो रहे है।ग्रामीणों का आरोप है कि कई बार जल निगम से लेकर तहसील प्रशासन से लिखित शिकायत किया लेकिन कोई सुनने वाला नही है।जिसको लेकर दुकानदारो में अक्रोश व्याप्त है।एसडीएम ने बताया कि जानकारी में हमारे नही है जांच करवाया जाएगा।

सवारियों से भरा मैजिक में लगी आग, धू धूकर राख

लोकमित्र ब्यूरो

रायबरेली।सवारियों से भरा मैजिक में एकाएक बैटरी के पास उठ रहे स्पार्किंग से डीजल टैंक में आग लग गया जिसमें हलाकि यात्री चालक के सतर्कता से रूकने के बाद कूदकर अपनी जान बचाई है।

जिले के सलोन थाना क्षेत्र के सूचीपुलिस चौकी के गांव दरसवां के निकट रायबरेली से सलोन तकरीबन 17 सवारियों को लेकर मैजिक बुधवार के दिन जा रही थी।उसी दौरान मैजिक के बैटरी के निकट तार में स्पार्किंग से डीजल टैंक में आग पकड़ लिया जब तक आग विकराल रूप धारण करता तब तक सवार यात्रियों ने कूदकर अपनी अपनी जान बचाई है।जिसमें सवारियों को मामूली चोटे आने पर प्राइवेट चिकित्सक से उपचार करवाने के बाद अपने अपने ठिकानो की ओर रवाना हो गए।जबकि मैजिक धू धूकर जलकर राख हो गई है।मैजिक में फायर विभाग की कीट नही था।उधर सलोन थाना प्रभारी ने बताया कि मैजिक जली है जिसको दमकल बुलाकर आग बुझाया गया लेकिन उसके पार्ट्स जलकर नष्ट हो गए थे।एआरटीओ ने बताया कि मैजिक के कौन कौन प्रपत्र थे उसकी जांच करवाया जाएगा।

मनकामेष्वरी मंदिर में किया गया कन्या भोज का आयोजन

लोकमित्र ब्यूरो

सलोन रायबरेली। चैत्र नवरात्र की नवमी के दिन कस्बा स्थित प्राचीन मां मनकामेश्वरी मंदिर में कन्या भोज का आयोजन किया गया।नवरात्र व्रत समापन के अवसर पर नवमी के दिन मैया के भक्तों ने 108 कन्याओ का पैर पखार कर सभी कन्याओं का पूजन किया व भोज कराया। नगर के लोगों ने आदि प्राचीन मां मनकामेश्वरी मंदिर में सुबह से ही भक्तों का तांता लगा रहा। सभी भक्त मंदिर पहुंचकर वहां उपस्थित कन्याओं के पैर पखारे माँथे पर तिलक लगा कर उनकी आरती की और फिर भोजन कराया। वहीं श्रद्धा अनुसार कन्याओं को दान दक्षिणा देकर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। कन्या पूजन एवं भोजन कराने के उपरांत भक्तों ने हवन पूजन इत्यादि किया।तत्पश्चात प्रसाद ग्रहण करने के बाद मैया के भक्तों ने पारण किया।जगह-जगह नवरात्र की नवमी पर धूम मची हुई है । नवरात्र का व्रत रखने के बाद तमाम लोग हवन का भी आयोजन कर रहे हैं सुबह से ही घरों व मंदिरों में हवन की प्रक्रिया चल रही है ।जगह-जगह हवन होने से संपूर्ण वातावरण हवन सामग्री से सुगंधित हो गया है।नवरात्र पर कन्याओं व साधु-संतों को दही जलेबी भी खिलाया गया। इस दौरान मंदिर के मुख्य पुजारी गया प्रसाद शास्त्री, फूलचंद गुप्ता,संतोष मोदनवाल,प्रदीप गुप्ता, राकेश शर्मा, अमर गुप्ता, अंकेश गुप्ता, तुषार मोदनवाल, अतुल अग्रहरी शुभम साहू,खेमराज साहु सर्वेश मौर्या,आशीष कुमार,राजन जोशी, मनदीप गुप्ता,एवं नव युवक अम्बे दल के सदस्य मौजूद रहे।

स्कार्पियो से की टक्कर से युवक गंभीर घायल

लोकमित्र ब्यूरो

रायबरेली।बछरावां थाना के गांव गूजरपुर निवासी प्रशांत कुमार 23वर्ष को थाना के गांव कनकहा के निकट स्कार्पियों ने टक्कर मार दिया।जिसमें प्रशांत को गंभीर चोट आने पर सीएचसी बछरावां में भर्ती किया गया।सीएचसी के अधीक्षक ने बताया कि युवक की हालत में सुधार न होने पर प्राथमिकउपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर किया गया है जिसकी जिला अस्पताल में उपचार भर्ती करके किया जा रहा है।थाना प्रभारी ने बताया कि घायल पक्ष से तहरीर नही मिली है।फिलहाल युवक अपने भाई को बाइक से छोड़ने के बाद वापस आते दौरान दुर्घटना में घायल हुआ था।

रामनवमी के अवसर पर झांकियों के साथ निकाली गई भगवान श्री राम की षोभा यात्रा

लोकमित्र ब्यूरो

सलोन।रामनवमी के पावन अवसर पर सलोन कस्बे में भगवान श्री राम की शोभा यात्रा झाकियों के साथ निकाली गयी।इस दौरान हिंदू संगठन के पदाधिकारी व कार्यकर्ता सैकड़ों की संख्या में नगर के बस स्टैंड के प्रांगण में उपस्थित हुए। जिसके बाद हनुमान चालीसा का पाठ कर अपने आराध्य भगवान श्री राम की शोभा यात्रा निकालने के लिए राम भक्त जय श्री राम के उद्घोष के साथ डटे रहे।शोभायात्रा के दौरान जय श्री राम के जयकारे के साथ लोग वन्दे मातरम के नारे लगा रहे थे।कस्बे में जगह-जगह शोभायात्रा पर पुष्प वर्षा कर उसका स्वागत किया गया।शोभा यात्रा की अगुवानी हिन्दू नेता जिला धर्म जागरण प्रमुख राम सजीवन गौड़ ने किया।बुधवार को बस स्टैंड सलोन से हिन्दू नेता के नेतृत्व में सैकड़ो बाइक सवार युवकों ने हर हर महादेव जयश्री राम के उदघोष हाथ मे भगवा ध्वज लिए चल रहे थे।सोभयात्रा बस स्टैंड

से होते हुए तहसील चौराहे से निकल कर गणेश गंज बाजार से होते हुए सलोन कस्बे पहुँचा जहाँ राम भक्तों का स्वागत सत्कार स्थानीय लोगो ने किया।इसके बाद समापन राजापुर स्थित बाबा की कुटी के समीप हुआ।हिन्दू नेता रामसजीवन गौड़ ने कहा की लोगों को श्री राम के आदर्शो को अपने जीवन मे उतारना चाहिए। एवं उनके आदर्शों पर चलना चाहिए।जिससे विश्व के लोगो भी भारत की जय जय कार करे।विश्व हिंदू महासभा के जिला अध्यक्ष जितेंद्र सिंह (योगी सेवक) ने कहा पांच सौ वर्षो के इंतजार बाद प्रभु श्री राम के मंदिर का निर्माण हुआ है विघ्न आते रहते विघ्न को काटना हम सनातनियो का कार्य है। इस मौके पर प्रखंड अध्यक्ष विश्व हिंदू परिषद संजय कुमार तिवारी ,नगर पंचायत अध्यक्ष चंद्र शेखर रस्तोगी, गोपाल मोदनवाल,सचिन तिवारी ,शुभम कौशल, रोहन साहू, शनि बाबा, अमन जायसवाल,सतेंद्र जोशी, इंद्रेश द्रिवेदी मौजूद रहे।

पेयजल संकट गहराया, आम जनमानस हलाकान

लोकमित्र ब्यूरो

बारा(प्रयागराज)। गर्मी का मौसम आते ही शंकरगढ़ में पेयजल का संकट गहराने लगा है। कुएं तालाब सूखे हुए हैं तथा ज्यादातर हैंड पंप पानी की जगह गर्म हवा उगलने लगे हैं ।जिससे लोगों को एक-एक बाल्टी पानी के लिए कड़ी में मशक्कत करनी पड़ती है। शंकरगढ़ क्षेत्र एक पथरीला इलाका है। यहां गर्मी के मौसम में प्रतिवर्ष जलस्तर नीचे चले जाने के कारण पीने की पानी की समस्या उत्पन्न हो जाती है। वर्तमान समय में शंकरगढ़ नगर पंचायत में लोगों के लिए पीने के पानी का संकट खड़ा हो गया है। नगर पंचायत वासियों के अनुसार जल निगम द्वारा सप्ताह में दो बार पानी की सप्लाई दी जाती है । इस समय जो पानी की सप्लाई दी जाती है वह पानी मटमैला होता है। शंकरगढ़ के पानी की इसी समस्या को देखते हुए शासन द्वारा 2019 में शंकरगढ़ के लिए पेयजल योजना के

तहत चार करोड़ 68 लख रुपए अवमुक्त किया गया था ।

इसका उद्देश्य था कि शंकरगढ़ के पानी की समस्या दूर करने के लिए तमसा नदी के गौरा के पास से पाइप लाइन बिछा कर नदी का पानी शंकरगढ़ रानीगंज जल निगम तक पहुंचाया जाएगा। वहां से पानी का शुद्धिकरण का नगर वासियों को पानी की सप्लाई की जाएगी। इस परियोजना का शुभारंभ भी हुआ।14 अगस्त 2019 को वर्तमान सांसद ने शिलान्यास कर परियोजना की शुरुआत की। तमसा नदी के गौरा से शंकरगढ़ के रानीगंज जलनिगम तक पाइपलाइन भी बिछा दी गई। यही नहीं पिछले वर्ष इसका उद्घाटन भी किया गया। लेकिन आज तक तमसा नदी का पानी रानीगंज जल निगम में नहीं पहुंचा। बताया जाता है कि घटिया पाइप लाइन बिछाने से जब पानी छोड़ा जाता है पाइप कहीं न कहीं रास्ते में फट जाती है।जल निगम के द्वारा अभी भी विभाग द्वारा करवाए गए बोर से ही पानी की सप्लाई नगर वासियों को की जाती है। विभाग के द्वारा कराए गए बोर जल स्तर नीचे जाने से कम पानी देने लगे हैं। जिससे जल निगम द्वारा नगर वासियों को सप्ताह में दो दिन ही पानी की सप्लाई की जाती है। शंकरगढ़ नगर में अभी से पानी का घोर संकट पैदा हो गया है। नगर वासियों का कहना है कि यदि समय रहते शासन प्रशासन में बैठे लोग इस समस्या के समाधान की ओर ध्यान नहीं देंगे तो अगले माह तक में शंकरगढ़ के वासियों को एक-एक बाल्टी पानी के लिए मशक्कत करनी पड़ेगी।

दुराचार का अभियुक्त गिरफ्तार

बारा(प्रयागराज)। दुराचार में वांछित चल रहे एक अभियुक्त को मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने छापेमारी कर गिरफ्तार कर लिया। मामला शंकरगढ थाना क्षेत्र का है।

समित लाल कोल निवासी भनिगंवा, थाना जवा, रीवा के खिलाफ शंकरगढ थाने में पाक्सो एक्ट सहित विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज है।

वह काफी दिनों से फरार चल रहा था। आज शंकरगढ पुलिस को मुखबिर द्वारा सूचना मिली कि वांछित अपराधी थाना क्षेत्र के बिहरिया मोड़ पर देखा गया है। मुखबिर की सूचना को सही मान उपनिरीक्षक कृष्ण कांत पांडेय, सिपाही रोहित कुमार थाना शंकरगढ के साथ छापेमारी कर अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया।उसे थाने लाकर विधिक कार्रवाई की जा रही है।

अनियंत्रित डग्गामार बस की चपेट में आकर बाइक सवार की मौत, परिजनों में कोहराम

कोरांव (प्रयागराज)। कोरांव के बड़ोखर पुलिस चौकी अंतर्गत ग्राम छिपिहा भगेसर निवासी एक युवक बुधवार को बाइक द्वारा बाजार से घर लौटते समय बस की टक्कर से काल के गाल में समा गया और परिजनों में कोहराम मच गया। जानकारी के अनुसार छिपिहा भगेसर निवासी रवि शंकर पटेल पुत्र स्वर्गीय राम अभिलाष पटेल किसी काम को लेकर अपने साथी वीरेन्द्र कुमार पुत्र राजेन्द्र प्रसाद के साथ बाइक से बड़ोखर बाजार गया हुआ था जहां पर बाइक वीरेन्द्र कुमार चला रहा था। वापस लौटते समय रत्यौरा बड़ोखर मार्ग स्थित भोगन नदी पुल व खिवली कला गांव के पास सामने से अनियंत्रित गति में फर्राटा भरती बस ने जोरदार टक्कर मार मार दिया जिससे रवि शंकर का हाथ पैर फैक्चर हो गया और बेसुध हालत में गिर पड़ा। बाइक चालक को भी चोटें आई। गंभीर अवस्था में घायल को सीएचसी

कोरांव पहुंचाया गया जहां पर डाक्टरों ने प्राथमिक उपचार कर शहर के अस्पताल हेतु रिफर कर दिया। गंभीर अवस्था में अस्पताल ले जाते समय रास्ते में ही रवि शंकर पटेल ने दम तोड़ दिया। शव को परिजन वापस थाने ले आकर आरोपी बस के खिलाफ मृतक के भाई बालेन्द्र कुमार पटेल ने लिखित तहरीर देकर जांच व कार्यवाही की मांग किया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों वाहनों को अपनी हिरासत में ले लिया और आरोपी बस चालक की तलाश में जुट गई और शव को पोस्टमार्टम हेतु भेजा गया। फिलहाल घटना को लेकर जहां परिजनों में कोहराम मचा रहा वहीं लोगों में डग्गामार वाहनों की मनमानी पर सवाल उठता रहा जिससे आए दिन घटनाएं घटित हो रही हैं।

शुआट्स फैकल्टी आईएसईई, नई दिल्ली में कार्यकारी काउंसिलर के रूप में निर्वाचित

लोकमित्र ब्यूरो

नैनी(प्रयागराज)। डॉ. दीपक कुमार बोस, एसोसिएट डीन (प्रशासन), शुआट्स और एसोसिएट प्रोफेसर, कृषि प्रसार और संचार विभाग को 2024-2027 की अवधि के लिए भारतीय प्रसार शिक्षा सोसायटी (आईएसईई), नई दिल्ली के मध्य क्षेत्र (यूपी, एमपी और उत्तराखंड) के कार्यकारी काउंसिलर के रूप में चुना गया। भारतीय प्रसार शिक्षा सोसायटी की स्थापना 22 जून, 1964 को प्रसार शिक्षा के उद्देश्य को आगे बढ़ाने के उद्देश्य से की गई थी। सोसायटी का मुख्यालय भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान (आईएआरआई), नई दिल्ली में है और वर्तमान में इसके 2000 से अधिक आजीवन सदस्य हैं। भारतीय प्रसार शिक्षा पत्रिका 1965 से अपनी आधिकारिक त्रैमासिक प्रकाशित कर रही है, जिसकी वर्तमान नास रेटिंग 5.95 है।

अखिल भारतीय चुनाव के परिणाम 16 अप्रैल 2024 को आईएआरआई, नई दिल्ली में घोषित किए गए और भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के उप महानिदेशक डॉ. उधम सिंह गौतम अध्यक्ष पद के लिए चुने गए। आईएआरआई की डॉ सत्यप्रिया सचिव चुनी गईं, सीडीएमआर, धारवाड़, कर्नाटक के निदेशक डॉ बसवप्रभु जिरली संयुक्त सचिव चुने गए, आईसीएआर-मुख्यालय के डॉ केशव कोषाध्यक्ष चुने गए। बांदा कृषि विश्वविद्यालय के डॉ भानु प्रकाश मिश्रा मध्य क्षेत्र के उपाध्यक्ष चुने गए। जबकि डॉ दीपक कुमार बोस मध्य क्षेत्र (यूपी, एमपी और यूके) के कार्यकारी काउंसलर चुने गए। शुआट्स कुलपति प्रो राजेंद्र बी लाल सहित प्रो (डॉ) जोनाथन ए लाल, प्रति कुलपति (शैक्षणिक मामले), प्रो एस हर्बर्ट प्रति कुलपति (पीएमडी), प्रो (डॉ) बिस्वरूप मेहरा प्रति कुलपति (प्रशासन), प्रो (डॉ) रानू प्रसाद, रजिस्ट्रार, डॉ सी जे वेस्ले, संयुक्त रजिस्ट्रार (प्रशासन) और प्रो. (डॉ.) जहांआरा विभाग अध्यक्ष, कृषि प्रसार और संचार विभाग, शुआट्स प्रयागराज ने डॉ. बोस और आईएसईई कार्यकारी परिषद के सभी निर्वाचित सदस्यों को समाज के विकास में उनकी उपलब्धियों और सफलता के लिए बधाई दी।

तालाब सूखने पर पशु -पक्षी भटक रहे प्यासे

लेड़ियारी(प्रयागराज)। सरकार एक तरफ जहां जल संरक्षण के लिए कोई कोर कसर नहीं छोड़ रही हैं । वहीं दूसरी तरफ क्षेत्र में स्थानीय प्रशासन इस तरफ कोई नहीं ध्यान दें रहे है। इसके कारण क्षेत्र के तालाब पोखरे सुखते जा रहे हैं । कोरांव तहसील क्षेत्र के दर्जनों तालाब ऐसे है । जो सूखते जा रहे हैं । या अबैध कब्जा के कारण अपना अस्तित्व खोते जा रहे हैं । इसके कारण बेसहारा मवेशियों पशु और पक्षियों को अपनी प्यास बुझाने के लिए भटकना पड़ रहा है ।

तहसील मुख्यालय से सटे, करपिया, रतेवरा, देईबांध, डीही खुर्द, नीबी, लेड़ियारी, किहुंनी खुर्द, किहुंनी कला, गड़री, बहरैचा आदि गांव के तालाब सूखने के कगार पर है । इन्हीं पोखरों के सहारे पशु - पक्षी भी आश्रित है । किंतु प्रशासन इस ओर ध्यान ही नहीं दे रहा है । अगर तत्काल समय में जल संरक्षण की व्यवस्था नहीं की गई तो पेयजल की समस्या उत्पन्न हो सकती हैं । गर्मी की अभी शुरुआत ही हुई है । कि क्षेत्र के तालाब पोखरे सूखने लगे हैं।जो कूप सरकार ने बनवाएं थे। उसकी स्थिति भी बहुत अच्छी नहीं है । पानी न होने के कारण मवेशियों को परेशानी हो रही हैं । लोग भी काफी परेशान दिख रहे हैं ।

अप्रैल माह की शिक्षक संकुल कार्यशाला का हुआ आयोजन

कौंधियारा (प्रयागराज)। प्राथमिक विद्यालय गढ़वा कला में नवीन शैक्षिक सत्र की प्रथम शिक्षक संकुल कार्यशाला का आयोजन संकुल प्रभारी संचित श्रीवास्तव, राम सुरेश वर्मा, रेनू यादव, वंदना श्रीवास्तव,फरहत परवीन के नेतृत्व में किया गया।जिसमें अकोढ़ा संकुल के अंतर्गत समस्त शिक्षकों ने प्रतिभाग किया।बैठक में दीक्षा एप,निपुण लक्ष्य एप का निरंतर उपयोग कर छात्रों का सतत आकलन पर बल दिया गया साथ ही नवीन सत्र में आने वाली विभिन्न समस्याओं जैसे छात्र उपस्थिति,नामांकन आदि विषयों पर भी चर्चा की गई।

माँ दुर्गा व काली धाम मंदिर में बही भक्ति की बयार

लोकमित्र ब्यूरो

लेड़ियारी(प्रयागराज)। चैत्र नवरात्र की नवमी तिथि पर काली धाम मंदिर व दुर्गा देवी के मंदिरों पर भक्तों से भरें रहे । और अपनी बारी का इंतजार करके पूजा अर्चना किए । न जाति का बंधन, अमीरी-गरीबी की खायी । मइया के दरबार में सभी याचक बनकर पहुंचें । कोई बच्चा था, कोई वायस्क और युवा । बुजुर्गो की भीड़ भी कम नहीं थीं । अलग-अलग आयुवर्ग होने के बावजूद लालसा सबकी एक थीं । वह है माँ दुर्गा के दिव्य स्वरूप का दर्शन । मइया का दर्शन पाकर आंखों के जरिए उन्हें ह्रदय में बसाया । लेड़ियारी स्थित काली धाम मंदिर के पुजारी आचार्य राम बाबू शास्त्री व्यास द्वारा फूलमालाओं से भव्य श्रृंगार के पश्चात हवन पूजन कराया गया । जगत जननी जगदंबा सिद्धिदात्री मां का सुबह से ही पूजन अर्चना हवन एवं कुछ लोगों ने घरों में ब्राह्मणों को भोज कराएं । क्षेत्र के जगह -जगह मंदिरों में सुबह से ही पूजा अर्चना किये गये ।भागवत कथा के आचार्य दीपक द्विवेदी ने बताया कि सिद्धिदात्री देवी की पूजा नवरात्रि के आखिरी दिन समस्त कामनाओं को पूर्ण करने वाली मां जगत -जननी जगदंबा है । इस राम नवमी पर ग्राम प्रधान लेड़ियारी रवि सिंह ने ग्राम पंचायत से बनाई गई नाली खरंजा, इंटरलाकिंग आदि गांव में बनी सार्वजनिक तथा क्षेत्र में बनी मंदिरों को साफ-सफाई कराया।

शुआट्स वैज्ञानिकों की सलाह, 21 अप्रैल को हल्की वर्षा के आसार

लोकमित्र ब्यूरो

नैनी(प्रयागराज)। सैम हिग्गिनबॉटम कृषि, प्रौद्योगिकी एवं विज्ञान विश्वविद्यालय (शुआट्स) में चल रहे ग्रामीण कृषि मौसम सेवान्तर्गत भारत सरकार से प्राप्त पूर्वानुमान के अनुसार वैज्ञानिकों ने 21 अप्रैल को हल्की वर्षा के आसार जताते हुए कृषकों को सलाह दी है कि उर्द/मूंग की फसल में पीला चित्रवर्ण (मोजैक) रोग दिखाई देते ही प्रभावित पौधे सावधानीपूर्वक उखाड़ कर नष्ट (जला दे/गाड़ दें) कर दें। 5 से 10 पौढ़ मक्खी (सफेद मक्खी) प्रति पौध की दर से दिखाई पड़ने पर आक्सीडेमेटॉन-मिथाइल 25 प्रतिशत ई.सी. या डाइमेथोयेट 30 ई.सी. 1 लीटर प्रति हे. की दर से 600-800 ली. पानी मिलाकर छिड़काव करना चाहिये। मूँग उर्द में पहली सिंचाई बुआई के 30-35 दिन के बाद करें इससे पूर्व सिंचाई करने पर जड़ों में नत्रजन स्थिरीकरण ग्रन्थियो का विकास ठीक से नहीं होता है।

अप्रैल के दूसरे सप्ताह के उपरांत वर्षा की संभावना होने के कारण गेहूँ की कटाई फिजियोलाजिकल मेच्योरिटी (पौधे के पीले एवं बाली के सुनहरे पीले होने) पर करके यथाशीघ्र मड़ाई कर सुरक्षित स्थान पर भण्डारित कर लें। गन्ने की पत्तियों पर अंकुर बेधक एवं चोटी बेधक कीट के अंडे दिखने पर पत्ती को तोड़कर नष्ट कर दें जिससे कीट के आगे की पीढ़ी समाप्त हो जाय। सब्जियों की फसल में विशेषतया टमाटर, मिर्च में विषाणु रोग का प्रकोप अधिक होता है। इस रोग का प्रसार वाहक कीट सफेद मक्खी/हापर कीट के द्वारा होता है। आम के भुनुगा कीट की रोकथाम हेतु इमिडाक्लोप्रिड 30.5 प्रतिशत एस.सी. 0.3 मि.ली. प्रति लीटर पानी एवं प्रोफेनोफास 50 प्रतिशत ई.सी. 1 मिली0/लीटर पानी में घोल बनाकर छिड़काव करें। पशुओं में खुरपका एवं मुंहपका बीमारी (एफ.एम.डी.) एवं पी.पी.आर. बीमारी का टीकाकरण कराया जा रहा है, यह सुविधा पशुचिकित्सालयों पर निःशुल्क उपलब्ध है।

पूजन कि अगरबत्ती से बांस के कोठ में लगी आग, हजारों की क्षति

लोकमित्र ब्यूरो

मऊआइमा (प्रयागराज)। शादी के पूर्व महिलाओं द्वारा पूजा के दौरान जलाई गई अगरबत्ती की चिंगारी से बांस के कोठ में लगी आग से हजारों का नुकसान हो गया। ग्रामीणों और स्थानीय पुलिस ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। इसके बाद दमकल पहुंचा।

मिली जानकारी के अनुसार मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम तिलई बाजार में बबलू दूबे के बांस के कोठ के पास बुधवार को गांव में एक परिवार के यहां शादी पडी थी जहां महिलाओं ने पूजा के दौरान अगरबत्ती जला दी। उसकी चिंगारी से बांस के कोठ में भीषण आग लग गई, जब तक दमकल पहुंचता स्थानीय पुलिस और ग्रामीणों ने कड़ी मशक्कत से आग पर काबू पा लिया। फिर भी बबलू दूबे का हजारों का बांस जल गया। गनीमत यह रही कि आस पास स्थित गेहूं की फसल तक आग नहीं पहुंची, अन्यथा काफी बड़ी क्षति हो जाती।

शक्ति की भक्ति का महापर्व है नवरात्र-पप्पू उपाध्याय

अध्यक्ष ने कन्या पूजन के साथ नवरात्र व्रत का किया समापन

लोकमित्र ब्यूरो

मेजा (प्रयागराज)। शक्ति के महापर्व नवरात्र की पूर्णाहुति में कन्या पूजन का विधान है। पौराणिक मान्यताओं में कन्यायों को माँ दुर्गा का स्वरूप मानकर उनकी पूजा कर उन्हें तृप्त कर आशीर्वाद प्राप्त किया जाता है।व्यापार मण्डल अध्यक्ष पप्पू उपाध्याय ने सपत्नीक कन्या पूजन कर जन कल्याण की कामना की है।

सनातन धर्म मे शक्ति पूजा परम कल्याणकारी बतायी गयी है।हमारी धार्मिक मान्यताओं में शक्ति के बगैर सृष्टि की कल्पना नही की जा सकती है। नवरात्र के दिनों में शक्ति के नौ स्वरूपों की पूजा और आराधना का विधान है।माँ शैलपुत्री से महालक्ष्मी की

पूजा के अपने विधान हैं और शक्ति की भक्ति में लीन भक्त गण नौ दिन ब्रत रहकर माता रानी की पूजा करते हैं।नवरात्र का समापन कन्या पूजन के साथ किया जाता है।

व्यापार मंडल अध्यक्ष पप्पू उपाध्याय ने पत्नी के साथ कन्यायों का श्रृंगार कर उनकी आरती उतार कर आशीर्वाद लिया है।श्री उपाध्याय ने कहा कन्यायों के पूजन से मन तृप्त हो जाता है।अध्यक्ष ने कहा कि उनका परिवार माता वैष्णो देवी के चरणों मे सरणागत है।माँ के प्रति आस्था ,विस्वास और अनुराग का प्रतिफल है कि परिवार पर मॉ की कृपा बनी रहती है।

माँ के दरबार से कोई खाली हाँथ नही लौटता है। माता रानी सबका कल्याण करें।

ढ़कपूरा जल निगम की पाइप लाइन में लीकेज

फूलपुर। षष्टम निर्माण शाखा उत्तर प्रदेश जल निगम के` ढ़कपूरा पंप हाउस की पाइप लाइन में ओवरहेड टैंक के पास ही पाइप लाइन में आए

दिन रिसाव से एक तरफ जहां मैदान में पानी भरा रहता है। वही गंदा पानी पुनः पाइप लाइन सोख लेती है। फिर सप्लाई के साथ उपभोक्ताओं के घर तक पहुंचता है। अर्सा चालिस वर्ष पुरानी पाइपलाइन आए दिन कहीं ना कहीं लीकेज रहती है। जिससे उपभोक्ताओं को गंदा पानी मिलता है। जल निगम के जिम्मेदार कभी भी इस गंभीर समस्या पर ध्यान नहीं देते। इन दिनों टंकी का पानी स्टोर नहीं हो पता। बिजली रहने पर डायरेक्ट सप्लाई की जाती है। ग्रामीणों ने सप्लाई में गंदा पानी आने पर आक्रोश जताया है।

भाजपा की गारंटी व कुँवर के पैठ की होगी परीक्षा

पार्टी के विजन से भाजपा खेमे में उत्साह व कॉग्रेस को अपनी जमीनी पकड़ पर भरोसा

लोकमित्र ब्यूरो

मेजा (प्रयागराज)। प्रयागराज के दो दिग्गज राजनीतिक घराने की युवा पीढ़ी की सीधी टक्कर से इलाहाबाद संसदीय सीट चुनाव वेहद दिलचस्प होगा।भाजपा के दिग्गज नेता रहे पँ केशरी नाथ त्रिपाठी और जनपद के जमीनी एवं लोकप्रिय नेता कुँवर रेवती रमण सिंह के राजनीति रसूख के नजरिए से भी यह चुनाव अहम माना जा रहा है।इस चुनाव में दो दिग्गज नेताओं के बेटे आमने सामने हैं। चुनाव में मोदी की गारंटी और कुँवर परिवार की जमीनी पकड़ की तौल होगी।

भाजपा के वरिष्ठ नेता रहे पँ केशरी नाथ त्रिपाठी के पुत्र वरिष्ठ अधिवक्ता नीरज त्रिपाठी को जनपद के जमीनी व लोकप्रिय नेता कुँवर रेवती रमण सिंह के बेटे प्रदेश के पूर्व मंत्री उज्जवल रमण सिंह कॉग्रेस के वैनर तले चुनाव मैदान में हैं।प्रयागराज जनपद की

दो दिग्गज राजनीतिक घराने का रसूख दांव पर

राजनीति में यह दोनों घराने अर्से से काबिज रहे हैं।भाजपा राजनीति के धुरी रहे पँ केशरीनाथ त्रिपाठी के निधन के बाद उनके परिवार में राजनीतिक शून्यता आ गई थी।भाजपा ने इस बार उनके बेटे को प्रत्याशी बनाकर ,इस परिवार की राजनीति सक्रियता बढ़ा दी है।कुँवर रेवती रमण सिंह पहली बार वर्ष 1974 में संगठन कॉग्रेस से करछना विधायक चुन कर आए,इसके बाद कभी पीछे मुड़कर नही देखा।इस क्षेत्र से 8 बार विधायक, इलाहाबाद के दो बार सांसद और एक बार राज्य सभा सांसद के रूप में वह जनपद की राजनीति के सितारे बने रहे। बेटे उज्जवल रमण सिंह भी दो बार विधायक व प्रदेश के काबीना मंत्री रह चुके हैं।

राजनीति में हर विकल्प खुले रहते हैं।रेवती रमण सिंह ने अपनी राजनीतिक पारी संगठन कॉग्रेस से शुरू की थी।उनके बेटे उज्जवल रमण सिंह भी अपने संसदीय राजनीति की शुरुआत कॉग्रेस से कर रहे हैं।यह एक संयोग ही कहा जा सकता है।अपने 6 दशक की राजनीति के दम पर कुँवर परिवार इस चुनाव में सत्ता पक्ष को कड़ी चुनौती देगा।

भाजपा के नीरज त्रिपाठी को भी पिता से मिली राजनीतिक विरासत का लाभ मिलना तय है।उनकी राजनीतिक सक्रियता वेशक कम रही है लेकिन पिता के चुनाव से वह चुनावी उतार चढ़ाव की समझ रखते है।संसदीय चुनाव में मोदी की गारंटी सिर चढ़ कर बोल रही है।अयोध्या के श्रीराम मंदिर का भी मतदाताओं पर खासा प्रभाव है।पार्टी में निर्विवाद नीरज त्रिपाठी को पार्टी के संकल्प को वोट में तब्दील करने के लिए पसीने बहाने पड़ेंगे।पार्टी के विजन से भाजपा खेमा उत्साहित है।निश्चित ही संसदीय चुनाव की जंग दिलचस्प होगी।

कौन होगा बसपा का चेहरा

इलाहाबाद संसदीय सीट पर बसपा ने पत्ते नही खोले हैं।पार्टी किसे प्रत्याशी बनाएगी यह उनका विषय है लेकिन चेहरा सामने आने पर ही चुनाव के रुख का अंदाजा लगाया जा सकता है।जातीय नजरिए से यदि बसपा पटेल या किसी ब्राह्मण पर दांव लगाती है तो सत्ता पक्ष पर सीधा असर होगा।यदि किसी अन्य जाती को वरीयता दी गयी तो इंडी गठबन्धन को चोट पहुंचेगी।इस पर सबकी नजरें टिकी हैं।

जय घोष के साथ संपन्न हुआ श्री राम जन्मोत्सव

लोकमित्र ब्यूरो

लालगोपालगंज। श्री राम जन्मोत्सव का कार्यक्रम पचघटवा स्नान व जय घोष के साथ संपन्न हुआ।

श्री राम जन्मोत्सव के उपलक्ष में प्राचीन परंपरा के अनुपालन में श्रृंगी ऋषि की तपोवनस्थली निषाद राज की नगरी पर्यटक स्थल श्रृंगवेरपुर धाम में पंच घाट स्नान के पश्चात ऋषि तलैया पर हवन पूजन करते हुए विश्व कल्याण कल्याणार्थ श्री राम जन्मोत्सव का कार्यक्रम संपन्न किया गया । यह जानकारी देते हुए राष्ट्रीय रामायण मेला के महामंत्री उमेश चंद्र द्विवेदी ने बताया कि प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी प्रातः से श्रृंगवेरपुर धाम के विभांडक ऋषि घाट श्री रामघाट राजघाट रामचौरा घाट सीताकुंड घाट आदि स्थानों पर नौकायन द्वारा स्नान करने के पश्चात ऋषि तलैया पर हवन पूजन का कार्यक्रम करते हुए श्री राम जन्मोत्सव का कार्यक्रम संपन्न किया गया।

त्रेता युग में श्री लोमस ऋषि की अध्यक्षता में विश्व कल्याणर्थ श्रृंगी ऋषि के द्वारा इसी स्थल पर 88000 ऋषियों को एकत्रित करके यज्ञ कराया गया था श्रृंगी ऋषि के द्वारा अयोध्या में पुत्रेष्टि यज्ञ करने के पश्चात अयोध्या में भगवान श्री राम का जन्म हुआ था इसी परिपेक्ष में प्राचीन परंपरा का निर्वहन करते हुए रामायण मेला आयोजन समिति द्वारा पंच घाट स्नान के पश्चात हवन पूजन आरती व जय घोष के साथ रामायण मेला आयोजन समिति द्वारा प्रतिवर्ष कार्यक्रम संपन्न किया जाता है और इस स्थल का विकास उत्तर प्रदेश सरकार व भारत सरकार द्वारा बड़े पैमाने पर किया जा रहा है इसके लिए भारत के प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी व उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ जी महाराज के प्रति आभार व्यक्त किया गया।

कार्यक्रम मे सर्व श्री निषाद राज पीठाधीश्वर माधव दास जी महाराज राष्ट्रीय रामायण मेला के उपाध्यक्ष सियाराम सरोज कमलेश निषाद भोला सोनी तन्मय द्विवेदी ओमप्रकाश द्विवेदी बहुत से गणमान्य लोग व साधु संत उपस्थित रहे। कार्यक्रम की प्रबंधकीय व्यवस्था मेला के संयुक्त मंत्री अमित द्विवेदी द्वारा किया गया।

मनेथू गांव की कान्हा गौशाला मॉडल के रूप में होगी विकसित -प्रवीण पटेल

लोकमित्र ब्यूरो

फूलपुर। फूलपुर तहसील क्षेत्र के सहसों विकास खंड की मनेथू गांव की कान्हा गौशाला मॉडल गौशाला के रूप में विकसित होगी। यह बातें बुधवार को मनेथू कान्हा गौशाला में नवरात्र के नवमी को फूलपुर विधायक प्रवीण पटेल अपनी पत्नी गोल्डी सिंह पटेल के साथ गौ माता को गुड़ केला खिलाकर पूजन अर्चन के बाद उपस्थित ग्रामीणों के बीच कहीं। उन्होंने कहा कि हमारी पत्नी गोल्डी पटेल की इच्छा थी कि क्षेत्र के किसी कान्हा गौशाला को गोद लिया जाए। जिस समय-समय पर विकसित करते हुए एक मॉडल गौशाला के रूप में संरक्षित किया जाए। जिसे देखने के लिए प्रदेश की अन्य ग्राम पंचायतें आयें आए और मॉडल रूप का विकास अपने यहां भी सृजन करें। बुधवार सुबह विधायक मनेथू गांव में बने मंदिरों में दर्शन कर लोकसभा फूलपुर से सांसद के रूप में विजय का आशीर्वाद मांगा। गांव के वरिष्ठ भाजपा नेता अशोक चौधरी व बालकांत शुक्ला ने कान्हा गौशाला की चाहरदीवारी कराए जाने तथा एक बड़ी हाई मास्क लाइट लगाए जाने की मांग रखी। इस मौके पर ग्राम प्रधान सुषमा देवी, कमलेश कुमार, शशि यादव ग्राम पंचायत अधिकारी, विजयपाल, सुरेश चंद्र जायसवाल, जंग बहादुर पटेल, कमलेश कुमार, विमलेश कुमार गौड़, श्याम लाल पटेल, श्यामलाल प्रजापति, हरिनारायण बिंद, रामराज बिंद, अनीता पटेल, शाहिद सैकड़ो ग्रामीण उपस्थित रहे।

गेहूं के खेत में आग लगने से जली फसल

बारा(प्रयागराज)। गेहूं के खेत में अज्ञात करणो से आग लगने से दो बीघा गेहूं की फसल जलकर हुई राख।

घटना कौंधियारा क्षेत्र के बड़हा गांव की है। जहां के रहने वाले भगौती पुत्र कालू राम व रमेश यादव पुत्र बलराम यादव के गेहूं के खड़ी फसल में अज्ञात कारणों से आग लगने से करीब दो बीघा फसल जल का राख हो गई । जबकि ग्रामीणों के द्वारा कड़ी मशक्कत करके गेहूं के खेत में लगी आग को बुझाने का प्रयास किया गया। आग लगने की सूचना पाकर मौके पर पहुंचे थानाध्यक्ष सी पी सिंह ने अग्निशमन विभाग को सूचना दी गई। लेकिन जब तक अग्नीशमन टीम के पहुंची तब तक लोगों के द्वारा आग को बुझा लिया गया था।

कांग्रेस ने ही उठाए राम के अस्तित्व और राम सेतु पर सवाल- अनुराग ठाकुर

नई दिल्ली, (हि.स.)। केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण अनुराग सिंह ठाकुर ने कहा कि राम इस देश और देशवासियों के घट-घट में और मन में बसे हैं। देश भर में ही नहीं दुनिया भर में राम की मर्यादा और उनकी लीला की महिमा गाई जाती है। पर यह कांग्रेस ही है जिसने रामजी के अस्तित्व पर सवाल उठाए, राम सेतु को काल्पनिक बताया। राम मंदिर ना बनें इसके लिए वकीलों की फौज खड़ी की। बुधवार को हमीरपुर संसदीय क्षेत्र के नादौन में मां बगलामुखी कमेटी द्वारा रामनवमी के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में भाग लेते हुए अनुराग ठाकुर ने समस्त देशवासियों नवरात्र व रामनवमी की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आज अयोध्या जी में भी रामनवमी पर भगवान सूर्यदेव स्वयं उनकी आरती उतार रहे हैं।अनुराग ठाकुर ने कहा की हिंदुओं से ज्यादा धैर्यवान शायद ही कोई होगा जिन्होंने अपने ही देश में राम मंदिर के निर्माण के लिए 500 वर्षों का इंतजार सहा और बलिदान दिए। लेकिन अब अयोध्या जी में पूरे विश्व भर में से सबसे ज्यादा श्रद्धालु आयेंगे। अयोध्या जी में लखनऊ से भी बड़ा और भव्य एयरपोर्ट बनाया गया है जिसका नाम महर्षि वाल्मिकी एयरपोर्ट है।अनुराग ठाकुर ने कहा कि अयोध्या में 500 वर्षों के इंतजार के बाद भव्य राम मंदिर का निर्माण हो, काशी विश्वनाथ धाम हो, केदारनाथ धाम हो या महाकाल लोक हो, आज हमारे सभी धार्मिक स्थलों और तीर्थ क्षेत्रों का संपूर्ण विकास हो रहा है। करतारपुर साहब कॉरिडोर के लिए रास्ता खुल गया, हेमकुंड साहिब के लिए रोपवे बन गया, चारों धामों के लिए बड़ी-बड़ी फोरलेन और रेल पहुंच रही है। मोदी जी ने सनातन जन जागृति का जो कार्य किया है उससे आज हमारे नौजवानों में धर्म और संस्कृति के प्रति नया उत्साह आया है। आज हमारे कई तीर्थ क्षेत्रों में श्रद्धालुओं की संख्या पहले के मुकाबले 5 गुना तक बढ़ गई है और वहां रोजगार स्वरोजगार के नए अवसर खुले हैं। लेकिन कांग्रेस को राम मंदिर, काशी विश्वनाथ धाम से भी विरोध है। उनके साथी तो सनातन को कुचलने की बातें करते हैं। ऐसे लोगों को अपनी जबान पे लगाम लगाने की जरूरत है। सनातन को खत्म करने का सपना देखने वाले खत्म हो गए पर सनातन था, है और सदैव रहेगा।

अनुराग ठाकुर ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी वह दल है जो महिला सशक्तिकरण नहीं अपितु महिलाओं द्वारा समाज का सशक्तिकरण में विश्वास रखता है। मोदी जी ने ऐतिहासिक नारी शक्ति वंदन अधिनियम लागू किया जिससे संपूर्ण देश के विधानसभाओं और लोकसभा में हमारी माताओं बहनों को 33 प्रतिशत आरक्षण मिलेगा। इससे पहले भी हिमाचल के पूर्व मुख्यमंत्री प्रेम कुमार धूमल ने पंचायती राज संस्थाओं में महिलाओं को 50 प्रतिशत आरक्षण दिया था। हमने अपने संगठन में भी महिलाओं को 25 प्रतिशत आरक्षण दिया है।

पिछले 10 वर्षों में मोदी जी के नेतृत्व में हमने देश की 10 करोड़ माता बहनों को धुएं से आजादी दिलाते हुए फ्री रसोई गैस कनेक्शन दिए। मातृ वंदना योजना के तहत गर्भवती माता बहनों को 6000 रुपये अलग से दिए, एक करोड़ बहनों को लखपति दीदी बनाया और अगले 5 वर्षों में दो करोड़ बहनों को लखपति दीदी बनाएंगे।

महिला लोको पायलटों की मांग, या तो हमारे कार्यस्थल की गुणवत्ता सुधारें या हमारा विभाग बदलें

नई दिल्ली। भारतीय रेलवे में महिला लोको पायलटों की स्थिति काफी दयनीय है। उन्होंने रेलवे बोर्ड से आग्रह किया है कि या तो उनके कामकाज की स्थितियों में सुधार किया जाए या फिर उन्हें किसी और विभाग में स्थानांनतरित करने की अनुमति दी जाए। दरअसल, महिला लोको पायलटों के एक समूह ने हाल ही में रेलवे बोर्ड की अध्यक्ष जया वर्मा सिन्हा से मुलाकात की। समूह ने रेलवे अध्यक्ष को एक ज्ञापन सौंपा, जिसमें उन्होंने अपनी परेशानियां साझा की हैं। सभी महिला लोको पायलट ऑल इंडिया रेलवेमेन फेडरेशन की सदस्य हैं।

ज्ञापन में महिला लोको पायलटों ने कहा कि इंजन में शौचालय नहीं हैं। इंजन में हम सैनिटिरी पैड्स भी नहीं बदल पाते हैं। रात में तकनीकि खामी को दूर करने के लिए हम इंजन से बाहर भी नहीं जा पाते। देर रात की ड्यूटी के लिए कोई पिकअप और ड्रॉप की सुविधा भी नहीं है। गौरतलब है कि वर्तमान में देश भर में 1500 से अधिक महिलाएं लोको पायलट और सहायक लोको पायलटों के रूप में काम रही हैं और अकसर वे विभिन्न माध्यमों से अपने मुद्दा उठाती रहती हैं। एक महिला लोको पायलट ने कहा कि हमें पता है कि रेलवे में बदलाव आ रहे हैं और शौचालय सुविधाओं के साथ नए इंजन आ रहे हैं लेकिन उन्हें पूरी तरह से लागू होने में काफी समय लगेगा। उन्होंने बताया कि 'रिकॉर्ड नोट ऑफ डिस्कशन' में कहा गया है कि इंजीनियरिंग, लोको पायलट और गार्ड श्रेणी में महिला कर्मचारियों को श्रेणी में बदलाव करने के लिए एक बार का विकल्प दिया जा सकता है। लेकिन इस पर कोई कार्रवाई नहीं होती।

थम गया पहले चरण का चुनाव प्रचार, शुक्रवार को होगा मतदान

नई दिल्ली(हि.स.)। लोकसभा चुनाव के लिए 21 राज्यों व केंद्रशासित प्रदेशों के 102 संसदीय क्षेत्रों तथा अरुणाचल एवं सिक्किम की 92 विधानसभा क्षेत्रों के लिए बुधवार शाम चुनाव प्रचार थम गया। इन सभी लोकसभा एवं विधानसभा सीटों के लिए 19 अप्रैल को मतदान होगा।आठ केंद्रीय मंत्री, दो पूर्व मुख्यमंत्री और एक पूर्व राज्यपाल सहित कई दिग्गज नेताओं का भाग्य पहले चरण के मतदान के बाद वोटिंग मशीनों में बंद हो जाएगा और 4 जून को नतीजे आयेंगे। हालांकि सिक्किम और अरुणाचल प्रदेश विधानसभा के नतीजे 2 जून को ही आ जायेंगे।

पहले चरण में लोकसभा के लिए अरुणाचल प्रदेश की सभी दो, असम की 14, बिहार की चार, छत्तीसगढ़ की 11, मध्य प्रदेश छह सीट, महाराष्ट्र की पांच, मणिपुर की दो सीट, मेघालय की सभी दो सीट, मिजोरम की एक, सिक्किम की एक, नगालैंड की एक, राजस्थान की 12, तमिलनाडु की सभी 39, त्रिपुरा की एक सीट, उत्तर प्रदेश की आठ, लक्षद्वीप की एकमात्र, पुडुचेरी की एकमात्र, उत्तराखंड की सभी पांच, पश्चिम बंगाल की तीन, अंडमान और निकोबार द्वीप समूह की एकमात्र और जम्मू-कश्मीर की एक सीट पर मतदान होगा।पहले चरण के चुनाव में उत्तर प्रदेश की सहारनपुर, रामपुर, पीलीभीत, मुजफ्फरनगर, असम की डिब्रूगढ़, सोनितपुर, छत्तीसगढ़ की बस्तर, बिहार की जमुई, गया तथा जम्मू कश्मीर की उधमपुर सीट काफी महत्वपूर्ण है। इसी तरह से मध्य प्रदेश की छिंदवाड़ा, तमिलनाडु की चेन्नई उत्तर, चेन्नई दक्षिण, चेन्नई सेंट्रल, कोयंबटूर, थूथुक्कुडी, तिरुनेलवेली, कन्याकुमारी, मणिपुर दो आंतरिक और बाह्य सीट, राजस्थान की बीकानेर और पश्चिम बंगाल की कूचबिहार और अलीपुरद्वार अहम सीट है। इन सीटों पर सभी की निगाहें टिकी रहेंगी।इसी चरण में केंद्रीय सड़क एवं परिवहन मंत्री नितिन गडकरी नागपुर से जीत की हैट्रिक लगाने की चाह में हैं। दो बार के सांसद और केन्द्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह उधमपुर में हैट्रिक लगाने का लक्ष्य लेकर चल रहे हैं। 52 वर्षीय केंद्रीय मंत्री किरण रिजिजू ने 2004 से तीन बार अरुणाचल पश्चिम सीट निर्वाचन क्षेत्र का प्रतिनिधित्व किया है। केन्द्रीय मंत्री एवं असम के पूर्व मुख्यमंत्री सर्बानंद सोनोवाल असम के डिब्रूगढ़ से लोकसभा में वापसी की उम्मीद कर रहे हैं।जाट बहुल सीट मुजफ्फरनगर से केंद्रीय मंत्री संजीव बालियान फिर चुनावी मैदान में हैं। अलवर से केंद्रीय मंत्री और राज्यसभा सदस्य भूपेन्द्र यादव अपनी किस्मत अजमा रहे हैं। बीकानेर से केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल, तमिलनाडु की नीलगिरी लोकसभा सीट से केन्द्रीय मंत्री एल मुरुगन चुनाव मैदान में हैं। मुरुगन मध्य प्रदेश से राज्यसभा सदस्य हैं। तेज तर्रार नेता की छवि बनाए तमिलनाडु भाजपा अध्यक्ष के. अन्नामलाई कोयंबटूर से चुनाव लड़ रहे हैं।शिवगंगा के सांसद कार्ति चिदंबरम फिर से चुनाव मैदान में हैं। उनके पिता और कांग्रेस सरकार में मंत्री रहे चिदंबरम यहां से सात बार जीते हैं।

तेलंगाना की राज्यपाल और पुडुचेरी की उपराज्यपाल पद से इस्तीफा देकर राजनीति में लौटी तमिलिसाई सौंदर्यराजन चेन्नई दक्षिण से चुनाव लड़ रही हैं।असम के कलियाबोर से 2014 और 2019 में जीते कांग्रेस के युवा नेता गौरव गोगोई अबकी जोरहाट से कांग्रेस के उम्मीदवार हैं। मणिपुर के कानून और शिक्षा मंत्री बसंत कुमार सिंह इनर मणिपुर से भाजपा के उम्मीदवार हैं।उत्तरी राजस्थान में भाजपा के गढ़ चूरू से दो बार के पैरालंपिक स्वर्ण पदक विजेता भाला फेंक खिलाड़ी भाजपा उम्मीदवार देवेंद्र झाझरिया पहली बार चुनावी मैदान में हैं। कांग्रेस नेता और मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री कमल नाथ के बेटे नकुल नाथ छिंदवाड़ा से दोबारा चुनाव लड़ रहे हैं।

'आप इतने असंवेदनशील कैसे हो सकते हैं?', कोविड मामले में बॉम्बे हाईकोर्ट ने सरकार को लगाई फटकार

मुंबई। बॉम्बे हाईकोर्ट ने महाराष्ट्र सरकार को फटकार लगाई है। दरअसल महाराष्ट्र सरकार ने कोरोना से जान गंवाने वाली एक नर्स के पति की 50 लाख रुपये के मुआवजे की मांग ठुकरा दी थी। इस पर हाईकोर्ट ने सरकार से नाराजगी जाहिर करते हुए पूछा कि आप इतने असंवेदनशील कैसे हो सकते हैं? कोर्ट ने नर्स के पति की याचिका पर सरकार से जवाब मांगा है और दो हफ्ते बाद फिर से इस मामले पर सुनवाई करेगी। हाईकोर्ट की खंडपीठ ने सरकार को फटकार लगाते हुए कहा कि 'आप इतने असंवेदनशील कैसे हो सकते हैं? मृतका कोरोना मरीजों के इलाज में लगी थी, ऐसे में आप इसे खारिज कैसे कर सकते हैं? मामले से ज्यादा संवेदनशीलता के साथ निपटा जाना चाहिए था।' बॉम्बे हाईकोर्ट की जस्टिस गिरीश कुलकर्णी और जस्टिस फिरदोश पूनीवाला की खंडपीठ ने सुधाकर पवार की याचिका पर सुनवाई की।

'परमाणु हथियारों को नष्ट करने के माकपा के वादे पर रुख साफ करे कांग्रेस', राजनाथ ने साधा निशाना

नई दिल्ली। भाजपा के वरिष्ठ नेता राजनाथ सिंह ने देश में परमाणु हथियारों को नष्ट करने के माकपा के चुनावी घोषणापत्र के वादे के पीछे की मंशा पर सवाल उठाते हुए इस मुद्दे पर कांग्रेस से अपना रुख जाहिर करने की मांग की। सिंह ने आरोप लगाया कि भारत के परमाणु हथियारों को नष्ट करने की बात करना राष्ट्रीय सुरक्षा के साथ खिलवाड़ करने जैसा है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि देश को कमजोर करने के लिए गहरी साजिश रची जा रही है। राज्य के कासरगोड जिले में एक जनसभा को संबोधित करते हुए सिंह ने मांग की कि कांग्रेस को परमाणु हथियारों को नष्ट करने के माकपा के घोषणापत्र में किए गए वादे पर अपना रुख जाहिर करना चाहिए क्योंकि इंदिरा गांधी सरकार ने ही देश का परमाणु कार्यक्रम शुरू किया था।

उन्होंने कहा कि भारत ने दुनिया के 11 परमाणु संपन्न देशों में शामिल होने के लिए कड़ी मेहनत की और अपने परमाणु हथियारों को नष्ट करने से वह देश कमजोर देश बन जाएगा जिसके पड़ोसी पाकिस्तान और चीन परमाणु शक्तियों से लैस होंगे। माकपा ने अपने घोषणापत्र में कहा है कि परमाणु हथियारों और रासायनिक व जैविक हथियारों सहित सामूहिक विनाश के अन्य हथियारों का पूर्ण सफाया किया जाएगा। सिंह ने आरोप लगाया कि ऐसा प्रतीत होता है कि वाम दल और कांग्रेस देश को कमजोर करने का प्रयास कर रहे हैं।

भारत में भगवान राम का विरोध करने वालों का पतन हुआ है: राजनाथ सिंह

भाजपा नेता ने एक चुनावी बैठक में कहा, 'भारत में जिसने भी भगवान राम का विरोध किया है, उसे पतन का सामना करना पड़ा है, ऐसा ही देश में कांग्रेस और माकपा के साथ हुआ है। सिंह ने आरोप लगाया कि I.N.D.I.A गठबंधन में सहयोगी दोनों पार्टियां भगवान राम या रामनवमी के त्योहार का महत्व नहीं समझती हैं।' उन्होंने कहा, 'इन लोगों ने रामनवमी के उत्सव में बाधाएं पैदा की हैं। हम सभी जानते हैं कि जिसने भी भगवान राम का विरोध किया है, उसे देश में पतन का सामना करना पड़ा है। कांग्रेस और माकपा के साथ यही हुआ है।' कांग्रेस और माकपा विपक्षी गुट 'इंडियन नेशनल डेमोक्रेटिक इंक्लूसिव अलायंस' (इंडिया) का हिस्सा हैं।

केंद्रीय मंत्री राजनाथ सिंह ने यह भी दावा किया कि देश की सबसे विश्वसनीय राजनीतिक पार्टी भाजपा की कथनी और करनी में कोई अंतर नहीं है। हालांकि, कांग्रेस और कम्युनिस्ट पार्टियों के कथनी और करनी अलग-अलग रहे हैं। सिंह ने यह भी विश्वास जताया कि भाजपा लोकसभा चुनाव में केरल से दोहरे अंक में सीटें जीतेगी। केरल में 26 अप्रैल को लोकसभा चुनाव होंगे और नतीजे 4 जून को घोषित किए जाएंगे।

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता राजनाथ सिंह ने बुधवार को दावा किया कि भारत में जिसने भी भगवान राम का विरोध किया है उसका पतन हुआ है और यही देश में कांग्रेस और मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) के साथ हुआ।

कोर्ट ने हिरासत में मौत मामले में पुलिस अधिकारियों के खिलाफ केस पर मांगा जवाब

नई दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने उन पुलिस अधिकारियों के खिलाफ आपराधिक मामला दर्ज करने के अनुरोध वाली याचिका पर सुनवाई करने पर सहमति जताई है, जिनकी हिरासत में हरियाणा के फरीदाबाद जिले में एक 32 वर्षीय व्यक्ति की मौत हो गई थी। यह मामला 2013 का है।

न्यायमूर्ति सुधांशु धूलिया और न्यायमूर्ति पीबी वराले की पीठ ने मृतक के भाई आनंद राय कौशिक की याचिका पर हरियाणा सरकार और राज्य के पुलिस महानिदेशक को नोटिस जारी किया है। पीठ ने मामले की अगली सुनवाई 26 जुलाई के लिए सूचीबद्ध की।

आनंद कौशिक ने वकील राहुल गुप्ता के माध्यम से दायर अपनी याचिका में पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय द्वारा पिछले साल 28 नवंबर को पारित आदेश को चुनौती दी है। उच्च न्यायालय ने आपराधिक मामला दर्ज करने और जांच को केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो या किसी अन्य जांच एजेंसी को स्थानांतरित करने की उनकी याचिका खारिज कर दी थी।

याचिकाकर्ता ने दावा किया है कि उनके भाई सतेंद्र कौशिक की 25 जुलाई 2013 को फरीदाबाद के एनआईटी पुलिस थाने में हिरासत के दौरान मौत हो गई थी। आनंद कौशिक ने यह भी दावा किया है कि बिल का भुगतान न करने के आरोप में एक होटल मैनेजर की शिकायत पर उनके भाई को पुलिस ने बिना किसी प्राथमिकी के हिरासत में ले लिया था।

हालांकि, पुलिस ने दावा किया है कि सतेंद्र कौशिक ने पुलिस थाने के शौचालय की खिड़की से फंदा लगाकर आत्महत्या की। उच्च न्यायालय ने पिछले साल 28 नवंबर को कहा था कि 11 मार्च 2015 को एक समन्वय पीठ ने न्यायिक जांच रिपोर्ट, थाने की सभी संबंधित दैनिक डायरी रिपोर्टों और डॉक्टरों के एक बोर्ड द्वारा तैयार की गई पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट के अवलोकन के बाद आदेश पारित किया था और इससे यह स्पष्ट था कि वर्तमान मामले में कोई साजिश नहीं है।

अदालत ने कहा था कि जांच शुरू करने के लिए प्राथमिकी दर्ज करने की जरूरत नहीं है। उच्च न्यायालय के आदेश में यह भी कहा गया था कि समन्वय पीठ ने नरम रुख अपनाया और मुआवजे का भुगतान करने का निर्देश दिया क्योंकि मौत पुलिस हिरासत में हुई थी।

बहुत कम समय में देश से नक्सलवाद को उखाड़ फेकेंगे-गृह मंत्री

नई दिल्ली, (हि.स.)। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बुधवार को छत्तीसगढ़ में नक्सलियों के खिलाफ मिली सफलता को केन्द्र और राज्य में भाजपा सरकार की उपलब्धि बताया है। उन्होंने विश्वास जताया है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में बहुत कम समय में देश से नक्सलवाद को उखाड़ फेंका जाएगा।उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ के कांकेर जिलान्तर्गत हापाटोला जंगल में मंगलवार को नक्सलियों से मुठभेड़ में सुरक्षाबलों को बड़ी कामयाबी मिली है। इनामी नक्सली कमांडर सहित 29 नक्सली मारे गए हैं। घटनास्थल से बड़ी संख्या में हथियारों की बरामदगी हुई है।इसे सुरक्षा बलों की बड़ी सफलता बताते हुए गृह मंत्री ने आज एक बयान में कहा कि मोदी सरकार ने देश से नक्सलवाद और आतंकवाद को उखाड़ फेंकने का एक सतत अभियान चलाया हुआ है। छत्तीसगढ़ में भाजपा की सरकार बनने के बाद से इस अभियान को गति मिली है। नक्सली इलाकों में सुरक्षा बल कैंप लगाए जा रहे हैं। 19 के बाद इनकी संख्या 250 हो गई है। नक्सलियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान में छत्तीसगढ़ पुलिस से भी मदद मिल रही है।उन्होंने कहा कि राज्य में भाजपा सरकार बनने के बाद तीन महीने में 80 से ज्यादा नक्सली मारे गए हैं। 125 गिरफ्तार हुए हैं और 150 ने आत्मसमर्पण किया है। आगे भी इस तरह के अभियान जारी रहेंगे। बहुत कम समय में मोदी के नेतृत्व में देश से नक्सलवाद को उखाड़ फेकेंगे।

पिछली बार की तरह इस बार भी दो सीटों पर चुनाव लड़ेंगे सीएम पटनायक, इन विधायकों की पत्नियों को मिला टिकट

भुवनेश्वर। बीजू जनता दल (बीजद) के अध्यक्ष और ओडिशा के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने बताया कि वे गंजम जिले में अपनी पारंपरिक सीट हिंजिली के अलावा बोलंगीर जिले के कांटाबांजी निर्वाचन क्षेत्र से भी चुनाव लड़ेंगे। उन्होंने इसकी घोषणा बुधवार को ओडिशा विधानसभा चुनाव के लिए नौ उम्मीदवारों की पांचवीं सूची जारी करते हुए किया। बता दें कि पटनायक 2019 विधानसभा चुनाव में भी दो सीटों से चुनाव लड़े थे और हिंजिली एवं पश्चिमी ओडिशा के बारगढ़ जिले में बिजेपुर निर्वाचन क्षेत्र से जीत हासिल की थी। हालांकि, बाद में उन्होंने बिजेपुर सीट छोड़ दिया था।

नौ उम्मीदवारों की पांचवीं सूची में छह महिलाएं शामिल

ओडिशा विधानसभा चुनाव के लिए जारी नौ उम्मीदवारों की पांचवी सूची में छह महिलाएं और चार दलबदलू भी शामिल हैं। इन दलबदलू नेताओं में अरुंधति देवी (देवगढ़), दिलीप कुमार नायक (निमापारा), राजेंद्र कुमार छत्रिया (कुचिंदा) और लक्ष्मीप्रिया नायक (चित्रकोंडा) को विधानसभा चुनाव का टिकट दिया गया है। पार्टी ने अपने चार मौजूदा विधायकों का नाम सूची से हटा दिया है, जिनमें पूर्ण चंद्र बाका (चित्रकोंडा), किशोर चंद्र नाइक (कुचिंडा), रजनीकांत सिंह (अंगुल) और समीर रंजन दास (निमापारा) का नाम शामिल हैं।

छह महिला विधायकों में लक्ष्मीप्रिया नायक (चित्राकोंडा), बरसा सिंह बरिहा (पदमपुर), अरुंधति देवी (देवगढ़), संजुक्ता सिंह (अंगुल), सुलखंसा गीतांजलि देवी (सामाखेमुंडी) और डॉ. इंदिरा नंदा (जेपोर) का नाम शामिल है।

इन दो विधायकों की पत्नियों को मिला टिकट

बीजद ने अंगुल विधायक रजनीकांत सिंह को टिकट न देकर उनकी पत्नी संजुक्ता सिंह को टिकट देने का फैसला किया। इसके अलावा पार्टी ने पूर्व विधायक रवि नंदा को भी टिकट न देकर उनकी पत्नी इंदिरा नंदा को जयपोर विधानसभा क्षेत्र से टिकट दिया है। पटनायक ने पूर्व विधायक नंदिनी देवी की बेटी एस. गीतांजलि देवी को सनखेमुंडी विधानसभा क्षेत्र से टिकट दिया है। बीजद अध्यक्ष ने रायराखोल विधायक रोहित पुजारी को संबलपुर विधानसभा क्षेत्र से और प्रसन्न आचार्य को रायराखोल से नामांकित किया है। बता दें कि बीजद ने ओडिशा के 147 विधानसभा सीटों में 126 उम्मीदवारों की घोषणा कर चुकी है।

सर्वोच्च बलिदान देने वाले अफसर की पत्नी को वित्तीय लाभ देने के लिए तैयार सरकार, विशेष मामला माना

नई दिल्ली। महाराष्ट्र सरकार ने बुधवार को बंबई उच्च न्यायालय को बताया कि उसने जम्मू कश्मीर में चार साल पहले ड्यूटी के दौरान सर्वोच्च बलिदान देने वाले सेना के एक मेजर के परिवार को वित्तीय लाभ देने का फैसला किया है। मेजर अनुज सूद की विधवा आकृति सूद ने 2019 और 2020 के दो सरकारी प्रस्तावों के तहत पूर्व सैनिकों के लिए लाभ (मौद्रिक) की मांग करते हुए उच्च न्यायालय का रुख किया था। मेजर सूद ने 2 मई, 2020 को अपनी जान गंवा दी थी, वे आतंकवादी ठिकानों से बंधक बनाए गए नागरिक को बचा रहे थे। उन्हें मरणोपरांत शौर्य चक्र से सम्मानित किया गया था।

राज्य सरकार ने पूर्व में कहा था कि सूद का परिवार लाभ और भत्ते का पात्र नहीं है क्योंकि यह प्रस्ताव केवल उन लोगों के लिए है जो महाराष्ट्र में पैदा हुए हैं या जो लगातार 15 साल या उससे अधिक समय तक महाराष्ट्र में रहे। न्यायमूर्ति गिरीश कुलकर्णी और न्यायमूर्ति फिरदोश पूनीवाला की खंडपीठ ने इससे पहले सरकार को निर्देश दिया था कि वह सूद के मामले को विशेष और असाधारण मामले के तौर पर देखे और शहीद के परिवार को वित्तीय सहायता देने पर फैसला करे। अदालत ने कहा था कि अगर सरकार ऐसा नहीं कर सकती है तो अदालत उचित आदेश पारित करेगी।

महाधिवक्ता ने सरकार के फैसले की जानकारी हाईकोर्ट को दी

महाधिवक्ता बीरेंद्र सराफ ने बुधवार को हाईकोर्ट की पीठ को बताया कि सरकार ने विशेष मामले के तौर पर सूद के परिवार को लाभ देने का फैसला किया है। सरकार ने एक करोड़ रुपये (आकृति को 60 लाख रुपये और सूद के पिता को 40 लाख रुपये) और आकृति को 9,000 रुपये मासिक भुगतान करने का फैसला किया है। पीठ ने सरकार के फैसले की सराहना की और कहा कि उन्होंने कठिन परिस्थिति का सम्मान किया है।

अदालत ने कहा, 'ये वास्तविक मानवीय पीड़ा है। हमेशा एक अपवाद होता है ... यह एक विशेष मामला है। अदालत ने कहा, "हम याचिकाकर्ता के मामले को विशेष मामला मानकर लाभ प्रदान करने में मुख्यमंत्री और राज्य सरकार की ओर से अपनाए गए रुख की सराहना करते हैं। पीठ ने याचिका का निपटारा करते हुए कहा कि राशि का वितरण जल्द से जल्द किया जाए। आकृति सूद ने अपनी याचिका में सरकार से 26 अगस्त, 2020 को प्राप्त उस पत्र को चुनौती दी थी, जिसमें सरकार की ओर से लाभ देने से इनकार करते हुए दावा किया गया था कि सूद न तो महाराष्ट्र में पैदा हुए थे और न ही पिछले 15 वर्षों से राज्य में रह रहे थे। याचिका में कहा गया कि परिवार पिछले 15 वर्षों से महाराष्ट्र में रह रहा है जैसा कि उनके दिवंगत पति ने इच्छा व्यक्त की थी।

अग्निदेव ने धारण किया रौद्र रूप

पछुआ हवा के तेज थपेड़ो से किसान हुये भयभीत, तीन दर्जन किसानों का निवाला जलकर हुआ राख

लोकमित्र संवाददाता

धौरहरा-खीरी। अप्रैल माह में पड़ रही भयानक गर्मी व क्षेत्र में पछुआ हवा के तेज थपेड़ो से किसानों के चेहरे पर चिंता के बादल मंडरा रहे हैं खेतों में खडी गेहूं की फसल में आग लगने की घटनाओं में इजाफा हो रहा है।

मंगलवार को तहसील क्षेत्र के बेलागढी में दोपहर एक बजे के लगभग अज्ञात कारणों से लगी आग ने करीब तीन दर्जन किसानों की गेहूं की खडी फसल जलकर खाक हो गई। मामले में तहसील प्रशासन ने आग से हुऐ नुकसान का आंकलन करने के लिए राजस्व विभाग से सर्वे रिपोर्ट बनाने की बात कही थी।दूसरी घटना विकास खंण्ड रमियाबेहढ के भटपुरवा में इसी समय हुई यहां भी अज्ञात कारणों से धधकीं चिंगारी ने भटपुरवा निवासी सीताराम निषाद का दो एकड गेहूं व एक एकड़ गन्ना

जलने के साथ पडोस में ही कुर्बान निवासी रामनगर लहबडी का चार बीघे गेहूं फसल राख में तब्दील हो गई।खैर इन सभी घटनाओं की सूचना मिलने राजस्व विभाग कू जिम्मेदारो द्वारा अग्निकांड में हुए नुकसान का आंकलन करना शुरू कर दिया है।

दो एकड़ गेहूं बुधवार को अग्निदेव के हुआ हवाले,तराई क्षेत्र में अग्निदेव का कहर बरकरार

पछुआ हवाओं के भंवर में फंसे अग्निदेव की तपिस से दो एकड गेहूं बुधवार मे जलकर खाक हो गए सूचना के बावजूद भी फायर ब्रिगेड टीम मौके पर नहीं पहुंची।

तहसील क्षेत्र के लेखपाल सर्किल परसा के गांव नरायनपुरवा में अज्ञात कारण व पछुवा हवा के थपेड़ो की सहायता से गांव निवासी मितंल व अवधेश का दो एकड गेहूं बुधवार मे जलकर भस्म हो गया। घटना की सूचना पर भी फायर ब्रिगेड टीम नही पहुंच सकी ग्रामीणों द्वारा किसी तरीके से आग पर काबू पाया जा सका। सूचना पर पहुंचे लेखपाल शशांक शेखर शुक्ला द्वारा फसल नुकसान का आंकलन करना शुरू किया है।

जिम्मेदारों की लापरवाही से वन माफिया सक्रिय

» सरकारी वन भूमि पर लगे पेड़ो पर लगी लकड़कट्टो की नजर

लोकमित्र संवाददाता

धौरहरा-खीरी। यूपी सरकार भले ही पर्यावरण संरक्षण के लिए वन विभाग को वृहद स्तर पर वृक्षारोपण के लिए निर्देशित किया हो।और वन विभाग ने भी वृक्षारोपण अभियान चलाया हो लेकिन वन माफियाओ से चंद भ्रष्ट वन अधिकारियों व कर्मचारियों की जुगलबंदी से हरे भरे पेंडो की विनास लीला लगातार जारी है।

धौरहरा वन रेंज के अंतर्गत वन विभाग के कर्मचारियों व लकड़कट्टो की मिलीभगत से इन दिनों अवैध लकडी कटान कराने का अभियान जोरो पर हो रहा है।और तो और अब तो लकडकट्टे सरकारी पेड़ों को अपना निशाना भी बना रहे है।जानकारी के अनुसार ताज़ा मामला धौरहरा क्षेत्र का है जहाँ सड़क किनारे लगे सेमल के पेड़ो को चोरी छिपे जिम्मेदारो के मुहलगे एक ठेकेदार के द्वारा काटा जा रहा था कि सरकारी पेड़ों के काटे जाने की सूचना पाकर मौके पर पहुंची धौरहरा पुलिस ने मौके से ही लकड़ी से भरी ट्रैक्टर ट्राली को कब्जे में ले लिया और लाकर थाने मे ख़डी करा दिया गया।वही लकडी लदी ट्राली को छुड़ाने के लिए दिन भर लकड़ी ठेकेदार धौरहरा कोतवाली की गणेश परिक्रमा करते नजर आए। लेकिन उनके मंसूबो पर वन विभाग के जिम्मेदार अधिकारियों द्वारा पानी फेर दिया।वन विभाग ने वाहन व लकडी को अपने कब्जे मे ले लिया। सूत्रो की माने तो वही वन विभाग की तरफ से लकड़ी ठेकेदार के खिलाफ सरकारी लकडी कटान कराने का मुकदमा पंजीकृत किया जा रहा है।

रामलोक कल्याण समिति के द्वारा चल रही भव्य कथा का हुआ समापन

लोकमित्र संवाददाता

धौरहरा-खीरी। धौरहरा क्षेत्र के ग्राम ढकनिया में रामलोक कल्याण समिति के द्वारा सात दिवसीय कथा का आयोजन किया गया जा रहा था, जिसका आज दिनांक 17 अप्रैल 2024 को समापन हुआ।इन सात दिवसीय कथा को ग्रामसभा वासियों ने सुनकर अपने जीवन को धन्य कर लिया, परम् आदरणीय गुरु जी के द्वारा सुनाई गई कथा को लोगों ने ह्रदय की गहराइयों से सुना एवं लोगों ने कहा कि गुरु जी के द्वारा इन सात दिवस की कथा को सुनकर हम सभी लोगों का जीवन धन्य हो गया है इसके लिए हम गुरु जी का एवं रामलोक कल्याण समिति का बहुत ही आभार व्यक्त करते हैं क्योंकि गुरुजी एवं समिति के माध्यम से हम लोगों को इतनी सुंदर कथा को सुनने का सौभाग्य प्राप्त हुआ।

रामलोक कल्याण समिति ने कथा के साथ ही साथ माता रानी के भव्य जागरण का भी आयोजन किया,एवम लखनऊ बरेली से आए हुए कलाकारों के द्वारा बहुत ही सुंदर झांकियां प्रस्तुत की गई जिससे ग्राम सभा वासियों का मन ह्रदय से प्रफुल्लित हो उठा। कथा समाप्ति के उपरांत समिति के द्वारा भव्य भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें सभी भक्तगणों ने माता रानी के प्रसाद को ग्रहण करके अपने जीवन को धन्य किया। समाप्ति के उपरांत समिति के संरक्षक सर्वेश दीक्षित से बात की तो उन्होंने बताया कि ऐसे ही आयोजन हमारी समिति हमेशा अपने ग्राम सभा वासियों के लिए करेगी ,उन्होंने बताया कि अगर सभी लोगों का प्यार रहा तो हमने इस ग्राम सभा वासियों के लिए बहुत कुछ सोच रखा है ,जो बच्चे इस ग्राम सभा में किसी भी कारण स्कूल नही जा पाते हैं ,उन बच्चों को उनके माता-पिता से बात करके उन सभी बच्चों को स्कूल भेजने में हमारी समिति हमेशा तत्पर रहेगी जिससे कि हर बच्चा शिक्षा पाकर अपने माता पिता एवम ग्राम सभा का नाम रोशन करें। एवं उन्होंने बताया कि हम हर वर्ग के साथ खड़े है, हमने अपना नंबर ग्राम सभा वासियों के दे रखा है,हमारी ग्राम सभा वासियों को कोई भी तकलीफ हो तो वह बिना झिझक हमसे वह हमारी समिति से 24 घंटे संपर्क कर सकते हैं हम और हमारी समिति 24 घंटे अपने ग्राम सभा वासियों के लिए तत्पर है। उन्होंने बताया की मूर्ति विसर्जन अगले दिन बृहस्पतिवार को सरयू घाट पर किया जाएगा। एवम इस आयोजन में हमारे ग्राम सभा वासियों ने बढ़ चढ़ कर सहयोग किया है और हमारी समिति के पदाधिकारी लोगों ने भी बढ़-चढ़कर अपना सहयोग किया जिसकी वजह से इस कथा का शांतिपूर्वक समापन हो पाया।

रामलोक कल्याण समिति ने सांसद धौरहरा व विधायक का माता रानी की चुनरी पहना कर किया स्वागत

इस पावन कथा के समाप्ति के अवसर पर धौरहरा सांसद व राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रेखा अरुण वर्मा व धौरहरा विधायक विनोद शंकर अवस्थी एवं पूर्व ब्लाक प्रमुख ईसानगर राजीव अवस्थी उर्फ लालू इस अवसर पर पहुंचे,इन सभी अतिथि का रामलोक कल्याण समिति ने माता रानी की चुनरी पहनाकर स्वागत किया। सांसद व विधायक जी ने रामलोक कल्याण समिति की तारीफ करते हुए कहा की इस समिति के द्वारा बहुत ही सराहनीय कार्य किया जा रहे हैं जिससे की हमारे क्षेत्र की जनता ने इस समिति के माध्यम से सुंदर कथा का आनंद लिया ,हम लोग भी इस समिति के माध्यम से जनता का सहयोग करेंगे।

समिति के लोगों को समिति के संरक्षक ने दिया धन्यवाद

इस मौके पर रामलोक कल्याण समिति के संरक्षक ने अपनी समिति के सभी पदाधिकारी लोगों को दिल से धन्यवाद दिया ,उन्होंने कहा की सभी समिति के लोगों ने बढ़ चढ़कर इस पावन कथा को शांतिपूर्वक संपन्न कराया ,मैं पुनः अपने पदाधिकारी को धन्यवाद देना चाह रहा हूं। इस कथा को शांतिपूर्वक संपन्न कराने में समिति के पदाधिकारी रमेश तिवारी, हर्षित मिश्र, शिवम अवस्थी, हर्षित अवस्थी, विकास अवस्थी, संदीप अवस्थी, राकेश भार्गव, अंकित वर्मा, रमेश विश्वकर्मा,रग्घू यादव,पुजारी लाल, राजू मिश्रा, दयाशंकर पाठक, पंकज पाण्डेय, मोनू तिवारी, अरविंद मिश्रा, दिनेश दीक्षित, सालिक राम बाजपई, राजकरन, राम लाल भार्गव, सरजू रामधार, मन्नू यादव, दुर्गेश यादव, छोटे भार्गव,सुबोध दीक्षित, टीकाराम दीक्षित,अनिल शुक्ला, शिवशंकर शुक्ला, छूटाली गोपाल जी मिश्रा पुतानी दीक्षित अभिमन्यु मिश्र, बाला मिश्रा, गुड्डू यादव, जितेंद्र मिश्रा, पुजारी लाल यादव, मंगल लाल यादव विमल शुक्ला, रमेश तिवारी, अंकित वर्मा, तेज कुमार भार्गव जयप्रकाश यादव इरशाद अच्छेलाल राजपूत वह समस्त ग्राम सभा रामलोक के लोगों का साथ प्राप्त रहा।

काँप कोटेदार की घटतौली से पीड़ति ग्रामीण ने एसडीएम से की शिकायत

पलियाकलाँ - खीरी। उपजिलाधिकारी के सख्त पर्यवेक्षण में चल रही सार्वजनिक वितरण व्यवस्था को धता बताते हुये कोटेदार द्वारा घटतौली करने की शिकायत स्थानीय ग्रामीण सरनाम सिंह द्वारा उपजिलाधिकारी पलिया को लिखित रूप से दी गयी है। शिकायतकर्ता के अनुसार बायोमीट्रिक सत्यापन के साथ काँटे पर तुले हुये खाद्यान्न से खाद्यान्न निकालकर लाभार्थियों को दिया जा रहा है जो कि लाभार्थियों को मिलने वाले खाद्यान्न के कुल वजन से लगभग दो किलो कम होकर मिल रहा है। घटतौली के सम्बंध में कई बार कोटेदार व लाभार्थियों को मध्य झड़प होती रहती है है लेकिन कोटेदार लगातार सार्वजनिक वितरण प्रणाली के राशन की घटतौली कर रहा है। शिकायतकर्ता ने स्थलीय जाँच व ग्रामीणों के बयान दर्ज करवाते हुये कोटेदार के विरुद्ध कठोर दंडात्मक कार्यवाही की मांग की है।

कांग्रेस को बड़ा झटका, पूर्व प्रदेश सचिव गुरमीत सिंह भुल्लर ने दिया इस्तीफा

» वरिष्ठ कांग्रेस नेता ने विश्वास की कमी का हवाला देते हुए दिया त्यागपत्र

लोकमित्र ब्यूरो

लखीमपुर-खीरी। लोकसभा चुनाव 2024 में चल रही मोदी लहर के चलते विपक्षी पार्टियों के बड़े-बड़े नेताओं में अच्छी खासी भगदड़ मची हुई है विभिन्न दलों के बड़े नेता अपने दलों से त्यागपत्र देकर बाहर निकलने में ही अपनी भलाई समझ रहे हैं। कांग्रेस की डूबती नैया देखकर पार्टी में बिखराव शुरू हो गया है, लोग लगातार कांग्रेस से इस्तीफा देकर दूसरी राजनीतिक दलों में शामिल हो रहे हैं जनपद लखीमपुर खीरी के सियासी गलियारे में हलचल नजर आ रही है। कांग्रेस पार्टी को

वरिष्ठ कांग्रेस नेता, पूर्व प्रदेश सचिव : गुरमीत सिंह भुल्लर

झटके पर झटका लग रहे हैं।

जानकारी मुताबिक जनपद खीरी के कांग्रेस के पूर्व प्रदेश सचिव गुरमीत सिंह भुल्लर ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है,हालांकि कांग्रेस दल से इस्तीफे का मुख्य कारण नही बताया।

वहीं गौरतलब है कि वरिष्ठ कांग्रेसी नेता गुरमीत सिंह भुल्लर पिछले काफी वर्षों से पार्टी से जुड़े हुए थे और कई अहम पदों पर रहकर अपने कर्तव्यों का निर्वहन करते रहे।

भुल्लर ने कांग्रेस पार्टी हाई कमान को पत्र लिखकर पार्टी नेतृत्व से इस्तीफा दे दिया है। पूर्व प्रदेश सचिव गुरमीत सिंह भुल्लर के इस्तीफा पर पार्टी से जुड़े कुछ नेताओं ने जिला अध्यक्ष सहित कुछ वरिष्ठ नेताओं की उपेक्षा को भुल्लर के इस्तीफा का कारण बताकर ट्वीट किया है। कांग्रेस दल से इस्तीफ़ा देने के सम्बंध में गुरमीत सिंह भुल्लर से वार्ता की गई तो उन्होंने बताया कि कांग्रेस की ढुलमुल नीतियों व स्वार्थपरक राजनीति के कारण मैंने इस्तीफा दिया है, कांग्रेस अभी तक समाजवादी पार्टी की बुराइयां गिना रही थी अब पार्टी कार्यकर्ताओं को उसी समाजवादी पार्टी के लिये वोट मांगने को मजबूर किया जा रहा है हालांकि वरिष्ठ कांग्रेसी नेता गुरमीत सिंह भुल्लर ने बताया कि लम्बे अरसे से कांग्रेस पार्टी की सेवा करने के बाद पार्टी छोड़ने का एक और सबसे कठिन निर्णय ले रहा हूं।

बीजेपी प्रत्याशी अजय कुमार मिश्रा नें किया जनसम्पर्क व नगर पंचायत मैलानी के चुनाव कार्यालय का किया शुभारम्भ

लोकमित्र ब्यूरो

लखीमपुर-खीरी। केन्द्रीय गृह राज्यमंत्री अजय कुमार मिश्रा ने विकासखण्ड लखीमपुर के ग्राम रूकन्दीपुर, रजागंज,विकासखण्ड बांकेगंज के ग्राम बरगदिया-बाबरपुर में सिद्धार्थ इण्टर कालेज एवं ग्राम सुआबोझ, विकासखण्ड पलिया के ग्राम पलियाखुर्द में चौराहे आदि स्थानों पर जनसम्पर्क किया एवं नगर पंचायत मैलानी के चुनाव कार्यालय का शुभारम्भ किया।

केन्द्रीय गृह राज्यमंत्री अजय कुमार मिश्रा ने विकासखण्ड लखीमपुर के ग्राम रूकन्दीपुर, रजागंज, विकासखण्ड बांकेगंज के ग्राम बरगदिया-बाबरपुर में सिद्धार्थ इण्टर कालेज एवं ग्राम सुआबोझ, विकासखण्ड पलिया के ग्राम पलियाखुर्द में चौराहे पर जनसम्पर्क में कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी

कहते है कि यह देश हमारा है इस देश में भ्रष्टाचारियों के लिए कोई जगह नहीं है। जो लोग भ्रष्टाचार कर रहे थे वह आज हमारी सरकार से परेशान है बार-बार हमारी सरकार पर प्रश्न उठाते है कि भ्रष्टाचार के लिए उन्हें ही क्यों निशाना बनाया जा रहा है। मगर उन्हें पता होना चाहिए यह देश हमारा है यहां के लोग हमारे है भ्रष्टाचार के सहारे जिन-जिन लोगों ने पैसा लूटा है। उनको बिल्कुल बख्शा नहीं जायेगा। यह हमारे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का कहना है।

इसके साथ ही केन्द्रीय गृह राज्यमंत्री अजय कुमार मिश्रा ने समाजवादी पार्टी छोड़कर भाजपा की सदस्यता ग्रहण करने वाले अजय वर्मा, मुनीश रजा अंसारी, मो0 अय्याज खां, सतीष वर्मा, मो0 तारिक खां, मो0 अलीम, लईक अहमद, मो0 अहमद, मो0 आमिर, मो0 गफ्फार, मो0 सोल्जर, मो0 इमरान, मो0 शकील, मो0 उस्मान, मो0 मुन्ना, समशाद अहमद, कल्लू खां, मैनू अहमद, मुजीब अहमद सौठन, सुहेल अहमद खम्हौल, कासिम अहमद, शरीफ अहमद सौठन, अख्तर अली, शब्बन अहमद खां, दिलशाद, शकील अहमद, परवेज अहमद बी0डी0सी0, अब्दुल मालिक, मुजीब अहमद एवं श्याम कश्यप रजागंज को सदस्यता ग्रहण कराई। केन्द्रीय गृह राज्यमंत्री अजय कुमार मिश्रा ने नगर पंचायत मैलानी में चुनाव कार्यालय का शुभारम्भ भी किया।

कार्यक्रम में योगेश वर्मा विधायक सदर, विनीत मनार अध्यक्ष जिला सहकारी बैंक लखीमपुर, दिव्या सिंह ब्लाक प्रमुख लखीमपुर, सांसद प्रतिनिधि अरविन्द सिंह 'संजय', संजय मिश्रा, संतोष वर्मा मण्डल अध्यक्ष, योगेश कटियार बूथ अध्यक्ष रूकन्दीपुर, प्रवीण भार्गव पूर्व जिला पंचायत सदस्य, मंजीत कश्यप जिला मंत्री ओ0बी0सी0 मोर्चा, विनोद बाजपेई, धीरज शुक्ला 'मोनू', विनोद वर्मा, दीपक मिश्रा, शान्तनु तिवारी, राजेश दीक्षित, अनिरूद्ध कुमार, अंकित वर्मा सहित भारी संख्या में लोग मौजूद रहे।

ऐतिहासिक चैती मेला मंच पर भजन संध्या

लोकमित्र ब्यूरो

गोला-गोकर्णनाथ। छोटी काशी में ऐतिहासिक मेला चैती के सांस्कृतिक कार्यक्रमों के क्रम में भजन संध्या का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि डा0 अभिषेक मेहरोत्रा, विशिष्ट अतिथि डा0 सौरभ दीक्षित, कार्यक्रम अध्यक्ष द्वारिका प्रसाद रस्तोगी एवं नगर पालिका अध्यक्ष विजय कुमार शुक्ल रिंकू के द्वारा दीप प्रज्जवलित कर किया।

भजन संध्या की शुरुआत आर0के0 म्यूजिकल ग्रुप के कलाकार भजन गायक राजेश दीक्षित ने - इतनी शक्ती हमे देना दाता मन का विश्वास कमजोर हो न।

हे राम हे राम जग में सांचा तेरो नाम हे राम हे राम से की।

चदरिया झीनी रे झीनी

गायिक करुणा ने -

हे रोम रोम में बसने वाले राम

जगत के स्वामी हे अर्न्तयामी मैं तुझसे क्या मांगू।

मैने मोहन को बुलाया है वो आता होगा

राधे राधे बोल श्याम आयेंगे।

संत भगत हितकारी मेरे राम जी पधारे।।

गायिक निधि सिंह ने -

सत्यम शिवम सुन्दरम।

यशोमति मइया से बोले नंदलाला, राधा क्यो गोरी मै क्यो काला।

ओ कान्हा अब तो मुरली बाजे सुनाकर श्रोताओं को भक्त रस में सराबोर कर दिया।

वाद्यय यंत्रों में की बोर्ड पर बब्बू बाजपेयी, तबला व नाल पर आशू शुक्ला, गिटार व आक्टोपैड पर अपूर्व दीक्षित ने साथ दिया। संचालन मेला प्रभारी मोहित गिरि ने किया।

विनोद मिश्रा नगर अध्यक्ष व्यापार मण्डल, डा0 राम औतार यादव सभासद राजेश वर्मा, सब्बन खान, शाहिद अली अंसारी, आशीष अवस्थी लालू, हरिओम वर्मा, रज्जन खां, सुरेश जायसवाल, धर्मेंद्र जायसवाल, सुशील कुमार, नानकचंद वर्मा, दानिश राईन, मोहित कुमार कनौजिया, सौरभ तिवारी, हर्ष अवस्थी, अनिल गुप्ता, रियाजुद्दीन, इजरान, कफील अहमद, धर्मेंद्र बाल्मीकि शत्रोहन मिश्र, रविंद्र कटियार, धीरज बाजपेयी, नगर पालिका परिषद के सफाई एवं खाद्य निरीक्षक संदीप कुमार वर्मा, आरआई अब्दुल रहीम अंसारी, लिपिक अमित श्रीवास्तव, शिवम् भारती, मोहित अवस्थी, विमलेश वर्मा, रामसिंह, अवधेश कुमार, आशुतोष शुक्ला, प्रेमप्रकाश पाठक, रिषि कुमार, रितेश कुमार, अरविंद कुमार, अशोक कुमार आदि मौजूद रहे।

शादीशुदा से प्रेम प्रसंग के चलते, शादी से मना करने पर महिला ने भेजा सलाखों के पीछे

लोकमित्र, राजू मिश्रा

रमियाबेहड़-खीरी। मामला थाना पढुआ क्षेत्र का है जहां पर अवैध सम्बन्ध के चलते राम सजीवन प्रजापति पुत्र झब्बु लाल उम्र 28 वर्ष निवासी लखाही का 1 साल से अवैध सम्बन्ध चल रहा था महिला के पति को मालूम पड़ा तो पति ने महिला को अपने घर पर रखने से मना कर दिया तों महिला अपने प्रेमी के घर पहुंची तो प्रेमी राम सजीवन शादीशुदा तीन तीन बच्चों का पिता था घर पर पत्नी के डर से घर से भगा दिया जिसको लेकर महिला ने थाना पढुआ में लिखित प्रार्थना पत्र देकर गंभीर धाराएं लगाकर जेल भिजवा दिया थाना पढुआ पुलिस ने गंभीरता से पता किया तो पता चला की रामजीवन खुराफाती किस्म का व्यक्ति था।

अजय मिश्रा टेनी ने दुर्गा देवी मंदिर पर पूजा अर्चना कर महंत ब्रजेश गिरी से प्राप्त किया आशीर्वाद

लोकमित्र संवाददाता

तिकुनियां-खीरी। भाजपा प्रत्याशी अजय मिश्रा टेनी ने कस्बा स्थित दुर्गा देवी मंदिर पर पूजा अर्चना कर महंत ब्रजेश गिरी से आशीर्वाद प्राप्त किया।

कस्बे के चर्चित मां सुथना दुर्गा देवी मंदिर पर पहुंचकर पूजा अर्चना कर आशीर्वाद लिया। महंत ब्रजेश गिरी ने उन्हें माता की चुनरी देकर आशीर्वाद दिया। भाजपा प्रत्याशी ने अपनो से संवाद कार्यक्रम में भाग लेते हुए कहा कि यहां सभी लोग मेरे परिवार की तरह है और जो मान सम्मान विना भेदभाव के मुझे मिला है उसे में शब्दों में नही कह सकता। भाजपा प्रत्याशी ने कहा कि आप सब लोग एक बार फिर से मेरे मान-सम्मान को घटने नही देंगे ऐसा मुझे पूर्ण विश्वास है। इससे पूर्व भाजपा प्रत्याशी ने कस्बे से गुजरते हुये व्यापारियों का अभिवादन स्वीकार किया।

सूर्य की किरणों ने किया श्रीरामलला का 'महामस्तकाभिषेक', हर्षित हुई अयोध्या

लोकमित्र ब्यूरो

लखनऊ। 500 वर्षों के लंबे संघर्ष के बाद बने भव्य मंदिर में विराजे रामलला का ठीक 12 बजे भगवान सूर्यदेव ने जब अपनी रश्मियों से तिलक किया तो त्रेता युग जीवंत हो उठा। सूर्य की किरणें पांच मिनट तक रामलला के मस्तक पर विराजीं। इसका साक्षी बनकर भक्त निहाल हो उठे। राम जन्मोत्सव के पावन मुहूर्त ठीक 12:00 बजे राम मंदिर सहित रामनगरी के हजारों मंदिरों में शंख ध्वनि व घण्टा घड़ियाल की ध्वनि ने यह बता दिया कि रामलला प्रकट हो गए हैं। भय प्रगट कृपाला, दीनदयाला की स्तुति गूँजने लगीं। भक्त आह्लादित होकर नृत्य करने लगे। इससे पहले भगवान श्री रामलला को 56 प्रकार के व्यंजनों का भोग लगाया गया। पीतांबरी व सोने के मुकुट में सजे रामलला का दर्शन कर भक्त भावविभोर होते रहे। रामजन्मभूमि में पुण्य अवसर का साक्षी बनने के लिए श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के अध्यक्ष महंत नृत्य गोपाल सहित रामनगरी के अन्य संत व सूर्य तिलक की परियोजना को साकार करने वाले वैज्ञानिक भी मौजूद रहे। इस क्षण को दुनिया भर में फैले करोड़ों लोगों ने देखा और प्रभु श्रीराम का दर्शन किया। जन्मोत्सव की पूर्व संध्या पर मंगलवार को वैज्ञानिकों ने एक बार फिर सूर्य तिलक का सफल ट्रायल किया। कई बार के ट्रायल के बाद समय तय किया गया। मंदिर व्यवस्था से जुड़े लोग इसे विज्ञान और अध्यात्म का समन्वय कह रहे हैं। वैज्ञानिकों ने बीते 20 वर्षों में अयोध्या के आकाश में सूर्य की गति अध्ययन किया है। सटीक दिशा आदि का निर्धारण करके मंदिर के ऊपरी तल पर रिफ्लेक्टर और लेंस स्थापित किया है। सूर्य रश्मियों को घुमा फिराकर रामलला के ललाट तक पहुंचाया गया। सूर्य की किरणें ऊपरी तल के लेंस पर पड़ीं। उसके बाद तीन लेंस से होती हुई दूसरे तल के मिरर पर पड़ीं। अंत में सूर्य की किरणें रामलला के ललाट पर 75 मिलीमीटर के टीके के रूप में दैदीप्तिमान हुईं।

सोते वक्त बेटी का गला कसा, बांके से किए वार, फिर पीठ में घुसाया बेलचा, गिड़गिड़ाते रहे बच्चे पर न...

लोकमित्र ब्यूरो

लखनऊ। लखनऊ के गुडंबा के मायापुरी इलाके में सोमवार रात एक शख्स ने अपनी 14 साल की बेटी की नृशंसता से हत्या कर दी। वारदात को अंजाम देकर वह भाग निकला। पड़ोसी ने पुलिस को सूचना दी। कुछ ही घंटे में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर मंगलवार शाम को जेल भेज दिया।

पूछताछ में आरोपी बोला कि उसकी बेटी एक रिश्तेदार के लड़के से बात करती थी, इसलिए उसे मार दिया। मायापुरी निवासी संजय सिंह चौहान की भाखामऊ कुर्सी रोड में निर्माण सामग्री की दुकान है। पत्नी सुशीला लखीमपुर-खीरी में मायके में हैं। सोमवार रात घर पर संजय के अलावा उनकी बड़ी बेटी पूजा (14) व छोटी बेटी संगीता व काजल और सबसे छोटा बेटा गोविंद था।

संजय बेटे के साथ एक कमरे में था, जबकि तीनों बेटियां दूसरे कमरे में थीं। रात करीब साढ़े 12 बजे संजय उठा और सोते वक्त ही पूजा का दुपट्टे से गला कस दिया। उसके छटपटाने की आवाज सुनकर अन्य तीनों बच्चे भी जाग गए। वे चीखने चिल्लाने लगे, लेकिन संजय गला कसने के बाद पूजा को घूसों से मारने लगा।

फिर बांके से उसके सिर पर वार किए। जब वह बेजान सी हो गई तब खींचकर बरामदे में ले गया और

उसकी पीठ में बेलचा घोंप दिया। पूरे बरामद व कमरे में खून ही खून फैल गया। घटना को अंजाम देने के बाद शर्ट बदली और भाग गया। बच्चों के रोने की आवाज सुनकर पड़ोसी अमित आए। वहां का मंजर देख वह डर गए और तुरंत पुलिस को सूचना दी।

गिड़गिड़ाते रहे बच्चे, नहीं पसीजा संजय

परिजनों के मुताबिक संजय नशे का आदी है। वह अक्सर पत्नी व बच्चों को मारता पीटता रहता था। पूजा एक निजी स्कूल से 10वीं की पढ़ाई कर रही थी। उसकी बेटी संगीता ने बताया कि जब पिता पूजा दीदी को पीट रहे थे तो वे सभी डर गए थे। पिता से मिन्नतें कर रहे थे कि पूजा को छोड़ दें, लेकिन संजय की क्रूरता इस कदर थी कि बच्चों की सामने ही नृशंसता से बेटी को मार डाला।

पहले बाहर ले जाकर मारने की थी साजिश

रात करीब साढ़े नौ बजे संजय ने पूजा से मंदिर चलने को कहा था, लेकिन उसने मना कर दिया था। इस पर संजय ने उसको घर के बाहर निकालकर दरवाजा बंद कर लिया था। करीब एक घंटे बाद किसी तरह से दरवाजा खोला था। पूछताछ में आरोपी बोला, पहले तय किया था कि घर से बाहर ले जाकर मारेंगे, इसलिए मंदिर जाने का बहाना किया था, लेकिन पूजा नहीं मानी। इसलिए घर पर ही मारना पड़ा।

कई बार मना किया नहीं मानी...इसलिए मरना ही था उसको

पुलिस ने जब आरोपी संजय से पूछताछ की तो उसका बर्ताव साइको की तरह था। वह अजीबोगरीब बातें करता रहा। जब पूछा गया कि बेटी को क्यों मारा तो बोला कि वह एक रिश्तेदार के बेटे से फोन पर बात करती थी। कई बार समझाया, फोन भी छीन लिया, लेकिन वह नहीं मानी। कोई विकल्प नहीं था। उसको मरना ही था।

दो दिन में दो मौत

सुशीला के भाई लोटन के बेटे धर्मेंद्र (25) की सोमवार शाम सड़क दुर्घटना में मौत हो गई थी। मंगलवार को भतीजे की अंत्येष्टि की तैयारी चल ही रही थी कि सुशीला को बड़ी बेटी पूजा की हत्या की सूचना मिली। वह पिता के साथ मायापुरी कॉलोनी के घर पहुंचीं और बच्चों से लिपट पर जोर जोर से रोने लगीं।

शराब के लिए रुपये न देने पर पिता को कुल्हाड़ी से काट डाला

उधर, बख्शी का तालाब। दुर्जनपुर गांव में सोमवार रात शराब के लिए पैसे न देने पर बेटे ने पिता को कुल्हाड़ी से काट डाला। वारदात को अंजाम देकर भाग निकला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने कुछ ही देर में आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। कुल्हाड़ी भी बरामद कर ली। गांव निवासी बृजलाल (60) छोटे बेटे पिंटू के साथ रहते थे। पत्नी दूसरे बेटे अधिराम के साथ पास में ही रहती हैं। पुलिस के मुताबिक सोमवार रात पिंटू नशे में धुत होकर घर आया। वह पिता बृजलाल से शराब के लिए रुपये मांगने लगा। रुपये नहीं दिए तो उनसे झगड़ा करने लगा। इस बीच बृजलाल सोने के लिए छत पर जाने लगे तो उन्हें पकड़ लिया और उन पर कुल्हाड़ी से ताबड़तोड़ वार कर दिए। इससे बृजलाल की मौके पर ही मौत हो गई। पिंटू तुरंत वहां से भाग निकला। कुछ देर बाद भाई रामलाल पहुंचे तो बृजलाल का शव पड़ा देखा। उन्होंने तत्काल पुलिस को सूचना दी।

डीसीपी नॉर्थ अभिजीत आर शंकर ने बताया कि आरोपी पिंटू को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है। पुलिस की जांच में सामने आया कि पिंटू नशे का आदि है। वह आएदिन नशेबाजी में सभी से झगड़ा करता था। इसी वजह से उसकी पत्नी सरिता अपने 10 साल के बेटे के साथ मायके में रहती है। रामलाल ने बताया कि अक्सर पिता से पिंटू विवाद करता था, सोमवार रात को भी कर रहा था।

जगत के सरकार के आगे नतमस्तक योगी सरकार

प्रदेशवासियों को वासंतिक नवरात्र व श्रीरामनवमी की शुभकामनाएं दीं मुख्यमंत्री ने

लोकमित्र ब्यूरो

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम के आदर्श हजारों वर्षों बाद आज भी उतने ही प्रासंगिक हैं जितने त्रेतायुग में थे। श्रीराम धर्म के साक्षात प्रतीक हैं। मर्यादा के आदर्श हैं। परमात्मा स्वरूप परमपुरुष हैं। हर क्षेत्र में उनके द्वारा स्थापित आदर्श हम सभी को पारिवारिक, सामाजिक और राष्ट्रीय कर्तव्यों के निर्वहन की प्रेरणा देते हैं।

गोरखनाथ मंदिर में बुधवार को कन्या पूजन के बाद प्रदेशवासियों को वासंतिक नवरात्र व श्रीरामनवमी की शुभकामनाएं देते हुए सीएम योगी ने कहा कि वासंतिक नवरात्र में शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा से नवमी की तिथि तक आदिशक्ति मां भगवती के अलग अलग स्वरूपों का अनुष्ठान आज नवदुर्गा स्वरूपा कुंवारी कन्याओं के पूजन के साथ संपन्न हुआ है। नवरात्र प्रकृति और परमात्मा से जुड़ाव की अद्भुत परंपरा है। उन्होंने आदिशक्ति मां भगवती से चराचर जगत के कल्याण की कामना की।

सीएम योगी ने कहा कि

वासंतिक नवरात्र की महत्वपूर्ण नवमी तिथि समाज को मर्यादा के मार्ग पर ले जाने वाले व मानवीय जीवन मूल्यों का उच्च आदर्श प्रस्तुत करने वाले प्रभु श्रीराम के जन्मदिन की भी तिथि होती है। हजारों वर्षों पूर्व अयोध्या के महाराजा दशरथ के पुत्र के रूप में सृष्टि के पालक भगवान विष्णु ने धर्म, सत्य और न्याय की स्थापना के लिए अवतार लिया था। आज भगवान श्रीराम का जन्मोत्सव देश दुनिया में सनातन धर्मावलंबियों द्वारा हर्षोल्लास से मनाया जा रहा है। भगवान श्रीराम की जन्मस्थली अयोध्या में इस बार श्रीरामनवमी बेहद उमंग और आस्था के साथ मनाई जा रही है। 500 वर्षों की प्रतीक्षा के बाद श्रीरामलला अपने भव्य मंदिर में विराजमान हुए हैं और इसका अलग ही उल्लास आज वहां के श्रीरामजन्मोत्सव में देखने को मिल रहा है। सीएम योगी ने कहा कि प्रभु श्रीराम के आदर्शों का अनुसरण कर हम सभी समाज और देश के प्रति कर्तव्यों का निर्वहन करें, यही भगवान के प्रति सच्ची श्रद्धा का प्रतीक होगा।

मां सिद्धिदात्री की आराधना कर सीएम ने किया हवन

कन्या पूजन अनुष्ठान और श्रीरामजन्मोत्सव मनाने के पूर्व बुधवार सुबह मुख्यमंत्री एवं गोरक्षपीठाधीश्वर योगी आदित्यनाथ ने गोरखनाथ मंदिर में विधि विधान से मां दुर्गा के नौवें स्वरूप मां सिद्धिदात्री की आराधना की। पूजा अर्चन के बाद उन्होंने वासंतिक नवरात्र की नवमी तिथि का हवन अनुष्ठान किया।

आईआईएमसी एलुमनी मीट कनेक्शन्स लखनऊ में संपन्न, शिव कुमार त्रिपाठी को किया गया सम्मानित

लोकमित्र ब्यूरो

लखनऊ। आईआईएमसी एलुम्नाई एसोसिएशन के उत्तर प्रदेश चैप्टर ने सालाना जलसा कनेक्शन्स लखनऊ का आयोजन किया। कार्यक्रम में भारतीय जनसंचार संस्थान से पढ़ाई के बाद पूरे यूपी में अलग-अलग क्षेत्रों में सेवा दे रहे लोगों ने अपने अनुभव साझा किए।

कार्यक्रम में इमका कनेक्शन्स 2024 की स्मारिका का विमोचन किया गया। समारोह में भीमराव अंबेडकर यूनिवर्सिटी के शिव कुमार त्रिपाठी को सम्मानित किया गया।

चैप्टर के अध्यक्ष मणेंद्र मिश्रा ने बताया कि इस वर्ष यूपी चैप्टर को दिल्ली में आयोजित ग्लोबल मीट में कनेक्टिंग चैप्टर ऑफ द ईयर का अवार्ड मिला है। समारोह को एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष प्रसाद सान्याल, उपाध्यक्ष पूजा मिश्रा, आजीवन सदस्य प्रभाष झा, सायरा नईम, कमलेश राठौर, तरुण निशांत, पंचानन मिश्रा, प्रियंका सिंह, अर्चना सिंह, राशि लाल, रीतेश वर्मा समेत अन्य लोगों से संबोधित किया।

मंत्री एके शर्मा से करें सीधा संवाद, डाउनलोड करें मोबाइल ऐप भाई'

लखनऊ। डिजिटल तकनीक के युग में मोबाइल ऐप, इंटरनेट, सोशल नेटवर्किंग साइट्स, फेसबुक, व्हाट्सएप, एक्स, इंस्टाग्राम का उपयोग कर हम अपनी बात को सेकंडों में सही स्तर पर पहुंचा सकते हैं। प्रौद्योगिकी और नई तकनीक हमारे संचार करने और चीजों को साझा करने के तरीके को बदल रही है। साथ ही इस पर बुद्धिमत्तापूर्ण उपयोग मजबूत व भावनात्मक संबंध बनाने में भी सहायक है। प्रदेश के नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री ए.के. शर्मा अपने कर्तव्य पथ में आधुनिक तकनीक के साथ प्रौद्योगिकी का भरपूर प्रयोग करते हैं। पूर्व में अधिकारी के रूप में उन्होंने विश्व विख्यात एवं पुरस्कृत डिजिटल प्लेटफार्म मुख्यमंत्री एवं प्रधानमंत्री कार्यालय में बनाये। साथ ही जब वो भारत सरकार में मंत्रालय के सचिव थे तब उन्होंने ऑनलाइन सेवा और रजिस्ट्रेशन बनाया। बड़ी बात यह है कि ये सारी व्यवस्थाएँ बीसों साल से संबंधित विभागों एवं कार्यालयों में चल रही हैं और आज भी कार्यरत हैं।

दो लड़कों की जोड़ी पहले भी उत्तर प्रदेश में फ्लॉप रही : भूपेंद्र सिंह चैधरी

लोकमित्र ब्यूरो

लखनऊ। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चैधरी ने कहा कि दो लड़कों की जोड़ी पहले भी उत्तर प्रदेश में फ्लॉप रही थी और एक बार फिर इस जोड़ी को यूपी की जनता सिरे से नकार देगी। जिनके थीम सांग में ही ये कहा जा रहा हो कि दिल्ली में प्रवेश की खातिर व राहुल और अखिलेश की खातिर जनता वोट करे, ऐसे सत्ताभोगी और स्वार्थी लोगों को जनता अच्छी तरह पहचानती है। इनका जनता के मुद्दों से कोई लेना-देना नहीं है। इनके वादे जुबानी जमाखर्च से ज्यादा कुछ नहीं। इनके सारे वादे सत्ता में आने की छटपटाहट दिखाते हैं, क्योंकि न तो गरीब और किसान इनकी नीति में हैं और न ही नीयत में। दशकों तक देश पर राज करने के बाद भी आज जब वो गरीब की बात करते हैं तो मोदी पर नहीं, बल्कि खुद पर ही सवाल उठाते हैं। प्रदेश और देश की जनता उनके दिल्ली के तख्त पर आसीन होने की लालसा को कभी पूरा नहीं होने देगी, क्योंकि उसे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर यकीन है। ये बातें प्रदेश भाजपा के अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चैधरी ने राहुल गांधी और अखिलेश यादव की साझा प्रेस कॉन्फ्रेंस पर निशाना साधते हुए कहीं। उन्होंने कहा कि दो नवयुवकों को पार्टी देश में संयुक्त रूप से भी 50 सीटों का आकड़ा नही छूने वाली है। उत्तर प्रदेश में दोनो ही दलों को जनता शून्य पर आउट करने वाली है। जिन्होंने संविधान में बार-बार संशोधन किए उन्हें आज संविधान की चिंता हो रही है। जिनकी सरकारों के समय काम कम और भ्रष्टाचार (टूजी, सीडब्ल्यूजी, कोल घोटाला) ज्यादा हुआ वो दूसरों को सर्टिफिकेट दे रहे हैं। जिनकी सरकारों में राजस्थान जैसे राज्य पेपर लीक के नए अड्डे बन गए थे, बोर्ड की परीक्षाओं में खुलेआम नकल कराई जाती थी, पैसे के दम पर सेंटर के सेंटर बुक कर लिए जाते थे, सामूहिक नकल के लिए ठेके उठते थे, नकल माफिया सरकारी धन पर पोषित किए जाते थे और पुलिस-प्रशासन मूक दर्शक बने रहते थे, वो नकल विरोधी कानून क्या बनाएंगे? आज केंद्र और भाजपा की प्रदेश सरकारें पेपर लीक पर जीरो टॉलरेंस नीति के तहत काम कर रही हैं और दोषियों को ऐसी सजा दिलाई जा रही है जो एक सबक बनेगी। भूपेंद्र चैधरी ने कांग्रेस के गरीबी हटाने के वादे पर भी तंज करते हुए कहा कि जिनके खुद के अकाउंट फ्रीज हो चुके हैं वो दूसरों के अकाउंट में क्या पैसा डालेंगे? कांग्रेस का घोषणा पत्र पहले के घोषणा पत्र जैसा ही है। वे गरीबी हटाने की बात 70 साल से करते आ रहे हैं, लेकिन जनता की गरीबी तो दूर नहीं हुई भ्रष्टाचार आ रहें हैं, लेकिन जनता की गरीबी तो दूर नहीं हुई। इसके विपरीत भ्रष्टाचार के दलदल में डूबकर इनके नेता जरूर करोड़पति हो गए।

दो रुपये के बिस्कुट चोरी के आरोप में किशोर को खंभे से बांध कर पीटा, रात भर बांधे रखा

लोकमित्र ब्यूरो

जमुनहा (श्रावस्ती)। बालापुर निवासी एक किशोर को दो रुपय के बिस्कुट चोरी के आरोप में दुकानदार ने खंभे से बांध कर पीटा। रात भर उसे खंभे में ही बांधे रखा। परिवार के लोगों के अनुनय विनय के बाद भी किशोर पर दया नहीं आई। इसका वीडियो वायरल होने के बाद मल्हीपुर पुलिस ने आरोपी दुकानदार के विरुद्ध मामला दर्ज कर चार लोगों को गिरफ्तार कर लिया है। मल्हीपुर थाना क्षेत्र के ग्राम बालापुर निवासी बाबूराम मिश्रा किराने की दुकान करता है। 10 अप्रैल की रात गांव में नाच हो रहा था। जिसे देखने आया गांव निवासी अनुसूचित जाति विमलेश (10) पुत्र केशवराम बाबूराम की दुकान पर बिस्कुट लेने गया था। जिसने दो रुपये का एक पैकेट बिस्कुट खरीदा। जबकि एक पैकेट बिस्कुट उसने चुरा लिया। जिसे देख परिवार के लोगों ने बाबूराम को इसकी जानकारी दिया। नाराज बाबूराम विमलेश को अपने घर में घसीट ले गया। जहां खंभे से बांध कर उसकी प्लास्टिक की पाइप से पिटाई की। जानकारी के बाद पहुंचे परिवार के लोगों के तमाम सिफारिश के बाद भी बाबूराम का दिल नहीं पसीजा। बाद में बाबूराम ने इसकी सूचना यूपी 112 पुलिस को दी। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस किशोर को थाने ले जाने से इंकार कर वापस लौट गई। इसके बाद बाबूराम विमलेश व उसके पिता को थाने लेकर गया। जहां उसने पुलिस को चोरी की तहरीर भी दिया लेकिन पुलिस ने मामला दर्ज नहीं किया। इसी बीच किसी ने घटना का वीडियो बनाकर वायरल कर दिया। इसके बाद हरकत में आई मल्हीपुर पुलिस ने बाबूराम सहित चार लोगों के विरुद्ध शांति भंग के आरोप में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दिया है।

सोशल मीडिया ने चुनाव प्रचार सामग्री के बाजार को किया मंदा, 40% पर सिमटा कारोबार

लोकमित्र ब्यूरो

लखनऊ। लोकसभा चुनाव में मतदाताओं को जागरूक करने के लिए इस बार डिजिटल प्लेटफार्म का दायरा बढ़ा है। इस बदलते ट्रेंड का प्रभाव परंपरागत तरीकों से प्रचार के लिए प्रयुक्त होने वाले प्रिंटिंग कारोबार पर पड़ा। प्रचार के लिए बाजार में झंडा, सीटी, बैनर और बिल्ला सहित अन्य प्रचार सामग्री की मांग तेजी से घटी है। यदि चुनाव सामग्री के थोक कारोबारी की मानें तो इस बार अभी तक पूर्वांचल के आसपास के जिलों से मांग ही नहीं आ रही है।

बस पांच वर्ष पहले की ही बात है। चुनाव कैसा भी हो, एक माह पूर्व से ही चुनाव प्रचार सामग्री के बाजार में उछाल आ जाता था। थोक कारोबारी झंडा, सिटी, बिल्ला, टोपी, टीशर्ट, महिलाओं के उपयोग के लिए पार्टी का चुनाव चिन्ह लगा बिंदी,

चूड़ी सहित अन्य सामग्री का ऑर्डर दे देते थे। राजनीतिक दलों की ओर से भी पहले ही ऑर्डर मिला जाता था। प्रत्याशी अपनी फोटो के साथ पोस्टर छपवाने के लिए परेशान रहते थे।

व्यापारी दिव्यांश गर्ग का कहना है कि यहीं पर पुश्तों से प्रचार सामग्री का व्यापार करने वाले अग्रवाल बंधु कहते है कि पहले उम्मीदवार प्रचार सामग्री पर बारह से पंद्रह लाख रुपये आराम से खर्च करता था, लेकिन अब इसका आधा भी खर्च नहीं कर रहा है। इस बार के चुनाव में प्रिंटिंग कारोबार पर मंदी छाई हुई है। इस लोकसभा चुनाव में डिजिटलीकृत प्रणाली ने चुनावी प्रचार पर अपना गहरा प्रभाव डाला है। इससे सियासी प्रचार के बदले चलन से प्रिंटिंग कारोबार चौपट हो गया है।

चालीस फीसदी ही रह गया कारोबार

चुनाव सामग्री का जीपीओ के पास व्यापार करने वाले रघुराज पाल का कहना है कि अब तक उन्हें एक भी आर्डर नहीं मिला है। जबकि पिछले विधानसभा चुनाव में एक माह पहले से ही सामग्री का ऑर्डर मिल जाता था। यहीं पर चुनाव सामग्री बेचने वाले देव पूजा इंटरप्राइजेज के संचालक अनिल बताते है कि उनकी दुकान पच्चीस साल पुरानी है लेकिन ऐसी मंदी कभी भी नहीं थी।

बेरौनक नजर आ रही हैं दुकानें

चुनाव के दौरान प्रिंटिंग प्रचार सामग्री का थोक कारोबार के लिए प्रसिद्ध अमीनाबाद की लाल मस्जिद गली, भानुमती चौराहा हो या फिर पार्टी कार्यालय के सामने के कारोबारी सभी के यहां पूर्वांचल व अवध के जिलों के छोटे व्यापारियों की भीड़ लगी रहती थी। लेकिन इस लोकसभा चुनाव में यहां सन्नाटा है। व्यापारी इतने मायूस हैं कि दुकानें बेरौनक नजर आ रही हैं क्योंकि उन्हें ठीक से सजाया ही नहीं गया है।

पोस्टर नहीं रील्स की बढ़ी मांग

चुनाव में प्रत्याशी डिजिटल कैंपेनिंग पर काम कर रहे हैं। एमबी डिजिट गोमती नगर के रमेश रस्तोगी कहते है कि प्रचार का तरीका पूरी तरह बदल गया है। पहले चुनाव के दौरान पोस्टरों को दीवारों पर चस्पा किया जाता था। इसमें चुनाव आयोग ने कई नियम लागू कर दिए हैं। इससे प्रत्याशी अब इससे किनारा कर रहे है। वैसे भी अब मीम्स और डिजिटल पोस्टर का जमाना है। इसी की मांग बाजार में है। प्रत्याशियों की ओर से रील्स की सबसे ज्यादा डिमांड है। ऐसे में चुनावी सभा और रैलियों की रील्स में नए प्रयोग कर तैयार किया जा रहा है। इस बार बाजार में परंपरागत नहीं नवाचर की मांग है।

गठबंधन तोड़ेगा वनवास या बाराबंकी रचेगा इतिहास? सियासत की नई इबारत लिखेगा ये जिला

लोकमित्र ब्यूरो

लखनऊ। राजधानी लखनऊ के सबसे करीबी लोकसभा क्षेत्र बाराबंकी में होने जा रहे चुनाव इस बार सियासत की नई इबारत लिखेंगे। कांग्रेस अपने स्वर्णिम इतिहास और सपा अपने मजबूत गढ़ के नाते एक साथ होकर भाजपा को कड़ी चुनौती देने में लगी है वहीं पिछले चुनाव में कांग्रेस और सपा के कुल वोटों से ज्यादा भाजपा के वोट थे। चुनाव का परिणाम कुछ भी हो मगर दो ही चीज होगी या तो गठबंधन बनवास तोड़ेगा या फिर बाराबंकी के मतदाता नया इतिहास रचेंगे।

1952 से 2019 तक यह सीट कई दलों के कब्जे में रही। अब तक कुल 17 बार चुनाव हुए हैं। कांग्रेस पांच बार, सपा तीन बार, भाजपा तीन बार, सोशलिस्ट पार्टी दो बार, एक बार निर्दल और एक बार बसपा का सांसद चुना गया लेकिन 2014 में भाजपा से प्रियंका सिंह रावत और

2019 में भी भाजपा के ही उपेंद्र सिंह रावत सांसद चुने गए।

2019 के चुनाव में सपा प्रत्याशी रामसागर रावत को 37.14 प्रतिशत अर्थात चार लाख 25 हजार 777 वोट मिले थे। जबकि कांग्रेस के तनुज पुनिया को 13.92 प्रतिशत के साथ एक लाख 59 हजार 611 मत मिले। लेकिन तब गठबंधन के कारण सपा के वोट में बसपा का भी वोट शामिल रहा है। तब जाकर कुल वोट 585388 वोट हुए होते है। जबकि भाजपा के उपेंद्र को अकेले 535917 वोट मिले थे। तभी तो भाजपा हैट्रिक लगाने के लिए अपना वोट प्रतिशत 50 से ऊपर ले जाने की गणित बिठा रही है। जबकि सपा और कांग्रेस मिलकर बनवास खत्म करना चाहते है। वीडियो वायरल होने के बाद भाजपा को प्रत्याशी बदलना पड़ा है और लगातार तीन बार जीत कर इतिहास भी रचना

संक्षेप

खतरनाक केमिकल से पकाया आम पकड़ा, ट्रक लेकर भागा ड्राइवर

मोदीनगर। खाद्य सुरक्षा अधिकारी ने दिल्ली-मेरठ मार्ग पर रुकमणी मार्केट स्थित फलों की दुकानों पर मंगलवार को निरीक्षण किया। यहां खतरनाक केमिकल से पकाए जा रहे आम की सप्लाई की जा रही थी। एफएसओ ने सैंपल लेकर जांच के लिए भेजा है। खाद्य सुरक्षा अधिकारी मीरा सिंह ने बताया कि मंगलवार दोपहर रुकमणी मार्केट के बाहर फल बाजार के निरीक्षण के दौरान भाटिया फ्रूट कॉर्नर पर आम की खेप उतारी जा रही थी। उन्होंने आम पेटियां खोलकर देखा तो उसमें केमिकल की पुड़िया रखी थी। यह देख आरोपी सप्लायर आम सहित ट्रक लेकर फरार हो गया। मीरा सिंह ने बताया कि आम को पकाने के लिए पेटी में प्रतिबंधित केमिकल की पुड़ियां पाई गई। जिसे कब्जे में लेकर जांच के लिए भेजा जा रहा है। इसके अलावा राजकुमार और फरार सप्लायर के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने बताया कि फलों के पकाने के लिए केमिकल के इस्तेमाल पर रोक है। इसके बावजूद आम को पकाने के लिए केमिकल की पुड़िया लगाई जा रही थी। इसके अलावा कई दुकानदार लाइसेंस भी नहीं दिखा सके। जिनके पास लाइसेंस नहीं है उनके खिलाफ भी कार्रवाई की जा रही है।

इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी को जिताने के लिए घर-घर जाकर दस्तक दे रहे हैं माकपा कार्यकर्ता: गंगेश्वर दत्त शर्मा

नोएडा। भाजपा को हराने और इंडिया गठबंधन+समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी डॉक्टर महेंद्र सिंह नागर को भारी मतों से विजई बनाने के लिए सीपीआई(एम) पार्टी की नेता रेखा चौहान, गुड़िया देवी, कल्पना आदि के नेतृत्व में गांव बरौला सेक्टर- 49, नोएडा व झुग्गी बस्ती सेक्टर- 50, आदि कई स्थानों पर चुनावी अभियान के तहत घर-घर जाकर लोगों से भाजपा प्रत्याशी को हराने व समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी डॉक्टर महेंद्र सिंह नागर को उनके चुनाव चिन्ह साइकिल पर वोट देकर विजई बनाने की अपील किया। चुनावी अभियान के तहत जगह नुक्कड़ मीटिंग सभाएं की गई।

रामजानकी मंदिर में स्मृति ईरानी ने की पूजा

अमेठी। केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी जनपद के गौरीगंज स्थित प्रसिद्ध रामजानकी मंदिर पहुंचीं और वहां उन्होंने पूजा-अर्चना की. इस मौके पर स्मृति ईरानी ने कहा कि सभी के लिए आज गर्व का दिन है. क्योंकि 500 साल बाद ऐसा दिन आया है. जब रामलला अपने भव्य मंदिर में स्थापित हुए हैं और खुद सूर्य देव की किरणों ने रामलला के ललाट पर तिलक किया है. सांसद ने रामनवमी के पर्व पर लोकसभा क्षेत्र के विभिन्न मंदिर में पूजा अर्चना की. साथ ही जनपदवासियों को रामनवमी पर शुभकामनाएं दीं. बीजेपी कार्यकर्ताओं ने उनका स्वागत किया. स्मृति ईरानी ने शंख बजा बजाकर भगवान राम का आह्वान किया.

पुलिस ने 07 वांछित अभियुक्तों को किया गिरफ्तार तथा 36 अभियुक्तों के विरुद्ध शांतिभंग की धाराओं में कार्यवाही की गयी

बाराबंकी। जनपद में संदिग्ध व्यक्तियों/वांछित अभियुक्तों/वारण्टियों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में बाराबंकी पुलिस द्वारा दिनांक 16/17 अप्रैल24 को 07 वांछित अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया तथा 36 अभियुक्तों के विरुद्ध शांतिभंग की धाराओं में कार्यवाही की गयी। जानकारी पर थाना बदोसराय पुलिस द्वारा 01 अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार, कब्जे से 03 किलो ग्राम अवैध पोस्ता छिलका बरामद , अभियुक्त के विरुद्ध थाना बदोसराय पर मु0अ0सं0 91/2024 धारा 8/15 एनडीपीएस एक्ट पंजीकृत किया गया। वही अन्य थाना कुर्सी पुलिस ने 01 अभियुक्त को किया गिरफ्तार, कब्जे से 18 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद , अभियुक्त मुकेश पुत्र स्व0 नौमीलाल निवासी ग्राम दशहराबाग थाना कुर्सी जनपद बाराबंकी को गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के कब्जे से 18 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद की गयी। अभियुक्त के विरूद्ध थाना कुर्सी पर मु0अ0सं0 129/2024 धारा 60(1) आबकारी अधिनियम पंजीकृत किया गया।

राजेश मसाला हमेशा करते हैं, जरूरत मंदों की मदद

अमेठी। राघवराम सेवा संस्थान के अध्यक्ष उद्योगपति राजेश मसाला ने चैत्र राम नवमी के अवसर पर पीड़ितो और जरूरत मंदो की मदद की। जानकारी के मुताबिक राजेश ने शिव कुमार यादव पूरे मन्जूशाह, जगदीशपुर वाल्ब बदलना है 20000 रूपये, संतोषी देवी - टीकरमाफी - बच्चेदानी का आपरेशन 20000,राजमन यादव - बाबा का पुरवा सेमरा 10000 राशन किट, मोहन लाल मौर्य - ठेंगहा - लडकी की शादी 10000 राशन किट ,प्रताप नारायण कश्यप पैरालाइस पिता)10000 राशन किट ,संतोष विश्वकर्म- भेवई (स्व0 पिता)10000 राशन किट ,धीरज वर्मा कैथौला विशेषरगंज 10000 रूपये राशन किट ,सुतवीर सिंह - पूरे जयतराम कंशापुर 10000 रूपये राशन किट की मदद की। इस तरह राजेश ने एक लाख रुपए की मदद की है। उद्योग पति राजेश मसाला ने कहा कि हम सब सनातन को मानने वाले लोग हैं सनातन का मतलब ही लोगों की मदद प्रेम भाईचारा स्थापित करना है और आज तो चैत्र राम नवमी का पवित्र दिन है इस लिए मैंने जरूरत मंदो और पीड़ितों की मदद का फैसला लिया। राजेश ने कहा कि मुझे अपने माता पिता से यही संस्कार मिले हैं साथ ही दीदी स्मृति ईरानी से भी ऐसे कार्यो के लिए प्रेरणा मिलती रहती है। उन्होंने कहा कि हम सब सनातनी हिन्दू है राम लला अयोध्या में अपने घर में विराजमान हो गये है हम सब के लिए यह उत्सव का दिन है लोगों की मदद कर हम सब चैत्र राम नवमी का पर्व मना रहे हैं।सहायता मिलने के बाद जरूरत मंदों के चेहरे खिल उठे और उन्होंने कहा कि हम सब भगवान से यही प्रार्थना करते हैं कि ईश्वर राजेश मसाला जी को यशस्वी एवं दीर्घायु करे,ताकि वह आगे और लोगों की मदद कर सके। उसके बाद संग्रामपुर विकासखंड में मां कालिकन धाम में पूजा दर्शन कर प्रसाद वितरण किया।

'पहले 180 सीटों का अनुमान था, अब लग रहा 150 पर ही सिमट जाएगी'

लोकमित्र ब्यूरो

साहिबाबाद। साहिबाबाद में बुधवार को कांग्रेस नेता और समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने साझा प्रेस कॉन्फ्रेंस की। इस दौरान उन्होंने भाजपा पर जमकर हमला बोला। प्रेस कॉन्फ्रेंस में अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा भ्रष्टाचारियों का गोदाम बन गई है। लूट और झूठ भाजपा की पहचान बन गई है। आने वाले चुनाव में भाजपा का सफाया होने जा रहा है। कौशांबी स्थित एक होटल में इंडिया गठबंधन की संयुक्त प्रेस वार्ता हुई इसमें राहुल गांधी और अखिलेश यादव ने कहा कि गठबंधन एनडीए को गाजियाबाद से गाजीपुर तक हराएगी। राहुल गांधी ने दावा किया कि इस बार एनडीए की सरकार 150 सीटों पर सिमट कर रह जाएगी। अखिलेश यादव ने कहा कि वो 2014 में आए थे 2024 में जाएंगे और इस बार विदाई भी बैंड बाजे के साथ होगी। इस मौके पर कांग्रेस की प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत और बागपत के इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी पंडित अमरपाल शर्मा, सपा के पूर्व मंत्री शाहिद मंजूर भी मौजूद रहे।

भाजपा भ्रष्टाचारियों का गोदाम बनी: अखिलेश

सुबह 9:51 पर राहुल गांधी और अखिलेश यादव ने प्रेसवार्ता शुरू की। पत्रकारों को संबोधित करते हुए पहले अखिलेश यादव ने कहा कि इस बार पश्चिम से बदलाव की हवा चली है। जनता भाजपा के झूठ और वादा खिलाफी से तंग आ चुकी है। अखिलेश यादव ने कहा कि इलेक्टोरल बॉन्ड ने भाजपा की बैंड बजा दी है। भाजपा भ्रष्टाचारियों का गोदाम बनकर रह गई है। राहुल गांधी ने कहा कि यह विचारधारा की लड़ाई है। एक तरफ आरएसएस और भाजपा संविधान को खत्म करने की कोशिश में है तो दूसरी ओर गठबंधन लोकतंत्र की रक्षा करने के लिए कृत संकल्प है।

चैलेंजर्स ग्रुप चला रहा मतदान जागरुकता अभियान

लोकमित्र ब्यूरो

नोएडा। चैलेंजर्स ग्रुप द्वारा आगमी लोकसभा का मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए नोएडा स्थित सेक्टर 12-22, 21, 62 के विभिन्न स्थानों पर रोशनी कुमारी के नेतृत्व में नुक्कड़ नाटक निरंतर प्रस्तुत किया जा रहा है। जिसके अंतर्गत मताधिकार के महत्व को समझाते हुए पोस्टर्स, स्लोगन जैसेः मेरा वोट मेरी सरकार, नशे से न नोट से देश बदलेगा वोट से, वोट फॉर नेशन आदि जैसे नारों से जनता को जागरूक कर संदेश पहुँचाया जा रहा है। चैलेंजर्स ग्रुप के संस्थापक प्रिंस शर्मा ने कहा कि नुक्कड़ नाटक को प्रस्तुत करने का उद्देश्य न केवल मतदान प्रतिशत को बढाना है बल्कि एन.वी.एस.पी., वोटर पोर्टल व वोटर हेल्पलाइन ऐप पर निर्वाचन से सम्बंधित महत्वपूर्ण जानकारी साझा कर ऐप के माध्यम से वोटर बनने के लिए आनलाइन आवेदन करने हेतु प्रेरित करना है। नाटक का समापन वहाँ उपस्थित लोगों को जागरूक नागरिक बन शपथ दिलाकर किया गया। मजबूत लोकतंत्र के लिए जरूरी है कि मतदाताओं को निर्वाचन प्रक्रिया की पूरी जानकारी हो और उसमें उनकी सक्रिय भागीदारी हो । इस मौके पर मेघानशी, सचिन, चाँदनी, शिवम, कृष, कार्तिक, राजेश्वरी आदि कलाकार मौजूद रहे ।

रामनवमी के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन

लोकमित्र ब्यूरो

एटा। सरस्वती विद्या मंदिर सीनियर सेकेंडरी स्कूल के सभागार में रामनवमी के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ कार्यक्रम की संयोजक अंजू एवं मुख्य वक्ता सीता शर्मा ने मां शारदे एवं भगवान श्री राम के चित्र पर माल्यार्पण करके एवं दीप प्रज्ज्वलित करके किया। मुख्य वक्ता सीता शर्मा ने इस अवसर पर अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि भगवान श्री राम वैसे तो राजकुमार थे लेकिन उन्होंने राजसी सुखों का त्याग करके पिता के वचन का पालन किया। इसके साथ-साथ उन्होंने अपनी वनवास यात्रा में समाज के सभी वर्गों का सहयोग लेते हुए रावण का वध करके समरसता का संदेश दिया। उन्होंने अपने जीवन में सदैव सत्य का पालन किया एवं सभी के साथ मर्यादा पूर्ण व्यवहार किया,इसी कारण से वह मर्यादा पुरुषोत्तम कहलाए। उनके जीवन चरित्र पर महाकवि तुलसी दास द्वारा संसार के प्रसिद्ध काव्य ग्रंथ श्री रामचरितमानस की रचना की गई। हमें श्री रामचरितमानस का पाठ करके श्री राम के आदर्श को अपने जीवन में अपनाना चाहिए। श्री रामचरितमानस हमें बड़ों का छोटों के प्रति, छोटों का बड़ों के प्रति लोक व्यवहार करने की सीख देता है। इस अवसर पर प्रधानाचार्य प्रमोद कुमार वर्मा, भवनाथ नाथ झा, राजेंद्र सिंह, डॉ अरुण राजोरिया,आशचर्य, डॉ राहुल शर्मा, डॉक्टर संजीव सिंह, डॉक्टर योगेंद्र सिंह ,डॉक्टर अजय उपाध्याय, विनय वशिष्ठ, अजय गौड़ ,राहुल चौहान, सत्यशील मिश्रा, सूबेदार सिंह शाक्य, ममता उपाध्याय ,सोनिया महेश्वरी,लवली शर्मा, अंजू शर्मा, कामिनी राठी आदि की उपस्थिति रही।

आर्ष गुरुकुल यज्ञतीर्थ एटा के स्नातक व राष्ट्रीय कवि संदीप शजर हुए काव्य रसिक सम्मान से सम्मानित

एटा। राष्ट्रीय कवि संगम, दिल्ली प्रान्त की ओर से आयोजित सप्तम इंद्रप्रस्थ कवि सम्मेलन व सम्मान समारोह में पूज्य संतों व देश विदेश के ख्यातिलब्ध कवियों की उपस्थिति में आर्ष गुरुकुल एटा के स्नातक संदीप शजर जी को काव्य रसिक सम्मान 2024 से सम्मानित किया गया। यह सम्मान हिन्दी अकादमी दिल्ली के सचिव संजय गर्ग जी, समाजसेवी सुशील तायल जी, व अंतरराष्ट्रीय हास्य कवि रसिक गुप्ता जी व प्रसिद्ध कवयित्री मंजू शाक्य जी ने प्रदान किया। जिसमें 11000 की राशि सम्मान प्रतीक व उपहार प्रदान किए गए। इस अवसर पर गुरुकुल के प्राचार्य डॉ. वागीश आचार्य, प्रधान योगराज अरोड़ा , उप प्रधान मनोज चतुर्वेदी, मंत्री प्रो. विनय विद्यालंकार, उपमंत्री डॉ. अवनीश कुमार, स्नातक परिषद के महामंत्री डॉ. ब्रजेश गौतम ने इस अवसर पर शुभकामनाएं प्रदान की हैं।

व्यापारियों एवं वैश्य समाज के प्रतिनिधि मंडल ने भाजपा एवं डॉ महेश शर्मा को विजय दिलाने का संकल्प लेते हुए दिया अपना खुला समर्थन

लोकमित्र ब्यूरो

नोएडा। गौतम बुद्ध नगर लोकसभा सीट के भाजपा प्रत्याशी डॉ महेश शर्मा (सांसद एवं पूर्व मंत्री भारत सरकार) के समर्थन हेतु सुनील गुप्ता (एनसीआर अध्यक्ष चेयरमैन व्यापार मंडल एवं जिला अध्यक्ष (आईवीएफ) के नेतृत्व में डॉक्टर साहब के सेक्टर 15ए स्थित उनके आवास पर अंतराष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन (आईवीएफ), उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल एवं अखिल भारतीय अग्रवाल वैश्य मित्र मंडल के प्रतिनिधि मंडल के सभी पदाधिकारी एवं सदस्यों की सहमति से भाजपा के प्रति अपने समर्थन पत्र दिए।

इस अवसर डॉ महेश शर्मा ने संस्थाओं के समर्थन पत्र को स्वीकार करते हुए वायदा किया कि वह अभी तक व्यापारियों एवं समाज के प्रति जागरूक रहे हैं एवं आगे भी व्यापारियों एवं समाज की प्रगति के लिए वचनबद्ध है और उसके लिए कार्य करते रहेंगे साथ ही उन्होंने सभी संस्थाओं से अपील की है कि वह गौतम बुद्ध नगर का वोट प्रतिशत बढ़ाने के लिए जो भी उचित कदम हो वह उठाएं एवं जितना ज्यादा से ज्यादा हो सके उतनी ज्यादा वोटिंग करवा वोट प्रतिशत को बढ़ाने मैं अपना सहयोग प्रदान करें।

इस अवसर पर उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल अध्यक्ष संजय जैन, अखिल भारतीय अग्रवाल वैश्य मित्र मंडल राष्ट्रीय अध्यक्ष राधा कृष्ण गर्ग महासचिव सुधीर पोरवाल, वरिष्ठ उपाध्यक्ष नरेश बंसल, वरिष्ठ उपाध्यक्ष अमित अग्रवाल, संगठन महामंत्री मनोज गुप्ता, मनोज गुप्ता एडवोकेट, श्री भगवान अग्रवाल, जी मनोज गोयल, धर्मवीर बंसल, सुनील वर्मा, जे. एस बेदी, अक्षय अग्रवाल, उषा थापा समेत सभी पदाधिकारी एवं एवं सदस्यों ने भाजपा को ज्यादा से ज्यादा वोटो एवं सीटों से विजय दिलाने का संकल्प लेते हुए अपना खुला समर्थन दिया।

भव्य भंडारे का हुआ आयोजन

अयोध्या। प्रभु श्री राम की पावन नगरी अयोध्या में रामनवमी के पावन अवसर पर स्पार जियो इंन्फा प्रा. लि. एवं शिव नटराज सर्विसेस इंडिया प्रा लि. दिल्ली द्वारा चूड़ामणि, चौक अयोध्या में भंडारे का आयोजन किया गया इस अवसर पर कार्यक्रम आयोजक तुषार गोयल ने बताया की मैनेजिंग डायरेक्टर सतीश राम कुमार गोयल के प्रेरणा से जगन्नाथ जी के प्रसाद का आयोजन किया गया उन्होंने बताया कि हमारी कंपनी अयोध्या में कई तरह के प्रोजेक्ट पर कार्य कर रही है और हुनरमंदों को हुनर देने का कार्य करेगी। कवि दुर्गेश पांडेय ने बताया कि अयोध्या आने वाले श्रद्धालुओं को अयोध्या के बारे में बहुत ज्यादा जानकारी नहीं होती है जिससे वह केवल श्री रामलला के दर्शन और हनुमानगढ़ी के दर्शन ही करते हैं लेकिन हमारी कंपनी आए हुए श्रद्धालुओं के लिए मनोरंजन व उन्हें अन्य स्थानों का भी दर्शन कराएगी और उनके पौराणिक परिचय को भी बताएगी इस अवसर पर आये हुए सभी श्रद्धालुओं का स्वागत एवं हार्दिक अभिनन्दन किया गया।

मंत्री नरेंद्र कश्यप पहुंचे भाजपा के लोकसभा प्रत्याशी अतुल गर्ग के चुनाव कार्यालय, पदाधिकारी से की चुनावी चर्चा

लोकमित्र ब्यूरो

गाजियाबाद। उत्तर प्रदेश सरकार के स्वतंत्र प्रभार राज्य मंत्री नरेंद्र कश्यप मंगलवार को गाजियाबाद लोकसभा सीट से प्रत्याशी अतुल गर्ग के चुनाव कार्यालय पहुंचे। यहां उन्होंने पार्टी पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं से आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर चर्चा की और उनको आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए। इस दौरान उन्होंने कहा कि पार्टी के पदाधिकारी प्रत्येक घर-घर जाकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की योजनाओं के बारे में लोगों को अवगत कर रहे हैं ताकि लोकसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी की विजय हो।

उत्तर प्रदेश सरकार के स्वतंत्र प्रभार राज्य मंत्री नरेंद्र कश्यप इन दिनों शहर से लेकर प्रदेश के अलग-अलग जनपदों में प्रत्याशियों के लिए प्रचार और पार्टी की योजनाओं को पहुंचाने का काम कर रहे हैं। साथ ही वे स्थानीय मुद्दों से लेकर व्यापारियों और अन्य वर्ग के लोगों की परेशानियों को भी सुलझाने का काम कर रहे हैं। मंगलवार को मंत्री नरेंद्र कश्यप गोल मार्केट में व्यापारियों के साथ मिले और यहां भाजपा प्रत्याशी अतुल गर्ग के लिए प्रचार किया व्यापारियों के साथ बैठक करते हुए उन्हें बताया कि किस तरीके से भारतीय जनता पार्टी की सरकार व्यापारियों के हित को ध्यान में रखती है और उनका समय-समय पर साथ हर सहयोग देती है। इस दौरान मंत्री नरेंद्र कश्यप का व्यापारियों की ओर से फूल माला और बुके देकर स्वागत किया गया। साथ ही समय देने के लिए उनका व्यापारियों ने धन्यवाद भी दिया। मंगलवार को नवरात्रि दुर्गा अष्टमी के इस अवसर पर उत्तर प्रदेश सरकार के स्वतंत्र प्रभार राज्य मंत्री नरेंद्र कश्यप ने दिल्ली गेट स्थित पौराणिक मंदिर में महा माई के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। साथ ही उन्होंने अपने और परिवार के साथ ही गाजियाबाद के निवासी और प्रदेश की जनता के स्वास्थ्य और समृद्धशाली बनने की कामना भी की है। इस दौरान उत्तर प्रदेश सरकार के स्वतंत्र प्रभार राज्य मंत्री नरेंद्र कश्यप ने यहां विधि विधान के साथ पूजा अर्चना करते हुए पुरोहितों से आशीर्वाद भी प्राप्त किया।

खाद्यान्न घोटाले का असली गुनाहगार कौन

अमेठी। केंद्र तथा राज्य सरकारों के माध्यम से गरीब और कमजोर वर्गों के लोगों के लिए मुफ्त में मिलने वाले खाद्यान्न का लाभ वास्तविक रूप में जिला पूर्ति विभाग की मिली भगत से प्रतिमाह कई लाख रुपए कोटेदारों के माध्यम से एकत्र कर लिए जाने का मामला नजर आ रहा है. पात्र गरीब हर माह चार-पांच किलोग्राम राशन के घोटाले का शिकार बनाया जाता है ।बताया जाता है कि इस बार सरकारी मशीनरी ने नई नीति अपनायी है तौलने वाले इलेक्ट्रॉनिक काँटे का कनेक्शन मशीन से ही एक साथ मिलकर कर दिया, लेकिन इस बार भी कुछ ऐसा भी नहीं हो पाया कि यह सब न हो कोटेदारों के दिमाग में क्या चल रहा था कि निर्धारित वजन के पैकेटों का राशन अंगूठा लगाते समय पर्ची निकालने के बाद दूसरे काँटे से वजन कर दिया जाता है जिससे पहले से ही एक मात्रा कम कर सेट किया गया है. सवाल यह उठता है कि इस तरह की कथित भूमिका अदा करने वाले अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई करने से इंकार नहीं कर सकती सरकारें।

नवरात्रि : अंतिम दिन श्रद्धालुओ ने की माँ सिद्धिदात्री की पूजा अर्चना

लोकमित्र ब्यूरो

बाराबंकी। नवरात्रि के अंतिम दिन श्रद्धालुओं ने आदि शक्ति स्वरूपा मां दुर्गा के अंतिम स्वरूप मां सिद्धिदात्री की वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच व्रत धारण करके पूजा अर्चना किया। पौराणिक मातानुसार नवरात्र के नवे दिन सभी सिद्धियों को प्राप्त करने वाली मां सिद्धिदात्री का व्रत व पूजा अर्चना किए जाने का विधान पुराणों में मिलता है जो साक्षात लक्ष्मी जी का ही रूप मानी जाती है जो उनके इस स्वरूप की आराधना करता है उसे लौकिक और पारलौकिक दोनों लोको में सुख मिलता है और उसका मन शांत रहता है दुर्गा को दुर्गति नासिनी भी कहा जाता है वस्तुतः सृष्टि का सृजन पालन और संहार करने वाली आद्या शक्ति एक ही है । दुर्गा सप्तशती के अनुसार आदि शक्ति भक्त जनों के मध्य में दुर्गा के नाम से जानी जाती है रुद्रयामल तंत्र में आदि शक्ति दुर्गा नाम का निर्वयन करते हुए बतलाया गया कि जो दुर्ग के समान अपने भक्तों की रक्षा करती है अथवा उन्हें दुर्गति से बचाती है वह आदि शक्ति दुर्गा है इस संसार में लोग भय भ्रांत अथवा अभाव ग्रस्त होकर सांसारिक दुखों को भोंगते हैं दुखों के दलदल में फंसे दीन हीन और निरीह प्राणियों को बाहर निकाल कर मां दुर्गा उनका कल्याण करती हैं अपने भक्तों के दुखों और आशुरी शक्तियों के विनाश के लिए आदि शक्ति शैलपुत्री , ब्रह्मचारिणी, चंद्रघंटा, कूष्मांडा स्कंदमाता , कांत्यायनी कालरात्रि महागौरी एवं सिद्धदात्री इन नौ रूपों में प्रकट होती हैं भक्ति भाव में से इनकी उपासना करने से पुत्र विद्या धन मोक्ष प्राप्त होता है जो साधक जिस भावना से इनकी उपासना करता है उनकी सभी मनोकामनाएं पूर्ण होती है ऐसा पुराणों में उल्लेख मिलता है।

नवरात्र के अंतिम दिन जनपद के रामनगर मसौली फतेहपुर सैदनपुर सफदरगंज टिकैत नगर दरियाबाद पूरेडलई क्षेत्र सहादतगंज अमरा देवी अमरा कटेहरा धामसी देवी मंदिर शीतला देवी मंदिर ज्वालामुखी देवी मंदिर समेत विभिन्न गांवो के देवी मंदिरों में श्रद्धालुओं ने पहुंच करके आदि शक्ति स्वरूपा मां दुर्गा के अंतिम स्वरूप मां सिद्धिदात्री की बिधि विधान पूर्वक वैदिक मंत्रोच्चारण केबीच पूजा अर्चना करके अपनी सुख समृद्धि की कामना किया वहीं सौभाग्यवती स्त्रियों ने मां दुर्गा को अपने सुहाग सूचक बिन्दी चूड़ी सिंदूर कण्ठहार व धानी चुनरिया भेटकर के अपने सुहाग की लंबी उम्र की कामना किया।

भए प्रकट कृपाला दीन दयाला

बाराबंकी। भए प्रकट कृपाला दीन दयाला । कौशल्या हितकारी हर्षित महतारी मुनि मन हारी अद्भुत रूप निहारी। यह आनंदित करने वाला स्वर सुढियामऊ मोहारी स्थित ठाकुर द्वारा मंदिर पर राम जन्मोत्सव समारोह के दौरान सुनने को मिला मर्यादा पुरुषोत्तम श्री रामचंद्र जी के जन्म लेते ही प्राकृतिक वनस्पतियों में मधुमास छा गया जय श्री राम के उद्घोष व घंटा घड़ियालों के बजाने से सारा वातावरण प्रभु श्री रामचंद्र की भक्ति से सराबोर हो गया वही नवरात्र के अंतिम दिन श्रद्धालुओं ने हवन के पश्चात कुंवारी कन्याओं को प्रसाद ग्रहण करा करके यथाशक्ति दक्षिणा देकर अपने व्रत को पूरा किया । इस मौके पर जगह-जगह रामचरितमानस सुंदरकांड तथा ओम नमः शिवाय के जाप का कार्यक्रम भी श्रद्धालु के द्वारा किया गया।

पेट्रोल पंप कर्मी वाहनों पर चस्पां करेंगे मतदाता जागरूकता स्टीकर

लोकमित्र ब्यूरो

बाराबंकी। ज़िला निर्वाचन अधिकारी/ जिला मजिस्ट्रेट ने आज अपराह्न 12 बजे स्वास्तिक ट्रेडर्स पेट्रोल पंप पर आयोजित मतदाता जागरूकता स्टीकर अभियान का शुभारंभ किया। कार्यक्रम के संयोजक पेट्रोल पंप के मालिक ने मुख्य अतिथि जिला मजिस्ट्रेट को पुष्प गुच्छ और अंग वस्त्र भेंट कर स्वागत किया। विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित एसडीएम सदर, जिला पूर्ति अधिकारी डॉ राकेश कुमार तिवारी, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, उप जिलाधिकारी सुश्री श्वेता मिश्रा, अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी सहित अन्य अधिकारियों को पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत किया। जिला पूर्ति अधिकारी डॉ राकेश कुमार तिवारी ने अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि जिला निर्वाचन अधिकारी के निर्देशन में जनपद के सभी अधिकारी कर्मचारी और समाजसेवी मिलकर एक टीम के रूप में कार्य करते हुए मतदान के प्रतिशत को बढ़ाने के लिए प्रयास कर रहे हैं, जिसका प्रभाव आगामी 20 मई को मतदान दिवस पर अवश्य दिखाई पड़ेगा। इसके पश्चात जिलाधिकारी ने विभिन्न वाहनों पर प्रचार के लिए बनाए गए मतदाता जागरूकता स्टीकर का अनावरण करते हुए स्वयं एक दिव्यांग मतदाता के वाहन पर स्टीकर लगाकर इस अभियान का शुभारंभ किया तथा जनपद के लगभग 5 लाख रजिस्टर्ड वाहनों पर स्टीकर लगाने का सभी पेट्रोल पंप मालिकों से आवाहन किया।इसके बाद उपस्थित जन समूह को मतदाता जागरूकता की शपथ दिलाई तथा प्रत्येक दशा में मतदान दिवस को पर्व के रूप में मनाने के लिए आग्रह किया। कार्यक्रम के संयोजक क द्वारा हस्ताक्षर अभियान का शुभारंभ करने के लिए जिला मजिस्ट्रेट से आग्रह किया गया जिसमें सभी अधिकारियों ने एक स्लोगन के साथ अपने हस्ताक्षर किये। अन्त में समाज सेवी ने सभी आगंतुकों के प्रति आभार व्यक्त किया और जिला प्रशासन द्वारा मतदाता जागरूकता अभियान कार्यक्रम की प्रशंसा की और मीडिया के प्रति भी आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन जिला स्काउट मास्टर ने किया। इस अवसर पर जनपद के अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

अर्चिता, जागृति, सक्षम, रागिनी, अक्षत, एकलव्य और सायशा उत्तीर्ण

लोकमित्र ब्यूरो

प्रयागराज। पंडित रामचंद्र मिश्र मेमोरियल पब्लिक स्कूल झलवा के प्रांगण में मासिक कलर बेल्ट परीक्षा का आयोजन बुधवार को किया गया। इस परीक्षा में विष्णु भगवान पब्लिक स्कूल, साई धाम ताइक्कांडो अकादमी, जीनियस पब्लिक स्कूल के 170 खिलाड़ियों ने भाग लिया।

अपनी सुंदर तकनीकी कला का प्रदर्शन करते हुए अर्चिता त्रिपाठी ने सफेद बेल्ट, जागृति विश्वकर्मा पीली बेल्ट, सक्षम कुमार हरी बेल्ट, रागिनी पाण्डेय हरी एक बेल्ट, अक्षत कुमार चतुर्वेदी नीली बेल्ट, एकलव्य शर्मा नीली एक बेल्ट व सायशा गुप्ता लाल बेल्ट में प्रथम स्थान प्राप्त किया।

मुख्य परीक्षक कौशांबी ताइक्कांडो एसोसिएशन के सचिव कामेश शर्मा, अध्यक्ष अनुराग सिंह, आशीष आर्या, आकाश सोनी, राजेश भगत, दीपक कुमार रहे।

कार्यक्रम का संचालन कोच दीपक कुमार ने किया। अपनी-अपनी बेल्ट में सफल रहने वाले प्रतिभागियों के नाम इस प्रकार हैं।

सफेद बेल्ट- अर्चिता त्रिपाठी, अथर्व त्रिपाठी, प्रिया गुप्ता, विनायक द्विवेदी, कियारा तिवारी, निष्ठा दत्त, अग्रिमा गौर, एंजेल यादव, सारा मिश्रा स्वास्तिक श्री, काव्या श्रीवास्तव,समृद्धि, क्रीडाय तिवारी, रेहांशी तिवारी।

पीली बेल्ट-आरव कुमार, आद्या श्रीवास्तव, आराध्या चंद्रा, निर्भय रघुवंशी, प्रणवी शर्मा, अर्पित सिंह सोलंकी, अध्ययन सिंह, आरना पाल, आख्या पाल, चांदनी पाल, मिसेल रावत, जागृति विश्वकर्मा, अभिजीत कुमार, वेदांत सिंह।

हरी बेल्ट-भाव्या जयसवाल, मृगांक सिंह, अपराजिता शुक्ला, दिव्यांशी सिंह, आर्या रघुवंशी, रित्विक अग्रहरी, वंजुल मणि त्रिपाठी, रानी सिंह, सक्षम कुमार, विराज पटेल, पवन राय, पलक राय, आशी पटेल, अंश कुमार, नमन, सर्वांग सोहनी, आर्यन सोनकर, सिद्धि सोनकर,आस्था यादव।

हरी एक बेल्ट-रागिनी पाण्डेय, सानवी पाठक, ऐना कृष्णा सिंह, अनैसा प्रसाद, रेयांश कुमार प्रसाद, अविरल अर्पण, दक्षित सागर, सिद्धि विनायक सिंह, समर प्रताप यादव, प्रियंवदा सिंह, अनिका जैन।

नीली बेल्ट में-अग्रिमा आर्य, एरोन शॉन फ्रेडरिक, कनिष्का कैथल, रिंकी, एकलव्य शर्मा।

नीली एक बेल्ट-आलोक तिवारी, यांगद, आस्थाश्री, राशेष सिंह।

लाल बेल्ट-सायशा गुप्ता, आकृति पाल।

संतोष दीक्षित टी-20 क्रिकेट प्रतियोगिता आज से

प्रयागराज। संतोष दीक्षित मेमोरियल टी-20 कैशमनी कलर ड्रेस क्रिकेट प्रतियोगिता गुरुवार से दौलत हुसैन इंटर कॉलेज मैदान पर शुरू होगी।

उद्घाटन मुकाबला श्री सहायक क्लब और दौलत हुसैन इंटर कॉलेज मैदान के बीच सुबह 8ः30 बजे से खेला जाएगा।

आयोजन सचिव इमरोज अली और सचिव कलीम खान के अनुसार जिला कमांडेंट होम गार्ड प्रयागराज अमित पाण्डेय मुख्य अतिथि एवं जिला कमांडेंट होम गार्ड कौशांबी विनोद द्विवेदी विशिष्ट अतिथि होंगे। प्रतियोगिता की विजेता टीम को 51 हजार रुपये एवं उपविजेता टीम को 31 हजार रुपये की नगद धनराशि दी जाएगी।

यात्री को दिया नया जीवन दान

आईजी आरपीएफ ने किया जवान को सम्मानित

लोकमित्र ब्यूरो

प्रयागराज। महानिरीक्षक सह-प्रधान मुख्य सुरक्षा आयुक्त रेलवे सुरक्षा बल उत्तर मध्य रेलवे अमिय नन्दन सिन्हा के द्वारा आरपीएफ पोस्ट प्रयागराज पर तैनात सहायक उप निरीक्षक संजय कुमार रावत, को यात्री की जान बचाने हेतु पुरस्कृत किया गया। इनके द्वारा 14 अप्रैल को प्रयागराज स्टेशन पर समय 11.18 बजे गाड़ी संख्या 15634 के प्लेटफार्म नंबर 1 पर आने पर एक यात्री सज्जन सिंह शेखावत, उम्र 63 वर्ष, जो उक्त गाड़ी के कोच संख्या ठ-1 सीट नंबर 63 पर यात्रारत यात्री पीएनआर नंबर 6732048009 खाना लेने के लिए प्लेटफार्म पर उतरे थे इसी दौरान गाड़ी समय 11.35 बजे गन्तव्य के लिए रवाना हो गयी। चलती गाड़ी में चढ़ने के दौरान उक्त यात्री अनियन्त्रित होकर गाड़ी और प्लेटफार्म के बीच में लटक गया, जिस पर सहायक उप निरीक्षक संजय कुमार रावत की नजर पड़ी तो उन्होंने आनन-फानन में सूझ बूझ से यात्री की जान बचाने के लिए अपने जान को जोखिम में डालकर बहादुरी पूर्वक गाड़ी और प्लेटफार्म के बीच में आए हुए यात्री का एक हाथ पकड़ कर प्लेटफार्म पर खींच लिया, जिससे यात्री की जान बच गयी। जान बचाये गये यात्री के द्वारा आरपीएफ के इस प्रयास की बहुत प्रशंसा की गई और बताया कि मैं आजीवन इस कार्य के लिए रेल सुरक्षा बल का आभारी रहूंगा।

सहायक उप निरीक्षक संजय कुमार रावत के द्वारा किये गये इस साहसिक कार्य के लिए अमिय नन्दन सिन्हा, महानिरीक्षक सह प्रधान मुख्य सुरक्षा आयुक्त रेलवे सुरक्षा बल उत्तर मध्य रेलवे महोदय द्वारा प्रशस्ति पत्र व कैश रिवार्ड प्रदान किया गया। महानिरीक्षक सह प्रधान मुख्य सुरक्षा आयुक्त, रेलवे सुरक्षा बल उत्तर मध्य रेलवे द्वारा समय-समय पर बल सदस्य को प्रोत्साहित करने व उनका मनोबल बढ़ाने हेतु प्रशस्ति पत्र व रिवार्ड दिये जाते हैं व ऐसे कार्यो को रेलवे बोर्ड भी प्रेषित किया जाता है।

रामनवमी के अवसर पर भव्य शोभायात्रा निकाली गई

फाफामऊ। नवरात्र के नौवें दिन रामनवमी के पावन पर्व पर बुधवार की देर शाम राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, विश्व हिंदू परिषद के आयोजन पर नागरिकों द्वारा भव्य शोभायात्रा निकाला गया जो पूरे फाफामऊ, शान्तिपुरम मे भ्रमण कर विशाल भंडारे मे प्रसाद का वितरण किया गया।शोभा यात्रा मे ढोल तासा,डी.जे.,ऊटं, घोड़ा के साथ रोडलाइट के साथ बनारस रोड से प्रराम्भ होकर पुरानी गली,इलाहाबाद रोड, प्रतापगढ़ रोड होते हुए शान्तिपुरम मे समापन किया गया।जहां पर विशाल भंडारे मे प्रसाद का वितरण हुआ।शोभायात्रा की अगुवाई महापौर गणेश केशरवानी,कोपरेटिव बैंक यु.पी.डारेक्टर उपेंद्र सिंह, फूलपुर लोकसभा भाजपा प्रत्याशी विधायक प्रवीण पटेल,जिला प्रचारक सघं राजवर्धन सिंह,अपूर्व सिंह, भाजपा नेता जयसिंह, आर.डी.वर्मा, व्यापार मंडल अध्यक्ष धीरेंद्र केशरवानी,भाजपा शिवकुटी मंडलअध्यक्ष भोला सिंह ,अशोक कुमार अग्रवाल, गौरव अग्रवाल,रामनारायण मिश्र, अभिषेक सिंह, आदि सैकड़ों नागरिक शामिल हुए।

शिवम ने विप्लव स्पोर्टिंग को जिताया

केएस स्पोर्ट्स अंडर-14 क्रिकेट

प्रयागराज। विप्लव स्पोर्टिंग क्लब ने नेताजी सुभाषचंद्र बोस क्लब को आठ विकेट से हराकर केएस स्पोर्ट्स अंडर-14 क्रिकेट प्रतियोगिता में पूरे अंक प्राप्त किये। इस जीत में शिवम केसरवानी की अचूक गेंदबाजी (6.4-2-14-6) ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।चक हरिहरवन झूंसी स्थित बीपीएससी मैदान पर बुधवार को खेले गए मैच में नेताजी सुभाषचंद्र बोस क्लब ने 21.5 ओवर में 86 रन (शिवम पटेल 23, शिवम केसरवानी 6/14, अनिमेष यादव 3/17) बनाये। जवाब में विप्लव स्पोर्टिंग क्लब ने 12.1 ओवर में 2 विकेट पर 87 रन (अर्पित कनौजिया 35 नाबाद, ईशान सिंह 22 नाबाद, तेजस तिवारी 1/22) बना लिए।

चौधरी नौनिहाल 'बी' की जीत में मयंक, अमर, फरहान चमके

लोकमित्र ब्यूरो

प्रयागराज। चौधरी नौनिहाल सिंह क्लब %बी% ने दौलत हुसैन इंटर कॉलेज को 55 रन से हराकर कर्नल एमआर शेरवानी सीनियर डिवीजन लीग में पूरे अंक प्राप्त किये।

केपी कॉलेज मैदान पर बुधवार को खेले गए मैच में चौधरी नौनिहाल सिंह क्लब ने 40 ओवर में 7 विकेट पर 279 रन (मयंक दुबे 87, फरहान अंसारी 56, शिवांश यादव 28, विशेष आनंद 4/39) बनाये। जवाब में दौलत हुसैन इंटर कॉलेज की टीम 40 ओवर में 9 विकेट पर 224 रन (गुलाम अली खान 63, मोहम्मद अरमान 37, अब्दुर रहमान 27, अमर काला 4/52, अभिनव तिवारी 2/45) ही बना सकी। मैच में विपिन यादव व अजय कुमार ने अंपायरिंग और प्रितेश सोनकर ने स्कोरिंग की।

बड़े हनुमान मंदिर में राम नवमी का भव्य आयोजन

प्रयागराज। बड़े हनुमान मंदिर में रामनवमी हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। बड़े हनुमान जी का विशेष श्रृंगार हुआ, वहीं महंत बलबीर गिरि जी महाराज ने पूजन अर्चन किया। वहीं, बाघंबरी मठ में बागेश्वरी देवी का भी पूजन अर्चन किया गया। उनका फूलों से श्रृंगार हुआ।

चैत्र नवरात्रि की नवमी तिथि पर बुधवार को बड़े हनुमान मंदिर में सुबह महंत बलबीर गिरि महाराज ने पूजन किया। इधर, बाघंबरी मठ में सुबह महंत देवी बागेश्वरी की पूजा हुई। इसके बाद देवी स्वरूप कन्याओं के पांव पखारते हुए पूजन किया गया। इसके बाद कन्याओं को भोजन कराने के पश्चात दक्षिणा और उपहार देकर उन्हें विदा किया गया। मठ के प्रमुख महंत बलबीर गिरी जी महाराज ने बड़े हनुमान जी का अभिषेक किया। इसके बाद श्रृंगार और आरती की। महंत बलबीर गिरि ने बताया कि नवरात्रि की नवमी तिथि के अवसर पर मठ में विशेष पूजा अर्चना हुई। बड़े हनुमान जी से सभी भक्तों के लिए मंगल कामना की गई। साथ ही कहा कि अयोध्या में पांच सौ साल बाद रामलला का अभिषेक का क्षण अद्भुत है।प्रभु श्रीराम भक्तों पर कल्याण करेंगे।

प्रयागराज जिले को सुंदर और विकास का मॉडल बनाएंगे- प्रवीण पटेल

भाजपा एवं अपना दल के कार्यकर्ताओं ने भरी हुंकार कहा, इस बार 400 पार

प्रयागराज (हि.स.)। भारतीय जनता पार्टी फूलपुर लोकसभा केंद्रीय चुनाव कार्यालय का उद्घाटन जॉर्ज टाउन क्लब में किया गया। फूलपुर संसदीय क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी प्रवीण पटेल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश के ही नहीं बल्कि दुनिया के सर्वश्रेष्ठ नेता हैं। जिनके नेतृत्व में भारत का विश्व में डंका बज रहा है।

उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य का विजन है प्रयागराज को दुनिया का सबसे सुंदर शहर बनाने का और इसके लिए हम दिन रात एक कर प्रयागराज जिले को सुंदरता के साथ-साथ दुनिया का विकास मॉडल बनाएंगे।

इस अवसर सांसद केसरी देवी पटेल एवं पार्टी के वरिष्ठ नेता पूर्व कैबिनेट मंत्री नरेंद्र कुमार सिंह गौर ने कहा कि देश के अंदर चारों तरफ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भाजपा की लहर दौड़ रही है। पूरा देश भारतीय जनता पार्टी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मजबूत नेतृत्व को स्वीकार कर चुकी है। प्रयागराज की दोनों लोकसभा सीटों पर प्रचंड बहुमत के साथ कमल खिलेगा।

महापौर गणेश केसरवानी ने कहा कि यह चुनाव विकसित, आत्मनिर्भर और मजबूत भारत के लिए लड़ाई भारतीय जनता पार्टी लड़ रही है। वहीं कांग्रेस,

भाजपा फूलपुर लोकसभा केंद्रीय चुनाव कार्यालय का हुआ उद्घाटन

सपा और उसके सहयोगी दल सिर्फ अपने परिवार और देश के विभाजनकारी शक्तियों को बढ़ावा देने के लिए चुनाव लड़ रही है। लेकिन भाजपा कार्यकर्ताओं ने कमर कस लिया है और संकल्प लिया है कि देश की विभाजनकारी शक्तियों को हम मिट्टी में मिला देंगे।

लोकसभा प्रभारी बालेंदु मणि त्रिपाठी ने कहा कि कहा कि भाजपा का एजेंडा आत्मनिर्भर, विकसित और नए भारत के निर्माण के लिए है। भाजपा के कार्यकर्ता इस लोकसभा के चुनाव में देश के भविष्य के लिए मां भारती के गौरव के लिए भारत की सनातन संस्कृति के लिए भारत के विश्व में शक्तिशाली बनाने के लिए पूरी ताकत लगा देंगे। फूलपुर लोकसभा संयोजक एवं विधायक गुरु प्रसाद मौर्य ने कहा कि आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत में संस्कृतिक जागरण का उदय हुआ और भारत की जयकार पूरी दुनिया में हो रही है। विधायक हर्षवर्धन बाजपेई ने कहा कि शहर उत्तरी विधानसभा अबकी बार सबसे ज्यादा लीड करके फूलपुर संसदीय क्षेत्र को जीतने जा रही है।

अध्यक्षता करते हुए महानगर अध्यक्ष राजेंद्र मिश्र ने कहा कि भाजपा की लड़ाई देश की जनता रही है और विपक्षी नेता सपा व कांग्रेस के लोग अभी से ही अपनी हार मान बैठे हैं और अपनी अस्तित्व की लड़ाई लड़ रहे। गंगापार जिलाध्यक्ष कविता पटेल ने कहा कि भाजपा अपने पिछले चुनाव के मुकाबले में प्रयागराज के दोनों लोकसभा सीटों का रिकॉर्ड तोड़ेगी और प्रचंड बहुमत के साथ जीत दर्ज करेगी। अपना दल के नेता पूर्व सांसद नागेंद्र सिंह पटेल ने कहा कि अपना दल का हर एक कार्यकर्ता भाजपा के साथ कंधे से कंधा मिलाकर प्रयागराज की फूलपुर, इलाहाबाद और कौशाम्बी लोकसभा की सीटों पर कमल खिलाएगा। इनके अलावा पूर्व विधायक प्रभा शंकर पांडे, क्षेत्रीय महामंत्री संतोष सिंह पटेल, क्षेत्रीय उपाध्यक्ष अवधेश चंद्र गुप्ता, उपेंद्र सिंह, विभूति नारायण सिंह, अश्वनी दुबे, अनीता त्रिपाठी, शशि वार्ष्णेय, विक्रम सिंह पटेल, अश्वनी पटेल ने अपने विचार रखे।

मीडिया प्रभारी राजेश केसरवानी ने बताया कि इसके पूर्व भाजपा के वरिष्ठ नेताओं ने कार्यालय उद्घाटन पर पूजन अर्चन किया और पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के सचित्र पर पुष्प अर्पित करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि दी। इसके अलावा पार्टी कार्यालय में प्रत्याशियों के नामांकन एवं अन्य कार्यक्रमों को लेकर संचालन समिति की बैठक की गई। संचालन क्षेत्रीय महामंत्री कमलेश कुमार गौतम एवं संजय गुप्ता एवं धन्यवाद अनुज परिहार ने किया।

सुख, समृद्धि और प्रगति का आधार हैं बेटियां - नन्दी

मंत्री नन्दी और पूर्व महापौर ने हवन-पूजन के साथ किया कन्या पूजन

प्रयागराज (हि.स.)। बेटियां सुख, समृद्धि और प्रगति का आधार हैं। इनकी पूजा सर्वोत्तम पूजा है। नवरात्रि आदिशक्ति की आराधना का पर्व है, जो सर्वशक्तिमान और सर्वव्यापी हैं। नवरात्रि पर्व इन्हीं जगत जननी को समर्पित है। यह बातें उत्तर प्रदेश सरकार के औद्योगिक विकास मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नन्दी ने कही।बुधवार को चैत्र नवरात्रि की महानवमी पर बहादुरगंज स्थित आवास पर आदि शक्ति मां दुर्गा का नौ दिनों का अखंड व्रत संकल्प पूरा कर सपरिवार मां दुर्गा की स्तुति के साथ ही मंत्री नन्दी ने हवन-पूजन किया। कन्या पूजन करते हुए कन्याओं के पांव पखारे और भोजन प्रसाद खिलाकर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। नन्दी और पूर्व महापौर ने कुंवारी कन्याओं के पांव पखारे। उनके पैरों में रंग लगाया। वहीं माथे पर रोली, चंदन, दही, अक्षत का तिलक लगाकर व चुनरी ओढ़ाकर उपहार एवं दक्षिणा प्रदान कर आशीर्वाद प्राप्त किया। आरती उतारी वहीं अपने हाथों से भोजन परोसा। पूर्व महापौर अभिलाषा गुप्ता नन्दी ने कहा कि भारतीय संस्कृति में कुमारी कन्याओं को साक्षात देवी स्वरूपा माना गया है। आज के समय में बेटियां किसी भी मायने और किसी भी क्षेत्र में बेटों से पीछे नहीं हैं। हर क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल कर रही हैं। इसलिए आज के समय में बेटियों को सशक्त और समृद्ध बनाते हुए उन्हें आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित करने की जरूरत है, जिसके लिए हमारी सरकार प्रतिबद्ध है।

दूसरे के स्थान पर परीक्षा देने वाले अभ्यर्थी की जमानत अर्जी खारिज

प्रयागराज (हि.स.)। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने पुलिस भर्ती परीक्षा में दूसरे के स्थान पर परीक्षा देने वाले अभ्यर्थी जितेंद्र जुरैल उर्फ संदीप की जमानत अर्जी खारिज कर दी है।

कोर्ट ने कहा कि याची के संदीप होने का उसके किसी दस्तावेज में उल्लेख नहीं है। हालांकि याची का कहना था कि संदीप उसका निक-नेम है। वहीं संदीप है। कोर्ट ने प्रथमदृष्टया आरोप सही माना और जमानत पर रिहा करने से इंकार कर दिया। यह आदेश न्यायमूर्ति समीर जैन ने दिया है।

राज्य सरकार की तरफ से कहा गया कि प्रतियोगी परीक्षाओं में धांधली करना यह राज्य के विरुद्ध अपराध है और परीक्षा की पवित्रता से सेंधमारी करने वाले के साथ किसी प्रकार की कोई रियायत नहीं की जानी चाहिए। क्योंकि यह लाखों बेरोजगारों के साथ अन्याय है। याची के खिलाफ आगरा जनपद के एतमादुद्दौला थाने में 18 फरवरी 24 को एफआईआर दर्ज की गई है। आरोप है कि वह पुलिस भर्ती परीक्षा में दूसरे परीक्षार्थी के स्थान पर परीक्षा दे रहा था। याची का कहना था कि वही संदीप है। स्वयं की परीक्षा दे रहा था। किंतु आधार कार्ड से यह साफ नहीं हो सका। वह 19 फरवरी 24 से जेल में बंद है।

माता गुरुतरा भूमेःपिता चोच्चत्रं च खात।भावार्थ-माता पृथ्वी से भारी है पिता आकाश से भी ऊँचा है।

गुरुवर की आज्ञा पर सर्वस्व निशौवर करने वालों द्वारा अपने माता-पिता की अवज्ञा क्यों?

गोंदिया - वैश्विक स्तरपर आदि अनादि काल से भारत माता की धरती पर माता-पिता को सर्वश्रेष्ठ गुरू मानने के अनेकों या यूं कहें कि अनगिनत उदाहरण से इतिहास भरा पड़ा है परंतु वर्तमान परिपेक्ष में मैं यह महसूस कर रहा हूं किसमाज का एक बहुत बड़ा तबका अपने जीवन शैली को परिवर्तित करने में मुस्तैद है।आदि-अनादि काल से हमारे भगवानों की पूजा अर्चना हो रही थी परंतु वर्तमान समय में उपवास पूजा अर्चना तो क्या उनकी तस्वीर भी हटा दी गई है और बहुत ही जोर-शोर से नए आधुनिक बाबाओ गुरुवारों की सेवा में मुस्तैद हो गए हैं।अलग अलग स्तरपर उनकी गुरु दीक्षा लेकर केवल उनके ही हो गए हैं।यहां तक कि अपने माता पिता का दर्जा भी अपने उस गुरुवार से कम कर दिया है।मैं देख रहा हूं कि आजकल उन भक्तगणों सेवकों के लिए अपने गुरुवर की आज्ञा सर्वोपरि हो गई है,उनपर सर्वस्व निषेश्वर कर देते हैं। जबकि अपने माता-पिता की अवज्ञा करने में बिल्कुल पीछे नहीं हटते उनका सम्मान की जगह अपमान करते हैं, उनके लिए अपने माता-पिता से भी बड़े गुरुवर हो गए हैं जो मेरा मानना है कि उचित नहीं है, मेरे माता-पिता ही सरोवर सर्वोपरि हैं,उसके बाद मेरे गुरुवर हैं। चूंकि शास्त्रों में भी आया है,माता गुरुतरा भूमेःपिता चोच्चत्रं च खात।भावार्थ-माता पृथ्वी से भारी है।पिता आकाश से भी ऊँचा है।इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे गुरुवर की आज्ञा पर सर्वस्व निशौवर करने वालों द्वारा अपने माता-पिता की अवज्ञा क्यों? साथियों बात अगर हम माता पिता गुरुवर और ईश्वर अल्लाह को क्रमिक स्थान देने की करें तो,जन्म लेने के बाद बच्चे की प्रथम गुरु उसकी माता ही होती है जो उसे जीवन दान देने के साथ साथ अच्छे संस्कार भी देती है इसलिए प्रथम स्थान माता को देना चाहिए।जब बच्चा बड़ा होता है तो बहुत सी चीजों की जरूरत होती है जैसे स्कूल के लिए फीस, पढ़ने के लिए किताबें, तन ढकने के लिए वस्त्र इन सभी वस्तुओं को खरीदने के लिए अर्थ की जरूरत होती है जिसकी पूर्ति एक पिता ही कर सकता है तो दूसरा स्थान पिता को देना चाहिए।जब बच्चा बड़ा होकर स्कूल जाता है तो वहां उसके टीचर उसे बाहरी दुनियां से अवगत कराते हैं अच्छे और बुरे लोगो में भेद करना बताते हैं,पढ़ लिखकर क्या करना है? इन सारी दिन दुनियां की जानकारी एक गुरु देता है इस लिए गुरु का तीसरा स्थान होना चाहिए।लेकिन अगर हम अपने धर्म शास्त्रों में जब पढ़ते हैं तो वहां हमे यह पढ़ने को मिलता है कि गुरु का स्थान सबसे ऊपर होता है लेकिन उसमे यह नहीं बताया जाता है कि वह कौन सा गुरु है जिसका स्थान सर्वोपरि होता है? बेशक!! वह प्रथम गुरु माता ही होती है। लेकिन हम ज्ञान के अभाव में अपने धर्म ग्रंथों में लिखी गई पंक्तियों की सूक्ष्म व्याख्या नहीं कर पाते हैं।अगर माता न होती तो गुरु का शिष्य कहां से आता? वह किसकी बताता कि गोविंद, ईश्वर कौन है? जब जननी ने शिशु को जन्म दिया, पिता ने उसकी परवरिश करने में मदद की तब गुरु को एक शिष्य मिला।बेशक! एक बालक को आदर्शवादी बालक बनाने में गुरु का बहुत बहुत बड़ा योगदान होता है हम इससे पूरी तरह से सहमत हैं।चौथे स्थान पर हम ईश्वर को रखते हैं क्योंकि हमारे अच्छे बुरे कर्मों का लेखा जोखा वही रखता है। अंतिम निर्णय उसी का होता है। उसकी इज़ाजत के बिना पेड़ का एक पत्ता भी नहीं हिलता है। वह जब चाहें माता, पिता, गुरु और शिष्य को अपने पास बुला सकता है। हमारे माता-पिता जन्म दिए है और हमारे पालन पोषण सब क्या है हमारे जिंदगी माता पिता के ही दिए हुए हैं इसलिए सबसे महत्वपूर्ण बातें है की माता पिता ही ईश्वर हमारे है उन्हीं से सोच समझ और दुनिया देखने को मिलते हैं इसलिए प्रथम गुरु माता एवं पिता और गुरु ईश्वर का रूप होता है इसलिए माता-पिता भगवान से भी बढ़कर होते हैं और भगवान कहलाते हैं।

साथियों बात अगर हम ईश्वर अल्लाह से माता-पिता का स्थान ऊंचा होने की करें तो, दुनियां में भगवान व गुरु का स्थान ऊपर है, मगर सबसे ऊपर है माता-पिता का स्थान। उसमें भी मां सर्वोपरि है। वेद ग्रंथों में उल्लिखित के अलावा तमाम उदाहरण हैं, जो मां को सबसे बड़ा बताते हैं।

मां संकटा देवी मंदिर में राष्ट्रीय कवि सम्मेलन का किया गया आयोजन

लोकमित्र ब्यूरो

महमूदाबाद,सीतापुर। महमूदाबाद नगर के प्रसिद्ध मां संकटा देवी धाम में वासंतिक नवरात्र के अवसर पर चल रहे 15 दिवसीय मेले में मंदिर के सांस्कृतिक मंच पर कार्यक्रमों की श्रृंखला में मंगलवार की रात्रि आठ बजे से राष्ट्रीय कवि सम्मेलन का आयोजन हुआ। कवि सम्मेलन में आए ओज, श्रंगार व हास्य व्यंग्य के प्रसिद्ध कवियों ने अपने सुमधुर स्वरों से जब छंद, मुक्तक व गीत आदि प्रस्तुत किए तो श्रोताओं ने जोरदार तालियों की गड़गड़ाहट से उनका उत्साहवर्धन किया। मुख्यअतिथि सहित सभी कवियों का धाम समिति द्वारा अंगवस्त्र व स्मृति चिन्ह देकर अभिनन्दन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ दीप प्रज्ज्वलन व मां संकटा के चित्र पर माल्यार्पण से हुआ। समिति द्वारा कवियों का माल्यार्पण व मां संकटा का चित्र देकर स्वागत किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कुर्सी क्षेत्र के विधायक साकेन्द्र वर्मा ने कहा कि कविता प्राचीन काल से जनमानस व शासन को जगाने का कार्य करती आ रही है। कवि सम्मेलनों के माध्यम से लोगों को साहित्य के क्षेत्र में हो रहे प्रयोगों की भी जानकारी मिलती है। कवियों का सम्मान होना जरूरी है। कवि सम्मेलन का शुभारंभ हरदोई से पधारे प्रसिद्ध गीतकार सुखदेव पांडेय 'सरल' की वाणी वंदना से हुआ। बाराबंकी से आए ओज के सशक्त हस्ताक्षर शिवेश राजा ने पढ़ा कि 'धीरज रखो छाती पर चढ़कर भगवा लहरायेंगे। रामलला तो आएं हैं अब कृष्णलला भी आएंगे। सौगंध उठाओ शम्भू की, काशी भी भव्य सजायेंगे। मंदिर वहीं बनाया है और मंदिर वहीं बनाएंगे'। गोंडा से पधारे मुकेश रस्तोगी मार्तंड ने कहा कि 'प्राण जाएं भाव पर यह शेष रहना चाहिए। हम रहें या न रहें ये देश रहना चाहिए'।

हरदोई से पधारे प्रसिद्ध गीतकार सुखदेव पांडेय 'सरल' ने कहा कि 'मां नहीं है तो जिंदगी में अमावस्या है, हाथ मां का तो कोई नहीं समस्या है। लाख मंदिर में जाओ पूजा करो दान करो, मां की सेवा ही तो सबसे बड़ी तपस्या है'। बाराबंकी से पधारे ओज व शौर्य के प्रसिद्ध कवि जगदीप शुक्ल 'अंचल' ने सुनाया कि 'राम वन-वन भटककर तपस्वी हुये और मन का भ्रमण कर मनस्वी हुये, काम व क्रोध मद लोभ को त्यागकर, राम राजा बने व यशस्वी हुए'। हास्य व्यंग्य के प्रसिद्ध हस्ताक्षर अजय प्रधान ने कहा कि 'पूजा करो, नमाज पढ़ो, गुरुद्वारे चर्च में जाओ पर।

जब भी घर से निकलो छूना मां के पैर जरूरी है'। कवि सममेलन की अध्यक्षता कर रहे अमेठी से पधारे वीररस के सशक्त हस्ताक्षर कवि रामेश्वर द्विवेदी प्रलयंकर ने पढ़ा कि मंदिर ललाम, परिकोटा अभिराम दिखा, ध्वजा और तोरण की छवि भी लासानी है। घंटा, घड़ियाल, शंख, ढोलक, मरंदग बजे, देव अधिष्ठात्री मातु संकटा भवानी हैं'। मंच का सफल संचालन कर रहे हो बाराबंकी से पधारे कवि रामकिशोर तिवारी ने पढ़ा 'तुम स्वयं अपना दीपक जलाओ सखे। सो गई चेतना को जगाओ सखे'। धाम प्रबंध समिति अध्यक्ष आरके वाजपेयी, त्रिलोकी नाथ मौर्य, अशोक नाग, शिवदास पुरवार, कृतार्थ मिश्र, महराज सिंह सहित सभी पदाधिकारियों ने कवियों का सम्मान करते हुए उनका माल्यार्पण कर स्वागत किया। सम्मेलन का संचालन विभिन्न विधाओं व रसों के प्रसिद्ध कवि रामकिशोर तिवारी ने किया। इस मौके पर दिनेश पांडेय, मोहन प्रसाद बारी, रेउसा ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि अवधेश चौहान, विभु पुरी, लालता प्रसाद जायसवाल, सहित बड़ी संख्या में साहित्यप्रेमियों ने देर रात तक चले कवि सम्मेलन का आनंद लिया।

मेला महोत्सव आज

श्री संकटा देवी धाम के चल रहे 15 दिवसीय मेला महोत्सव में चल रहे सांस्कृतिक कार्यक्रमों की श्रृंखला में गुरुवार को रात्रि आठ बजे से श्री नीलकंठ बाबा मेला समिति भेटौरा के कलाकारों द्वारा 'पोरस सिकंदर' नाटक का मंचन किया जाएगा। यह जानकारी मेला मैनेजर अशोक नाग ने दी।

वासंतिक नवरात्र के नवें दिन भक्तों ने देवी के सिद्धिदात्री स्वरूप का पूजन-अर्चन व हवन के साथ कन्याभोज करके उपवास का पारण किया। बुधवार को देवी मंदिरों पर भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी। क्षेत्र के प्रसिद्ध श्री संकटा देवी धाम पर आज भोर चार बजे से ही भक्तों का आवागमन रहा। भक्तों ने अपनी मनौती को लेकर मां संकटा को प्रसाद चढ़ाया। नवरात्र के अंतिम दिन सैकड़ों की संख्या में मुंडन, अन्नप्राशन व वैवाहिक कार्यक्रम धाम परिसर में संपन्न हुए। संकटा देवी धाम में बुधवार की सुबह से ही भक्तों की भीड़ जुटनी शुरू हो गई थी। गुरुवार को मंदिर परिसर में चल रहे 15 दिवसीय मेले में काफी भीड़ जुटी। भीड़ को नियंत्रित करने के लिए पुलिस के महिला व पुरुष आरक्षियों के साथ धाम प्रबंध समिति के पदाधिकारियों को काफी मशक्कत करनी पड़ी। मां संकटा देवी धाम परिसर स्थित भगवान श्री सत्यनारायण मंदिर में बने हवन कुंड के साथ नगर के बुढ़िया माता मंदिर काली माता मंदिर, दुर्गा माता मंदिर व क्षेत्र के अन्य देवी मंदिरों में हजारों की संख्या में लोगों ने हवन-पूजन कर कन्या भोज का आयोजन करते हुए अपने व्रत का पारण किया। संकटा देवी धाम में नवरात्र के अवसर पर प्रतिदिन होने वाली महाआरती में सैकड़ों की संख्या में भक्तों ने हिस्सा लिया।

मतदाताओं ने भाजपा का सफाया करने की मन बना लिया- आनंद

कस्ता विधान सभा क्षेत्र में सपा प्रत्याशी की हुईं नुक्कड़ सभाएं

सीतापुर। धौरहरा संसदीय क्षेत्र की कस्ता विधान सभा क्षेत्र के विभिन्न गांवों में बुधवार को समाजवादी पार्टी ने नुक्कड़ सभाओं का आयोजन किया। इन सभाओं में बड़ी संख्या में ग्रामीण मतदाताओं ने हिस्सा लिया। इस मौके पर सपा नेताओं ने मतदाताओं को पार्टी की नीतियों से अवगत कराया। इस दौरान सपा सरकार के कार्यकाल में उत्तर प्रदेश में हुए विकास कार्यों को ग्रामीणों के बीच में रखा गया।

क्षेत्र के बेहजम कस्बा सहित नीमगांव, सुतेहरा, गुलौला, पिपरिया, बेल जोधपुर, अल्लीपुर, भुलनपुर, बाछेपारा मलिगवा आदि गांवों में जन सभाओं का आयोजन किया गया। इस सभाओं को संबोधित करते हुए समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी आनंद भदौरिया ने कहा कि इस बार के लोकसभा चुनाव में धौरहरा के मतदाताओं ने भाजपा का सफाया करने का मन बना चुका है। क्योंकि भाजपा के शासन में सभी वर्ग परेशान हैं। महिलाएं सुरक्षित नहीं हैं, युवाओं को रोजगार नहीं मिल रहा और महंगाई चरम पर है। भाजपा ने पहले के चुनाव में जुमला दिया था और अब गारंटी की बात कर रहे हैं, उनकी गारंटी फेल साबित होगी। केंद्र सरकार पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ने एक झटके में सेवा की भर्ती को चार साल तक समेट दिया कहीं ऐसा ना हो कि पुलिस वालों की भर्ती भी तीन साल की कर दी जाए।

पूर्व विधायक सुनील लाला भार्गव ने कहा कि भाजपा के विरोध में हर जगह माहौल बन रहा है आज हर वर्ग भाजपा के शासन में त्रस्त है। इस बार का लोक सभा चुनाव विशेष चुनाव है और इस बार माहौल अलग हैं। हर वर्ग के लोग भाजपा के खिलाफ खड़े होकर समाजवादी पार्टी के पक्ष में मतदान करने का मन बना चुके हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा के लोग सिर्फ जुमलेबाजी ही करते हैं। लेकिन सपा की कथनी और करनी में कोई अंतर नहीं है। सपा जो कहती है, वह करती भी है। जन सभाओं को कस्ता विधान सभा क्षेत्र के अध्यक्ष वीरेंद्र वर्मा, जिला पंचायत सदस्य उमाशंकर वर्मा, सपा के ब्लॉक अध्यक्ष राम जीवन यादव आदि ने भी संबोधित किया। इन सभाओं में काली चरण यादव, संदीप वर्मा, नासिर शाह, शरीफ गाजी, मंजू यादव, लाल सिंह यादव, उधम सिंह चौहान, शैलेंद्र राठौर, शिव कुमार वर्मा, राम सागर चौहान आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

बिना नंबर वाले वाहनों की भरमार, लोग बोले- नींद से कब जागेगा परिवहन विभाग

सीतापुर। नगर में करीब दो सैकड़ा से अधिक ई-रिक्शा और आधा सैकड़ा टैंपों में दर्जनों बिना पंजीयन के फर्राटा भर रहे हैं। हालत यह है कि निर्धारित पार्किंग स्थल न होने से बिना स्टैंड के ही सार्वजनिक जगह पर ई-रिक्शा का रेला रहता है। जबकि, इस समय अतिक्रमण अभियान न चलने से सड़क की पटरियों पर अतिक्रमण के कारण जाम की समस्या बनी हुई है। वहीं, हर तरफ ई-रिक्शा चालकों के सड़क पर कब्जा जमाने से ट्रैफिक व्यवस्था पूरी तरह से ध्वस्त है।

बता दें कि नगर में दर्जनों ई-रिक्शा बिना रजिस्ट्रेशन के दौड़ रहे हैं। इन पर ओवरलोडिंग होने के बाद भी जिम्मेदार बेखबर हैं। खैराबाद कें मछरेहटा चुंगी, डी जे कालेज चौराहा,

महमूदाबाद नगर के व्यस्ततम रामकुंड, बस स्टैंड और बजाज़ा चौराहे पर ई-रिक्शा चालक सवारियों को बिठालने के लिए रोड पर ही रिक्शा रोक देते हैं। जिससे जाम की स्थिति बनी रहती है। वहीं, रामकुंड चौराहे के करीब पैंतेपुर रोड पर डग्गामार टैंपो स्टैंड धड़ल्ले से संचालित है और चालक ओवरलोडिंग करते देखे जा सकते हैं। यातायात में इनसे जाम की भी समस्या बढ़ गई है। बिना लाइसेंस ई-रिक्शों के नाबालिग चालक सड़कों पर यमदूत बनकर वाहनों को दौड़ा रहे हैं। सार्वजनिक जगह पर वाहन खड़े कर यह सवारियां भरते हैं। जिससे जाम की स्थिति लगातार विकराल होती जा रही है। इससे हादसों की भी आशंका बढ़ गई है। नगर निवासी अय्यूब अहमद %डंपी% कहते हैं कि गैर पंजीकृत व बिना नंबर के ई-रिक्शा मुसीबत का सबब बने रहे हैं। ऐसे में अगर किसी हार्ट के मरीज को तबियत बिगड़ने पर सीएचसी ले जाया जाता है तो जाम की समस्या के चलते मरीज अक्सर दम भी तोड़ देते हैं। ई-रिक्शा चालक कहीं से भी सवारी से लेकर सामान भरकर निकल पड़ते हैं। जो बड़े हादसों को दावत देते हैं। क्षमता से अधिक सवारियां भरते क्षमता से अधिक सवारियां बैठाकर फर्राटा भरने वाले अधिकतर ई-रिक्शा और टैंपो जहां बिना नंबर के हैं। वहीं, उन्हें चलाने वाले भी अनट्रेंड हैं। चालक किसी भी गली में कभी भी सवारियां लेकर फर्राटा भरते नजर आते हैं। जिससे वह अपनी जान तो जोखिम में डालते ही हैं वहीं सवारियों की जान के साथ भी खिलवाड़ कर रहे हैं।

आवारा पशु से टकराई बाइक चालक की दर्दनाक मौत

महमूदाबाद-सीतापुर। कोतवाली इलाके में आवारा गौवंश से टकराकर बाइक सवार की मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेजकर मामले में विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार क्षेत्र के ग्राम लैलखुर्द निवासी मनोज कुमार (32) वर्ष पुत्र राजेन्द्र अपनी बाइक से बाजार से महमूदाबाद की ओर जा रहा था। इस दौरान रास्ते में बजाज एजेंसी के समीप अचनाक एक गौवंश के आ जाने से बाइक गौवंश से टकरा गई। हादसे में बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल युवक को इलाज के लिए सीएचसी महमूदाबाद में भर्ती कराया। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर मामले में विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है।

लोकसभा निर्वाचन 2024 की तैयारी को लेकर जिला अधिकारी ने दिए सम्बन्धितों को निर्देश

लोकमित्र ब्यूरो

सीतापुर। जिलाधिकारी अनुज सिंह की अध्यक्षता में लोक सभा सामान्य निर्वाचन-2024 को सकुशल सम्पन्न कराने हेतु बैठक सम्पन्न हुयी। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिये कि जो भी तैयारियां होनी है, उन्हें समय से पूर्ण करा लिया जाये। उन्होंने कहा कि पोलिंग पार्टियों की रवानगी स्थल का लेआउटिंग करना है। बसें किस प्रकार से खड़ी हो, इसकी व्यवस्था पहले से ही करें। जहां से पोलिंग पार्टियां रवाना होंगी, वहां पर छोटे-छोटे टेण्ट अवश्य लगाये जायें ताकि कार्मिकों को परेशानी न हो, वह समय से रवाना हो जायें। जब पोलिंग पार्टियां रवाना हों, उससे पहले वाहन चालकों को जानकारी दे दी जाये ताकि समय से वह अपने-अपने वाहनों पर तैनात रहें। उन्होंने कहा कि जिन सेक्टर मजिस्ट्रेटों की गाड़ियों में जी0 पी0एस0 नहीं लगाये गये हैं उनमें जी0पी0एस0 समय से लगा दिये जाये ताकि लोकेशन का पता चलता रहे। जिला पूर्ति अधिकारी को निर्देश दिये कि जो भी गाड़ियां खराब हो, उनको ठीक करा लिया जाये। पोस्टल वैलेट की छपाई से लेकर अन्य गतिविधियों पर महत्वपूर्ण कार्यवाही सुनिश्चित करें। पोस्टल वैलेट की छपाई होने के पश्चात सम्बन्धित अधिकारी उसको चेक अवश्य कर लें।

प्रेक्षक के लिये होने वाली व्यवस्थाओं की जानकारी लेते हुये जिलाधिकारी ने कहा कि जहां पर ठहरने की व्यवस्था है वहां पर टी0वी0 आदि मूलभूत सुविधाएं सुनिश्चित की जायें। सिधौली, हरगांव एवं मिश्रिख के गेस्ट हाउस को प्रेक्षक के ठहरने हेतु सही करा लिया जाये। उन्होंने कहा कि कन्ट्रोल रूम में प्राप्त शिकायतों का निस्तारण सही से किया जाये, जिन शिकायकर्ताओं की शिकायत प्राप्त हुयी हैं उनसे एक बार वार्ता अवश्य की जाये। उन्होंने सम्बन्धित को निर्देश दिये कि जहां पर स्ट्रांग रूम बनेगा, वहां पर जो भी आवश्यक कार्य कराये जाने हैं उन्हें समय रहते पूर्ण करा लिया जाये, वहां पर प्रकाश की व्यवस्था भी पर्याप्त मात्रा में रहे ताकि कोई परेशानी न होने पाये।

जिलाधिकारी ने कहा कि रिजर्व ई0 वी0एम0 मशीनों को रखने हेतु सरकारी भवनों का उपयोग किया जाये। मॉकपोल करते समय किसी अनुभवी व्यक्ति को साथ में रखें। समाज कल्याण अधिकारी को निर्देश दिये कि सोशल मीडिया प्लेटफार्मों पर विशेष निगरानी रखी जाये,जो भी शिकायतें प्राप्त हों,उनका निस्तारण करते रहें। उन्होंने कहा कि पी0टी0 सी0 में जहां पर हाईमास्क लाईट लगी हो, यदि वह खराब स्थिति में हो उन्हें ठीक करा दिया जाये। वीडियो ग्राफी के लिये व्यवस्था सुनिश्चित कर लें, जो भी वीडियोग्राफी हों उन्हें सुरक्षित रखा जाये। वीडियो ग्राफी के कार्य को सही ढंग से किया जाये ताकि बाद में कोई दिक्कत न हो। बूथों पर दिव्यागों हेतु व्हीलचेयर की व्यवस्था भी सुनिश्चित की जाये।

बैठक के दौरान मुख्य विकास अधिकारी निधि बंसल अपर जिला अधिकारी नीतीश कुमार सिंह,नगर मजिस्ट्रेट कृष्णा नन्द तिवारी,ज्वाइंट मजिस्ट्रेट नितिन सिंह,अतिरिक्त मजिस्ट्रेट राखी वर्मा सहित सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहे।

ग्रामीणों ने रोडवेज बस अड्डा बनाने की मांग

रामपुर मथुरा,सीतापुर। विकास खण्ड रामपुर मथुरा से बाराबंकी लखनऊ की अंडर टेकर बसें चलती हैं तथा सीतापुर के लिए भी बसें आती जाती है जिसके चलते रामपुर मथुरा में रोडवेज बस अड्डा न होने के कारण मेंन चौराहे पर रोडवेज आकर खड़ी हो जाती है जिससे आवागमन बाधित हो जाता है और रोड पर भीड़ लग जाती है जिससे राहगीरों को आने जाने में काफी दिक्कत का सामना उठाना पड़ता है और आए दिन घटनाएं भी हुआ करती है। जिससे क्षेत्र के केशव राम अवस्थी, विनोद अवस्थी, रामसेवक वर्मा, नसीम नेता, श्री प्रकाश वर्मा, चरण सिंह चौहान अरविंद आदि लोगों ने रामपुर मथुरा में सरकारी बस अड्डे की शासन प्रशासन से मांग की है।

इंस्पेक्टर महमूदाबाद के बिगड़े बोल, बोले ज्ञान मत दो

दो दिन पूर्व हुए मैजिक और रोडवेजकर्मी विवाद के बाद भी नहीं चेती पुलिस

लोकमित्र ब्यूरो

महमूदाबाद,सीतापुर। आप जागिए, पुलिस सो रही है। दरअसल यह कहावत महमूदाबाद पुलिस पर लागू हो रही है। मालूम हो कि बीते मंगलवार सुबह सवारी बैठने को लेकर मैजिक और रोडवेजकर्मी में झड़प हो गई थी। जिसके बाद आक्रोशित रोडवेजकर्मियों ने मार्ग पर आड़ी-तिरछी बसें खड़ी कर जाम लगा दिया था। जिससे यातायात बाधित हो गया था।

सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने किसी तरह मामले को शांत कर दिया था। मंगलवार को सवारियां बैठाने को लेकर हुए रोडवेजकर्मी और मैजिक चालक के बीच विवाद के बाद पुलिस महकमा कितना गंभीर हैं। इस बात की तस्दीक विवाद के दूसरे दिन भी प्राइवेट बस द्वारा सरकारी बस स्टैंड के 200 मीटर के दायरे में सवारियां भरने के वायरल तस्वीर से हो रही है।

मंगलवार को हुए विवाद के बाद एक अखबार की खबर के मुताबिक कोतवाली प्रभारी अनिल सिंह ने बताया था कि अवैध तौर से सड़कों के आसपास संचालित अवैध वाहन स्टैंड को अभियान चलाकर हटाया जाएगा। इससे पहले भी सड़कों के आसपास वहां नहीं खड़ा करने की चेतावनी दी जा चुकी है। पूर्व में कोई शिकायत नहीं मिलने पर सख्ती नहीं की गई। अवैध पार्किंग को लेकर अक्सर पुलिस की ओर से डग्गामार वाहनों का चालान किया जाता है। रोडवेज बस चालक की ओर से तहरीर मिली है आरोपित मैजिक चालक की तलाश की जा रही है। हालांकि बुधवार सुबह एक बार फिर से एक तस्वीर सोशल मीडिया पर वायरल हुई। जिसमे सरकारी बस स्टैंड से 200 मीटर की दूरी पर एक प्राइवेट बस कथित तौर पर सवारियां बैठाते देखी जा सकती है। %अखबार% इस फोटो की पुष्टि नहीं करता है। वहीं, इंस्पेक्टर अनिल सिंह से बात की गई तो अचानक उनका बात करने का लहजा बदल गया, पहले गुस्से में बोले ज्ञान दे रहे हो... कल से अब तक पांच वाहनों को सीज कर चुका हूं। बताओ कहां भगा दें प्राइवेट वाहनों को। बात रिकॉर्ड होने का अंदेशा लगते ही इंस्पेक्टर साहब का लहजा गर्मी से नर्मी में तब्दील हुआ और बोले कोई प्राइवेट स्टैंड नहीं चल रहा है।

फिलवक्त कोतवाली प्रभारी की कार्यशैली के चलते जिले के उच्चाधिकारियों को फजीहत का सामना करना पड़ सकता है।

धार्मिक कार्यक्रम के दौरान आदर्श आचार संहिता की उड़ाई गई धज्जियां

लोकमित्र ब्यूरो

सीतापुर। कस्बा महमूदाबाद के संकटा देवी मंदिर के मेले में चल रहे धार्मिक कार्यक्रम के दौरान आदर्श आचार संहिता के खुले उल्लंघन का मामला सामने आया है। यहां धार्मिक कार्यक्रम में मौजूद महमूदाबाद विधानसभा से भाजपा विधायक आशा मौर्या के समक्ष एक बच्चो वाली टॉय कार पर भाजपा का झंडा लगा कर एक बच्चा मंच पर आता है, इसी दौरान प्रलोभन संगीत भी बज रहा होने के कारण आचार संहिता की जमकर खिल्ली उड़ाई गई। हलांकि अखबार इस वीडियो की पुष्टि नहीं करता है।

विदित हो कि संकटा देवी मंदिर में चैत्र नवरात्र के मौके पर 15 दिवसीय वार्षिक मेले का आयोजन इन दिनों चल रहा है। बताया जाता है कि सोमवार की शाम कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा विधायक आशा मौर्या ने पहुंचकर शिरकत की। इस दौरान कार्यक्रम के आयोजकों ने एक टॉय कार पर बच्चे को बिठाकर भाजपा का झंडा लगाकर बच्चे से मंच पर ही हाथ जोड़कर अभिवादन कराया।

सोशल मीडिया पर प्रसारित वीडियो में देखा जा सकता है कि धार्मिक मंच पर जो राम को लाये है, हम उनको लाएंगे गाने की धुन बजाकर चुनाव आदर्श आचार संहिता की खुलकर खिल्ली उड़ाई गई। चुनाव आयोग के सख्त निर्देशों के बाद भी धार्मिक कार्यक्रम में बच्चे को प्रचार का माध्यम बनाना चुनाव आयोग और सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों की अवहेलना करने के बराबर है। कार्यक्रम के दौरान भाजपा विधायक की मौजूदगी और हाथ उठाकर उत्साहवर्धन करना। कहीं न कहीं चुनाव आयोग के निर्देशों को दरकिनार करते हुए नजर आ रही है।

कलाकारों के द्वारा राधा कृष्ण का किया गया मंचन

लोकमित्र ब्यूरो

लहरपुर,सीतापुर। चैत्र नवरात्रि के पावन अवसर पर क्षेत्र के प्रसिद्ध देवी मंदिर केसरीगंज पर जय माता दी युवा जागरण समिति के तत्वाधान में चल रहे श्री मद भागवत ज्ञानयज्ञ की पूर्णाहुति श्रद्धा पूर्वक की गई, इस मौके पर आयोजित कन्याभोज में भारी संख्या में कन्याओं ने प्रतिभाग कर प्रसाद ग्रहण किया। रात्रि बेला में वृंदावन धाम से आए कलाकारों ने रासलीला में राधाकृष्ण की सजीव झांकियों का मंचन किया जिसे देखकर उपस्थित श्रद्धालु भक्ति रस में डूबते उतराते रहे। रासलीला में कलाकारों ने कंस वध का मंचन किया जिसमें उन्होंने उपस्थित श्रद्धालुओं को संदेश दिया कि जब-जब होई धर्म की हानी, बाढ़हि असुर अधम अभिमानी, तब तब घर प्रभु विविध शरीरा हरहि दयानिधि सज्जन पीरा, अर्थात पृथ्वी पर जब-जब अत्याचार अनाचार बढ़ता है तब तब भगवान अत्याचार अनाचार और पाप को नष्ट करने के लिए अवतार लेते हैं, अत्याचारी राजा कंस के आतंक से भी जब पृथ्वी कराह रही थी, तब भगवान श्री कृष्ण ने अवतार लेकर कंस का वध कर पृथ्वी को कंस के आतंक से मुक्त किया। इस अवसर पर भारी संख्या में श्रद्धालु रासलीला का मंचन देखने के लिए उपस्थित थे।

निशुल्क नेत्र शिविर का किया गया आयोजन

लहरपुर,सीतापुर। क्षेत्र के ग्राम गंगा दीन पुरवा में आंख अस्पताल सीतापुर के सौजन्य से आयोजित किया गया एक निशुल्क नेत्र शिविर। प्राप्त जानकारी के अनुसार क्षेत्र के ग्राम गंगा दीन पुरवा में डॉ मोहम्मद अनीस के द्वारा आंख अस्पताल सीतापुर के सौजन्य से एक निशुल्क नेत्र शिविर का आयोजन किया गया जिसमें 105 नेत्र रोगियों ने अपना पंजीकरण कराया, आंख अस्पताल से आयी डॉ दिव्या बंसल व उसकी टीम रोहित श्रीवास्तव, शाहनवाज हुसैन, ज्ञानेश गुप्ता, हर्षित शुक्ला, तान्या सिंह, अनमोल कुमार, सत्यांश मिश्रा, नसीम गाजी आदि के सौजन्य से मरीजों के नेत्रों का परीक्षण कर उन्हें उचित परामर्श दिया गया। डॉ दिव्या बंसल ने बताया कि 30 मरीजों को मोतियाबिंद ऑपरेशन के लिए चिन्हित किया गया है जिन्हें आंख अस्पताल की बस से सीतापुर आंख अस्पताल ऑपरेशन हेतु भेजा गया है। शिविर के आयोजक डॉ मोहम्मद अनीस ने बताया कि, नेत्र शिविर में डॉक्टर मोहम्मद याकूब, नूर अहमद, मोहम्मद सलीम, अमरीश कुमार व ग्राम प्रधान राजेंद्र कुमार ने विशेष सहयोग प्रदान किया।

नुक्कड़ सभा कार्यक्रम का किया गया आयोजन

महमूदाबाद, सीतापुर। महमूदाबाद इलाके की ग्राम पंचायत सरैयां बलदेव सिंह में नुक्कड़ सभा कार्यक्रम का आयोजन किया गया ।इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महमूदाबाद नगर के भाजपा नेता अमरीश गुप्ता व विशिष्ट अतिथि मंडल अध्यक्ष अजय वर्मा मंडल महामंत्री अमरेश कुमार यादव के द्वारा कार्यक्रम किया गया इस कार्यक्रम में सरकार के द्वारा चलाई जा रही योजनाये गिनाई।इस कार्यक्रम में ग्रामीणों ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया।कार्यक्रम में राज पाल सिंह,अरुण कुमार सिंह,विनय सिंह, पप्पू सिंह, शैलू सिंह, चंद्र प्रकाश सिंह रमासारे,रामसागर नाग, मेहंदी हसन ,अली हसन ,श्री राम, बनवारी लाल, महबूब अली,बाबा प्रकाश पुरी,राधे स्याम, नीरज यादव,रामप्रसाद यादव, लल्लू यादव, रवींद्र यादव आदि ग्रामीण उपस्थित रहे।

साइकिल व बाइक में आमने-सामने हुई भिड़ंत साइकिल सवार घायल

महमूदाबाद-सीतापुर । कोतवाली क्षेत्र में साइकिल व मोटर साइकिल की आमने सामने की जोरदार टक्कर होने पर साइकिल सवार श्रीपाल घायल हो गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार श्रीपाल पुत्र मोल्हे राम उम्र करीब 45 वर्ष निवासी धूसे पुरवा मजरे गुलौली थाना महमूदाबाद के निवासी है । गत 14 अप्रैल को साइकिल से खिंझना मार्केट से वापस आते समय अचानक तिनाहिया व गुलौली गाँव के मध्य सड़क हादसा हो गया। हादसे के बाद घायल को महमूदाबाद सीएचसी लाया गया, बाद में उसे ट्रामा सेंटर लखनऊ भेज दिया गया, जहां पर उसका इलाज चल रहा है। घायल की पत्नी कांति देवी द्वारा गत 16 अप्रैल को थाना महमूदाबाद में लिखित तहरीर देते हुए पूरे मामले की जानकारी दी गई थी। जिस पर पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही करने की बात कही गई थी। इस संबंध

में बुधवार 17 अप्रैल को आशुतोष वर्मा नामक शख्श द्वारा ट्वीट किया गया कि थाने को लेकर गए व्यक्ति को अभद्रता करके भगा दिया गया, हलांकि पीड़ित पुत्र द्वारा उसके पिता का इलाज करवाये जाने की मांग की गई है। इस संबंध में कोतवाली प्रभारी अनिल कुमार सिंह का कहना है कि मामले में मुकदमा पंजीकृत है, जबकि पीड़ित को पैसा भी आरोपी ने दिया है।